मान ले तैं कहना बोली धर ले ध्यान गा
नंई है चिन्हारी तोर बेटी महतारी गा
नंई है चिन्हारी घर दुवारी रे
नशा में चूर हो गय घर ले-तय दूर हो गये
दूसर हो गये घर रखवारी रे,
मान लेते कहना बोली धरले ध्यान गा
या दारु के नशा बरबाद गा
पानी जैइसे बहाय जावे, लकड़ी जैइसे तन जल जाही रे
लाहनी फेंकथें जैसे तन फिक जाही गा
या दारु के नशा बरबाद रे।।'

हे भाई मेरी कही बातों को मान लो। यह शराब का नशा आदमी को बरबार कर देता है। लड़कों और जवान भाईयों मैं आपके पैर पड़ता हूँ। आप शराब पीना बंद कर दो। शराब पीने से शरीर का खून जल जाता है। शराब पीने से आदमी नशे में हो जाता है, जिससे उसकी पोल खुल जाती है। तुम नशा करके बिगड़ जाओगे। हे भाई ! तुम मेरी बात मान लो शराब पीने के बाद आदमी अपने घर द्वार को भूल जाता है। नशे में मदहोश आदमी अपने घर से दूर हो जाता है। उसके घर की रखवाली दूसरे लोग करने लगते हैं। इसलिए हे भाई ! तुम मेरा कहना मान लो। शराब मत पियो शराब पीने से तुम इतने दुर्बल हो जाओंगे जिससे तुम्हारा शरीर पानी जैसे बहने लगेगा। तुम्हारा शरीर लकड़ी के समान जल जायेगा। जिस प्रकार शराब बनाने के बाद उसका लाहन फेंका जाता है, उसी प्रकार एक दिन तुम्हारा शरीर नष्ट हो जायेगा। वह शराब का नशा तुमको बरबाद कर देगा।

जनजातीय पर्यावरण सुरक्षा के गीत –

'नदिया के दूर सिर में धुतिया पछारो।
अरजाय अरझाय ओ जामुन के डार।।
वारे लाने ओ दाई ओ मोरे छुरी कटारी।
अर जाय काटो ओ जामुन के डार।
नै जाय बाई तोर छुरी कटारी।।
अर नहीं काटस ओ जामुन के डार।।'

बेटी तू ससुराल जा रही है, आज से तू हरे-भरे पेड़ – पौधों को नहीं काटेगी बिना सोचे बिचारे इन घातक हथियारों से वृक्षों को नहीं काटेगी। तुम जामुन के पेड़ों को नहीं काटोगी। आज तक जो गलती की भी है उसे नहीं दुहरायेगी।

इन पंक्तियों में कितना महान संदेश विद्यमान है। आज जो पर्यावरण की सुरक्षा एवं मानव जाति के अस्तित्व की रक्षा हेतु प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने की मुहिम चलाई जा रही है। गीत में नदी से अलग कपड़े धोने और पेड़ों को न काटने का संदेश है। जल प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण की भावना का एक अत्युत्तम उदाहरण है। पर्यावरण चेतना के बीज लोक में अनादि काल से विद्यमान हैं। यह इस बात का प्रमाण हैं।

जनजातीय सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के अन्य गीत –

'तारि ना ना री तरि ना ना गा पनिया ला।
पनियाला मैया जाबो लहरिया गा।।
आगू-आगू टूरी जाथैय पाछू ले टूरा गा।
मारैय नजुरिया मिलाय के लहरिया गा।।
एक डग रेंगय दूसर डग रेंगय लागैय गा।
छैला अफट गिरि जाय लहरिया गा।।
झिरिया के पानी झीकी के झीका होय लागैय गा।
नयना मा नयना मिलायके लहरिया गा।।'

पानी भरने जल्दी जाना है। आगे-आगे लड़की जा रही है। पीछे से लड़का जा रहा है, लड़की आँखों से इशारा करती है। एक दो कदम चलकर लड़का फिसलकर गिर जाता है और तुरन्त उठकर पानी भरने जाता है। छोटे और कच्चे कुँआ से दोनों एक साथ पानी खींच रहे हैं व नजर से नजर मिलाकर दोनों एक दूसरे को देख रहे हैं।

'तरि हरि नाना, नाना गे।
नाचैय मुरलिया, बोलैय मुरलबा टेघें-टेघें।।
अदक फदक होबैय रेबा परेबा।
गुम गुटर नाचैय मुरलिया.....टेघें।।
झुकी-झुकी आबैय कारी कोयलिया।
कुहू-कुहू के नाचैय मुरलिया.....टेघें।।'

इधर तरि हरि ना ना नाना के बोलों से सैला लहकी नृत्य हो रहा है उधर मोर की आवाज टेघें-टेघें बोलते ही मोरनी नाच उठती है। मोर की आवाज से कबूतर पंखों को फड़फड़ाते हुए गुम-गुटर गे की आवाज बोलने लगते हैं। काली कोयलिया पक्षी झुकी-झुकी याने चोरी-चोरी आती है। मोर की आवाज को सुनकर कुहू-कुहू की आवाज में बोलने लगती है।

'री रीना री ना मोरी भाय।
कुंजन के पेड़न मा फूल बरसे।।
गोड़य के बिछिया तोर, हिसल परी, फिसलपरी।
बिन्दी चमक परी, भुजा लरख परी तोर भाई।।
मूड़ गघरी, छिटकपरी मोर बहनी ले।'

भाभी अपने छोटे देवर से कह रही है कि तुम मेरे लिए बिछिया करधन खरीद दो। देवर कहता है – भाभी तुम कहाँ जाओगी तुम तो तीतर पक्षी के छोटे से बच्चे (तीतुल छौना) जैसे रही हो और कभी यहाँ वहाँ नहीं गई हो। भाभी कहती है – देवर मैं अपने मायके जाऊँगी क्योंकि मुझे मायके से आये बारह वर्ष हो गये हैं अत: मेरे लिए पायल, करधन खरीदकर ले आईये। इनको पहिनकर मैं अपने मायके जाऊँगी।

'सिल सिला नदी बहे निराझार निरमोहिला,
निमोहिला भाई रे, घर मां हैय जुग जोड़ी।
बन मा पिरित जौरैय रे।
गयेला बाजार लैये ला अयना।
देखत रहितो तोरैय तो धैयना।
जरवा ला काटैय छड़ी के छड़ी
बात ला बतावे कड़ी के कड़ी
सिल ..... जोरैय रे।।'

जनजातियों के लोकगीत हमारी स्मृतियों को ताजा कर देते हैं। इन लोकगीतों में जनजातियों के समाज की समस्त भावनाएँ विद्यमान हैं। लोक गीतों के माध्यम से हम जनजातीय लोगों के जीवन शैली को समझ सकते हैं। इनके खान-पान, रहन-सहन, आचार-विचार, भाषा आदि सभी पहलू की स्पष्ट झलक लोकगीत में हमें स्पष्ट दिखाई देती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लोक साहित्य – डॉ. इन्दु यादव, प्रकाशक साहित्य रत्नालय कानपुर

संस्करण सन् 2004
2. लोक साहित्य विज्ञान – डॉ. सत्येन्द्र, शिवलाल अग्रवाल एण्ड प्रायवेट लिमिटेड आगरा सन् 1962
3. सम्मेलन पत्रिका – लोक संस्कृति विशेषांक, 2010,
4. खड़ी बोली का लोक साहित्य – डॉ. सत्या गुप्त,
5. भारत की जनजातीय संस्कृति – विजय शंकर उपाध्याय, विजय प्रकाश शर्मा, प्रकाशक म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, संस्करण 2000।
6. म.प्र. की जनजातियाँ – डॉ. शिवकुमार तिवारी, प्रकाशक–म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, प्रथम संस्करण, सन् 1994
7. लोक संस्कृति – बसन्त निरगुणे, प्रकाशक म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल, सन् 2005.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

हाड़ौती सर्किट में पर्यटन विकास : कोटा जिले का एक अध्ययन

डॉ. अंजना जाटव*

* एम.ए. (भूगोल), नेट, पीएच. डी. बोरखेड़ा, कोटा (राजस्थान) (पूर्व गेस्ट फेकल्टी- वि.सं.यो.) शहीद श्री मुकुट बिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय, खानपुर (झालावाड़) (राज.) भारत

शोध सारांश – हाड़ौती राजस्थान का महत्वपूर्ण भू-भाग है जिसका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक एवं आर्थिक महत्व है। पर्यटन की दृष्टि से हाड़ौती परिपथ में कोटा, बूंदी, झालावाड एवं बारां जिलों को सम्मिलित किया जाता है।प्रस्तुत शोध पत्र हाड़ौती सर्किट के कोटा जिले केपर्यटन स्थलों एवं देशी विदेशी पर्यटकों की संख्या का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। कोटा जिले में पर्यटन विकास का विश्लेषण करने के लिए इस शोध पत्र में द्वितीयक आंकड़ो का प्रयोग किया है जो पर्यटन एवं अन्य विभागों के प्रतिवेदनों से प्राप्त कियेगये है। कोटा जिला पर्यटन की दृष्टि से राज्य में अन्य जिलों से बहुत पीछे है जिसके कई उत्तारदायी कारण है।हाड़ौती परिपथ में हवाई यातायात की सुविधा उपलब्ध हो जाये तो कोटा जिले में आने वाले देशी विदेशी पर्यटकोंकी संख्या में वृद्धि होने की भरपूर सम्भावनाएं व्याप्त है।

शब्द कुंजी – पर्यटन, हाड़ौती,कोटा,विकास, पर्यटक।

प्रस्तावना – पर्यटन की दृष्टि से हाड़ौती सर्किट का राज्य में कम अन्वेषण हुआ है। यह प्रदेश अपने सुंदर स्थापत्य एवं मूर्तिकला के मन्दिरों, किलों और महलों के लिए जाना जाता है।हाड़ौती सर्किट(परिपथ) में बूंदी, कोटा और झालावाड़ को सम्मिलित किया जाता है इसके अतिरिक्त बारां जिले के पर्यटक स्थल भी इस परिपथ में ही समिलित किये जाते है।हाड़ौती सर्किटहरावतीके मैदान में फैला हुआ है जो बूंदी पहाड़ियों, कोटा पठार से घिरा हुआ है जिसमें सुंदर पहाड़ियाँ, घाटियाँ और झीले अवस्थित है जो मनोरम प्राकृतिक सौन्दर्य का नजारा प्रस्तुत करते है।



रेखाचित्र: हाड़ौती परिपथ

कोटा राजस्थान में जयपुर और जोधपुर के बाद तीसरा सबसे बड़ा नगर और लोकप्रिय पर्यटक स्थलों में से एक है। चम्बल नदी के किनारे पर स्थित कोटा विविध प्रकार की पेंटिंग्स, महलों, संग्रहालयों, और पूजा स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। कोटा स्वर्ण आभूषण, कोटा डोरिया व सिल्क साड़ियों एवं कोटा स्टोन के लिए जाना जाता है।कोटा का इतिहास 12वीं शताब्दी का है जब राव देव ने इस क्षेत्र पर विजय प्राप्त की और हाड़ौती की स्थापना की। कोटा के स्वतंत्र राजपूत राज्य को 1631ईस्वी में बूंदी से अलग किया गया था। कोटा राज्य का एक अशांत इतिहास रहा है। यहाँ पर विभिन्न मुगल शासकों,जयपुर के महाराजाओं और यहाँ तक कि मराठा सरदारों ने भीआक्रमण किये थे। कोटा शहर अपने वास्तुशिल्प वैभव के लिए दुनिया भर में जाना जाता है जिसमें सुंदर महल, मंदिर और संग्रहालय शामिल हैं जो पूर्व युग की भव्यता को प्रदर्शित करते हैं।कोटा राज्य का एक प्रमुख औद्योगिक शहर भी है। पर्यटन की दृष्टि से भी कोटा महत्वपूर्ण हैं।

उद्देश्य एवं शोध प्रविधि – यह शोध पत्र कोटा जिले के पर्यटन से सम्बन्धित है। इस शोध का मुख्य उद्देश्य कोटा जिले के प्रमुख पर्यटक स्थलों का विश्लेषण एवं पर्यटन विकास का मूल्यांकनकरना है। निर्धारित शोध उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस शोध पत्र में द्वितीयक स्त्रोतों से प्राप्तआंकड़ों का प्रयोग किया गया है। कोटा जिले केपर्यटन से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन राजस्थान पर्यटन विकास निगम (RTDC)पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार से प्राप्त किये गये। इसके अतिरिक्त जिला सांख्यिकीय रुपरेखा, डिस्ट्रिक्ट गजेटियर आदि से जिले से सम्बन्धित अन्य सूचनाओं का संकलन किया गया।इस हेतु विभिन्न राजकीय विभागोंकी ऑफिसियल वैबसाइट सेसमंकों का संकलन किया गया हैं।संकलित सूचनाओं को आवश्यक सांख्यिकीय विधियों द्वारा विश्लेषित कर आरेख एवं तालिका द्वारा दर्शाया गया है।

कोटा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल – कोटा जिले में धार्मिक, ऐतिहासिक, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति से सम्बन्धअनेक प्रकार केपर्यटन स्थल हैं जो जिले का पर्यटन क्षेत्रमें महत्व बढ़ाते है।यहाँ के मेले एवं पर्व भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते है। जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों का विवरण अग्रानुसार है-

गढ़ पैलेस : कोटा में सबसे प्रमुख पर्यटक आकर्षण गढ़ है। यह विशाल परिसर,जिसे सिटी पैलेस के नाम से भी जाना जाता है जो मुख्य रूप से

राजपूत वास्तुकला शैली से निर्मित है। यहमहल विशाल परिसर में फैला है इसका निर्माण इतिहास के विभिन्न समयावधियों में राजपूत वंश के विभिन्न शासकों द्वारा किया गया।

महाराव माधो सिंह संग्रहालय : यह गढ़ पैलेस की चार दीवारी में स्थित है। यह एक शानदार संग्रहालय है जिसमें कोटा के राजपुत लघु चित्रों व पेन्टिंगस् का संग्रह है।इसके अलावा इसमें आकर्षक मूर्तियाँ, हथियार एवं अन्य बहुमूल्य प्राचीन वस्तुएँ उपलब्ध है।

बृज विलास राजकीय संग्रहालय: छत्र विला उद्यान में स्थित यह एक बेहतरीन राजपूत इमारत है और इसमें सरकारी संग्रहालय भी है। इसका निर्माण 18वीं शताब्दी में महाराव दुर्जन शाल द्वारा करवाया गया संग्रहालय में पूर्व ऐतिहासिक एवं ऐतिहासिक कलाकृतियाँ एवं मूर्तियोंका विशाल भंडार हैं। यहाँ दर्शायी ये मूर्तियां 5वीं से 15वीं शताब्दी के मध्य की है। यहाँ पुराने सिक्के, चित्र,शिलालेख आदि इस संग्रहालय के महत्वपूर्ण आकर्षण हैं।

अभेड़ा महल और अभेड़ा जैव उद्यान : कोटा से 8 किलोमीटर दूर एक तालाब के किनारे पर स्थित है। यह मध्यकालीन महल यहाँ के प्राचीनशासकों का मनोरंजन स्थल था जहाँ से वे क्षेत्र के वन्य जीवन और प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने आते थे। अभेड़ा महल के नजदीक ही करणी माता का मंदिर है जोकोटा राजवंश की कुल देवी है। अभेड़ा जैविक उद्यान अभेड़ा महल कोटा के पास नांता रोड पर स्थित है। इसका निर्माण वन विभाग द्वरा किया गया है। यह जैविक उद्यान नया है जोवन्य जीवों के लिए पर्यावर्णीय अनुकूल स्थल है।

जगमंदिर पैलेस : इसमहल का निर्माण 1743-1745 ईस्वीके मध्य कोटा की एक रानी द्वारा किया गया था।लाल बलुआ पत्थर से निर्मित यह महलकिशोर सागर झील के बीच में स्थित है। यह महलसुंदरता का एक उत्कृष्ट स्मारक है। जगमंदिर महल के पास स्थित केशर बाग अपने शाही स्मारकों के लिए प्रसिद्ध है।

कोटा बैराज : चम्बल नदी पर बना कोटा बैराज राजस्थान राज्य के सबसे महत्वपूर्ण जलाशयों में से एक है। कोटा बैराज 27,332 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ हैजो इसे हैती जितना बड़ा बनाता है। बांध से अधिक दबाव व शक्ति के साथ दरवाजों से निकलता हुआ पानी का दृश्य हर किसी को मंत्रमुग्ध कर देने वाला होता हैं जो हर किसी कोआकर्षित करता है। इस बैराज के पास ही भगवान शिव का कंसुआ मंदिरजिसमें एक दुर्लभ चार मुख वाला शिव लिंग हैबैराज के पास एक दर्शनीय स्थल है।

सेवन वंडर पार्क: कोटा शहर में किशोर सागर के पास इसका निर्माण किया गया है जिसमें विश्व के सात अजूबों की एक ही भ्रमण में प्रतिकृति देखने को मिलती है। यहाँ पर ताज महल, मिश्र के पिरामिड, हैंगिग गार्डन, एफिल टावर एवं स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी जैसे सात अजूबों को हुबहू बनाया गया है।

रिवर फ्रंट : इसका निर्माण चम्बल नदी पर कोटा बैराज और नयापुरा पुलिया के मध्य किया गया है। यह राजस्थान की शाही स्थापत्य कला की झलक उपलब्ध कराता है। चम्बल नदी के दोनों ओर कुल 6 किमी की लम्बाई में बनाया गया चम्बल रिवर फ्रंट विश्व का पहला हेरिटेज रिवर फ्रंट है। इस पर अनेक घाट, महल, फाउटेन, वाटर पार्क, मूर्ति, मंदिर आदि की झलक देखने को मिलती है।हेरिटेज जोन में लाल किला, जामा मस्जिद एवं हवा महल जैसी हेरिटेज इमारते देखी जा सकती है।

चम्बल गार्डन: कोटा शहर के सबसे खूबसूरत पिकनिक स्थलों में से एक यह चंबल नदी के तट पर स्थित है। हरियाली की गोद में पर्यटक यहाँ प्रकृतिकी शान्ति काआनन्द ले सकते हैअद्भुत नाव की सवारीयहाँका मुख्य आकर्षण है जो वन कार्यालय घाट के पास सेप्राप्त हो सकती है। यह नदी स्वयं राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल (गेवियल) अभयारण्य का एक भाग है। दलदली मगरमच्छों और घड़ियालों की तेजी से घटती आबादी को संरक्षित करने के लिए इस अभ्यारण्य की स्थापना वर्ष 1983 मेंकी गई थी। यहाँ पर अनेक प्रकार के पक्षी अपनी प्राकृतिक सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध है।

गरडिया महादेव : महादेव कायह मन्दिर राष्ट्रीय राजमार्ग 76 पर उदयपुर रोड कोटा से 24 किमी की दुरी पर स्थित मोड से 5 किमी जंगल के अंदर दुर्गम वन क्षेत्र में यह प्राकृतिक सौन्दर्य का स्थल है। यह एक प्राचीन शिव मन्दिर है,यहाँ से चम्बल के खुबसूरत नजारे को देखा जा सकता है।पर्यटक यहाँ पर प्राकृतिक शांति एवं सौन्दर्य को महसूस करते है।वर्तमान में यह स्थान मुकन्दरा हिल्स अभयारण्य का भाग होने के कारण वन विभाग की अनुमति एवं निर्धारित शुल्क के भुगतान से ही पर्यटक और वाहन प्रवेश कर सकते है।

हैंगिग ब्रिज : चम्बल नदी पर बना यह हैगिग ब्रिज अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है।शहर की बाहरी सीमा से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर इस ब्रिज का निर्माण वर्ष 2017 में पूर्ण हुआ। चम्बल नदी पर बना यह हैंगिंग ब्रिज 1400 मीटर लम्बा है और इसका झूलता हुआ हिस्सा 350 मीटर है। यह हैंगिग ब्रिज 30 मीटर की चौड़ाई में 6 लेन का है।

मुकुंदरा हिल्स बाघ अभयारण्य (राष्ट्रीय उद्यान) : इतिहास की दृष्टि से यह क्षेत्र कोटा महाराजाओं का शिकार स्थल होता था। यह कोटा से लगभग 50 दुरी पर रावतभाटा मार्ग पर चम्बल के पूर्वी किनारे पे स्थित है। यह अभ्यारण्य सघन वन क्षेत्र है। यहाँ पैंथर,भालू,हिरण,जंगली सूअर, लोमड़ी, सियार तथा काफी संख्या में स्थानीय एंव प्रवासी पक्षियों को देखा जा सकता है। अभ्यारण्य मे प्राकृतिक वातावरण में जंगली जीव जंतुओ को स्वछंद विचरण करते हुये देखा जा सकता है।मुकुंदरा हिल्स कोवर्ष 1955 में वन्य जीव अभ्यारण और 2004 में राष्ट्रीय पार्क का दर्जा दिया गया। इसे वन्यजीव अधिनियम 1972 के अंतर्गत वर्ष 2013 में इसे टाइगर रिजर्व अधिसूचित किया है। यहकोटा और चित्तौडगढ़ जिलों में 200.54 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है।

कोटा दशहरा मेला : कोटा शहर में प्रतिवर्ष अक्टूबर नवम्बर माह में नवरात्रों के बाद दशहरा के अवसर पर यहाँ के दशहरा मेला ग्राउंड में भारत का प्रसिद्ध 15 दिवसीय दशहरा मेले का शुभारम्भ होता है। इस मेले की हलचल नवरात्र स्थापना के साथ ही शुरू हो जाती है। इस मेले में हर रोज नौ दिन तक आकर्षक व मनोहारी प्रस्तुतियों की रामलीला का मंचन किया जाता हैजिसमें में राम बारातशाही परम्परानुगत निकाली जाती है। इसके उपरांत दशहरा के दिन सौफीट से अधिक ऊंचाई के रावण,कुम्भकरण,मेघनाद के पुतलों का आकर्षक आतिशबाजी के साथ शाही परम्परा अनुसार दहन किया जाता है। इस आकर्षण को देखने के लिये स्थानीय शहरवासियों के अतिरिक्त विदेशी पर्यटकतथा सूदूर क्षेत्रों से लोग भीकोटा आते हैं। बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व मे सभी पारस्परिक रूप से इस दिन हर्ष उल्लास का जश्न मनाते हैं। कोटा के दशहरा मेले का अलग ही महत्व व आकर्षण है।इसके अलावा कोटा शहर एवं जिले में अनेक ऐतिहासिक महत्व के मन्दिर, भवन, स्थापत्य कला के स्थल, जैविक एवं प्राकृतिक सौन्दर्य के स्थल उपलब्ध है जो पर्यटको को आकर्षित करते है।

पर्यटन विकास निगम: राज्य में पर्यटन विभाग वर्ष 1956 से एक स्वतंत्र विभाग के रूप में कार्य कर रहा है।पर्यटन विभाग के अधीनराज्य पर्यटन विकास निगम की स्थापना वर्ष 1979 में की गयी है जो राज्य में पर्यटन को

बढ़ावा देने के लिए कार्य करता है। इसका मुख्यालय जयपुर में है। यह निगम राज्य में पर्यटन विकास के लिए अनेक प्रकार की योजनाओं के संचालन के साथ-साथ होटलों का भी संचालन करता है। यहदेशी विदेशी पर्यटकों को सुविधाएँ व सूचना मुहैया कराता है। कोटा जिले मेंपर्यटन विभाग का क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय, पर्यटक स्वागत केन्द्र एवंपर्यटक सूचना केंद्र संचालित है,इसके अतिरिक्त जिले में राजस्थान पर्यटन विकास निगम का15 कमरों का एक होटल 'चम्बल' भी संचालित है।

कोटा जिले में पर्यटन विकास: राज्य का तीसरा बड़ा शहर व महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्र होने के बावजूद कोटा जिला पर्यटन की दृष्टि से काफी पीछे है। यहाँ पर विभिन्न प्रकार के पर्यटक स्थल होने के बावजूद पर्यटन का इतना विकास नहीं हुआ है जितना दुसरे पर्यटक केन्द्रों का हुआ है। पर्यटन सम्बन्धी आँकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2023 में राज्य में कुल 17.90 करोड़देशी एवं 16.99 लाख विदेशी पर्यटक भ्रमण पर आये जिनमें से जिले में 9,42,403 देशी व मात्र 743 विदेशी पर्यटक ही कोटा जिले में आये जो कि राज्य के कुल पर्यटकों की संख्या का मात्र 0.52 प्रतिशत ही है। इसी प्रकार पर्यटकों की संख्या की दृष्टि से कोटा जिला सीकर, जयपुर, अजमेर, उदयपुर, बीकानेर आदि महत्वपूर्ण स्थलों से काफी पिछड़ा हुआ है।इस प्रकार देशी पर्यटकों की संख्या में कोटा जिले का राजस्थान में 25 वां स्थान है जबकि विदेशी पर्यटकों संख्याकोरोना वैश्विक महामारी के बाद हजार काआंकड़ा भी पूरा नहीं कर पाया है। वर्ष 2023 में विदेशी पर्यटकों की संख्या मात्र 743 थी जो बहुत ही कम है। तालिका में विगत 18 वर्षों में कोटा जिले में आने वाले देशी-विदेशी व कुल पर्यटकों की संख्या को दर्शाया गया है।

तालिका: 1 कोटा जिले में देशी विदेशी पर्यटकों का आगमन2006-2023

क्र.	वर्ष	पर्यटकों की संख्या		
		देशी	विदेशी	कुल
1	2006	98319	3994	102313
2	2007	104059	4440	108499
3	2008	100227	4550	104777
4	2009	107358	2732	110090
5	2010	97971	3450	101421
6	2011	69640	2441	72081
7	2012	62029	1881	63910
8	2013	63015	2889	65904
9	2014	51467	3516	54983
10	2015	90598	2571	93169
11	2016	89546	1778	91324
12	2017	202298	1860	204158
13	2018	117596	1889	119485
14	2019	128119	2867	130986
15	2020	102955	721	103676
16	2021	189953	154	190107
17	2022	804971	659	805630
18	2023	942403	743	943146
संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर(CAGR)		14.22%	-9.42%	13.96%

स्रोत: वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन, पर्यटन विभाग, राजस्थान सरकार

आरेख: 1



तालिका में दर्शाए गये आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि वर्ष 2006 में जिले में कुल1,02,313 पर्यटकभ्रमण पर आये जिनमें से 98,319देशी एवं 3,994 विदेशी पर्यटक थे। तालिका एवं आरेख के आंकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है की कोटा जिले में देशी पर्यटकों की संख्या में वर्ष 2009 से 2014 तक सामान्य उतर चढ़ाव के साथ उतरोतर कमी दर्ज की गयी है। वर्ष 2017 में विगत वर्ष की तुलना में देशी पर्यटकों की संख्या दो गुणा से अधिक बढ़कर 2 लाख के आंकड़े को भी पार कर गयी, इसके पश्चात पुन: कमी दर्ज हुई जो कोरोना वैश्विक महामारी काल के दौरान वर्ष 2021 में 1.89 लाख तक पहुँच पायी। कोरोना महामारी के पश्चात कोटा जिले में देशी पर्यटकों की सख्या में बड़ी वृद्धि दर्ज की गयी जो विगत वर्ष की तुलना में चार गुना से भी अधिक थी। वर्ष 2022 व 2023 में देशी पर्यटकों की संख्या क्रमश: 8.04 लाख व9.42 लाख तक पहुँच गयी। देशी पर्यटकों की संख्या में उतार-चढ़ाव की भांति विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी देखने को मिला परन्तु विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि ऋणात्मक ही दर्ज हुई है। उक्त अवधि में विदेशी पर्यटकों की सर्वाधिक संख्या वर्ष 2008 में दर्ज हुई जो मात्र 4450 थी और यह आंकड़ा आज तक प्राप्त नहीं हो सका है। कोरोना महामारी के पश्चात वर्ष 2022 व 2023 में कोटा में विदेशी पर्यटकों की संख्या क्रमश: 659 एवं 743 दर्ज की गयी जो नगण्य है।

इसी प्रकार जिले में 2006 से 2023 की अवधि में देशी विदेशी पर्यटकों की संख्या की संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर को देखा जाये तो देशी पर्यटकों की संख्या की संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर 14.22 प्रतिशतजबकि विदेशी पर्यटकों की संयुक वार्षिक वृद्धि दर ऋणात्मक दर्ज हुई जो कि -9.42प्रतिशत है। जिले में पर्यटकों की कुल संख्या में इस अवधि के दौरान संयुक्त वार्षिक वृद्धि दर13.96 प्रतिशत दर्ज की गयी।इससे स्पष्ट प्रतीतहोता है किअध्ययन क्षेत्र कोटा विदेशी पर्यटकों को आकर्षित नहीं कर पा रहा है परन्तु यहाँ पर पर्यटन विकास की अपार सम्भावनाएं मौजूद है।

समस्या व समाधान: कोटा जिला राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है यहाँ पर पर्यटकों को आकर्षित करने वाले अनेक ऐसे स्थल है जो पर्यटन विकास में भागीदार हो सकते है परन्तु जिले में पर्यटन का प्रयाप्त विकास नहीं पाया है जिसके कारण देशी विदेशी की पर्यटकों की संख्या अन्य केन्द्रों की तुलनासे बहुत पीछे है। कोटा जिले के पर्यटन के पिछड़ेपन होने के कई उतरदायी कारण है जैसे- देशी विदेशी पर्यटकों को लिए हवाई यातायात सेवा का अभाव, पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार प्रसार का अभाव,पर्यटकों की सुविधा व्यवस्थाओं की कमी, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन केन्दों की पहचान का अभाव आदि। इसलिए जिले में पर्यटन के विकास के

लिए इन सभी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयास करने की महत्ती आवश्यकता है जिससे देशी विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो सके और रोजगार के साथ-साथ आर्थिक विकास को भी बढ़ेगा। इसके लिए कोटा मुख्यालय को हवाई सेवा से जोड़ने की नितांत आवश्यकता है क्योंकि निकटतम हवाई अव जयपुर है जो लगभग 200 किमी से भी अधिक दूरी पर है।

निष्कर्ष –पर्यटन राज्य की एक महत्वपूर्ण आर्थिक गतिविधि है। राज्य के हाड़ौती पर्यटन परिपथ में कोटा बूंदी झालावाड़ एवं बारां जिलों को सम्मिलित किया जाता है। कोटा जिले में अनके पर्यटन महत्व के केंद्र है परन्तु कोटाजिलाराज्य के पर्यटन में काफी पिछड़ा हुआ है।विदेशीपर्यटकों की नगण्य संख्या होना इसके अंतराष्ट्रीय स्तर पहचान के अभाव को बताता है। कोरोना वैश्विक महामारी के पश्चात जिले में देशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि तो हुई है परन्तु विदेशी पर्यटको को जिला आज भी तरस रहा है। पर्यटन विकास के लिए हवाई यात्रा सुविधा के साथ-साथ अन्य सुविधाओ में वृद्धि की आवश्यकता है।पर्यटन विकास के लिए सही दिशा में कदम उठाये जाये तो यहाँ पर पर्यटन का भविष्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. के. एल. बाटरा (1989) प्रोब्लम्स एण्ड प्रोस्प्रेक्ट्स ऑफ ट्यूरिस्म, प्रिण्टवेल पब्लिशर्स, जयपुर।
2. ए. के. भाटिया (1992) ट्यूरिस्म इन इण्डिया : हिस्ट्री एण्ड डवलपमेन्ट्स, स्टरलिंग पब्लिशर्स, न्यूदिल्ली।
3. स्टेटिसटिकल अब्सट्रैक्ट (2008) आर्थिक एवं सांख्यिकी, निदेशालय, जयपुर राजस्थान।
4. वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन (विभिन्न अंक) पर्यटन विभाग, राजस्थान।
5. प्रगति प्रतिवेदन (विभिन्न अंक) पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार।
6. अतुल्य भारत (2016) पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार।
7. सक्सेना, हरिमोहन (2022) राजस्थान का भूगोल, राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर
8. Sinha Supriya and Varshney Madhur (2017). "Cultural Tourism in Rajasthan : A Strategic Planning Approach for Mandawa" International Journal on Emerging Technologies, ICTOAD. Published by Research Trend.
9. https://www.tourism.rajasthan.gov.in/
10. https://tourism.gov.in/
11. https://tourism.gov.in/sites/default/files/*2020-04/* rajasthan.pdf
12. https://housing.com/news/hi/places-to-visit-in-kota-hi/
13. https://statistics.rajasthan.gov.in/home/dptHome
14. https://www.drishtiias.com/daily-news-analysis/mukundara-hills-tiger-reserve/print_manually

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

स्वर्ण ऋण योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका

राधा पारसी* डॉ.अशोक सोनी**

* शोधार्थी, गो.से.अर्थ वाणिज्य महाविद्यालय (स्वशासी), जबलपुर (म.प्र.) भारत
** मार्गदर्शक,विभागाधयक्ष (वाणिज्य) हवाबाग महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा वाले देश में स्वर्ण ऋण मार्किट सबसे अधिक चर्चा वाले विषयो में से एक बन गया है कई बैंक और एन.बी.एफ.सी.स्वर्ण ऋण प्रदान कर रही है वित्तीय संस्थानों की इस संदर्भ सूची में नाम सामने आये है। भारतीय स्टेट बैंक,यूनियन बैंक,एच.डी.एफ.सी.बैंक मुथूट फाइनेंस,मणप्पुरम फाइनेंस लिमिटेड आदि इन संस्थानों को इस बाजार की शीर्ष स्थिति तक पहुंचने के लिए एक दूसरे के बीच गाला काट प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है। संतुष्ट उधारकर्ता बैंक के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है लेकिन कुछ ऐसे भी उधारकर्ता होते है जो स्वर्ण ऋण संस्थानों की सुरक्षा प्रणाली से संतुष्ट नहीं होते है। इस अध्ययन का उद्देश्य है कि स्वर्ण ऋण से ग्राहकों को लाभ होता है कि नहीं तथा इसकी प्रक्रिया सरल है कि नहीं।

शोध अध्ययन – शोध अध्ययन के जरिये न केवल यह कोशिश की गई है कि बैंक में स्वर्ण ऋण का क्रियान्वयन किया जा रहा है कि नहीं बल्कि यह भी जानने की कोशिश की गई है कि सामाजिक परिवेश में व्यक्ति इसका लाभ उठा पा रहे है कि नही।

प्रस्तावना–राष्ट्रीयकरण से पूर्व देश की बैंकिंग व्यवस्था स्थान में इम्पीरियल बैंक का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान था। यह एक व्यापारिक बैंक था परन्तु सन 1935 में रिजर्व बैंक की स्थापना से पूर्व यह केंद्रीय बैंक के रूप में भी कार्य किया करता था। यह सरकार का बैंकर हुआ करता था और सभी प्रकार के लेन–देनो का हिसाब रखा करता था। यह बैंको के बैंक के रूप में भी कार्य किया करता था उनसे निक्षेप स्वीकार करता है और मांग करने पर उन्हें ऋण भी दिया करता था। सन 1935 में रिजर्व बैंक की स्थापना के उपरान्त इम्पीरियल बैंक अपने केंद्रीय बैंकिंग कार्यो को त्याग दिया और एक पूर्ण व्यपारिक बैंक के रूप में ही कार्य करने लगा जिन पर रिजर्व बैंक की अपनी शाखाएँ नहीं थी वहाँ पर इम्पीरियल बैंक ही रिजर्व बैंक के एजेंट के रूप में कार्य करता रहा इस कार्य के लिए रिजर्व बैंक इम्पीरियल को निश्चित दर पर कमीशन दिया करता था उस समय यह सबसे शक्तिशाली व्यापारिक बैंक के रूप में जाना जाता था।

19वीं सदी के पहले दशक में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की बाकी थी जब ये तीनो बैंक,बैंक ऑफ बंगाल,बैंक ऑफ बॉम्बे,बैंक ऑफ मद्रास का बैंक सभी तीन प्रेसिडेंसी बैंको को संयुक्त स्टॉक कम्पनियो के रूप मे शामिल किया गया था। ये रॉयल चार्टर के परिणाम थे इन तीनो बैंको को 1861 में पेपर मुद्रा अधिनियम के साथ कागजी मुद्रा जारी का विशेष अधिकार प्राप्त हुआ। जो उन्होंने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का गठन तक सही रखा प्रेसिडेंसी बैंक 27 जनवरी 1921 को एकजुट हो गए और पुनगर्ठित बैंकिंग इकाई में इसका नाम इम्पीरियल बैंक ऑफ इंडिया रखा भारतीय शाही बैंक में एक संयुक्त स्टॉक कम्पनी को जारी रखा। भारतीय स्टेट अधिनियम 1955 के प्रावधानों के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक,जो भारत का केंद्रीय बैंक है जुलाई 1955 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बन गया।अपने स्थापना काल में बैंक के कुल 480 कार्यालय थे जिसमें शाखाएँ, उपशाखाएँ,तथा तीन स्थानीय मुख्यालय शामिल थे जो इम्पीरियल बैंको के मुख्यालयों को बनाया गया था।

परिभाषा

डॉ. एच.एल.हार्ट के अनुसार 'बैंकर वह व्यक्ति है जो अपने साधारण व्यवसाय के अंदर का द्रव्य जमा करता है,जिसे वह उन व्यक्तियों के चैको का भुगतान करके चुकाता है जिसे चैक के द्वारा मांग करने पर वापस किया जा सके।'

किनले के अनुसार 'बैंक एक ऐसी संस्था है जो उन व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कर्ज देती है जो अपने ऐसे रूपयो को जमा करते है जिनकी उन्हें तत्काल आवश्यकता नहीं है।'

भारतीय स्टेट बैंक का मुख्य ध्येय – भारतीय स्टेट बैंक का मुख्य ध्येय है कि विश्व स्तरीय मानदण्डों एवं महत्वपूर्ण अन्तराष्ट्रीय व्यवसाय के क्षेत्र में ग्राहकों,अंशधारियों और कर्मचारियों की संतुष्टि के साथ वित्तीय सेवाओं के विस्तारीकरण हेतु विकास बैंक के रूप में अग्रणी भूमिका का निर्वाह करना द्य तथा ग्राहकों के लिए ऋणों की सेवा प्रदान करना है।

बैंकिंग उत्पाद – नवबंर 1999 में प्रारम्भ 'भारतीय स्टेट बैंक स्वर्ण जमा योजना' द्वारा बैंक ने इस वर्ष 6.08 टन सोना संग्रहीत किया,जो कुल बाजार अंश का 96%है राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लि.(नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरीज लिमिटेड)तथा केंद्रीय निक्षेपागार सेवाएं लि. (सेन्ट्रल डिपॉजिटरीज सर्विसेज लिमिटेड)नामक निक्षेपागारो में बैंक सह – प्रायोजक है इसकी निक्षेपागार सहभागी सेवाएं 'वी सेट' द्वारा सीधे राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार सेवाएं लि. से सीधो सम्बद्ध निक्षेपागार सहभागिता सेवाएं पुणे,गुवाहटी तथा कानपुर में शीघ्र शुरू की जाएगी। इस वर्ष बैंक ने व्यापार और सेवाक्षेत्र के लिए सामान्य प्रयोजन वाले लचीले सावधि ऋण निर्यातकों और लघु उद्योग क्षेत्र की आकस्मिक आवश्यकताए पूरी करने के लिए वैकल्पिक ऋण सेवा,केवल प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना के अंतर्गत कपडा क्षेत्र का वित्तीयन,स्वर्ण जमा पर रूपया ऋण योजना तथा कारपोरेट

ऋणियो के लिए स्थिर ब्याज सावधि ऋण योजनाएँ भी शुरू की है।

स्वर्ण ऋण – स्वर्ण को गिरवी रखकर बैंक से ऋण लेना स्वर्ण ऋण कहलाता है स्वर्ण ऋण आसानी से मिल जाता है। यह ऋण स्वर्ण को गिरवी रखकर ग्राहक को मुद्रा देती है अगर आपको पैसों को आवश्यकता है और आपके पास स्वर्ण है तो आप स्वर्ण ऋण ले सकते है। आजकल हर किसी न किसी को पैसों की सख्त आवश्यकता होती है पैसा होने पर प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक किये जा सकते है हर व्यक्ति के पास इतना पैसा नहीं होता है कि वो अपना घर गाड़ी खरीद सके। इसलिए हर कोई बैंक से ऋण लेता है और ऋण लेने के बाद वह उसे धीरे -धीरे चुकता है। आज कल अधिकतर लोग स्वर्ण पर ऋण लेते है क्योंकि यह सस्ता और आसानी से मिल जाता है क्योंकि इस ऋण को लेने के लिए कोई भी या किसी भी प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं होती है। इस ऋण को बेरोजगार व्यक्ति भी ले सकता है स्वर्ण ऋण के लिए दस्तावेज की भी जरूरत नहीं पड़ती है बस कुछ ही दस्तावेजो जैसे पहचान पत्र और घर का पता आदि की आवश्यकता पड़ती है यह ऋण व्यक्ति को कम ब्याज दर पर मिलता है। ऋण लेने वाला व्यक्ति पूरी अवधि के दौरान केवल ब्याज का भुगतान कर सकते है और अंत में ऋण लेने के लिए एक बार में पूरी राशि का भुगतान कर सकते है।

साहित्य की समीक्षा

डेवी एट (2010) बाजार सर्वेक्षण में स्वर्ण ऋण लेना एक सरल प्रक्रिया है इसमें इसमें उधारदाता ऋण लेने के लिए बैंक या वित्तपोषण एजेन्सी में अपने गहनों में रूप में घरेलू स्वर्ण को जमा कर 60%तक ऋण प्राप्त कर सकते है।

रोजिता(2010) स्वर्ण ऋण पर ध्यान केंद्रित किया है जिसमें वित्तीय सहायता का समर्थन किया उधारकर्ताओं कहा कि ऋण जरूरतों को पूरा करता है और सोने का एक आवश्यक निवेश बन जाता है, एक सांस्कृतिक, भावनात्मक और सुरक्षा परिपेक्ष्य से स्वर्ण सोने की जमा राशि के रूप में जाना जाता है। भारतीय बाजार में स्वर्ण ऋण की सुरक्षा में काफी बढ़ोतरी हुई है,जिसमे यह आकर्षक हो गया है।

ज्ञानेश (2012) लेखक ने उपभोक्ता धारणा और बढ़ते ऋण पर चर्चा की है,स्वर्ण ऋण के प्रति उपभोक्ताओं की धारणा काफी बदल गयी है कि संगठित स्वर्ण ऋण मार्किट में बदलतें समय के कारण उपभोक्ताओं की आवश्यकता बढ़ती जा रही हैं। इसलिए स्वर्ण ऋण में समय की अवधि के साथ-साथ काफी स्वर्ण ऋण की बढ़ती माँग में वृद्धि हुई हैं।

उद्देश्य:

1. भारतीय स्टेट बैंक में स्वर्ण ऋण की प्रक्रिया का अध्ययन करना।
2. भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्वीकृत ऋण राशि का अध्ययन करना।
3. भारतीय स्टेट बैंक के स्वर्ण ऋण योजना से संबंधित सुझाव देना।

स्वर्ण ऋण की प्रक्रिया – बैंक द्वारा बेचे गए सोने के सिक्कों सहित स्वर्ण आभूषणों को गिरवी रखकर बैंक के विधमान ग्राहक रु.20 लाख तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए कम से कम कागजी करवाई की आवश्यकता होती है और ब्याज की दर भी कम होती है।

प्रमुख प्रक्रिया – पात्रता-आभूषणों के वास्तविक स्वामि जो न्यूनतम 21 वर्ष आयु के हो एवं पर्याप्त आय के स्त्रोत हो ताकि ऋणी कम से कम ब्याज राशि जमा करने में सक्षम हो।

1. व्यवसाय- बैंक कर्मचारी पेंशनर सहित आय के स्थाई एवं अस्थाई स्त्रोत वाले व्यक्ति
2. ऋण राशि-न्यूनतम
3. ग्रामीण/अर्धाशहरी- 10000/-
4. शहरी /महानगर -20000/-
5. अधिकतम- 20लाख
6. मार्जिन-25%
7. अदायगी अवधि अधिकतम- 30 महीने
8. अदायगी ढंग -मूल राशि और ब्याज की अदायगी संवितरण के अगले माह से शुरू होगी।

प्रतिभूति:

1. स्वर्ण आभूषणों की प्रतिभूति

दस्तावेज़:

1. आवेदन पत्र
2. पहचान का प्रमाण पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड
3. निवास स्थान का प्रमाण बिजली बिल, फोन बिल , पासपोर्ट साइज़ फोटो।
4. डी.पी. नोट
5. स्वर्ण आभूषणों की सपुर्दगी पत्र के साथ
6. गवाह (अशिक्षित ऋणी की दशा में)
7. व्यवस्था पत्र

आभूषणों की वापसी – ऋणी से स्वर्ण ऋण लेजर पर पावती ले मेरे द्वारा गिरवी रखे सभी आभूषण पूर्ण और सही हालत में वापिस प्राप्त किये। मृतक के स्वर्ण ऋण खाते के गिरवी रखे आभूषण उसके वारिसों को समस्त ओपचारिकताऐ पूर्ण करने पर सौंपे।

भारतीय स्टेट बैंक की स्वर्ण ऋण की भूमिका – स्वर्ण ऋण के उपयोग करने के पश्चात जिले के आर्थिक विकास की गति में वृद्धि हुई है , भारतीय स्टेट बैंक स्वर्ण ऋण पर एक अच्छी भूमिका निर्वाह कर रहा है ।आर्थिक विकास हेतु प्रदत ऋणों के उपयोग पशचात राज्य एवं जिले के निवासियों के रहन सहन आर्थिक सामाजिक व शैक्षणिक स्थिति पे परिवर्तन आये हैं। शासन की विभिन्न योजनाओ के माधयम से अर्धसंरचनात्मक विकास एवं सामाजिक सुविधाओ का विस्तार हुआ हैं। बेरोजगार, शिक्षित बच्चों ,व्यक्तियों के व्यवसाय प्राम्भ करने का भी अवसर मिला हैं।

तालिका 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

स्वर्ण ऋण के फायदे:

1. व्यक्ति कम समय मे ऋण को पाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक से स्वर्ण को गिरवी रखकर स्वर्ण ऋण का लाभ उठा सकता है।एक स्वर्ण ऋण आपात स्थिति के समय में तत्काल मदद देता है क्योंकि यह एक व्यक्ति को एक दिन के भीतर नगद प्राप्त करने में मदद करता है । ऋण का उपयोग किसी भी प्रकार के उद्देश्य को पूरा करनें के लिए किया जा सकता है।
2. शिक्षा के लिए स्वर्ण ऋण लिया जा सकता है।
3. कृषि के क्षेत्र में एवं आधुनिक तकनीक का प्रयोग करने एवं उसमे सुधार लाने के लिए भी ऋण लिया जा सकता हैं।
4. यात्रा पर जाते समय तत्काल निधि प्राप्त करना।
5. अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी संपत्ति को उपयोग करने की भावना देता हैं।
6. आकर्षक ब्याज दर
7. एक घण्टे के भीतर ऋण प्राप्त करना।

8. परेशानी से मुक्त आवेदन।
9. न्यूनतम दस्तावेज।
10. सोने के मूल्य के खिलाफ मानक ऋण राशि सुरक्षित भंडारण।

निष्कर्ष – भारतीय स्टेट बैंक की व्यक्तिगत स्वर्ण ऋण की प्रक्रिया सभी ऋणों की अपेक्षा में काफी सरल और परेशानी मुक्त होती हैं। इनमे ग्राहकों को अन्य ऋणों की अपेक्षा भटकना नही पड़ता हैं। स्वर्ण ऋण से ग्राहक संतुष्ट होता हैं,और तत्काल में ऋण पा कर अपनी उपयोगिता /आवश्यकता को पूर्ण कर सकता है,स्वर्ण ऋण की ब्याज दर में भी कमी होती हैं। जिससे ग्राहक इस ऋण को लेना पसंद करता हैं,और व्यक्ति के आभूषणों की सुरक्षा होती हैं।इससे व्यक्ति को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शर्मा हरिशचन्द्र,बैंकिंग विधि एवं व्यवहार,साहित्य भवन आगरा 1986
2. राजेश भारतीय स्टेट बैंक के वैयक्तिगत ऋणों का अध्ययन जबलपुर जिले के विशेष सन्दर्भ में 2014
3. भारतीय स्टेट बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2000 –2001
4. दैनिक जागरण
5. www.sbi.co.in
6. www.jagran.com

तालिका 1

स्टेट बैंक स्वर्ण ऋण	स्वर्ण ऋण	लिक्विड स्वर्ण ऋण	बुलेट रिपेमेंट स्वर्ण ऋण
ऋण के प्रकार	अवधि	अधिविकर्ष	अवधि
वापसी भुगतान पद्धति	ऋण की राशि और ऋण लेने की तारीख से लेकर जब ऋण चुकाया जा रहा है उस महीने तक का ब्याज चुकाया जाता है।	मासिक तौर पर ब्याज का भुगतान किया जाता है	ऋण का समय खत्म होने तक भुगतान किया जाता है।
ऋण अवधि (महीने में)	36 माह	36 माह	12 माह
मार्जिन	25%	25%	35%

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Judicial Independence and Public Perception under Article 21 of the Indian Constitution

Deepti Ukas* **Dr. Neelesh Sharma****

*Research Scholar (Law) Rabindranath Tagore University, Bhopal (M.P.) INDIA
** Professor (Law) Rabindranath Tagore University, Bhopal (M.P.) INDIA

Abstract - This study investigates the nuanced perspectives of legal professionals and the wider public regarding the Indian judiciary's role in safeguarding rights under Article 21 of the Indian Constitution. A comprehensive survey was conducted with 384 participants, stratified by age, gender, occupation, education, and years of experience. The age distribution revealed that 25.8% were 20-30 years old, with a notable concentration in younger demographics. Gender analysis indicated a male majority at 56.3%. Occupation data showed that 26.8% were academics/professors, followed by legal researchers (25.8%) and law students (21.4%). Regarding educational qualifications, 31.3% held a Master's degree, while 25.8% had a Ph.D. Participants with 8-10 years of experience constituted 23.4%, the largest group. Key findings indicate gender-based differences in judicial effectiveness perceptions, with males showing polarized views (strong agreement at 59 for males vs. 34 for females). Age-based analysis revealed that younger respondents (20-30 years) are more inclined towards positive views on judicial independence. In terms of transparency, younger participants (under 30) exhibited strong opinions, either positive or negative, compared to the balanced views of older respondents (over 50 years). Responses on media influence indicated that males (42% disagree, 36% strongly disagree) were more skeptical compared to females. Legal professionals displayed varied opinions on judicial impartiality and the influence of political ideologies, with law students and legal researchers showing more positive perspectives. This study underscores the significance of demographic factors in shaping perceptions of judicial effectiveness and independence, highlighting the need for continuous evaluation of these influences to uphold judicial integrity.
Keywords: Judicial Independence, Article 21, Public Perception, Transparency in Judiciary.

Introduction - The independence of the judiciary in India, especially in the context of Article 21 of the Constitution, represents a crucial element in the country's legal and democratic framework. Article 21, guaranteeing the right to life and personal liberty, stands at the core of the fundamental rights protected by the Indian Constitution. The critical analysis of the judiciary's independence, with a special focus on Article 21, involves examining how the judiciary has interpreted and applied this right in various landmark cases and the extent to which it has maintained its independence. The seminal work by M. Aparna (2006) discusses landmark cases where the Supreme Court evolved as a savior of mankind, employing Article 21 to protect lives through its judicial activism.

The independence of the judiciary was put to the test during the Emergency period in India (1975-1977), most notably in the ADM Jabalpur v. Shivakant Shukla case. This case is critically analysed by Pranav Verma (2014), who revisits Justice H.R. Khanna's dissenting opinion as a cornerstone for the judiciary's independence and its role in protecting Article 21 rights even during times of political turmoil. Vaidya and Raghuvanshi (2010) delve into the constitutional mechanisms and historical context that safeguard judicial independence in India. Their analysis underscores the judiciary's critical role in enforcing Article 21 rights and maintaining a balance of power, emphasizing the importance of judicial independence as a non-negotiable pillar of democracy. Despite its strong constitutional foundations, the independence of the Indian judiciary faces numerous challenges, including political pressure, the appointment process of judges, and the temptation of judicial overreach. Abeyratne (2014) presents a critical view of how the Supreme Court's broad interpretation of Article 21 to include socioeconomic rights, while aiming to protect the marginalized, also raises questions about judicial independence and the practical enforceability of these rights.

Pranav Verma (2014) provides a literary and legal analysis of Justice H.R. Khanna's dissent, emphasizing the significance of judicial opinions in preserving fundamental rights and judicial independence.

Vaidya and Raghuvanshi (2010) discuss the constitutional and legal foundations that ensure the judiciary's independence in India. Their analysis

underscores the importance of an independent judiciary in a democratic society, highlighting its role in maintaining the balance of power and protecting human rights. Sameer Boray (2011) examines the judiciary's response to the rights of individuals living with HIV/AIDS, showcasing the protection offered under Article 21. The progress and the challenges in extending rights protections to marginalized groups, reflecting on the judiciary's role as a protector of the disadvantaged (Boray, 2011). The Indian Supreme Court's interpretation of socioeconomic rights within the framework of Article 21. The implications of judicial activism in making Directive Principles justiciable and the challenges it poses to the legitimacy of the Constitution, calling for clear and transparent judicial reasoning to maintain public trust and constitutional legitimacy.

The introduction of PIL has been a significant development in the Indian judicial system, allowing the court to address the rights of the disadvantaged and marginalized sections of society directly. However, it also raises questions about the balance between judicial activism and overreach. The judiciary's role in using PIL to enforce environmental laws and human rights showcases its commitment to using its independence for the broader public interest. The doctrine of the basic structure, established in the Kesavananda Bharati case, has been pivotal in preserving the core values of the Constitution, including judicial independence.

The primary objective of this study is to assess the effectiveness of the judiciary in upholding Article 21 rights in India and its independence in decision-making processes. This involves a thorough examination of how well the judiciary performs its role in safeguarding the fundamental rights guaranteed by Article 21 of the Indian Constitution, while remaining free from external influences and pressures. A secondary objective is to evaluate the perception of both legal professionals and citizens regarding the independence of the Indian judiciary in the context of protecting fundamental rights under Article 21. This objective aims to capture and analyze the views of those within the legal field as well as the general public, providing a comprehensive understanding of the judiciary's perceived autonomy and reliability in upholding constitutional rights.

Background of study

The effectiveness of the judiciary in upholding Article 21 rights in India and its independence in decision-making has continued to be a critical area of focus in recent years. Challenges such as delayed justice and the erosion of public confidence in the judiciary necessitate judicial accountability for a transparent democracy (Kumar & Tiwari, 2019). An examination of Indian judicial activism in environmental protection discusses the judiciary's role in extending the scope of judicial review to protect the environment. Through public interest litigation (PIL), the judiciary has enabled individuals to approach courts for environmental justice, showcasing a balance between progress and environmental sustainability. This activism reflects the judiciary's commitment to expanding the interpretation of Article 21 to include the right to a clean environment (Prashad, 2018). The alternative forums like Lok Adalats and incorporation of judicial governance to improve the administration of courts and ensure timely justice. Such measures are essential for upholding the principle of justice delayed is justice denied and ensuring the effectiveness of Article 21 rights (Singh & Thakur, 2019).

The Supreme Court's judgements that have expanded its mandate due to the shortcomings of India's representative institutions, emphasizing the judiciary's role in balancing governmental powers and safeguarding constitutionalism (Shriparkash, 2023). The National Education Policy (NEP) 2020 to the constitutional mandate of education, drawing connections between ancient Indian educational traditions and modern policies. It critically analyzes NEP 2020 within the framework of Article 21A, discussing its potential to transform India's educational landscape in line with the goal of an Atmanirbhar Bharat or self-reliant India (Dhage et al., 2023). The Supreme Court has interpreted the right to know as an inherent part of Article 19(1)(a), indirectly linked to Article 21. It traces the ideational movement within the judiciary regarding openness and transparency, showing how judicial verdicts have evolved to address the flow of information in a democracy and its impact on openness in government affairs (Jha, 2021). The judicial system's use of scientific methods like polygraph and narcoanalysis tests to expedite the investigative process while respecting the fundamental rights under Article 21. It discusses the legal framework and judicial perspectives on the admissibility and ethical considerations of these forensic tests in context of ensuring justice and safeguarding personal liberty (Malini & Chandrakanth B, 2020).

The Supreme Court of India's innovative exercise of judicial power is highlighted as a successful mechanism for protecting and promoting human rights, showcasing the judiciary's proactive stance in ensuring justice for the weak and vulnerable (Aithal, 2023). An overview of the right to privacy as a fundamental human right, emphasizing the judiciary's role under judicial review and activism in protecting this right against state surveillance. It reflects on landmark judgments that have fortified the right to privacy under Article 21, shows the judiciary's critical role in defining and defending privacy rights in India (Khan, 2022). An examination of the Indian judiciary's environmental activism showcases how the courts have used Article 21 to protect the environment, demonstrating a significant shift towards recognizing environmental rights as fundamental. This activism is facilitated by the relaxation of locus standi rules and the recognition of the right to a clean environment as part of the right to life (Singh, 2014).

The right to die, as a corollary of the right to life, has been debated in terms of voluntary euthanasia, reflecting

on the balance between life's sanctity and personal liberty to choose death under certain conditions (Rahman & Saikia, 2022). As medical data becomes increasingly digitized, ensuring confidentiality, privacy, and data security becomes paramount. (Singh & Dhiman, 2021). The Supreme Court's decisions in this area demonstrate an approach that combines both direct and indirect application of Article 24, striving towards a more inclusive interpretation of the right against exploitation (Pande, 2020). Courts have used a harmonious construction approach to distinguish between protected speech that furthers public interest and unprotected purely commercial speech. This interpretation ensures that commercial speech regulations can be construed in favor of protecting public health, demonstrating the judiciary's adaptability in balancing rights for societal wellbeing (Subramanian, Gokani, & Aneja, 2022).

With the increasing digitalization of society, concerns around privacy, especially in cyberspace, have gained prominence. Studies examining the constitutional protections for privacy under Article 21 indicate an evolving judicial understanding of privacy rights in the context of modern technologies and the challenges posed by state surveillance and data security (Raghav & Marwaha, 2023).

An evaluative study in the Murshidabad district of West Bengal assessed the implementation of the Right to Education Act, 2009, highlighting the gaps between policy objectives and on ground realities. The importance of addressing these challenges to fulfil the constitutional mandate of providing free and compulsory education to all children (Ali, 2021). The constitutional provisions related to school education in India highlights the integration of Article 21A, emphasizing the state's obligation to provide free and compulsory education to all children in the age group of six to fourteen years. This represents a significant step in recognizing education as a fundamental right and underscores the judiciary's role in safeguarding children's rights to education (P., 2023)

Methodology: This section interprets the significant Pearson Correlation coefficients and analyzes the reliability of the survey data concerning the Indian judiciary's role in upholding Article 21 rights.

Pearson Correlation Analysis:: The survey data was analyzed using Pearson Correlation to explore the relationships between respondents' demographics and their perceptions of the judiciary's effectiveness. Significant results include:

Balancing Individual Rights and Societal Needs (Education: r = .113, p = .026): A weak but statistically significant positive correlation suggests that individuals with higher education levels may slightly perceive the judiciary as more effective in balancing individual rights with societal needs.

Confidence in Judiciary's Independence (Education: r = .119, p = .020): A weak positive correlation indicates that higher educational attainment is associated with slightly greater confidence in the judiciary's ability to protect Article 21 rights, independent of government influence.

Need for Transparency (Education: r = .101, p = .048): This weak positive correlation suggests that more educated individuals perceive a slightly greater need for transparency in the judiciary's handling of Article 21 cases.

Impact of Political Factors on Judicial Independence (Gender: r = .131, p = .010): A weak but significant correlation with gender suggests a slight difference in perceptions of political influence on judicial independence based on gender.

Judicial Independence in Safeguarding Article 21 (Education: r = .118, p = .021): Higher education levels are slightly associated with more favorable perceptions of the judiciary's independence in safeguarding Article 21 rights.

Impartiality Amid Social and Political Conflicts (Education: r = .106, p = .037): Individuals with higher education may slightly perceive the judiciary as more impartial in Article 21 cases amid social and political conflicts.

Judiciary's Communication Effectiveness (Age: r = .038, p = .039): A very weak but statistically significant positive correlation suggests that older individuals may perceive the judiciary as more effective in communicating its decisions and reasoning to the public.

Media Influence on Judicial Decisions (Age: r = .039, p = .035): Similarly, a weak positive correlation indicates that older respondents might perceive a greater influence of media on judicial decisions related to Article 21.

Reliability Analysis (Cronbach's Alpha): The survey's internal consistency was assessed using Cronbach's Alpha:

- **Judicial Effectiveness and Independence:** Two sets, both showing acceptable reliability (α= 0.721 and α= 0.669).
- **Impact of Jurisprudential Developments:** Acceptable reliability with α = 0.712.
- **External Influences on Judiciary**: Also acceptable, with α = 0.690.
- **Overall Reliability:** The entire survey demonstrated good reliability with α = 0.772, indicating that the survey items **collectively measure** the intended concepts consistently.

Model Summary: The regression analysis revealed a moderate positive relationship between the independent variables (e.g., public opinion, judicial development) and the dependent variable (Article 21), with an R value of 0.369. The model explains 14.2% of the variance in Article 21, indicating the combined influence of these predictors is statistically significant ($F = 6.175$, $p < 0.001$). Key predictors like judgment, judicial development, and transparency significantly impact perceptions of the judiciary's role in upholding Article 21. This methodology provides a comprehensive understanding of the correlations and reliability within the survey, highlighting the factors influencing perceptions of the judiciary's effectiveness and

independence in upholding Article 21 rights.

Result and Discussion

Survey on the Indian Judiciary's Role in Safeguarding Rights Under Article 21: This survey seeks to delve into the nuanced perspectives of legal professionals and the wider public regarding the Indian judiciary's role in safeguarding the rights guaranteed by Article 21 of the Indian Constitution. It aims to explore the judiciary's effectiveness, independence, and resilience against external pressures and influences, ranging from political dynamics to public opinion.

Age Distribution of Participants: The data presents the distribution of participants across different age groups (see Table 1 and Figure 1). The data shows a diverse age distribution, with the 20-30 years group being the largest at 25.8%, followed by 31-40 years at 20.3%. The total sample size of 384 participants highlights a significant representation of younger demographics.

Table 1: Age Distribution of Participants

Parameter	Frequency	Percent	Valid Percent	Cumulative Percent
Under 20 Year	67	17.4	17.4	17.4
20-30 Year	99	25.8	25.8	43.2
31-40 Year	78	20.3	20.3	63.5
31-40 Year	78	20.3	20.3	83.9
Over 50 Year	62	16.1	16.1	100.0
Total	384	100.0	100.0	



I	Seeing Problems Test	0-43**	0-29*	0-23	0-35**
II	Unusual Uses Test	0-59**	0-32*	0-38*	0-34**
III	Consequences Test	0-81**	0-04	0-27*	0-30*
IV	Test of Inquisitiveness	0-95**	0-81**	0-34**	0-22
V	Square Puzzle Test	0-68**	0-16	0-26*	0-29*
VI	Blocks Test of Creativity	0-60**	0-05	&0-01	&0-07
	Creativity(Total)	0-46**	0-27*	0-38**	0-35**

*0–05 स्तर पर सहसंबंध महत्वपूर्ण।

सामाजिक आर्थिक मापनी (डॉ. सुनील कुमार उपाध्याय)

वर्तमान पैमाना – वर्तमान पैमाना का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी दोनों

क्षेत्रों के छात्रों की सामाजिक – आर्थिक स्थिति को मापना हैं। पैमाने में व्यक्तिगत जानकारी, परिवार, शिक्षा ,आय और अन्य सांस्कृतिक और भौतिक संपत्ति से संबंधित पांच भागों में 31 आयटम शामिल हैं।

उपलब्धि परीक्षण – उपलब्धि मे मापन हेतु विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा के अंक लिए गए।

शोध के निष्कर्ष :

1. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित 34 विद्यार्थियों में 16 बालक अर्थात 47.06% एवं 18 अर्थात 52.94% बालिकाएँ पायी गई।
2. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित 34 विद्यार्थियों में 12 (35.29%) उच्च सामाजिक – आर्थिक स्तर के विद्यार्थी, औसत से ऊपर सामाजिक – आर्थिक स्तर के विद्यार्थी 10 अर्थात 29.42% ; 08 (23.53%) विद्यार्थी औसत सामाजिक – आर्थिक स्तर के, 03 विद्यार्थी (8.82%) औसत से कम सामाजिक – आर्थिक स्तर के तथा 01 विद्यार्थी (2.94%) निम्न सामाजिक – आर्थिक स्तर के पाए गए।
3. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित बालकों की कुल सृजनात्मकता बालिकाओं से सार्थक उच्च स्तरीय पायी गई।
4. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित बालकों की सृजनात्मकता के आयाम समस्या जाँच परीक्षण बालिकाओं से सार्थक उच्च स्तरीय पायी गई।
5. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विभिन्न सामाजिक – आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों में सार्थक भिन्नता पायी गई। उच्च सामाजिक – आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों के सृजनात्मकता के आयाम समस्या जाँच परीक्षण के सर्वाधिक मध्यमान (M = 25.67) रहे, तत्पश्चात क्रमानुसार औसत से कम सामाजिक – आर्थिक स्तर (M = 25.00), औसत से ऊपर सामाजिक – आर्थिक स्तर के विद्यार्थी (M = 23.40), औसत सामाजिक – आर्थिक स्तर (M=23.37) रहे, एवं सबसे कम स्तर पर निम्न सामाजिक – आर्थिक स्तर के मध्यमान (M= 22.00) के पाए गए।
6. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विभिन्न सामाजिक – आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों की सृजनात्मकता के आयाम वर्ग पहेली परीक्षण में सार्थक अंतर नहीं पायी गई।
7. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विभिन्न सामाजिक – आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों की सृजनात्मकता के आयाम सृजनात्मक घनपरीक्षण में सार्थक अंतर नहीं पायी गई।
8. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विभिन्न सामाजिक – आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि समान पायी गई।
9. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विद्यार्थियों की कुल सृजनात्मकता सामान्य विद्यार्थियों से सार्थक निम्न स्तरीय पायी गई।
10. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् सामान्य विद्यार्थियों की सृजनात्मकता के आयाम समस्या जाँच परीक्षण देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विद्यार्थियों से सार्थक उच्च स्तरीय पायी गई।
11. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् सामान्य विद्यार्थी सृजनात्मकता के आयाम असामान्य प्रयोग परीक्षण देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विद्यार्थियों से सार्थक उच्च स्तरीय रहे।
12. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् सामान्य विद्यार्थियों की सृजनात्मकता के आयाम परिणाम परीक्षण देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विद्यार्थियों से सार्थक उच्च स्तरीय पाया गया।
13. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् सामान्य विद्यार्थियों की सृजनात्मकता के आयाम जिज्ञासा परीक्षण देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विद्यार्थियों से सार्थक उच्च स्तरीय पाये गए।
14. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित एवं सामान्य विद्यार्थियों के सृजनात्मकता के आयाम वर्ग पहेली परीक्षण में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।
15. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित एवं सामान्य विद्यार्थियों के सृजनात्मकता के आयाम सृजनात्मक घन परीक्षण में भिन्नता पायी गई।
16. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित एवं सामान्य विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।
17. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की कुल सृजनात्मकता एवं उसके आयामों पर मधुमेह का सार्थक प्रभाव पाया गया।
18. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की कुल सृजनात्मकता एवं उसके आयामों पर लिंग का सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।
19. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की कुल सृजनात्मकता एवं उसके आयामों पर मधुमेह एवं लिंग की अंतर्क्रिया का सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।
20. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर मधुमेह का सार्थक प्रभाव पाया गया। सामान्य विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि मधुमेह ग्रसित विद्यार्थियों से सार्थक उच्च स्तरीय पायी गई।
21. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि पर लिंग का सार्थक प्रभाव पाया गया एवं बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि बालकों से सार्थक उच्च स्तरीय पायी गई।
22. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर मधुमेह एवं लिंग की अंतर्क्रिया का सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।
23. उच्च सामाजिक – आर्थिक स्तर के विद्यार्थियों के सृजनात्मकता के आयाम समस्या जाँच परीक्षण के सर्वाधिक मध्यमान (M = 27.05) रहे, तत्पश्चात क्रमानुसार औसत से ऊपर सामाजिक – आर्थिक स्तर (M= 25.71), औसत सामाजिक – आर्थिक स्तर (M=25.57) रहे, औसत से कम सामाजिक – आर्थिक स्तर (M = 25.00), एवं सबसे कम स्तर पर निम्न सामाजिक – आर्थिक स्तर के मध्यमान (M = 22.00) के पाए गए।

24. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की कुल सृजनात्मकता एवं उसके आयामों (समस्या जाँच परीक्षण को छोड़कर) पर सामाजिक – आर्थिक स्तर का सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।
25. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सृजनात्मकता के आयाम सृजनात्मक घनपरीक्षण पर मधुमेह एवं सामाजिक – आर्थिक स्तर की अंतर्क्रिया के प्रभाव का अध्ययन के लिए उच्च सामाजिक – आर्थिक स्तर के सामान्य विद्यार्थियों का मध्यमान (M =30.44) मधुमेह ग्रसित विद्यार्थियों के मध्यमान (M=22.67) से सार्थक उच्च स्तरीय रहे, वही औसत से ऊपर सामाजिक – आर्थिक स्तर के सामान्य विद्यार्थियों का मध्यमान (M =25.38.) मधुमेह ग्रसित विद्यार्थियों के मध्यमान (M =23.00) से सार्थक उच्च स्तरीय रहे, इसी क्रम में औसत सामाजिक – आर्थिक स्तर के सामान्य विद्यार्थियों का मध्यमान (M =26.81.) मधुमेह ग्रसित विद्यार्थियों के मध्यमान (M =23.50) से सार्थक उच्च स्तरीय रहे, वही औसत से कम सामाजिक – आर्थिक स्तर के सामान्य विद्यार्थियों का मध्यमान (M = 34.00) मधुमेह ग्रसित विद्यार्थियों के मध्यमान (M =20.33) से सार्थक उच्च स्तरीय रहे, वही सामान्य विद्यार्थियों में निम्न सामाजिक आर्थिक स्तर का विद्यार्थी नहीं पाए गए।
26. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की कुल सृजनात्मकता एवं उसके आयामों (सृजनात्मक घनपरीक्षण को छोड़कर) पर मधुमेह एवं सामाजिक आर्थिक स्तर की अंतर्क्रिया का सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।
27. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर सामाजिक – आर्थिक स्तर का सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।
28. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की शैक्षिक उपलब्धि पर मधुमेह एवं सामाजिक आर्थिक स्तर की अंतर्क्रिया का सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।
29. देवास जिले के विद्यालयों में अध्ययनरत् मधुमेह से ग्रसित विद्यार्थियों के सृजनात्मकता एवं उसके किसी भी आयाम तथा शैक्षिक उपलब्धि के मध्य सार्थक सहसंबंध नहीं पाया गया, किन्तु कुल सृजनात्मकता, परिणाम परीक्षण, जिज्ञासा परीक्षण एवं वर्ग पहेली परीक्षण तथा शैक्षिक उपलब्धि के मध्य धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया वहीं समस्या जाँच परीक्षण, असामान्य प्रयोग परीक्षण एवं सृजनात्मक घन परीक्षण तथा शैक्षिक उपलब्धि के मध्य ऋणात्मक सहसम्बन्ध पाया गया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. गौर अनीता (2021) मधुमेह एक परिचय वी. एवं एस. प्रेस, नई दिल्ली।
2. डॉ. शुक्ल राधेश्याम (2021) मधुमेह समस्या और समाधान, नोशन प्रेस।
3. कोल लोकेश (2020) शैक्षिक अनुसंधान की कार्य प्रणाली, विकास प्रकाशन।
4. मंगल एस के (2014) व्यावहारिक विज्ञानों में अनुसंधान विधियॉ, पी. एच. आई. लर्निंग प्रकाशन।
5. रायजादा बी एस (2008) शिक्षा में अनुसंधान के आवश्यक तत्व, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
6. शिक्षा ओर मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग 200, कल्याणी पब्लिकेशन।
7. कपिल एच के (2007) अनुसंधान विधियॉ व्यवहारपरक विज्ञानों में एच. पी. भार्गव बुक हाउस, आगरा।
8. मंगल अंशु (1999) विश्लेषण एवं शैक्षिक सांख्यिकी, राधा प्रकाशन।
9. पांडे कल्पलता (2007) शिक्षा मानोविज्ञान टाटा एंव ग्रीलस प्रकाशन।
10. राजहंस पाल (2006) प्रगत शिक्षा मानोविज्ञान हिन्दी महानिदेशालय।
11. सिंह अरूण कुमार (2005) संज्ञानात्मक मनोविज्ञान मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन, आगरा।
12. सिंह अरूण कुमार (2005) उच्चतर सामान्य मनोविज्ञान मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन, आगरा।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय नारी की दशा और दिशा

बद्रीलाल डाबी* डॉ. गुलाबसिंह डावर डॉ. शैलेन्द्र कुमार शर्मा *****

* शोधार्थी (हिन्दी) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशक, शा. विक्रम महाविद्यालय, खाचरोद, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
*** विभागाध्यक्ष, हिन्दी अध्ययनशाला, सह निर्देशक (हिन्दी) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – समाज ऐसे व्यक्तियों का समूह, जिन्होंने व्यक्तिगत स्वार्थों की सार्वजनिक रक्षा के लिए, अपने विषम आचरणों में समझौता उत्पन्न करने वाले कुछ नियमों से शासित होने का समझौता कर लिया है। मनुष्य को समूह बनाकर रहने की प्रेरणा–पशु जगत के समान प्रकृति से मिली है, इसमें संदेह नहीं, परन्तु उसका क्रमिक विकास विवेक पर आश्रित है। मानसिक विकास के साथ–साथ उसमें जिस नैतिकता की उत्पत्ति और वृद्धि हुई उसने पशु जगत से सर्वथा भिन्न कर दिया। मनुष्य समाज समूह में न रहकर वह धीरे–धीरे ऐसी संस्था में परिवर्तित हो गया जिसका ध्येय सिर्फ लौकिक सुविधाएँ पाना है।

समाज और व्यक्ति – आदिम युग का मनुष्य, समूह में रहते हुए भी पारस्परिक स्वार्थ की विवेचना और उसकी समस्याओं से अपरिचित रहा होगा। अनुमानत: सामाजिक भावना का जन्म परस्पर हानि पहुँचाने वाले आचरण से तथा उसका विकास नवीन स्थानों में उत्पन्न संगठन की आवश्यकता से हुआ होगा। 'मनुष्य जाति जब जीवन के लिए अधिक सुविधाएँ प्रदान करने वाले प्रदेशों में फैलने लगी तब उसके भिन्न–भिन्न समूहों को अपनी शक्तियों का द्रढ़तर संगठन करने की आवश्यकता ज्ञात हुई। विभिन्न व्यक्तियों के बीच रहकर मनुष्य शक्ति और दुर्बलता का पाठ सिख लिया। एकता के सूत्र में बंधकर अपने आपको सबला बना लिया। मनुष्य समूह ही हमारे विकसित तथा अनेक नैतिक और धार्मिक बंधनों में बंधे सभ्य समाज का पूर्वज माना जाता है। व्यक्ति के स्वत्त्वों की रक्षा के लिए समाज बना है। समाज के अस्तित्य के लिए व्यक्ति आवश्यकता रही है। एक सामाजिक प्राणी स्वत्तंत्र और परतंत्र दोनों ही है।

भारतीय संस्कृति में नारी – भारतीय नारी भारत की सजला–सफला मलयज शीतला पर विकसित होने के कारण न अनुदार हो सकी है न आक्रामक नारी के पुरूष को सूक्ष्म विचार से लेकर स्थूल कर्म तक को एक ऐसे स्वर्णिम सूत्र में बाँधा है, जिसमें जीवन के सार्वभौम विकास देने वाले सभी मूल्य पिरोये जा सकें भारतीय संस्कृति में नारी के आत्म रूप को ही नहीं उसके दिव्य रूप की प्रतिष्ठा भी दी है। जिसके चलते गृह के दो घटक नारी और पुरुष, इसी से उन्हें दंपति कहा गया है। हमारा समाज आज भी जातकर्म विवाह रूढ़ि में इतना ग्रस्त है कि उसे निकाल पाना असंभव है। वह रूढ़ि के निकट पहुँच गया है, जितना उससे दूर है। वर्तमान के पास लाना असंभव ही नहीं मुश्किल जान पड़ता है।

वेदकालीन संस्कृति में नारी – सामान्यत: इस संस्कृति में नारी के दिव्य देवी रूप तथा सामाजिक रूप मिलते है – दिव्य देवी रूप में उषक्ष, सूर्या, रात्रि, सिन्धु, सरस्वति, पृथ्वी, नदी आदि में चेतना का आरोप करके, नारी रूप की कल्पना की गई। सामाजिक भावनाओं की प्रतीक देवियों के रूप में जिन्हें हम, अदिति, दिति, श्रद्धा आदि की संज्ञा देते है। जीवन के रंग में जन्मी नारी को पुरूष ने जिन रेखाओं और रंगों से अंकित किया गया है। यह बतलाना कठीन है। नारी सौंदर्य को ही नहीं, प्रकृति के चिर नवीन सामंजस्य को भी व्यक्त किया है। उपनिषद कहता है कि ब्रह्मा ने एकाकी न रहकर अपने आपको दो में विभक्त कर लिया है। जिसके दक्षिण अंश को पुरूष तथा वाम को नारी की संज्ञा दी गई है। आगे चलकर शिव के अर्द्धनारीश्वर रूप में भी यह धारणा साकार हुई है। इस काल में नारी का कर्मक्षेत्र केवल गृहिणी नहीं था, वह संतान की रक्षा, राष्ट्र की रक्षा का समावेश भी करती थी।

प्राचीन संस्कृति में नारी – प्राचीन काल में शारीरिक बल का अधिक महत्व होने के कारण समस्त संसार में पुरुषों की अपेक्षा नारियों की दशा हीन थी। 'रामायण के अनुशीलन से ज्ञात होता है कि इस काल में नैतिक मूल्य बहुत ऊँचे थे, परन्तु उनके पालन में नारियों और पुरुषों में भेदभाव नहीं किया जाता था। नारी के लिए पतिव्रता होना एक प्रशंसनीय गुण समझा जाता था।' वनगमन के समय जब राम कुशचीर धारण करते है तो वसिष्ठ और दशरथ दोनों ही सीता को कुशचीर धारण करने से रोक देते है। राजनीति के क्षेत्र में भी नारिया नगण्य नहीं थी और आवश्यकता पड़ने पर शासन का कार्य भी करती थी। राजाओं में बहुपत्नी प्रथा तथा विधवाओं का समाज में सम्मान पूर्ण स्थान था।

आधुनिक संस्कृति में नारी – नारी ने जब पहले–पहले अपनी स्थिति पर असंतोष प्रकट किया उस समय उसकी अवस्था उस पीड़ित के समान है जिसकी वेदना व अप्रकट कारण का निदान न हो सक हों। उसे असहा व्यथा है। परन्तु इस विषय में 'कहाँ' और 'क्या' का कोई उत्तर नहीं मिलता है। परन्तु पुरुष से अपनी तुलना करके जो अन्तर पाया उसी को अपनी दयनीय स्थिति का स्पष्ट कारण समझ लिया। पुरुष भायुकता का आश्रय लेकर उसे रमणी समझता है। यह हमारी हीनता का द्योतक है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए की स्त्री ने सामूहिक रूप से जितना पुरुष को दिया, उतना उससे पाया नहीं है। यह निर्विवाद सत्य है। इस आदान–प्रदान की विषमता में, मूल में स्त्री और पुरूष की प्रकृति भी कार्य करती है। स्त्री में 'माँ', 'बहिन', 'पत्नी' के रूप

के गुण मातृत्व व ममता की पूर्ति के लिए प्रकृति से है।

आधुनिकता की वायु में पली स्त्री का यदि स्वार्थ में केन्द्रित विकसित रूप देखना हो तो हम उसे पश्चिम में देख सकेंगे। स्त्री वहाँ आर्थिक दृष्टि से स्वतंत्र हो चुकी है। 'किन्तु हमारे देश में वर्तमान समय में पुरुषों और स्त्रियों में गंभीर रूप में असमानता व्याप्त है।' पुरूष ने स्त्री की गति पर बंधन लगाकर अन्याय ही नहीं, अत्याचार भी किया है। जो पशु है, उसी के साथ गतिहीन होने का अभिशाप लगा है। स्त्री का जीवन तरल पदार्थ के समान घटता जा रहा है। अपने जीवन को अनुकूल या प्रतिकूल परिस्थिति के अनुरूप बनाने में असमर्थ रही। भविष्य में भारतीय समाज की क्या रूप रेखा हो ? उसमें नारी की स्थिति कैसी हो ? उसके अधिकारों की सीमा क्या हो? आदि समस्याओं का समाधान आज की जाग्रत और शिक्षित नारी पर निर्भर है।

नारी का पत्नीत्व जीवन – नारी का जीवन का प्रथम लक्ष्य पत्नीत्त्व तथा अतिम मातृत्व समझा जाता रहा है। अत: उसके जीवन का, अजीविका का साधान निश्चित है। समाज की स्थिति के लिए मातृत्व पूज्य है, व्यक्ति की पूर्णता के लिए सहधार्मिणीत्व भी श्लाधय है। कन्या का जन्म होते ही माता-पिता का ध्यान सबसे पहले उसके विवाह पर जाता है। लज्जा का विषय यह है कि हम उसे क्रय-विक्रय की वस्तु मानते है। क्रय करने वाले की नजर में वह आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर पाती तो वह दहेज की बलि चढ़ा दी जाती है। जिसका निदान आज तक संभव नहीं है।

जनमानस में सारे इंसान, औरत मर्द समान है। 'पुरुष वर्चस्व' शोषक संपति प्रणाली के चलते वजूद में आया। शोषक समाज में पिता का शासन स्थापित हुआ। परिवार में पुरूष औरतों बच्चों का मालिक और अधिकारी होता है। स्त्रियों को हर काम करने का समान अवसर मिलना चाहिए जो उत्पादन प्रक्रिया में मर्द करते है। घरेलू कामों में औरत मर्द दोनों की बराबर जिम्मेदारी होनी चाहिए। बच्चे के उपनाम में माता-पिता दोनों का समान जगह मिलना चाहिए। इसके लिए तमाम प्रवृतियों को बदलना होगा।

दशा – अर्थ सदा से भक्ति का अंधा अनुगामी रहा है। गृह और संतान के लिए द्रव्य उपार्जन पुरूष का कर्त्तव्य है। अत: धन स्वभावत: उसी के अधिकार में रहा। प्रत्येक कुमारियाँ व्यस्क होने पर गृहस्थ धर्म में दीक्षित होकर पति के गृह चली जाती है। फिर पुत्रों के समर्थ होने पर वानप्रस्थ आश्रम में पति के पुत्र, पिता की समस्त सम्पति का अधिकारी होता है, परन्तु कन्या को विवाह के अवसर पर प्राप्त होने वाले सप्रेम भेट' के अतिरिक्त और कुछ देने की आवश्यकताओं ही नहीं समझी गयी। विधवा, पुनर्विवाह पर भी जोर दिया जाने लगा। बर्बर समाज में स्त्री पर पुरूष वैसा ही अधिकार रखता है, जैसे किसी अपनी निजी संपत्ति पर। वह खुलकर भी अपनी इच्छाओं की पूर्ति नहीं कर सकती मातृत्व की गरीमा से गुरू और पत्नीत्व के सौभाग्य से ऐश्वर्यशालीन होकर भी भारतीय नारी अपने व्यवहारिक जीयन में सबसे अधिक क्षुद्र और रंक है। यही आश्चर्य है। शताब्दिया की शताब्दिया आती जाती रहीं, परन्तु स्त्री की स्थिति की एकरसता में कोई परिवर्तन न हो सका। आज की नारी प्रत्येक पग प्रत्येक सॉस में पुरूष की सहायता की भिक्षा मांगे चल रही है। मन्दिर के देवता के समान ही सब उसकी मौन जड़ता में ही अपना कल्याण समझते रहे। देवत्व का प्रधान अंश मानते रहे, और आज भी मान रहे है। जीवन के सारे रंग उसके आँसुओं से धुल चुके है, सारी शीतलता संताप से उष्ण हो चुकी है। समाज यदि स्वेच्छा से उसकी परिस्थितियों पर विचार नहीं किया, उसके परिवर्तन या संशोधन की आवश्यकता न समझे तो स्त्री का विद्रोह दिशाहीन, आंधी जैसा वेग पकड़ लेगी और तब तक निरन्तर ध्वंस के अतिरिक्त समाज उससे कुछ न पा सकेगा। ऐसी स्थिति न स्त्री के लिए सुखकर है, न समाज के लिए सृजनात्मक है। नारी का पत्नी के सिवाय अलग से कोई पहचान बनाने की गुंजाइश ही नहीं होने देते। स्त्री दशा, वेदना, असहनीय व सोचनीय है। एक गंभीर चिंतन का विषय है।

दिशा – स्त्री और पुरुषों के बीच असमानता को खत्म करना तथा पिता की सम्पति पर सामान अधिकार औरतों का घर से बाहर काम पर जाना, अपना खार्च उठाने में स्वयं सक्षम औरत व मर्द के काम में समान दायित्व, नये समाज की खुबीयों को महसूस करना, तथा पूराने नजरिये को बदलना, गृहिणी हमेशा गृहिणी ही नहीं रहेगी आदि को बदलना, नारी प्रारम्भ से ही शिक्षा ग्रहण करे और श्रम शाक्ति के बारे में सीखें तो औरतों में भी मर्दों की तरह 'अपने रखरखाव' की क्षमता आ सकती है। घरेलू काम औरतों के लिए और बाहर के काम मर्दों के लिए' इस भावना को जेहन से निकालना होगा। समानता की लड़ाई लड़ने वाले नारीवादियों की लड़ाई यही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. निर्मला वर्मा (2002) महादेवी संचयिता, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 281
2. पुरुषोत्तम लाल भार्गव (1995) साहित्य विमर्श, अजनता पब्लिकेशन्स, मल्का गंज, नई दिल्ली, पृ. 27
3. योगेश कुमार शर्मा (2004) पर्यावरण मानव संसाधन और विकास, पोईन्टर पब्लिशर्स, जयपुर (राज.), पृ. 51
4. रंगनायकम्मा (2007) लिंग और जाति, भारत ज्ञान विज्ञान समिति नई, दिल्ली, पृ.65

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Pride and Prejudice Adaptations: A Comparative Study

Prof. Swati Sharma*

***Department of English, Govt. Holkar (Model Autonomous) Science College, Indore (M.P.) INDIA**

Abstract - The research embarks on an exploration of a meticulously curated array of adaptations, spanning from well-known renditions to more obscure iterations across diverse media landscapes. Employing a multidimensional paradigm that embraces narrative authenticity, character delineations, visual allure, and thematic elucidation, this investigation endeavors to shed light on the subtleties and divergences inherent in each adaptation. Moreover, it endeavors to discern the pivotal influencers shaping creative choices, including socio-cultural milieu, audience demographics, and prevalent cinematic zeitgeist.
Keywords- Pride and Prejudice, Adaptations, Zombies, Bride and Prejudice.

Introduction - Jane Austen stands as a pivotal figure in the annals of feminist literature, owing to her distinctive portrayal of women. Amidst an epoch where the archetype of femininity dictated reticence, benevolence, domesticity, modesty, and conservatism, Austen dared to render her protagonists flawed, thus rendering them inherently human. Elizabeth emerges as a luminary figure, characterized by her astuteness, sharp wit, outspokenness, yet tempered with diplomacy—a stark departure from her elder sister Jane, who epitomizes the quintessential virtues of the era. Rather than pitting these characters against each other, Austen delicately weaves a tapestry of sisterhood and cohesion. This study endeavors to dissect myriad adaptations of Austen's magnum opus, "Pride and Prejudice." Its focus remains tethered to the realms of cinematography, character dynamics, protagonist delineation, and the portrayal of pivotal plot events. Comprehensive in scope, the research encompasses an array of derivative and transformative interpretations of the seminal work.

Hypotheses:

1. Subsequent adaptations are anticipated to exhibit heightened expressiveness concerning the romantic allure between characters, as societal attitudes toward courtship progressively liberalize and evolve.
2. Contemporary renditions are expected to depict Mr. Darcy as more aloof and haughty compared to earlier adaptations, while newer interpretations may portray him as reticent and introverted, reflecting shifting societal norms regarding acceptable gentlemanly demeanor.
3. Regardless of the era in which an adaptation is produced, fundamental character traits such as Elizabeth's wit, Jane's innocence, and Mr. Bingley's amiability are predicted to remain consistent.
4. The accoutrements and overarching thematic elements of adaptations are anticipated to undergo modification to align with the prevailing tastes of the audience, thereby implying a potential decrease in accuracy of costumes and props over time.

Research Methodology: The methodology of this research primarily hinges on a comprehensive literature review, encompassing seminal works such as "Pride and Prejudice" (1940), "Pride and Prejudice" (1985), "Pride and Prejudice: A Latter-Day Comedy," "Bride and Prejudice" (2004), "Pride and Prejudice" (2005), and "Pride and Prejudice and Zombies."

Pride And Prejudice 1940

"How clever of you, Miss Bingley, to know something of which you are ignorant."

"Pride and Prejudice" (1940) offers a captivating cinematic voyage, particularly suited for enthusiasts seeking the allure of classic black-and-white cinema coupled with accessible language. Opening amidst a scene bustling with genteel ladies, among them the Bennett sisters and Mrs. Lucas with her daughter Charlotte, the narrative eagerly anticipates the arrival of Mr. Bingley and Mr. Darcy. The simmering rivalry between Mrs. Bennett and Mrs. Lucas finds expression even in a lighthearted chariot race among the Bennett sisters and Mrs. Lucas to their respective abodes.As the story unfolds, Elizabeth's acerbic wit, resolute demeanor, and forthright disposition come sharply into focus. Notably, Mr. Darcy's attempt to instruct Miss Elizabeth in archery exposes her surpassing skill, prompting

her unabashed acknowledgment of his previous underestimation.

Contrary to our expectations, the characters reveal themselves to be remarkably candid and emotive, infusing the narrative with a pronounced theatricality. This dramatic flair extends to the opulent settings and extravagant costumes, which, despite the rural backdrop, exude a lavishness that transcends historical accuracy.While Miss Charlotte Lucas is described in the text as of average attractiveness, the portrayal by the actress might perplex audiences accustomed to conventional standards of beauty, blurring the delineation of her character's supposed plainness.

Mr. Darcy, for the most part, presents an amiable demeanor, reserving hints of arrogance for private exchanges with his confidant. His affable demeanor extends to cordial interactions with Miss Elizabeth. In contrast, Jane is depicted as naive yet discerning, acknowledging her mother's machinations and even feigning illness to elicit Mr. Bingley's concern.The film leans heavily into a comedic tone, diverging from the revolutionary spirit underlying Austen's novel. Key plot moments, such as Mr. Collins' proposal to Elizabeth and subsequent discussions, as well as the notorious confrontation between Lady Catherine de Bourgh and Elizabeth, are rendered with a non-confrontational touch.

Although diverging from the canonical plot, the film suggests Lady Catherine de Bourgh's eventual approval of Mr. Darcy and Elizabeth's union. Notably, the narrative strives for a "happily ever after" for all, introducing a romantic subplot for Mary, portrayed as a demure bibliophile with a penchant for music.

Pride And Prejudice- A Latter Day Comedy

Released in 2003, this adaptation emerges as a romantic comedy falling within the transformative realm. Set in a contemporary backdrop, the narrative reimagines the characters as college roommates, with only Kitty and Lydia sharing a familial bond. Jane assumes the role of an Argentine exchange student, echoing the theme of 'rare beauty' associated with her, a motif mirrored in Fitzwilliam Darcy's character. Elizabeth's aspirations center around becoming a novelist, imbuing her portrayal with heightened emotionalism over practicality, a departure from her 1940s counterpart who exudes a more 'girlish' charm and clumsiness.

Fitzwilliam Darcy's demeanor veers towards aloofness and arrogance initially, leading to a curt and awkward first proposal. The film boldly diverges from the original romantic trajectories of characters; Mary pursues Collins, Lydia expresses interest in Charles Bingley, and Caroline Bingley undergoes a notable transformation, deceiving Elizabeth into believing she is engaged to Fitzwilliam Darcy before marrying a much older billionaire.

Jack Wickham, mirroring George Wickham, faces charges of bigamy and fails to elope with Lydia after intervention by Fitzwilliam Darcy and associates leads to his arrest.

A significant departure lies in Caroline Bingley's portrayal, elevating her from a minor character to a central antagonist in the 2003 rendition. Characters like Charlotte Lucas, Lady Catherine De Bourgh, and Mrs. Bingley receive scant attention in the film adaptation. Despite these alterations, the movie adheres to the convention of a 'Happily Ever After' denouement, imbued with individual growth and a sense of personal fulfillment for each character.

Bride And Prejudice

"There's nothing wrong with having standards, is there? No, as long as you don't force them on others."

A delightful surprise in the realm of musical cinema, Bride and Prejudice unfolds its vibrant narrative against the backdrop of Amritsar, India. Featuring seven lively songs, each lasting between two to three minutes, the film echoes the quintessential Bollywood movie blueprint of the early 2000s. The opening scene introduces Will Darcy, attending a friend's wedding in India, setting the stage for his fateful encounter with LalitaBakshi, who embodies the spirit of Elizabeth Bennet. Lalita's character exudes a spirited yet opinionated demeanor, engaging in banter with Will Darcy that deviates from the light-hearted exchanges seen in the 1940s adaptation, instead aligning more closely with the comedic tone of the 2003 version.

In subtle instances, Elizabeth's prejudice is portrayed with shades of mild xenophobia, reflecting both India's colonial past and Will's perceptions of the country, despite his American origins. A striking parallel emerges in the characters of Mr. ChamanBakshi and Mrs. Manorama Bakshi, who closely mirror the traits of Mr. and Mrs. Bennet from the original text. While Mrs. Bennet may not be universally adored, her whimsical possessiveness seamlessly intertwines with the portrayal of a stereotypical Indian mother from the 1990s.

Furthermore, while the narrative follows the trope of forbidden love, with Lady Catherine's role assumed by Mrs. Darcy, the characters' motivations and intentions diverge from those of the original book. Similar to its comedic counterparts, the film deviates from the conventional ending, eschewing Wickham's marriage to Lakhi. Bride and Prejudice caters to a global audience, evident not only in its English dialogue but also in its infusion of Indian cultural elements into a storyline set in India. However, this blending of cultures raises questions about the film's cultural authenticity; for instance, an elaborate garba evening is depicted despite the scene being set in Punjab, and Mr. Kohli, mirroring Mr. Collins, dons traditional Indian attire for his wedding, which nonetheless follows a Christian ceremony despite both bride and groom belonging to Hindu families.

Pride And Prejudice (2005)

"You have bewitched me body and soul. And I love...I love...I

love you. I never wish to be parted from you from this day on."

Diverging from its predecessors, Pride and Prejudice (2005), helmed by Joe Wright, unfolds with a captivating silence, portraying the Bennett family engrossed in household tasks and engaging in spontaneous conversations. While Elizabeth's character maintains its inherent uniqueness, her interactions with her sisters eschew formality, radiating with a childlike affection. The film delicately preserves the bonds shared among the sisters, imbued with youthful charm and endearing camaraderie.

Elizabeth's romantic inclinations are subtly woven into the narrative, notably evidenced in her overt affection for Mr. Wickham—"On the contrary, Wickham is twice the man Darcy is." Her body language exudes youthfulness, good humor, and charm, coupled with a diplomatic demeanor necessitated by societal constraints of the era.

This adaptation places emphasis on the sisterly bond between Elizabeth and Jane, with Jane assuming a more prominent role as the elder sister, evident in their heartfelt exchanges. The Meryton ball scene eschews romanticized depictions, portraying the bustle and crowd with realism, while Darcy's taciturn demeanor underscores his social awkwardness, highlighted by his failure to adhere to proper etiquette.

Attention to character depth is evident throughout the film; Mary is depicted as rational and stern, transcending her portrayal as a mere bookworm. Charlotte Lucas's humor and her bond with Elizabeth are authentically portrayed, enriching their pivotal confrontation. Notably, Kitty and Lydia are portrayed by actors their age, amplifying the gravity of Lydia's elopement with Mr. Wickham and Darcy's efforts to avert disaster.

While maintaining a serious undertone, the film interjects moments of light-hearted innocence. Directorial liberties are taken in key scenes, such as Mr. Darcy's proposal amidst a rain-soaked gazebo and Lady Catherine's confrontation with Elizabeth, imbued with a palpable sense of disdain rather than interrogation.

Romantic intentions are subtly conveyed, devoid of longing gazes or overt displays of physical affection, with quick glances serving as conduits for emotional expression. The visual theme prioritizes attention to detail, with clothing in muted colors echoing the era's fashion sensibilities. Overall, Pride and Prejudice (2005) faithfully captures the essence of Austen's vision, surpassing mere adaptation to emerge as a nuanced cinematic masterpiece.

Pride And Prejudice And Zombies (2016)

"It is a truth universally acknowledged that a zombie in possession of brains must be in want of more brains."

Pride and Prejudice and Zombies transforms Seth Grahame-Smith's 2009 novel into an action-packed film, offering a unique twist on the classic tale. While the source material itself serves as a parody of Austen's original work, this adaptation warrants inclusion in our research for its adherence to the "Pride and Prejudice" storyline. Set in an Alternate Universe besieged by zombies, the narrative begins with a retrospective on England's tumultuous past. In response to the zombie threat, English children are raised and trained in combat abroad, with affluent individuals receiving training in Japan and others in China. Colonel Darcy's grim introduction sets the tone as he dispatches an undercover zombie at a gathering.

Elizabeth emerges as a fierce warrior, embodying regal strength and decisiveness, her opinions delivered with unyielding resolve. Major plot events, including Mr. Darcy's proposal, Lady Catherine's confrontation, and Lydia's elopement, are transformed into exhilarating fight sequences. The film emphasizes the Bennett sisters' martial prowess, depicting their harmonious sparring sessions and agile combat skills.

Other characters retain their original traits while adapting to the apocalyptic setting, maintaining the social etiquette of the era despite their constant armed vigilance. Jane retains her trademark kindness amidst bravery, while Mr. Wickham, though meeting a grisly fate, employs reason and sympathy in his interactions.

Visually, the film echoes the aesthetic established by Pride and Prejudice (2005), particularly in costume design. The language adopts a casual, modern tone, enhancing accessibility while offering contemporary insight into characters' emotions. Despite its parody nature, the film remains faithful to the essence of the original story and character dynamics, delivering an entertaining adaptation that balances humor with action.

Conclusion: In our concluding analysis, we will address each hypothesis individually and assess its applicability to the examined movies.

1. The hypothesis suggesting that newer films would feature more expressive characters was disproven, as the 1940s adaptation emerged with the most expressive characterizations among its derivative works. However, it's crucial to note that "expressive" does not imply a limited range of expression; rather, the intensity of emotions varied, albeit diminishing over time.
2. Regarding the portrayal of Darcy, a discernible trajectory is observed across subsequent adaptations. The 1940 version presents him in a warmer light compared to Pride and Prejudice and Zombies, lending credibility to the hypothesis.
3. The protagonist's perceived intelligence remains a steadfast trait across adaptations, while her romantic disposition fluctuates. Some movies depict her as a fierce and independent woman, as seen in Pride and Prejudice: A Latter-Day Comedy (2003) and Pride and Prejudice and Zombies, while others adhere closely to the romanticism of the original text. Other characters largely retain their core qualities across adaptations.

4. Contrary to expectations, the props and thematic elements of the films evolved not to cater to contemporary audience tastes but to adhere to historical accuracy. As derivative works progressed, there was a notable improvement in the authenticity of props and settings, aligning with historical details rather than contemporary preferences.

In conclusion, while some hypotheses found validation in the analysis, others were refuted or revealed nuanced outcomes. The examination underscores the dynamic interplay between adaptation and fidelity to source material, offering insights into the evolution of cinematic interpretations of Pride and Prejudice.

References :-

1. Austen, J. (2023). Pride and prejudice. Puffin Books.
2. Excel Entertainment Group. (2003). Pride & Prejudice. Retrieved February 3, 2023.
3. Metro-Goldwyn-Mayer films. (1940). Pride and Prejudice (1940 film). Retrieved February 17, 2023.
4. Panorama Studios. (2003). Bride and Prejudice [Film]. India.
5. Sony Pictures Releasing. (2016). Pride and Prejudice and Zombies [Film].
6. Universal Pictures. (2005). Pride & Prejudice. Retrieved January 22, 2023. K. Elissa, “Title of paper if known,” unpublished.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय लोक साहित्य (गढ़वाली, बुन्देली, हरियानी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, मालवी, निमाड़ी, राजस्थानी)

डॉ. रमेशकुमार टण्डन*

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शास0 महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरसिया (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – भारत को समग्ररूपेण समझना हो, तो भारत के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत लोगों के जन जीवन, उनकी जीवन-शैली एवं उनके मध्य प्रचलित संस्कृति को बेहद करीब से अवलोकन करना आवश्यक होता है। परन्तु भौगोलिक क्षेत्र इतना विस्तृत और दुर्गम है कि सुगमता से सभी स्थानों तक पहुँच पाना सम्भव नहीं हो सकता। अत: विद्धानों द्वारा समय-समय पर लोक साहित्य के रूप में लिखित ग्रन्थों के अध्ययन से सम्पूर्ण भारत के जन जीवन को समझा जा सकता है। यहाँ गढ़वाली, बुन्देली, हरियानी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, मालवी, निमाड़ी, राजस्थानी लोक साहित्य का संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

गढ़वाली लोक साहित्य – यह बोली गढ़वाल और टेहरी जिले में बोली जाती है। सर्वप्रथम तारादत्त गैरोला ने गढ़वाली खण्डकाव्य की रचना की तथा कुछ लोकगाथाओं और कथाओं को 'हिमालयन फोकलोर' में प्रस्तुत भी किया। गढ़वाल क्षेत्र में लोक गाथाओं के तीन रूप पायेजाते हैं – जागर वार्ता, पवाड़ा और चैती। जागर में धार्मिक, पवाड़ा में वीर तथा चैती में प्रेम संबंधी गाथाएँ होती हैं। डॉ0 गोविन्द चातक ने तीनों प्रकार की गाथाओं का संकलन किया है। श्री बलदेव शर्मा ने लोक-गाथा पवाँड़ों में 'जसी' और 'रामी' को प्रस्तुत किया तथा श्री शिवनारायण सिंह विष्ट ने 'गढ़ समरियन' पवाँड़ों का संकलन किया है। गिरिजादत्त नैथाड़ी ने अपनी पुस्तक 'मांगल संग्रह' में तथा पं0 रामनरेश त्रिपाठी ने 'कविता कौमुदी' में गढ़वाली गीतों का संकलन किया है। डॉ0 गोविन्द चातक ने 'गढ़वाली लोकगीत' पुस्तक लिखी, जिसमें लोकगीतों का हिन्दी में अनुवाद भी दिया गया है। अम्बादत्त डंगवाल ने 'गढ़वाली कहावत संग्रह' और शालिग्राम वैष्णव ने 'गढ़वाली पखणा' प्रस्तुत किया। पं0 गंगादत्त उप्रेती ने सर्वाधिक कार्य करते हुए इस क्षेत्र के कहावतों का संग्रह कर अंग्रेजी अनुवाद भी प्रस्तुत किया। समीक्षा और विवेचन की दृष्टि से मोहनलाल बाबुलकर का 'गढ़वाली लोक साहित्य का विवेचनात्मक अध्ययन', डॉ0 गोविन्द चातक का 'गढ़वाली लोक गीत : एक सांस्कृतिक अध्ययन', डॉ0 जनार्दन प्रसाद काला का 'गढ़वाली भाषा और लोक साहित्य' और डॉ0 शिवानन्द नौटियाल का 'गढ़वाल के लोक नृत्य-गीत' ग्रन्थ उल्लेखनीय है। डॉ0 नौटियाल के इस ग्रन्थ में होली, खुदेड, चांचरी गीतों का तथा छोपती, घसियारी, छपेली, झोड़ा और बनजारा नृत्यों का उल्लेख मिलता है।

बुन्देली लोक साहित्य – यह बोली उत्तरप्रदेश के झाँसी, जालौन, हमीरपुर जिले तथा मध्यप्रदेश के ग्वालियर, भोपाल, सागर, ओरछा, जबलपुर, टीकमगढ़ जिलों में बोली जाती है। बुन्देली लोक साहित्य के क्षेत्र में श्री कृष्णानन्द गुप्त, पं0 शिवसहाय चतुर्वेदी, पं0 उमाशंकर शुक्ल, हीरा देवी चतुर्वेदी ने साहित्य भंडार में वृद्धि की है। पं0 गौरी शंकर द्विवेदी ने 'प्रेमी अभिनन्दन ग्रन्थ' में अनेक लोक गीतों का संग्रह करके व्याख्या भी की है। देवेन्द्र सत्यार्थी ने इसी ग्रन्थ में सात लोक गीतों की व्याख्या की है। बुन्देलखण्ड में फाग गाने वालों में ईसुरी, गंगाधर, भुजवल और ख्याली कानाम प्रसिद्ध है। श्री कृष्णानन्द गुप्त ने प्रसिद्ध लोक कवि ईसुरी की फागों का संकलन किया है। श्री गौरी शंकर द्विवेदी ने ईसुरी की फागों पर 'ईसुरी प्रकाश' लिखा है। प्रो0 श्रीचन्द जैन ने अपनी पुस्तक 'विन्ध्य के लोक कवि' में ईसुरी और गंगाधर का प्रामाणिक वर्णन किया है। डॉ0 शंकर लाल शुक्ल ने अपने शोध प्रबन्ध 'बुन्देलखण्ड के लोक गीत तथा लोक कवि ईसुरी का विशेष अध्ययन' में बुन्देली लोक गीतों का वर्णन किया है। बुन्देलखण्ड में साहित्यिक और गीतात्मक प्रतियोगिताओं को 'फड़' कहा जाता है। फागों, ख्यालों, कीर्तनों, सैरों, लावनियों और कवित्तों पर यहाँ 'फड़' लगा करते हैं। 'बुन्देलखण्डी फड़ साहित्य में सैरबाजी का विशिष्ट चलन है जो कि ऐसी रागिनी है जिसे 'दायरा' नामक लोकवाद्य पर गाया जाता है।'[1] डॉ0 गणेशी लाल बुधौलिया ने 'बुन्देलखण्डी फड़ साहित्य' शीर्षक पर शोध कार्य किया है। बुन्देली लोक कथाओं पर पं0 शिव सहाय चतुर्वेदी के छ: संकलन प्रकाशित हो चुके हैं। बुन्देली लोक साहित्य पर डॉ0 राम स्वरूप श्रीवास्तव 'स्नेही' का शोध प्रबन्ध सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है, जिसके चतुर्थ अध्याय में बालकों एवं स्त्रियों के लोक गीतों का वर्णन है और पंचम अध्याय में संस्कार गीत, जाति गीत, व्रत गीतों का वर्णन है।

हरियानी लोक साहित्य – वर्तमान हरियाणा राज्य की बोली को हरियाणवी कहते हैं। इसे बाँगरू अथवा हरियानी भी कहा जाता है। इसके अन्तर्गत रोहतक और करनाल जिले, संगरूर की जिंद तहसील, पूर्वी हिसार और दक्षिणी पूर्वी पटियाला आता है। श्री राजा राम शास्त्री ने 'हरियाना की लोक कथाएँ' तथा 'हरियाना लोकमंच की कहानियाँ' नामक पुस्तक में हरियानी लोक कथाओं का संकलन किया है। दूसरी पुस्तक में रानी पिंगला, वनदेव, कुँवर निहाल दे जैसी ऐतिहासिक कहानियाँ संग्रहित है। डॉ0 शंकर लाल यादव ने 'हरियाणा प्रदेश का लोक साहित्य' शीर्षक से शोध प्रबन्ध लिखा है। इस शोध प्रबन्ध में तृतीय अध्याय से छठवें अध्याय में लोक गीत, लोक गाथा, लोक कथा, लोक नाट्य की विशद मीमांसा की गई है। डॉ0 यादव की अन्य पुस्तक 'हरियाणा लोक नाट्य संगीत' में इस प्रदेश के लोक नाट्यों का वर्णन है। गीता भार्गव ने 'हरियाण के लोक गीतों में सामाजिक तथा सांस्कृतिक तत्त्व', श्री लाल चन्द ने 'पंजाब और हरियाणा के प्रमुख व्रत और

उनकी कथाएँ', श्री वेदराम यादव ने 'हरियाणा के लोक गीतों में प्रेम निरूपण', सुशीला कुमारी ने 'हरियाणा प्रदेश के वैवाहिक गीत' तथा सुमित्रा सिंह ने 'हरियाणवी लोक साहित्य का सांस्कृतिक अध्ययन' शोध प्रबन्ध में इस क्षेत्र के लोक साहित्य का सांगोपांग विवेचन प्रसतुत किया है।

बघेली लोक साहित्य – बघेली का प्रधान क्षेत्र रीवाँ और उसके आसपास का क्षेत्र है। बघेली लोक साहित्य का लेखन कार्य करने वालों में प्रो0 श्रीचन्द जैन का नाम महत्त्वपूर्ण है। इन्होंने अपनी पुस्तक 'विन्ध्य के आदिवासियों के लोक गीत' में रीवाँ के आस-पास जंगल में रहने वाले लोगों के लोक गीतों का संकलन किया। इन्होंने अपनी दूसरी कृति 'विन्ध्य प्रदेश के लोक गीत' में करमा लोक गीतों का संग्रह किया। 'आगे गेहूँ पीछे धान' नामक पुस्तक में इन्होंने बघेलखण्ड की लोकोक्तियों का संकलन किया है। 'भुँइयाँ परे हैं लाल' में इन्होंने बघेलखण्डी सोहरों पर प्रकाश डाला है। श्री लखन प्रकाश 'उरगेश' ने पुस्तक 'बघेली लोक गीत' लिखते हुए इसमें विभिन्न लोक गीतों का संकलन किया है। डॉ0 रामदास प्रधान ने 'बघेलखण्ड की लोकोक्तियाँ, मुहावरे और लोक-कथाएँ' शीर्षक पर शोध कार्य किया है। श्री जगदीश चतुर्वेदी की कृति 'बघेली लोक साहित्य' में लोक साहित्य के विविध अंगों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है। डॉ0 भगवती प्रसाद शुक्ल के शोध प्रबन्ध 'बघेली भाषा और साहित्य' के दूसरे भाग में बघेली के लोक साहित्य और उसकी विविध विधाओं पर प्रकाश डाला गया है। इन्होंने 'बघेली लोक रागनी' में बघेली लोक गीतों के संगीत पक्ष को उजागर किया है। श्री राम प्रताप सक्सेना ने भी लोक कथाओं का संकलन किया है।

छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य – यह पूर्वी हिन्दी की एक बोली है। यह रायगढ़, सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, बस्तर जिलों में बोली जाती है। छत्तीसगढ़ को पुरातन समय में दण्डकारण्य कहा जाता था। इसके पूर्वी भाग को महाकोशल या दक्षिण कोशल कहा गया। प्राचीन समय में यहाँ 36 की संख्या में गढ़ होने की बात कही गई। छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य में सबसे अधिक कार्य डॉ0 श्यामाचरण दूबे ने किया। इन्होंने लोक गीतों का परिचय देते हुए अंग्रेजी अनुवाद भी सम्पादित किया। इस प्रकार इन्होंने 'छत्तीसगढ़ी और उसका साहित्य' नामक पुस्तिका में इस बोली का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया है। श्री चन्द्रकुमार अग्रवाल ने 'छत्तीसगढ़ी लोक कथाएँ' नामक पुस्तक में छत्तीसगढ की लोक कथाओं का संकलन किया है। कमल श्रीवास्तव, श्रीमती कुन्तल गोयल, श्यामलाल चतुर्वेदी, दयाशंकर शुक्ल आदि ने भी इस क्षेत्र में कार्य किया है। छत्तीसगढी लोक साहित्य के क्षेत्र में शोध करने वालों में डॉ0 वैरियर एल्विन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। इन्होंने जन-जातियों के लोक साहित्य को पूरी तरह जानने के लिए उनके बीच आश्रम बनाकर रहते हुए एक वनवासी कन्या से विवाह भी किया। इस संबंध में इनके दो ग्रन्थ प्राप्त होते हैं- 'फोक सांग्स ऑफ छत्तीसगढ' और 'फोक टेल्स ऑफ महाकोशल'।

'श्री हेमनाथ यदु, कबीरदास के शिष्य धर्मदास को छत्तीसगढ़ी का प्रथम कवि मानते हैं। समीक्षक डॉ. विनय पाठक का मत है कि 'चौका गीत' एक लोक भजन है तथा धर्मदास के पद जिस युग में मिलते हैं, उस समय छत्तीसगढ़ी भाषा स्थापित नहीं हो पाई थी। अनेक विद्धानों ने पंडित गोपाल मिश्र, श्री माखन मिश्र एवं बाबू रेवाराम (सिंहासन बत्तीसी) को प्रथम कवि मानते हैं, परन्तु डॉ. विनय पाठक के मतानुसार, छत्तीसगढ़ी का पुट इनकी रचनाओं में कम दिखाई देता हैं। डॉ. नरेन्द्र देव शर्मा ने पं. सुंदरलाल शर्मा (दानलीला 1912) को प्रथम कवि स्वीकारा है, जबकि नंद किशोर तिवारी ने पं. लोचन प्रसाद पाण्डेय को छत्तीसगढ़ी काव्य के प्रथम प्रणेता के आसन पर विराजित करते हैं। इसी तारतम्य में दयाशंकर शुक्ल ने भी 1908-09 में प्रकाशित लोचन प्रसाद पाण्डेय की 'छत्तीसगढ़ी कविता' को प्रथम रचना अभिसिक्त किया है। डॉ. विनय पाठक ने 1904 में रचित 'शिवायन' को छत्तीसगढ़ी की प्रथम काव्य कृति और नरसिंह दास (जांजगीर जिले के ग्राम तुलसी निवासी) को प्रथम कवि प्रमाणित किया है।'[2]

कपिल नाथ कश्यप जी द्वारा रचित 'श्री रामकथा, श्री कृष्ण कथा और महाभारत कथा' छत्तीसगढ़ी काव्य जगत के अनंताकाश में बिखरे हुए नक्षत्रों के समान है, जिसका सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक आभामण्डल आगत-विगत दोनों छोरों को आभासित करता है। ये तीनों रचनाएँ काव्य जगत के अमूल्य धरोहर हैं। इसके अतिरिक्त नूतन प्रसाद शर्मा जी का 'गरीबा' महाकाव्य और शकुन्तला वर्मा का 'कुमार संभव', छत्तीसगढ़ी महाकाव्य के रूप में चर्चित हैं। शिवशंकर शुक्ल कृत 'रधिया' (1969), लखनलाल गुप्त कृत 'सरग ले डोला आईस' (1969), डॉ. विनय कुमार पाठक रचित 'छत्तीसगढ़ी लोक कथा' (1970), कपिलनाथ कश्यप कृत 'डहर के कांटा', डॉ. पालेश्वर प्रसाद शर्मा कृत 'सुसक झन कुररी सुरता लेय एवं 'तिरिया जनम झनि देय', पं. श्यामलाल चतुर्वेदी कृत 'भोलवा भेलाराम बनिस' (1995), डॉ. राजेन्द्र सोनी कृत 'खोरबहरा तोला गांधी बनाबोन' (1981), महेतराम साहू रचित 'हमरे भीतरी सब कुछु हेय व 'आंसु में फिले अंचरा', परदेशी राम वर्मा विरचित 'रमिया और केतकी', पं. सीताराम मिश्र कृत 'सुरहि गैया' तथा कृष्ण कुमार शर्मा, सत्यभामा आडिल आदि की रचनाएँ छत्तीसगढ़ी कहानी की चर्चित एवं प्रतिष्ठित कृतियाँ हैं। छत्तीसगढ़ी लोक नाट्यों में गम्मत, रहस, रास या रासलीला, एवं मुरिया जनजाति की एक शिकार नाटिका माओपाटा का मंचन किया जाता है। छत्तीसगढ़ी लोक कथाओं में चंदैनी के कहिनी, रमायन के कथा, ढ़ोला मारू के कहिनी, हीरू के कहिनी, सुरही गैया, चुरकी-भुरकी की कहानी, फूलबासन की कथा, सुसक झन कुररी सुरता ले, डोकरी के कहिनी, भोलवा भोलाराम बनिस, मनखे ला कतका भुंईया चाही, हाय रे मोर कसूर तंय नही दूसर, रधिया आदि उल्लेखनीय हैं।

मालवी लोक साहित्य – यह मध्यप्रदेश में स्थित धार, झाबुआ, रतलाम, देवास, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, सीहोर, शाजापुर, रायसेन, राजगढ़, विदिशा जिले में बोली जाती है। मालवा जनपद में ही प्रसिद्ध महाराजा विक्रमादित्य ने शासन किया था। स्टीफन हिस्लप ने मालवा क्षेत्र के लोक साहित्य की प्रचुर सामग्री का संकलन किया था परन्तु उन सामग्रियों का प्रकाशन आर. सी. टेम्पुल के द्वारा उसकी मृत्यु के बाद ही हो सका। सन् 1929 ई. में पं0 रामनरेश त्रिपाठी ने अपनी 'कविता कौमुदी' भाग - 5 (ग्राम गीत) में कुछ मालवी लोक गीतों का संकलन किया है। जी. आर. प्रधान ने भी कुछ लोक गीतों का वैज्ञानिक विवेचन प्रस्तुत किया है। मालवी लोक गीतों, कथाओं और गाथाओं के संकलन में डॉ0 श्याम परमार और डॉ0 चिन्तामणी उपाध्याय ने पूरा समय दिया। डॉ0 परमार ने 'मालवी कविताएँ' नामक पुस्तक का प्रकाशन भी किया है। इनका 'मालवी लोक साहित्य' शीर्षक से इस क्षेत्र में प्रथम शोध प्रबन्ध भी प्राप्त होता है। इस ग्रन्थ में पवाड़ा लोक गाथा, लावनी, लोक नाट्य (माँच), लोक कला (माँडना, चित्रावण, साँझी, मेहंदी, भात और गोदना) का परिचय मिलता है। डॉ0 चिन्तामणी उपाध्याय ने शोध प्रबन्ध 'मालवी लोक गीत : एक विवेचनात्मक अध्ययन' लिखते हुए बालकों, स्त्रियों और पुरूषों के लोक गीतों का अलग-अलग वर्गीकरण प्रस्तुत किया। डॉ0 शिव कुमार 'मधुर' ने लोक नाट्य पर शोध कार्य किया है। डॉ0 परमार ने

'लोकधर्मी नाट्य परम्परा' में मालवा के माच, ख्याल, इनके प्रवर्तकों, नौटंकी, भगत, और स्वांग का विवेचन किया है। मालकम ने 'मेंमायर्स ऑफ सेण्ट्रल इण्डिया' के कुछ खण्डों में तथा डॉ0 श्याम परमार, तेज कुमार बम, प्यारे लाल, डॉ0 बसंती लाल बम आदि ने भी कुछ लोक कथाओं का संकलन किया है। मालवी में लोकोक्ति, कवात, कवाड़ा और पहेली अथवा प्याली कहलाती है। श्री रतन लाल मेहता ने 'मालवी कहावतों' नाम से मालवी कहावतों को संग्रह किया है। पं0 सूर्य नारायण व्यास की प्रेरणा से उज्जैन में 'मालव लोक साहित्य परिषद्' की स्थापना हुई। इस संस्था ने मालवी लोक साहित्य के विकास की दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है।

निमाड़ी लोक साहित्य – यह मालवी की उपबोली है। यह मुख्यत: पूर्वी निमाड़ (खण्डवा) और पश्चिमी निमाड़ (खरगोन) जिलों में बोली जाती है। निमाड़ मालवा राज्य का दक्षिणी भाग है। मालवी भाषामें नीचे के भाग को निमानी कहते हैं। इसलिए यह बोली निमाड़ी कही गई। इस क्षेत्र में पं0 राम नारायण उपाध्याय ने सर्वश्रेष्ठ कार्य करते हुए 45 लोक गीतों का संग्रह कर 'निमाड़ी लोक गीत' लिखा। इनकी दूसरी पुस्तक 'जब निमाड़ गाता है' में संस्कार तथा व्रत संबंधी गीतों का संकलन है। इन्होंने बालोपयोगी लोक कथा भी लिखा है। पं0 उपाध्याय ने निमाड़ की खेती और वर्षा संबंधी कहावतों तथा व्यंग्य और उपदेशात्मक कहावतों को समाहित करते हुए 'निमाड़ी लोक कहावतें' नामक पुस्तक भी लिखी है। इनकी पुस्तक 'निमाड़ी का लोक साहित्य और संस्कृति' में निमाड़ी लोक कला, लोक संगीत, लोक वाद्य, लोक विश्वास आदि पर प्रकाश डाला गया है। इनकी 'निमाड़ी का सांस्कृतिक इतिहास' नामक पुस्तक में लोक कथा, लोक गीत, कहावतें आदि पर विस्तृत विवेचना प्रस्तुत की गई है। डॉ0 कृष्ण लाल हंस ने अपनी पुस्तक 'निमाड़ी लोक गीत' में लोक गीतों का संग्रह किया है। इन्होंने दो भागों में निमाड़ी लोक कथाओं का प्रकाशन भी किया है। इनका शोध प्रबंन्ध 'निमाड़ी भाषा और साहित्य' एक महत्त्वपूर्ण कृति है। इसमें निमाड़ी गीत और कहानियों की शोधपरक विवेचना मिलती है।

राजस्थानी लोक गीत – राजस्थानी पाँच बोलियों का समूह है – मारवाड़ी, मेवाती, ढूँढ़ाड़ी, मालवी और बागड़ी। परन्तु मारवाड़ी ही मानक बोली है। श्री खेताराम माली ने प्रारम्भिक प्रयास करते हुए 'मारवाड़ी गीत संग्रह', 'मारवाड़ी गीत', 'असली मारवाड़ी गीत संग्रह' और 'वृहत् मारवाड़ी गीत संग्रह' लिखा। इसके पश्चात् श्री जगदीश सिंह गहलोत ने 100 गीतों के संकलन के रूप में 'मारवाड़ी ग्राम गीत' और श्री गंगा प्रसाद कमठान ने 'राजस्थानी लोक गीत' भाग 1 और 2 लिखते हुए लोक गीतों का सन्दर्भ सहित विवेचना प्रस्तुत की। मेहता रघुनाथ सिंह ने 'जैसलमेरीय संगीत रत्नाकर', सरदार मल थानवी ने 'मरुधर गीतमाला' और 'घुड़ला', श्री पुरूषोत्तम दास पुरोहित ने 'पुस्करणों के सामाजिक गीत' तथा पं0 राम नरेश त्रिपाठी ने 'मारवाड़ के मनोहर गीत' पुस्तकों में प्रदेश के लोक गीतों का काफी अच्छा संग्रह प्रस्तुत किया है। लोक गीत के क्षेत्र में सूर्य करण पारीक, नरोत्तम दास स्वामी और ठाकुर राम सिंह नामक तीनों विद्धानों ने संयुक्त रूप से 'राजस्थान के लोक गीत' नामक पुस्तक दो भागों में संपादित कर इसमें 230 लोक गीतों जिसमें संस्कार गीत भी हैं और लोक गाथाओं को समावेश किया है। राजस्थान के ग्रामीण गीतों को संकलित करते हुए श्री गणपति स्वामी और सूर्यकरण पारीक ने 'राजस्थान के ग्राम गीत' नामक पुस्तक का प्रकाशन किया। श्री निहालचन्द वर्मा ने 'मारवाड़ी गीत', श्री ताराचन्द ओझा ने 'मारवाड़ी गीत संग्रह', श्री पुरूषोत्तम लाल मेनारिया ने 'राजस्थानी लोक गीत' तथा श्री मदनलाल वैश्य ने 'मारवाड़ी गीत माला' लिखकर इस दिशा में श्रेष्ठ कार्य किया है। डॉ0 स्वर्णलता अग्रवाल ने राजस्थानी लोक गीतों पर शोध कार्य किया है एवं रानी लक्ष्मी कुमारी चुड़ावत ने 'राजस्थानी लोक गीतों' का सम्पादन किया है। इसके अतिरिक्त श्री विजयदान देथा ने छह भागों में भाई–बहन, ससुराल–पीहर के गीतों तथा प्रेम गीतों का सम्पादन किया है।

श्री मोहनलाल पुरोहित ने 'राजस्थानी व्रत कथाएँ' तथा 'राजस्थानी प्रेम कथाएँ' नाम से लोक कथाओं का संग्रह प्रकाशित किया है। डॉ0 कन्हैया लाल सहल ने 'नटो तो कहो मत' संकलन में लोक कथाओं को स्थान दिया है। 'मरु भारती' में धारावाहिक रूप से प्रकाशित श्री गोविन्द अग्रवाल का 'राजस्थानी लोक–कथा कोश' प्रदेश के लोगों के जन–जीवन की झांकी प्रस्तुत करता है। श्री विजयदान देथा ने 'लोक संस्कृति' पत्रिका के माध्यम से अनेक राजस्थानी लोक कथाओं का प्रकाशन किया है। 'बात' राजस्थानी लोक साहित्य का एक रोचक अंग है। शैली की रोचकता, पद्य का प्रयोग, भाषा में चित्रमयता, लोकोक्ति–मुहावरा का प्रयोग इनकी विशेषताएँ हैं। राजस्थानी 'बातों' में वीरता का वर्णन अधिक हुआ है। राजस्थान के वीर, योद्धा, दानी, संत, सती, विदुषी और वीरांगनाओं से संबंधित बातें यहाँ घर–घर में फेली हुई हैं। सूर्यकरण पारीक ने 'राजस्थानी बातों' नामक ग्रन्थ में अनेक वीरों की 'बातों' का संकलन किया है। रानी लक्ष्मी कुमारी चुड़ावत ने 'कैरे चकवा बात' और 'सिर ऊँचा ऊँचा गढ़ा' नामक पुस्तक में क्रमश: 16 और 30 बातों का संग्रह किया है। ये सभी आख्यानें ऐतिहासिक हैं। श्री विजयदान देथा ने 'बाताँ री फुलवाडी' नाम से दास भागों में बातों का प्रकाशन किया है।

श्री गणपति स्वामी ने 'जीणमाता–रो गीत' लोक गाथा के कुछ अंशों का प्रकाशन 'राजस्थान भारती' और 'मरु भारती' में किया है। इस गाथा में भाई–बहन का निश्छल प्रेम अभिव्यक्त हुआ है। लोक गाथा के क्षेत्र में ठाकुर सौभाग्य सिंह ने 'जीणमाता' पुस्तक का भी सम्पादन किया है। सूर्य करण पारीक, नरोत्तम दास स्वामी और ठाकुर राम सिंह नामक विद्धानत्रयी ने संयुक्त रूप से प्रसिद्ध गाथा 'ढोला मारू रा दूहा' का सम्पादन बड़े ही मनोयोग से किया है। यह एक सरस प्रेम गाथा है, जिसमें वियोग श्रृंगार रस की प्रधानता है। डॉ0 कन्हैया लाल सहल ने वीरता की 12 लोक गाथाओं का संग्रह 'राजस्थानी वीर गाथाओं' में किया है। इन्होंने 'निहाल दे सुल्तान' की गाथा को तीन भागों में हिन्दी में प्रकाशित किया है। श्री चन्ददान चारण ने गोगा चौहान की गाथा को 18 पाठों में प्रकाशित किया है। गोगा जी की गणना राजस्थान के प्रसिद्ध पाँच वीरों में की जाती है। इसे 'जाहर पीर' भी कहा जाता है। सर्पो के देवता होने के कारण इन्हें प्रबल देवता के रूप में पूजा जाता है। राजस्थानी समाज की रीति–रिवाज और धार्मिक विश्वास को प्रकट करती गाथा 'बगडावत' का प्रकाशन डॉ0 कृष्ण कुमार शर्मा के द्वारा किया गया है। इस गाथा का हिन्दी अनुवाद रानी लक्ष्मी कुमारी चूड़ावत ने किया है। बगडावतों के कुलगुरु देव नारायण से संबंधित गाथा 'देव नारायण रो भारत' का सम्पादन डॉ0 महेन्द्र भानावत ने किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ0 कृष्णदेव उपाध्याय : भारत में लोक साहित्य, साहित्य भवन प्रा0 लि0 इलाहाबाद, संस्करण : 1998, पृ0 140
2. डॉ0 रमेश टण्डन : लोक साहित्य एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य (छत्तीसगढ़ी साहित्य का इतिहास एवं प्रवृत्तियाँ – श्रीमती पुष्पांजलि दासे), सर्वप्रिय प्रकाशन कश्मीरी गेट दिल्ली, संस्करण : 2020, पृ0 104

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मुलायम सिंह यादव की केंद्रीय राजनीति में भूमिका

डॉ. लोकेश कुमार शर्मा*

* एसोसिएट प्रोफेसर, मेवाड़ विश्वविद्यालय, चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – मुलायम सिंह यादव, भारतीय राजनीति के एक प्रमुख नेता और समाजवादी विचारधारा के प्रतीक माने जाते हैं। उत्तर प्रदेश की राजनीति में तो उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा ही है, लेकिन उनके केंद्रीय राजनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुलायम सिंह यादव न केवल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत रहे, बल्कि केंद्रीय राजनीति में भी उनके प्रभावशाली कदम और रणनीतियां उन्हें एक अद्धितीय नेता के रूप में स्थापित करती हैं। यह रिसर्च पेपर मुलायम सिंह यादव की केंद्रीय राजनीति में भूमिका, उनके योगदान और उनकी रणनीतियों का गहन विश्लेषण करता है।

प्रारंभिक जीवन और राजनीतिक कैरियर की शुरुआत – मुलायम सिंह यादव का जन्म 22 नवंबर 1939 को उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के सैफई गांव में हुआ था। एक किसान परिवार से आने वाले मुलायम सिंह यादव ने राजनीति में अपने करियर की शुरुआत समाजवादी आंदोलन से की। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1967 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के सदस्य के रूप में की, जब उन्होंने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी के टिकट पर चुनाव जीता। इस दौरान, उन्होंने राम मनोहर लोहिया के विचारों को अपनाया और समाजवादी आदर्शों के प्रति अपनी निष्ठा दिखाई।

मुलायम सिंह यादव: संसद में योगदान और राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका– मुलायम सिंह यादव का राजनीतिक कैरियर केवल उत्तर प्रदेश की राजनीति तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे भारतीय राजनीति के ऐसे नेता रहे जिन्होंने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सामाजिक न्याय और समानता के मुद्दों को उठाया।

केंद्रीय राजनीति में प्रवेश – 1989 में जब जनता दल सत्ता में आई, तो मुलायम सिंह यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया गया। हालांकि, उनका असली राजनीतिक सफर तब शुरू हुआ जब उन्होंने समाजवादी पार्टी की स्थापना की और खुद को एक राष्ट्रीय नेता के रूप में प्रस्तुत किया। 1996 के लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी ने महत्वपूर्ण सीटें जीतीं और मुलायम सिंह यादव केंद्र में रक्षा मंत्री बनाए गए। यहीं से उनकी केंद्रीय राजनीति में वास्तविक भूमिका शुरू होती है।

लोकसभा सदस्य के रूप में – मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक कैरियर में कई बार लोकसभा के सदस्य के रूप में सेवा की। पहली बार 1996 में, वे मैनपुरी से लोकसभा के लिए चुने गए। इसके बाद, वे कई बार लोकसभा के लिए चुने गए और उनके कार्यकाल के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण विषयों पर संसद में अपनी बात रखी।

मुलायम सिंह यादव ने संसद में किसानों, मजदूरों, और गरीबों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। वे हमेशा से ही ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, किसानों की समस्याओं और सामाजिक न्याय के लिए संघर्षरत् रहे। संसद में उनके वक्तव्य अक्सर गरीबों और वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए होते थे। उन्होंने कई बार कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से संबंधित नीतियों की वकालत की और सरकार की योजनाओं का समर्थन किया, जो समाज के निचले तबके के लोगों के लिए फायदेमंद थीं।

केंद्रीय मंत्री के रूप में योगदान – मुलायम सिंह यादव ने 1996 से 1998 तक भारत के रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया। इस दौरान, उन्होंने भारतीय सेना की मजबूती और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया। उनका कार्यकाल कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा, खासकर जब उन्होंने सेना के आधुनिकीकरण के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया और स्वदेशी रक्षा उपकरणों के विकास पर जोर दिया।

उनके कार्यकाल के दौरान, मुलायम सिंह यादव ने भारत की रक्षा नीति में सुधार किया और सेना के आधुनिकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने सेना के जवानों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए और उनकी जीवन परिस्थितियों को बेहतर बनाने के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। इसके अलावा, उन्होंने भारत के पड़ौसी देशों के साथ सैन्य संबंधों को भी मज़बूत करने का प्रयास किया।

समाजवादी विचारधारा और केंद्रीय राजनीति– मुलायम सिंह यादव की केंद्रीय राजनीति में भूमिका को उनकी समाजवादी विचारधारा से अलग करके नहीं देखा जा सकता। वे हमेशा से ही गरीबों, किसानों और मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्षरत रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय राजनीति में भी इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनकी पार्टी, समाजवादी पार्टी, ने हमेशा ही केंद्र सरकार की नीतियों पर अपनी स्पष्ट और मुखर राय रखी है। चाहे वह आर्थिक सुधारों का मुद्दा हो या सामाजिक न्याय का, मुलायम सिंह यादव ने हमेशा समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

राष्ट्रीय राजनीति में प्रभाव– मुलायम सिंह यादव की राष्ट्रीय राजनीति में प्रभावशाली भूमिका रही है। वे भारतीय राजनीति में समाजवादी विचारधारा के प्रमुख चेहरे थे। उन्होंने समाजवादी पार्टी को एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुलायम सिंह यादव ने देश के विभिन्न हिस्सों में समाजवादी आंदोलन को फैलाया और इसे मजबूत करने के लिए कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित किए। वे विभिन्न राष्ट्रीय मुद्दों पर अपने स्पष्ट और प्रभावशाली दृष्टिकोण के लिए जाने जाते थे।

1996 में, जब केंद्र में संयुक्त मोर्चा सरकार बनी, तो मुलायम सिंह यादव ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे गठबंधन की राजनीति के विशेषज्ञ माने जाते थे और उन्होंने कई बार विभिन्न दलों को एक साथ लाकर सरकार बनाने में योगदान दिया।

गठबंधन राजनीति में भूमिका – मुलायम सिंह यादव का केंद्रीय राजनीति में सबसे बड़ा योगदान उनके गठबंधन की राजनीति में देखा जा सकता है। उन्होंने कई बार विभिन्न राजनीतिक दलों के साथ मिलकर गठबंधन सरकारें बनाई और उन्हें स्थिरता प्रदान की। 1996 में, जब देश में कोई भी पार्टी पूर्ण बहुमत नहीं पा सकी, तब मुलायम सिंह यादव ने गठबंधन की राजनीति का नेतृत्व किया और केंद्र में स्थिरता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार का समर्थन किया और देश की राजनीति में संतुलन बनाए रखा।

राजनीतिक रणनीतियां और चुनावी सफलता – मुलायम सिंह यादव ने अपने राजनीतिक जीवन में कई महत्वपूर्ण चुनावी रणनीतियों को अपनाया। उन्होंने हमेशा से ही जातिगत और धार्मिक समीकरणों को समझा और उन्हें अपने पक्ष में किया। उनके कुशल नेतृत्व और रणनीतियों के कारण समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश और केंद्र में कई चुनावी सफलताएं हासिल कीं। उनकी राजनीति का प्रमुख आधार सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, और समावेशी विकास रहा है, जिसने उन्हें एक जननेता के रूप में स्थापित किया।

राष्ट्रीय मुद्दों पर दृष्टिकोण – केंद्रीय राजनीति में रहते हुए, मुलायम सिंह यादव ने राष्ट्रीय मुद्दों पर भी अपनी स्पष्ट राय रखी। चाहे वह आर्थिक सुधारों का मामला हो, राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा हो, या फिर अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भारत की स्थिति, मुलायम सिंह यादव ने हमेशा एक संतुलित और देशहित में आधारित दृष्टिकोण अपनाया। उन्होंने कई मौकों पर सरकार की नीतियों की आलोचना की, लेकिन देश की अखंडता और संप्रभुता के लिए हमेशा अपने विचारों को प्रकट किया।

विपक्ष के नेता के रूप में भूमिका – मुलायम सिंह यादव ने विपक्ष के नेता के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने संसद में सरकार की नीतियों पर कड़ी निगरानी रखी और समय-समय पर अपनी पार्टी की ओर से वैकल्पिक नीतियां प्रस्तुत कीं। उनके नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना की, लेकिन एक जिम्मेदार विपक्ष के रूप में भी कार्य किया। उन्होंने सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों का समर्थन किया और देश की जनता के मुद्दों को संसद में उठाया।

लोकतंत्र और धार्मनिरपेक्षता के प्रति प्रतिबद्धता – मुलायम सिंह यादव की केंद्रीय राजनीति में सबसे बड़ी विशेषता उनकी लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के प्रति अटूट निष्ठा रही है। उन्होंने हमेशा से ही देश की विविधाता और धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को बनाए रखने के लिए काम किया। उनके नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने हमेशा ही देश की सांस्कृतिक विविधता का सम्मान किया और विभिन्न समुदायों के बीच भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा दिया।

सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता – मुलायम सिंह यादव की राजनीति का एक प्रमुख स्तंभ सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता रहा है। उन्होंने हमेशा समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। उनके नेतृत्व में, समाजवादी पार्टी ने इन मुद्दों पर जोर दिया और विभिन्न नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से इनकी रक्षा करने का प्रयास किया।

वे भारतीय राजनीति में एक मजबूत धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में उभरे और उन्होंने हमेशा धार्मिक भेदभाव और सांप्रदायिकता का विरोध किया। मुलायम सिंह यादव के विचार और नीतियाँ हमेशा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर आधारित थीं।

अंतिम वर्षों में केंद्रीय राजनीति में योगदान – मुलायम सिंह यादव के राजनीतिक करियर के अंतिम वर्षों में भी उन्होंने केंद्रीय राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। वे कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्टी का मार्गदर्शन करते रहे और केंद्र सरकार की नीतियों पर अपनी राय रखते रहे। उनकी उपस्थिति हमेशा ही भारतीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती रही और उनकी राजनीतिक सोच और दृष्टिकोण ने नई पीढ़ी के नेताओं को भी प्रभावित किया।

राजनीतिक विचारधारा और समाजवाद– मुलायम सिंह यादव का पूरा राजनीतिक जीवन समाजवादी विचारधारा पर आधारित था। उन्होंने लोहिया और जयप्रकाश नारायण जैसे समाजवादी नेताओं से प्रेरणा ली और समाज के सबसे निचले तबके के लिए काम करने का संकल्प लिया। उनका उद्देश्य हमेशा समाज में समानता और न्याय स्थापित करना रहा। उन्होंने समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रयास किया।

समाजवाद उनके राजनीतिक कैरियर का केंद्रीय बिंदु था और उन्होंने हमेशा इसे अपनी नीतियों और कार्यक्रमों में प्राथमिकता दी। मुलायम सिंह यादव ने भूमि सुधार, किसानों की भलाई, और सामाजिक न्याय के लिए विभिन्न योजनाओं को लागू किया। उनका मानना था कि समाज में जब तक सभी को समान अवसर और अधिकार नहीं मिलेंगे, तब तक वास्तविक लोकतंत्र संभव नहीं हो सकता।

निष्कर्ष – मुलायम सिंह यादव का केंद्रीय राजनीति में योगदान अति महत्वपूर्ण और प्रभावशाली रहा है। उन्होंने न केवल उत्तर प्रदेश की राजनीति में अपनी छाप छोड़ी, बल्कि केंद्र में भी एक सशक्त और विचारशील नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनकी समाजवादी विचारधारा, गठबंधन की राजनीति में उनकी भूमिका, और राष्ट्रीय मुद्दों पर उनका संतुलित दृष्टिकोण उन्हें भारतीय राजनीति के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। मुलायम सिंह यादव के योगदानों को समझना और उनका मूल्यांकन करना हमें न केवल भारतीय राजनीति की जटिलताओं को समझने में मदद करता है, बल्कि एक ऐसे नेता के संघर्ष और सफलता की कहानी को भी उजागर करता है, जिसने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया।

मूल्यांकन करना हमें न केवल भारतीय राजनीति की जटिलताओं को समझने में मदद करता है, बल्कि एक ऐसे नेता के संघर्ष और सफलता की कहानी को भी उजागर करता है, जिसने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा में समर्पित कर दिया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Yadav, A. K. (2010). The Life and Times of Mulayam Singh Yadav. New Delhi: Penguin Books.

2. Guha, R. (2007). India After Gandhi: The History of the World's Largest Democracy. New Delhi: HarperCollins Publishers.
3. Parliament of India. Lok Sabha Archives. (2023). Speeches and Contributions of Mulayam Singh Yadav in Central Politics. Retrieved from https://loksabha.nic.in/
4. Sharma, R. (2012). Mulayam Singh Yadav: His Socialism and Secularism. Journal of Indian Political Thought, 15(3), 45-58.
5. The Hindu Archives. (1996-1998). Mulayam Singh Yadav's Role in Central Politics. Retrieved from https://www.thehindu.com/archive/
6. Singh, M. P. (2003). India's Coalition Politics: A Study of National Front and United Front Governments. New Delhi: Oxford University Press.
7. The Indian Express. (1996). Yadav's Strategies in Central Government. Retrieved from https://indianexpress.com/archive/
8. Times of India Archives. (1997). Mulayam Singh Yadav: A National Leader. Retrieved from https://timesofindia.indiatimes.com/

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कृषि तकनीकी के बदलते आयाम

डॉ. गोरा मुवेल*

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत जैसे विकासोन्मुक देश के आर्थिक विकास के लिए कृषि का विकास आवश्यक है। कृषि–विकास के द्धारा ही ग्रामीण क्षेत्रों की उन्नति एवं औद्योगिक अर्थव्यवस्था का निर्माण संभव है।स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश के आर्थिक विकास के लिए पंचवर्षीय योजनाएँ शुरू की गई।विभिन्न पंचवर्षीय योजनाओं में कृषि विकास को प्राथमिकता प्रदान की गई है। कृषि क्षेत्र में उपलब्ध तकनीकी ज्ञान का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया, जिससे कृषि उत्पादन एवं कृषकों की आय में वृद्धि हुई है। कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए तृतीय पंचवर्षीय योजना के प्रारम्भ से विशेष प्रयास किये गए हैं। कृषि विकास की नई नीति के अनुसार चुने हुये जिलों में कृषि के नये तरीकों का उपयोग करके उत्पादन बढाने की कोशिश की गई। कृषि अनुसन्धान को भी पंचवर्षीय योजनओं में विशेष महत्व दिया गया। इन योजनाओं का प्रमुख उद्देश्य खाद्यान्न उत्पादन में आत्म–निर्भर प्राप्त करना था। कृषि में तकनीकी ज्ञान विकास के लिए समय–समय पर अनेक कार्यक्रम अपनाये गये।

उन्नत कृषि–यंत्र आज की विकासवादी आधुनिक कृषि का प्रमुख आधार माने जाते हैं। कृषि यंत्रो के आभाव में भारतीय कृषि क्षेत्र में वांछित उत्पादन तथा उत्पादकता को प्राप्त करना सहज नहीं है। भारतीय कृषि के पिछड़ेपन का एक मुख्य कारण यहाँ के कृषकों द्धारा पुराने एवं अकुशल औजारों का प्रयोग करना है पर्याप्त सूझ–बूझ और ज्ञान रखते हुये भी यहाँ के कृषक पुराने कृषि–यंत्रो के प्रयोग करने के परिणाम स्वरूप कृषि उपज बढ़ाने में पूर्ण रूप से सफल नहीं हो पाए। जबकि उन्नत कृषि मशीनों के प्रोयोग से ही पश्चिमी देशों के कृषक कृषि–क्रांति लाने में सफल हुए। कृषि के यंत्रीकरण के कारण इन देशों में उत्पादन में वृद्धि हुई तथा लागत में कमी आई। पश्चिमी देशों में समृद्धी का मुख्य कारण कृषि यंत्रीकरण ही है।भारतीय कृषि औजारों की चर्चा करते हुए डार्लिग (Darling) ने लिखा है की 'हल जो एक अधखुले पेन्सिल बनाने वाले चाकू जैसा लगता है और भूमि को खुरेद भर देता है, हाथ की दराती, जो मनुष्य की अपेक्षा एक बालक के लिए अधिक उपयुक्त होती है, पुराने ढंग की टोकरी, जिसकी सहायता से हवा द्धारा भूसे को अनाज से पृथक किया जाता है, हमारे यहाँ आज भी कृषक अपने प्राचीन किन्तु अविस्मरणीय कार्यों पर जमे हुए हैं।' अत: भारतीय कृषि में सुधार लाने और उत्पादनएवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि के यंत्रीकरण की महती आवश्यकता है।

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् कृषि से सम्बधित प्रत्येक क्षेत्र में आश्चर्य जनक परिवर्तन हुए हैं।कृषि की अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए कृषि को 'मानसून का जुआ' कहा जाता था, किन्तु वर्तमान में किसान मानसून पर निर्भर नहीं है, उसे सिंचाई के लिए नहर, ट्यूबवेल, कुएं, तालब एवं नलकूप आदि की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध है।अधिकतम उत्पादन के लिए आज किसान देशी खाद पर निर्भर नहीं है बल्कि वर्तमान में किसान रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने लगा है। इसी प्रकार कृषि के सभी क्षेत्रों में परिवर्तन हुआ है इसी परिवर्तन को कृषि में 'तकनीकी परिवर्तन' कहा जाता है इसे हम इस प्रकार भी समझ सकते है की किसान पूर्व में हल–बैल से कृषि कार्य करता था, किन्तु आज 80 प्रतिशत किसान हल–बैल के स्थान पर ट्रेक्टर, थ्रेसर, हार्वेस्टरआदि आधुनिक उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं, यही 'तकनीकी परिवर्तन' है।

शब्द कुंजी – कृषि,तकनीकी, फसलें, उत्पादन,कृषक।

विषय प्रवेश–कृषि तकनीकी को तालिका के माध्यम से समझाया गया है। सर्वप्रथम रासायनिक उर्वरकों का वितरण प्रदेश में नवम्बर 2021 तक 18.06 लाख मैट्रिक टन उर्वरकों का वितरण कराया गया है। रासायनिक उर्वरकों के वितरण (तत्वों में) वर्ष 2017–18 से 2021–22तक।

तालिका क्रमांक– 01: रासायनिक उर्वरकों का वितरण

मैट्रिक टन (लाख)

वर्ष	**नत्रजन(N)**	**फास्फेट(P)**	**पोटाश(K)**	**कुल (N+P+K)**
2017–18	12.63	6.55	0.98	20.16
2018–19	14.40	7.43	1.01	22.84
2019–20	15.38	7.71	1.08	24.17
2020–21	17.19	11.11	1.63	29.94
2021–22 नवम्बर 2021 तक	10.54	6.56	0.96	18.06

स्त्रोत :– किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय

तालिका में रासायनिक उर्वरकों का वितरण वर्ष 2017–18 से 2021–22 तक दिखाया गया है। इसके अंतर्गत नत्रजन, फास्फेट एवं पोटाश मुख्य रूप से सम्मिलित है। नत्रजन 2017–18 में 12.63 मैट्रिक टन था जो वर्ष 2020–21 में बढ़कर17.19 मैट्रिक टन हो गया एवं नवम्बर 2021में 10.54 मैट्रिक टन हो गया है।इसी प्रकार फास्फेट वर्ष 2017–18 में 6.55 मैट्रिक टन है जो बढ़कर वर्ष2020–21 तक 11.11मैट्रिक टन और 2021–22 में नवम्बर 2021 तक 6.56 मैट्रिक टन है। तथा पोटास 2017–18 में 0.98 मैट्रिक टन हैं जो 2021–22 नवम्बर 2021 तक 0.96 मैट्रिक टन

है।

अत: नत्रजन, फास्फेट एवं पोटाश तीनों को मिलकर वर्ष 2017-18 में कुल 20.16मैट्रिक टन है जो प्रतिवर्ष बढ़कर वर्ष 2020-21 में 29.94 मैट्रिक टन और नवम्बर 2022 तक 18.06 मैट्रिक टन हो गया।

पौध संरक्षक- फसलों को रोगों एवं कीड़ो आदि से होने वाली पौध संरक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत आच्छादित क्षेत्र से बचाने के लिये पौध संरक्षक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत फसल संरक्षक, बिजोपचार, चूहा नियंत्रण तथा निदाई नियंत्रण-उन्मूलन कार्यक्रम मुख्य रूप से सम्मिलित हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2017-18 से 2022-21 तक उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित हैं।

तालिका क्रमांक- 02: पौध संरक्षक कार्यक्रम के अंतर्गत आच्छादित क्षेत्र

(लाख हेक्टेयर)

कार्यक्रम	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22 नवम्बर 2021 तक
बीज उपचार	130.74	131.31	136.10	136.74	102.23
फसल उपचार	27.68	24.44	25.71	27.54	26.81
चूहा नियंत्रण	26.70	28.17	23.98	24.32	20.98
नींदाई नियंत्रण	18.70	19.42	20.78	18.43	17.10
योग	203.82	203.34	206.57	207.03	167.12

स्त्रोत - किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय

तालिका के अनुसार पौध संरक्षक कार्यक्रम वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक दिखाया गया है। इसके अंतर्गत बीज उपचार2017-18 में 103.74लाख हेक्टेयर था, जो वर्ष 2021-22 में नवम्बर 2021 तक बढ़कर 102.23 लाख हेक्टेयर हो गया एवं फसल उपचार, चूहा नियंत्रण एवं नींदाई नियंत्रण वर्ष 2017-18 से वर्ष 2021-22 में नवम्बर 2021 तक क्रमश: 26.81, 20.98 एवं17.10 लाख हेक्टेयर हो गया है।

अत: फसल उपचार, चूहा नियंत्रण एवं नींदाई नियंत्रण वर्ष 2017-18 कुल 203.82 लाख हेक्टेयर था जो वर्ष 2021-22 में नवम्बर 2021 तक कुल 167.12 लाख हेक्टेयर रह गया।

प्रमुख फसलों का उत्पादन - प्रमुख फसलों का उत्पादन कार्यक्रम वर्ष 2017-18 से 2022-21 तक उपलब्धियों का विवरण निम्नलिखित हैं।

तालिका क्रमांक- 03: प्रमुख फसलों का उत्पादन

(हजार टन)

प्रमुख फसलें	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	वर्ष 2019-20 की तुलना में वर्ष 2020-21में (वृद्धि /कमी का प्रतिशत)
अनाज	34165	38243	53818	53847	0.05
दलहन	9469	6043	4784	6210	29.81
तिलहन	6947	7433	5420	5445	0.46
कुल (अन्य फसलोंसहित)	52080	53127	65605	66921	2.01

स्त्रोत - किसान कल्याण तथा कृषि विकास संचालनालय

तालिका के अनुसार प्रमुख फसलों का उत्पादन 2017-18 से 2021-22 तक दिखाया गया है।वर्ष 2017-18 में अनाज 34165 हजार टन जो वर्ष 2020-21 में बढ़कर 53847 हजार टन एवं 0.05 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2017-18 से बढ़कर 2021-22 में अनाज, दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों सहित क्रमश: 0.05, 29.81, 0.46 एवं 2.01 प्रतिशत की वृद्धि आंकलित की गई।

कृषि यंत्रीकरण से लाभ- कृषि यंत्रीकरण (मशीनीकरण) कृषि तकनीकी में परिवर्तन की आधारशिला है। भारत में कृषि यंत्रीकरण के पक्ष में मुख्यत: तर्क दिये जाते हैं।

1. **कृषि श्रम की कार्य कुशलता में वृद्धि-** फार्म पर यांत्रिक साधनों से कृषि करने पर श्रमिकों की कार्य कुशलता एवं क्षमता में वृद्धि होती है जिससे प्रति श्रमिक की उत्पादन मात्रा में वृद्धि होती है।
2. **उत्पादन में वृद्धि-** जैसा कि आप जानते हैं कि कृषि में मशीनों के प्रयोग करने से कृषि कार्यों की गति बढ़ जाती है, मानवीय शक्ति का प्रयोग कम हो जाता है और खेतों का आकार बड़ा रखा जाने लगता है। मशीनीकरण के फलस्वरुप गहन जुताई करना सम्भव हो पाता है। इसके कारण प्रति हेक्टेयर उत्पादन में वृद्धि होती।
3. **उत्पादन लागत में कमी-** राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के नमूना सर्वेक्षण के अनुसार ट्रेक्टर से खेती करने की प्रति एकड़ लागत 100 रुपये आती है, जबकि वही कार्य यदि बैलों की सहायता से किया जाता है तो लागत 160 रुपये आती है। इस प्रकार यान्त्रिक कृषि उत्पादन लागत कम करने में सहायक है।
4. **समय की बचत-** कृषि यंत्रों का प्रयोग करने से किसान अपना कार्य शीघ्रता से कर लेते है और समय भी बच जाता है। जो कार्य एक जोड़ी हल व बैल से पूरे दिन भर किया जाता है उसे एक ट्रेक्टर द्वारा एक घण्टे से भी कम समय में कर लिया जाता है।
5. **व्यापारिक कृषि को प्रोत्साहन-** कृषि यन्त्रों के प्रयोग से व्यापारिक कृषि को प्रोत्साहन मिलता है। उद्योगों को कच्चा माल पर्याप्त मात्रा में कृषि क्षेत्र द्वारा उपलब्ध कराया जा सकता है। भूमि के बहुत बड़े-बड़े खेत कम समय व कम लागत में जोते जा सकते हैं, जिसके फलस्वरुप बड़ी मात्रा में उत्पादन मण्डी तक पहुंचाया जा सकता है। खाद्यान्न फसलों, के साथ-साथ व्यापारिक फसलों को भी प्रोत्साहन मिलता है। कृषि उपज की बिक्री न केवल अपने देश के बाजारों में बल्कि विदेशी बाजारों तक भी होती है।
6. **भारी कार्यों को सुगम बनाना-** कृषि यंत्रों की सहायता से भारी कार्य जैसे ऊँची नीची व पथरीली भूमि, बंजर भूमि तथा टीलों को आसानी से साफ व समतल कर कृषि योग्य बनाया जा सकता है। इस तरह कृषि योग्य भूमि में वृद्धि कर कृषि उत्पादन कृषि में यंत्रों का प्रयोग कर किया जाता है।
7. **रोजगार के अवसरों में वृद्धि-** कृषि यंत्रीकरण के परिणाम स्वरुप दीर्घकालीन रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है। यंत्रीकरण के कारण कृषि यंत्रो से सम्बन्धित उद्योग धन्धों व सहायक यन्त्रों का विस्तार होने लगता है। कृषि यंत्रीकरण से उद्योग एवं परिवाहन में रोजगार के अवसर उत्पन्न होते हैं, जैसे ट्रैक्टर।
8. **किसानों की आय में वृद्धि-** जैसा कि आप जानते हैं कि कृषि यंत्रो की सहायता से किसान कम समय व कम लागत में अधिक कृषि उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं, इसके फल स्वरुप किसानों की आय में वृद्धि होती है।

9. उपभोक्ताओं को लाभ– कृषि में यंत्रीकरण से उत्पादन लागत कम आती है जिसके परिणाम स्वरुप उपभोक्ताओं को कृषि उपजों का मूल्य कम देना पड़ता है।

10. परती भूमि का उपयोग – गहरी जुताई करने, भू–संरक्षण, भूमि सुधार, गहरे पानी वाले क्षेत्रों से पानी उठाने के कार्य यंत्रों की सहायता से सरलतापूर्वक किये जा सकतेहै।

11. बहु फसली खेती को प्रोत्साहन– कृषि यंत्रीकरण से बहुफसली खेती को प्रोत्साहन मिलता है और फसल चक्र में वांछित परिवर्तन करना सम्भव होता है। कृषक वर्ष मेंदो–तीन विभिन्न प्रकार की फसलें उत्पादित कर पाते हैं।

12. ऊर्जा, बीज व उर्वरक की बचत– तकनीकी विकास महानिदेशालय द्वारा गठित, तकनीकी विकास सलाहकार समूह ने यह अनुभव किया कि बीज सहित उर्वरक ड्रिल(Seed-Cum fertiliser drill) न केवल ऊर्जा की बचत करती है बल्कि20 प्रतिशत बीज का भी बचत करती है और 15 प्रतिशत तक उत्पादन बढ़ाने में सहायक होती है। इससे उर्वरक व बीज का प्रयोग अधिक प्रभावशाली ढंग से हो पाता है।

कृषि यंत्रीकरण के दोष –कृषि यंत्रीकरण के दोष निम्नांकित है।

1. बेरोजगारी में वृद्धि– जैसा कि आप को ज्ञात है कि भारत की जनसंख्या का आकार बहुत बड़ा है और प्रतिवर्ष इसमें वृद्धि होती जा रही है। इसीलिए यंत्रीकरण के विरोध में तर्क देने वालों का मत है कि भारत में वैसे ही बेरोजगारी की समस्या विद्यमान है, कृषि में आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग करने से कृषि श्रमिकों की मांग घट जाएगी क्योंकि यंत्रो की सहायता से कम समय में अधिक कार्य किया जाता है। इससे कृषि श्रमिकों को काम नहीं मिल पाएगा। चूंकि देश में अभी भी 60 प्रतिशत जनसंख्या रोजगार के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रुप से कृषि पर ही निर्भर करती है। अत: कृषि में बड़े पैमाने पर यंत्रीकरण करने से बेरोजगारी को बढ़ावा ही मिलेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए कृषि यंत्रीकरण बहुत अधिक उपयुक्त नहीं है। इसका सीमित मात्रा में ही प्रयोग होना चाहिए।

2. कृषि जोतों का छोटा आकार– हमें ज्ञात है कि भारत में लघु व सीमान्त जोतों का आकार बहुत ही छोटा है। यहॉ लगभग 61.58 प्रतिशत जोते एक हेक्टेयर से कम तथा 80.31 प्रतिशत जोते दो हेक्टेयर से कम है। भारत में जोत का औसत आकार 1.41 हेक्टेयर है जबकि अमेरिका में 60 हेक्टेयर और कनाडा में 188 हेक्टेयर है। इसके अतिरिक्त यहॉ पर भूमि उपविभाजन के कारण जोते बिखरी हुई हैं। छोटी व बिखरी जोतों पर ट्रेक्टर का प्रयोग कृषकों के लिए लाभकारी नहीं हो सकता। भारत में अनार्थिक जोतों यंत्रीकरण के मार्ग में एक बड़ी बाधा है।

3. पूंजी की कमी– यांत्रिक साधनों को जुटाने के लिए कृषकों को अधिक पूंजी कीआवश्यक्ता होती है। जिसे जुटा पाना अधिकांश कृषकों के लिए सम्भव नहीं है क्योंकि भारत में सामान्य कृषक निर्धन हैं। भारत में सम्पन्न किसान ही यंत्रीकरण का लाभ उठा सकते है।

4. तकनीकी ज्ञान का अभाव– यान्त्रिक साधनों के उपयोग के लिए आवश्यक तकनीकी ज्ञान का कृषकों में अभाव होने के कारण, उन्हें छोटी–छोटी कमियों को दूर कराने के लिए मिस्त्रियों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे दूसरों पर निर्भरता बढ़ती है और कार्य समय पर पूरा नहीं हो पाता है। कृषि यंत्रों की कार्य प्रणाली अशिक्षित कृषकों को समझाना भी कठिन होता है।

5. भूमिहीन श्रमिकों की संख्या में वृद्धि– यान्त्रिक कृषि अपनाने से बड़े किसान, लघु कृषकों की भूमि क्रय कर लेते हैं जिससे इससे बड़े किसानों की जोतों का आकार बड़ा हो जाता है इसलिए भूमिहीन श्रमिकों की संख्या में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

6. ईधन की समस्या– कृषि यंत्रों जैसे ट्रेक्टर, ट्यूबवेल, थ्रेशर आदि चलाने के लिए पैट्रोल, डीजल व बिजली की आवश्यक्ता होती है। इसकी आपूर्ति कम होने तथा कीमतें अधिक होने से सामान्य कृषक की क्रय शक्ति के बाहर हो जाती है। इसके अतिरिक्त अधिकांश राज्यों में बिजली की आपूर्ति 24 घण्टे नहीं है, किसानों को कृषि यंत्रों के प्रयोग में बाधा आने लगती है और मशीनें बेकार पड़ी रहती है।

7. गॉवों में वर्कशॉप का अभाव– ग्रामीण क्षेत्रों में यन्त्रों एवं उपकरणों की मरम्मत की सुविधा तथा स्पेयर पार्टस की उपलब्धता का अभाव पाया जाता है, ऐसी स्थिति में कृषि यंत्रो का प्रयोग करने में बाधा आने लगती है।उपर्युक्त कठिनाइयों के कारण देश में यान्त्रिक कृषि के विकास की गति बहुत धीमी रही है।

सारांश –भारतीय कृषि में मशीनीकर के लाभ एवं हानियों का विश्लेषण करने के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुँचना सरल है कि कृषि के लिये उपयुक्त तकनीकी क्या होना चाहिए। वास्तविकता यह है कि विकसित देशो के समान पूर्ण यंत्रीकरण भारत में संभव नहीं है। कारण यह है कि भारती कृषि की अपनी कुछ विशेषताएँ है और पूर्ण यंत्रीकरण इन विशेषताओं के अनुरूप नहीं है उदाहरण के लिये मानव श्रम की अधिकता, छोटी–छोटी जोतों की अधिकता, औद्योगिकरण की धीमी गति आदि, किन्तु इसका अर्थ यह नहीं है की भारत में मशीनीकर बिलकुल संभव नहीं है। वर्तमान समय में कुछ ऐसी मशीने भी बनने लगी हैं जिन्हें छोटे खेतो के उपयोग में लाया जा सकता है। जापान में छोटे–छोटे खेतों परऐसी मशीनों का सफलतापूर्वक प्रयोग किया जा रहा है।इस प्रकार छोटी मशीनों के प्रयोग के साथ–साथ बड़े खेतों में विद्यमान मशीनों का प्रयोग भी देश में किया जा सकता है। अत: निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि भारत के लिए मशीनों के चयन में इस बात का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है कि मशीनें भारतीय खेतों के लिये उपयुक्त हों तथा मशीनें श्रमिकों को अधिक मात्रा में हटाने वाली न हों।मशीनीकर के सन्दर्भ में यह तथ्य भी ध्यान में रखना होगा की मशीनें कृषि उत्पादकता बढ़ाने वाली हों जिससे अन्य क्षेत्रों में रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची: –

1. भारतीय कृषि का अर्थतंत्र (31 अगस्त 2000), डॉ. एन.एल. अग्रवाल, राजस्थान हिंदी ग्रंथ आकादम, जयपुर।
2. कृषि अर्थशास्त्र, डॉ. जय प्रकाश मिश्र, साहित्य भवन, पब्लिकेशन्स, आगरा।
3. कृषि अर्थशास्त्र (2011), डॉ. बी.एल. माथुर, अर्जुन पब्लिकेशन्स हाऊस।
4. कृषि अर्थशास्त्र, डॉ. एस.सी. जैन, डॉ. पी.डी. महेश्वरी, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
5. एस0पी0 (2012), कृषि अर्थशास्त्र, साहित्य भवन, पब्लिकेशन्स, आगरा।
6. एस0के0, पुरी वी0के0 (2007), भारतीय अर्थव्यवस्था, खेती में मशीनीकरण, हिमालय पब्लिशिंग हाउस, बम्बई।
7. https://www.scotbuzz.org/2019/04/krashi-yantreekaran.html?m=1
8. https://agricoop.nic.in/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारत में वनों की कटाई : एक अध्ययन

डॉ. दिनेश कुमार कठुतिया*

* शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नारायणपुर (छ.ग.) भारत

प्रस्तावना – वन किसी भी देश की संपत्ति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। हमारे देश में वनों का संरक्षण अत्यधिक महत्व रखता है। वनों के संरक्षण की जिम्मेदारी सरकार पर होती है और यह कार्य वन विभाग के द्वारा किया जाता है। वन जलवायु पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैंय वे वर्षा आकर्षित करते हैं और नमी को संरक्षित रखते हैं। यह विशेष रूप से भारत जैसे शुष्क देश में एक महत्वपूर्ण कार्य है। वृक्षों की पत्तियों से वाष्पीकरण द्वारा वातावरण में ठंडक बनी रहती है। नमी संघनित होकर वर्षा के रूप में बरसती है। वनों को किसी भी प्रकार की हानि जलवायु को तेजी से बदल देती है। भारत में पहला वन अधिनियम 1865 में लागू हुआ था। इस कानून ने राजकुमारों को भारतीय वनों में कीमती वृक्षों की सुरक्षा के उद्देश्य से कानून बनाने की शक्ति प्रदान की। 1927 का भारतीय वन अधिनियम, जो अधिकांश राज्यों में लागू है, 1878 के भारतीय वन अधिनियम का संशोधित संस्करण है। वन की हानि को वनों की कटाई कहा जाता है। वनों की कटाई का मानव जीवन और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। वन विभाग के सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में लगभग 75 मिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र है। हाल ही में उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, केवल 17 प्रतिशत क्षेत्र ही वन से ढका हुआ है। भारत हर साल 1.3 मिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र खो रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में वनों की कटाई इतनी गंभीर है कि इस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ा है। हिमालय की मूल वनस्पति का बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का धीरे-धीरे नुकसान हो रहा है। जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, सड़क निर्माण, खनन और अन्य विकासात्मक गतिविधियों के कारण वनस्पति और जीव-जंतुओं के प्राकृतिक आवासों को नुकसान पहुंचा है, जिससे जीवित संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ा है। कई वनस्पतियां और पशु प्रजातियां विलुप्ति या संकटग्रस्त के कगार पर हैं। भूस्खलन, सूखा, बाढ़, तूफान, भूकंप, बीमारियां, जल और वायु प्रदूषण और मानवीय हस्तक्षेप जैसी प्रतिकूल परिस्थितियां भी वनों के विनाश का कारण बन सकती हैं। अन्य प्रतिकूल कारक जैसे स्थिर मिट्टी की कमी, शुष्कता, दलदलीपन, जैविक एजेंसियां, वाणिज्यिक शोषण आदि भी वनस्पति की कमी के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। भारत की प्राकृतिक विविधता दुनिया में सबसे समृद्ध है, जो उपरोक्त कारकों के कारण धीरे-धीरे गायब हो रही है।

एफएओ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में वार्षिक वनों की कटाई की दर 0.6 प्रतिशत (1981 से 1990 की अवधि के दौरान 0.34 मिलियन हेक्टेयर) थी। रविंद्र नाथ और हॉल (1944) के अनुसार, हर साल 144 मिलियन हेक्टेयर वनों का पुनरुत्थान किया गया। 1990 में, भारत में कुल वन क्षेत्र 70.6 मिलियन हेक्टेयर था, जिसमें से 27 प्रतिशत वाणिज्यि वृक्षारोपण के अंतर्गत था, जिसमें मुख्य रूप से नीलगिरी, सागौन और चीड़ शामिल थे। खोशोद (1986) के अनुसार, 1900 में विश्व में कुल वन क्षेत्र लगभग 7000 मिलियन हेक्टेयर था। 1975 तक यह घटकर 2890 मिलियन हेक्टेयर रह गया। 2000 ई. के अंत तक, यदि वनों की कटाई की वर्तमान प्रवृत्ति जारी रहती है, तो विश्व में कुल वन क्षेत्र लगभग 2370 मिलियन हेक्टेयर तक घट जाएगा। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील हिमालय क्षेत्र में वन आवरण के विनाश से पानी की बढ़ती कमी, बार-बार भूस्खलन, बाढ़ में वृद्धि, नदियों में उच्च अवसादन, ईंधन और चारे की कमी और चरागाह भूमि में कमी के रूप में प्रतिकूल प्रभाव दिखने लगे हैं। वनों की कटाई के कारण जीवन समर्थक प्रणालियां बाधित हो रही हैं। भूमिगत जल स्तर धीरे-धीरे और गहराई तक जाता जा रहा है। भूमि का बड़ा क्षेत्र सूखे से प्रभावित हो रहा है और गर्मी के महीनों में कुएं, नलकूप, झीलें, तालाब आदि उम्मीद से जल्दी सूख जाते हैं।

कुमाऊं और गढ़वाल हिमालय में ओक के जंगल सामान्य वातावरण को बनाए रखते हैं और ग्रामीण चारे, ईंधन और अन्य आवश्यकताओं के लिए इन वनों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। लेकिन अब ओक के जंगल लोगों की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए नष्ट किए जा रहे हैं। इससे पर्यावरणीय स्थितियों में उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं। ओक से जुड़ी समुदाय नष्ट हो रही है। यह औषधीय जड़ी-बूटियों और झाड़ियों के नुकसान का कारण बन सकता है जो ओक से जुड़ी होती हैं। चारे की उपलब्धता में कमी आएगी और पहाड़ी पारिस्थितिकी तंत्र में सदियों से चला आ रहा पशुधन संबंधी संबंध टूट जाएगा। रियो डी जेनेरियो में पृथ्वी शिखर सम्मेलन (1992) में वनों की कटाई से संबंधित मुद्दे पर प्रमुख चिंता जताई गई थी। यूएनसीईडी (संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण और विकास सम्मेलन) के एजेंडा 21 में कहा गया था कि ष्वनों की कटाई के कई कारण हैं, कुछ प्राकृतिक, लेकिन अन्य मुख्य रूप से मानव विकास के कारण हैं, जैसे अनुचित भूमि स्वामित्व प्रणाली और प्रोत्साहन, कृषि क्षेत्रों का विस्तार, वन उत्पादों की बढ़ती मांग और वनों के मूल्य के बारे में जानकारी और समझ की कमी।

वनों की कटाई के सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव:

1. **मृदा की क्षति–** प्रकृति को एक इंच मिट्टी बनाने में लगभग 1,000 वर्ष लगते हैं, जबकि भारत की 12,000 मीट्रिक टन ऊपरी मिट्टी हर साल नदियों के नीचे बह जाती है, लंदन में एक रिपोर्ट कहती है (10.1. सितंबर 24, 1986)।
2. **खाद्यान्न की हानि–** मृदा अपरदन के परिणामस्वरूप देश हर साल 300-500 लाख टन खाद्यान्न खो देता है।
3. **बाढ़ से होने वाली हानि–** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र 1950 के दशक में हर

साल औसतन 6.4 मिलियन हेक्टेयर से बढ़कर 1980 के दशक में 9 मिलियन हेक्टेयर हो गया। 1981–86 की अवधि के दौरान बाढ़ से हुई हानि अकेले 50,000 मिलियन रुपये थी।

4. हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र का खतरा– पूरा हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में है और गंभीर असंतुलन में है क्योंकि हिमरेखा पतली हो गई है और स्थायी झरने सूख गए हैं।

5. वनों का ग्रीनहाउस में परिवर्तित होना– आंध्र प्रदेश में समशीतोष्ण वन क्षेत्रों को ग्रीनहाउस में बदल दिया गया है और तूफानी बारिश की तरह बारिश के दौरान पिटाई की जाती है।

6. सूखे की घटनाएँ– राजस्थान राज्य में सूखा पड़ना बहुत आम है। इसका बड़ा हिस्सा बंजर भूमि में परिवर्तित हो रहा है। तमिलनाडु और हिमाचल प्रदेश जैसे क्षेत्रों में भी लगातार सूखे शुरू हो गए हैं जहां वे पहले कभी नहीं होते थे।

वनों की कटाई के कारण: वनों की कटाई के पीछे कई कारण हैं। वनों की कटाई के विभिन्न कारण इस प्रकार हैं:

1. अतिचारण– वनों में अतिचारण नए पुनर्जीवित विकास को नष्ट कर देता है। यह मिट्टी को अधिक संकुचित और अभेद्य भी बना देता है। जैविक पदार्थों के विनाश के कारण मिट्टी कम उपजाऊ हो जाती है। अत्यधिक चराई वाली मिट्टी में कुछ प्रजातियों के बीज अंकुरित नहीं होते हैं, जिससे प्रजातियों की संख्या में कमी आती है। अतिचारण से मरुस्थलीकरण भी होता है। घरेलू जानवर इस प्रकार अपनी प्राकृतिक चराई और चारे के समर्थन से वंचित हो जाते हैं। अतिचारण मिट्टी के अपरदन को भी तेज करता है। मिट्टी के अपरदन के परिणामस्वरूप खनिजों और पोषक तत्वों का ऊपरी मिट्टी से हटना होता है और मिट्टी की संरचना प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है, जो अंततः उत्पादकता को कम कर देती है। उपग्रह इमेजरी डेटा से पता चलता है कि चरागाह भूमि के तहत क्षेत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। वनों में अनियंत्रित और अनियंत्रित चराई से वन की मिट्टी का क्षरण होता है और वनों का प्राकृतिक पुनर्जीवन प्रभावित होता है।

2. झूम कृषि– यह पूर्वोत्तर भारत में सबसे आम है। भारी जल अपरदन के कारण झूम खेती स्थानीय रूप से झूम कहा जाता है। कई किसान कृषि और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए वनों को नष्ट कर देते हैं और जब बार-बार खेती करने के कारण मिट्टी की उर्वरता समाप्त हो जाती है, तो एक नया वन क्षेत्र नष्ट हो जाता है। इसलिए किसानों को सलाह दी जानी चाहिए कि वे खेती के लिए उसी भूमि का उपयोग करें और उन्नत कृषि विधियों का उपयोग करें। अनुमान है कि हर साल लगभग एक मिलियन हेक्टेयर भूमि झूम कृषि के कारण बंजर हो जाती है।

3. ईंधन की लकड़ी– वनस्पति की अधिकतम क्षति ईंधन की लकड़ी के लिए की जाती है। कुल ईंधन लकड़ी के उपयोग में लगभग 85 प्रतिशत का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में और 15 प्रतिशत का उपयोग शहरी क्षेत्रों में किया जाता है। 1987 में शहरों में वार्षिक ईंधन लकड़ी की खपत 134 मिलियन टन थी। भारतीय वन सर्वेक्षण (1987) के एक अनुमान के अनुसार, देश में ईंधन की लकड़ी की वार्षिक मांग 235 मिलियन क्यूबिक मीटर थी। इस प्रकार ईंधन की लकड़ी वनों की कटाई का एक प्रमुख कारण है।

4. वन की आग– बार-बार आग लगने से भारत में वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। कुछ आग आकस्मिक होती हैं जबकि उनमें से अधिकांश जानबूझकर लगाई जाती हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण (1996) द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, औसतन 63.1% वनस्पति आग से प्रभावित होती है। आंकड़े आगे बताते हैं कि आग हर साल लगभग 0.5 मिलियन हेक्टेयर वन को नष्ट कर देती है।

5. काठ– काठ और प्लाईवुड उद्योग मुख्य रूप से वनों के वृक्षों के विनाश के लिए जिम्मेदार हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण 1987 के अनुसार, वार्षिक मांग के मुकाबले 27 मिलियन क्यूबिक मीटर से अधिक काठ की आवश्यकता थी, जबकि वनों से लकड़ी की अनुमेय कटाई केवल 12 मिलियन क्यूबिक मीटर थी।

6. उद्योग स्थापना– कभी-कभी कारखाने वनों को नष्ट करने के बाद स्थापित किए जाते हैं। इस प्रकार थोड़े से लाभ के लिए अपूरणीय क्षति होती है। इस प्रक्रिया में कीमती पौधे, वन्यजीव और दुर्लभ पक्षी नष्ट हो जाते हैं और पर्यावरण की गुणवत्ता प्रतिकूल रूप से प्रभावित होती है। कारखाने को बंजर भूमि पर शहरी आबादी से दूर स्थापित किया जाना चाहिए। पहाड़ियों में वन आधारित उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति वनों के विनाश का एक और प्रमुख कारण है। रेजिन और तारपीन उद्योग जैसे वन आधारित उद्योग भी पहाड़ियों में वृक्षों के विनाश के लिए जिम्मेदार हैं।

7. वनों का अतिक्रमण– भारत में वनों की कटाई का एक और कारण आदिवासियों द्वारा कृषि और अन्य उद्देश्यों के लिए वनों की भूमि का अतिक्रमण है। भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 7 मिलियन हेक्टेयर वन भूमि का कृषि के लिए अतिक्रमण किया गया है। हालांकि ऐसी भूमि कृषि उत्पादन के लिए अच्छा योगदान देती है, लेकिन पर्यावरणीय खतरों को भी उत्पन्न करती है। इसलिए वन भूमि को कृषि भूमि में बदलना उचित नहीं है।

8. वन रोग– परजीवी कवक, रस्ट, वायरस और नेमाटोड के कारण होने वाली कई बीमारियों के कारण वनस्पति का मृत्यु और क्षय होता है। नेमाटोड के आक्रमण के कारण युवा पौधों का विनाश हो जाता है। दिल की सड़न, ब्लिस्टर रस्ट, ओक विल्ट, फ्लोएम नेक्रोसिस और डच एल्म रोग जैसी कई बीमारियां बड़ी संख्या में वृक्षों को नुकसान पहुंचाती हैं।

9. भूस्खलन– पहाड़ियों में भूस्खलन के कारण वनों की कटाई एक बड़ी चिंता का विषय है। यह देखा गया है कि भूस्खलन मुख्य रूप से उन क्षेत्रों में हुआ जहां पिछले कुछ दशकों से विकास गतिविधियां चल रही थीं। पहाड़ी इलाकों में सड़कों और रेलमार्गों का निर्माण, बड़े सिंचाई परियोजनाओं की स्थापना ने वनों को काफी हद तक नष्ट कर दिया है और अपक्षय की प्राकृतिक प्रक्रिया को तेज कर दिया है।

10. कटाव का निर्माण– बड़ी नदियों (यमुना और चंबल) के किनारे की वन और कृषि भूमि गंभीर कटाव के खतरे का सामना कर रही है। एक बार कटाव बनने के बाद, वे वनस्पति आवरण को नष्ट करते रहते हैं।

11. जनसंख्या में वृद्धि– भारत की जनसंख्या 1951 में 36 करोड़ थी। और यह हाल के वर्ष में 1.22 बिलियन तक पहुंच गई है। बढ़ती जनसंख्या को निवास के लिए भूमि की आवश्यकता होती है। इसलिए वे वनों की कटाई की आदत का उपयोग करते हैं।

निष्कर्ष – वनों की कटाई पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरा है। जब तक इस समस्या का तात्कालिक चिंता के साथ समाधान नहीं किया जाता, यह पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए हानिकारक साबित होगा। वन एक ऐसा स्रोत हैं जो पृथ्वी की जलवायु को संतुलित मोड में रखते हैं। वनों की कटाई पृथ्वी पर जलवायु के असंतुलित व्यवहार का कारण बनेगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

रामनगर (मण्डला) का स्थापत्य (गोंड राजवंश के संदर्भ में)

महेन्द्र सिंह उइके*

* शोधार्थी (इतिहास) एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – रामनगर, मण्डला जिले का एक कस्बा है। यह मण्डला जिले से 20 किलोमीटर दूर नर्मदा नदी के तट पर स्थित है। नर्मदा नदी के दक्षिणी किनारे पर रामनगर रैयतबाडी में किले का निर्माण राजा हृदयशाह ने करवाया था। यह नगर गढ़ा–मण्डला के गोंडवंश की राजधानी बना। गोंड राजाओं के साथ बुन्देला वैमनस्य तथा दिल्ली दरबार की उपेक्षा का परिणाम था कि रामनगर नई राजधानी के रूप में विकसित हुआ। रामनगर को राजा हृदयशाह/हिरदैसाहि ने राजधानी बनाया। रामनगर में अलग अलग किले निर्मित किये गये जो समूह के रूप में है। जिसमें मोतीमहल, (राजमहल) रामभगत की कोठी, विष्णु मंदिर, बेगन महल, चौगान, दल बादल महल चौगान आदि है।

मार्ग– यह नगर मण्डला मुख्यालय से 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रामनगर सड़क मार्ग द्वारा बस या निजी वाहन से पहुंचा जा सकता है।

इस स्थान पर गोंड नरेश हृदयशाह द्वारा निर्मित सुन्दर एवं भव्य महल है जो गोंड राजाओं की सर्वोत्तम कृति है। इसी महल में एक शिलालेख है जो राजा हृदयशाह ने अंकित कराया था, जिसे रामनगर शिलालेख कहा जाता है। इस शिलालेख में गोंड राजवंश की वंशावली लिखी गयी है जो इस वंश के आदि पुरूष यादवराय से प्रारम्भ एवं हृदयशाह पर समाप्त होती है।

भौगोलिक स्थिति – 'रामनगर की भौगोलिक स्थिति 22.59^0 उत्तरी अक्षांश तथा 80.37^0 पूर्वी देशान्तर है।'[1]

प्राकृतिक दृष्टि से रामनगर, सुरम्य वातावरण से युक्त स्थान है। इस नगर के आसपास सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला की पहाड़ियां हैं जो सघन वन से युक्त हैं। रामनगर को गोंड नरेश हृदयशाह ने अपनी राजधानी बनाया।

गढ़ा के शासकों की प्रथम राजधानी गढ़ा (जबलपुर) थी। इसी कारण गोंडवंश का गढ़ा का गोंड वंश या गढ़ा राज्य भी कहा जाता है। गढ़ा के साथ गढ़ा–कटंगा, गढ़ा–मण्डला का नाम भी जोड़ा जाता है।

गढ़ा के पश्चात् राजा दलपतिशाह के शासनकाल में राजनीतिक राजधानी का दर्जा सिंगोरगढ़ को प्राप्त हुआ। हालांकि गढ़ा को कभी विस्मृत नहीं किया गया। दलपतिशाह की असमय मृत्यु के पश्चात् राजा दलपतिशाह के अल्प वयस्क पुत्र वीरनारायण को गढ़ा–मण्डला राज्य का राजा घोषित किया गया।

'दलपतिशाह की मृत्यु के समय 'वीरनारायण की आयु 5 वर्ष की थी।'[2] कतिपय विद्वान कुंवर वीरनारायण की आयु के विषय में पृथक मत रखते हैं। रामभरोस अग्रवाल की पुस्तक 'गढ़ा–मण्डला के गोंड राजा' में 'दलपतिशाह की मृत्यु के समय वीरनारायण की आयु 3 वर्ष उल्लेखित है।'[3] वीरनारायण की माता रानी दुर्गावती ने अपने अल्प वयस्क पुत्र की संरक्षिका बन कर शासन किया। राज्य एवं राजधानी गढ़ा ही थी परन्तु राजा हृदयशाह सिंगौरगढ़ में रहना पसन्द करते थे। अत: राजनीतिक रूप से राजधानी का दर्जा सिंगौरगढ़ को प्राप्त था। इस समय गोंड राजाओं का प्रमुख राजकोष सतपुड़ा की पहाड़ियों में स्थित एवं सुरक्षित स्थाना चौरागढ़ दुर्ग में रहता था।

राजा प्रेमनारायण/प्रेमशाह के शासनकाल में मुख्यालय चौरागढ़ रहा। राजा प्रेमनारायण की हत्या बुन्देला शासक जुझार सिंह ने कर दी। प्रेमनारायण के पुत्र राजा हृदयशाह के समय भी मुख्यालय चौरागढ़ दुर्ग ही था।

मुगल शासक शाहजहां के काल मे ओरछा के शासक पहाड़सिंह ने चौरागढ़ पर आक्रमण किया, शाहजहां द्वारा चौरागढ़ का जागीरदार पहाड़सिंह को बनाया गया था। राजा हृदयशाह को चौरागढ़ छोड़ना पड़ा। इस राजा हृदयशाह ने रामगढ़ को राजधानी बनाने का निर्णय लिया और रामनगर में नयी राजधानी के भवनों का निर्माण कराया। 'रामनगर में सन् 1652 में राजधानी स्थापित हुयी। रामनगर में जो शिलालेख हैं वह शिलालेख सन् 1667 ई. का है।'[4]

शिलालेख लिखे जाने के समय तक रामनगर के दुर्ग सदृष महल के समस्त भवन निर्मित हो चुके थे। बाद में निर्माण कार्य होते रहे होंगे ऐसा कहा जा सकता है।

रामनगर का राजा का महल जो मोती महल के नाम से प्रसिद्ध है। रामनगर के प्रमुख स्मारकों में मोतीमहल, रानी महल, बादल महल, रायभगत की कोठी एवं विष्णु मन्दिर हैं। सभी स्मारक मिश्रित शैली में निर्मित हैं। विशेष रूप से निवास स्थानों में मुस्लिम कालीन (ईरानियन) कला शैली का विशेष प्रभाव दिखलाई देता है। मोती महल यह महल नर्मदा के तट पर स्थित है। यह महल उत्तर दिशा की तरफ सामना है यह महल चौकौन बनाया गया है 212 फीट लम्बा एवं 200 फीट चौडा है। इस महल मे केन्दीय खूला आंगन है। जो 167 फीट ग 156 फीट लम्बा चौडा है। जिसके मध्य में एक पानी का कुण्ड है। यह किला तीन मंजिला बनवाया गया है जो कि सकरी सीढियों के रास्ते से जुडा है। महल में शाही शयन कक्ष बडे बडे दरबार कक्ष, नृत्य कक्ष, शाही रसोई कक्ष, नर्मदा की ओर मुख बाले अनेकों बरामदें, छत, है। मोतीमहल में तहखाने भी है जो सुरंग के माध्यम से जुडे है। बर्षा के पानी के बहाव के लिये भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है। मोती महल पत्थरों से बनाया गया एक वास्तुकला की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण महल है। जो ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में माना जाता है।

रामनगर सबसे प्रसिद्ध एवं विशाल स्मारक है। इस महल को दुर्ग का स्वरूप प्रदान करने का प्रयास किया गया है। इस स्मारक के उत्तार में नर्मदा नदी प्रवाहमान है। इसी तरफ इस महल का प्रमुख द्वार था। महल की अन्य दिशाओं में भी कई और द्वार रहे होंगे।

मोतीमहल का आकार आयताकार है। इस महल के मध्य में एक विशाल प्रांगण है। प्रांगण के मध्य एक विशाल जलकुण्ड है। यह स्मारक तीन मन्जिला है। इस महल निर्माण शैली में मेहराब तथा गुम्बद का प्रयोग किया गया है। यह शैली मुगलशैली कहलाती है। वस्तुत: यह निर्माण शैली ईरानी शैली है। मोतीमहल के प्रांगण के चारों ओर कक्ष निर्मित हैं। ये कक्ष भी आयताकार हैं अर्थात् लम्बाई में अधिक तथा चौड़ाई में कम। इन कक्षों के सम्मुख बरामदे हैं जो इस महल की भव्यता बढ़ा देते हैं। अधिकतर निर्माण सादा हैं फिर भी अलंकरण मिल जाता है। समस्त भवनों कक्षों पर चूने का प्लास्टर किया गया है। मोतीमहल के सबसे ऊपर के भाग के कोण कक्षों पर गुम्बद निर्मित किये गये हैं।

स्नानागार – मोतीमहल के प्रांगण में एक विशाल स्नानागार है। जिसे कुण्ड भी कहा जाता है। यह जलकुण्ड दो तल में विभक्त है। ऊपरी तल की लम्बाई 95.54 फुट तथा चौड़ाई 83.64 फुट है। यह तल 4.26 फुट गहरा है। यह कुण्ड भी मोतीमहल की तरह आयताकार है। पूर्व से पश्चिम दिशा की लम्बाई 95.54 फुट तथा उत्तार से दक्षिण दिशा में चौड़ाई 83.64 फुट है।

कुण्ड का निचला तल – पूर्व से पश्चिम दिशा में 76.19 फुट लम्बा तथा 48.34 फुट चौंड़ा है। इसकी गहराई 3.93 फुट है।

भागवतराय (रायभगत) की कोठी – रामनगर के स्मारकों में रायभगत की कोठी एक प्रमुख स्मारक है। यह स्मारक मोतीमहल से लगभग 250 मीटर की दूरी पर स्थित है। यह स्मारक एक ऊँचे प्लेटफार्म पर स्थित है। यह प्रवेश द्वार दो मन्जिला है। प्रवेशद्वार में सफेद पत्थर का प्रयोग किया गया है। प्रवेश की पहली मन्जिल पर द्वार एवं गवाक्षयुक्त कक्ष हैं। उसके ऊपर मुण्डेर युक्त छत है। इस किलो को हृदयशाह के कार्यकाल में निर्मित किया गया था जो कि उनके दीवान रामभगत के लिये ही बनाई गई थी। यह मोतीमहल से 500 मीटर दूर है, इसे मंत्री महल भी कहा जाता है। यह भवन दक्षिण दिशा की ओर सामना है। भवन के मुख्य द्वार पर उँची चादर की बाडी बनाई गई है। यह महल अधिक व्यवस्थित तरीके से बनाया गया है। इसके चारों कोनों पर गुम्बद है। बीच में आंगन है। महल में कलाकृत चित्रित छत है। सभी कक्ष बडे, व आंगन से जुडे है। यह स्मारक भी 1984 से राज्य संरक्षित स्मारक से जुडा है।

रायभगत की कोठी अन्दर से मोती महल जैसा भवन है। यह भवन चौकोर है। तीन मन्जिला भवन के बीच में चौकोर प्रांगण हैं, प्रांगण के मध्य वर्गाकार जलकुण्ड है जिसमें वर्तमान समय में कमल पुष्प पल्लिवित हैं। आंगन के चारों ओर बरामदे हैं तथा बरामदों के पीछे वर्गाकार कक्ष निर्मित किये गये थे। कोठी के चारों ओर के कोणों पर चार गुम्बद निर्मित हैं जो कि मध्यकालीन स्थापत्य कला का सुन्दर उदाहरण है।

'भागवतराय का यह भवन गोंड नरेश हृदयशाह द्वारा निर्मित कराया गया था। भागवत राय राजा हृदयशाह के दरबार का मन्त्री था।'

दल बादल महल –भगवत राय की कोठी से कुछ दूरी पर दल-बादल नाम का एक स्मारक है। यह स्मारक भी राजा हृदयशाह के शासनकाल में निर्मित हुआ इसे हवामहल भी कहा जाता है। यह स्मारक वर्गाकार है। स्मारक के चारों ओर गजपृष्ठाकार मेहराबें दिखलाई देती हैं। यह महल भी तीन मन्जिला भवन है जिसमें सौन्दर्य का आनन्द लेने हेतु निर्मित किया गया होगा।

रानीमहल रामनगर – राजाहृदयशाह के शासनकाल में निर्मित यह भवन रानीमहल और बेगम महल भी कहा जाता है। बेगम महल मोती महल से लगभग 2-5 किलोमीटर दूर उत्तर पूर्व दिशा में स्थित है। राजा हृदयशाह द्वारा चिमनी रानी (जो राजा हृदयशाह की दूसरी पत्नि) के नाम से बनाया गया है। चिमनी रानी मुगल परिवार से थी यह महल भी तीन मंजिल का मुगल शैली का प्रभाव वाला महल है। महल में उपर की ओर गुम्बद बनाये गय है। यह महल उत्तर पश्चिम सामना वाला महल है। महल में पानी का कुण्ड भी बनाया गया है। यह भवन सुन्दर एवं रमणीय स्थान पर निर्मित है। यह भवन कहीं-कहीं तीन मन्जिला और कहीं चार मन्जिला है। यह महल अनेक कक्षों से युक्त एक आयताकार भवन है। जिसके चारों कोणों पर गुम्बद निर्मित किये गये हैं। इस भवन को एक ऊँची जगती पर निर्मित किया गया है। महल अब भी दृढ़ स्थिति में है।

इस स्मारक में मुगल स्थापत्य कला का आधिपत्य है। इस स्मारक में एक सुन्दर बावड़ी है जिसमें अब भी वर्ष भर पानी रहता है।

विष्णु मन्दिर – राजा हृदयशाह के शासनकाल में रामनगर में एक विष्णु मन्दिर का निर्माण उनकी पत्नी सुन्दरी देवी ने कराया था। यह मन्दिर मोतीमहल के पास ही है। इस मन्दिर का निर्माण मध्यकालीन स्थापत्य शैली में पंचायतन शैली के अन्तर्गत किया गया है। यह मंदिर मोतीमहल से 30 किलोमीटर दूर है। महल दक्षिण-पश्चिम दिशा में बना है। चौकोन निर्माण है। महल के अंदर भी चौकोन कक्ष है। जिसपर गुम्बद बनाये गये है। चारों कौनों में छोटे-छोटे गुम्बद बनाये गये है। चारों तरफ खुला बरामदा है। इस मंदिर में विष्णु जी की मूर्ति के अलावा, शिव, गणेश, सूर्य एवं दुर्गा जी भी विराजमान है। यह मंदिर भी 1984 में राज्य संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है।

मन्दिर के चार कोणों पर चार कक्ष हैं और उन कक्षों पर गुम्बद निर्मित हैं। इसमें प्रमुख देव श्री हरि विष्णु हैं मन्दिर उन्हीं को समर्पित था। इसके अतिरिक्त भगवान विष्णु के इस मन्दिर में भगवान शिव, गणेश, सूर्य एवं एक देवी की प्रतिमा थी। वर्तमान समय में मन्दिर प्रतिमाओं से रिक्त है। इस मन्दिर की अधिकांश प्रतिमायें जिला संग्रहालय मण्डला में संरक्षित हैं।

रामनगर किला

रामनगर किला में स्थित शिलालेख

रामनगर किला (राजधानी)

मोतीमहल प्रांगण में स्नानागार

राम भगवत राय की कोठी

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. गूगल नेट से साभार।
2. सिंह, डॉ. रामसिया, पृष्ठ 92
3. अग्रवाल, रामभरोस- गढ़ा मण्डला के गोंड राजा, गोंडी पब्लिक ट्रस्ट, मण्डला विक्रम सम्बत- 2068, पृष्ठ 48
4. सिंह, डॉ. रामसिया, पृष्ठ- 151
5. सिंह, डॉ. रामसिया पूर्वोक्त पृष्ठ -151
6. छायाचित्र शोधार्थी द्वारा स्वयं संकलित।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

शिक्षक-शिक्षा का पुनरूद्धार : शिक्षक-शिक्षा कार्यक्रम की भूमिका

केशव लाल गुप्ता*

* सहायक आचार्य, भगवती शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय,गंगापुर सिटी एवं शोधार्थी, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

प्रस्तावना – शिक्षा बहुत समय से लोगों का सामाजिक बहिस्कार करने के साधन के रूप मे काम करती रही है। इस तरह से इसने बिषमता को खत्म करने एवं बेहतर समाज के निर्माण के संविधान के उद्देश्यों को प्राप्त करने मे बाधा का ही काम किया है। आज हमारी शिक्षा व्यवस्थाओं मे शिक्षक को सुचना प्रदान करने वाला और विद्यार्थियों को चारदीवारी से घिरे बंद कक्ष मे चुपचाप बिना किसी प्रतिक्रिया के उन सुचनाओं को प्राप्त करने वाले एक मूक श्रोता के रूप मे देखा जा रहा है।

2. जनजातीय जिले बांसवाड़ा में शैक्षिक पर्यवेक्षण सम्बन्धी चुनौतियों के समाधान पर सुझाव देना।

शोध विधि एवं अध्ययन क्षेत्र– अध्ययन का उद्देश्य राजस्थान राज्य के शिक्षा विभाग के अन्तर्गत शैक्षिक पर्यवेक्षण सम्बन्धित प्रक्रिया व समस्याओं का अध्ययन करना है जो कि वर्तमान समय की समस्याओं से सम्बन्धित अध्ययन है अत: शोध विषय की प्रकृति एवं उद्देश्यों को ध्यान रखते हुए सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के शहरी व ग्रामीण माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों तक सीमित रखा गया है।

बांसवाड़ा जिले का कुल क्षेत्रफल 5037 वर्ग किलोमीटर है जिसमें नगरीय क्षेत्रफल 22 वर्ग किलोमीटर और ग्रामीण क्षेत्रफल 5015 वर्ग किलोमीटर है। बांसवाड़ा की नींव महारावल जगमाल सिंह ने डाली थी। इस क्षेत्र में बांस के पेड़ प्रचुरता में पाए जाने व बांसिया भील द्वारा बसाये जाने के कारण इस क्षेत्र का नाम बांसवाड़ा पड़ा है। बांसवाड़ा के लगभग मध्य में से कर्क रेखा गुजरती है, जिस कारण इसका अधिकांश भाग उष्ण कटिबंध के अंतर्गत आता है। डूंगरपुर एवं बांसवाडा दोनों को संयुक्त रूप से प्राचीनकाल में वागड़ प्रदेश के नाम से जाना जाता था। प्राचीन काल में यह प्रदेश वाग्वर प्रदेश के नाम से भी जाना जाता था। इसकी राजधानी अर्थुना थी एवं इस पर परमारों का शासन था। यह जिला एक जनजाति बहुल जिला है। राजस्थान के एकीकरण के द्वितीय चरण 25 मार्च 1948 को बांसवाड़ा रियासत का राजस्थान में विलय हुआ था। 2011 की जनगणना के अनुसार बांसवाड़ा जिले की जनसंख्या 17,97,485 है और लिंगानुपात 980,साक्षरता दर 56.3 प्रतिशत, पुरुष साक्षरता 69.5 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता 43.1 प्रतिशत है।

न्यादर्श – अध्ययन हेतु दक्षिणी राजस्थान के जनजातीय धनत्व वाले बांसवाड़ा जिले से 20 विद्यालयों का चयन किया गया है। चयनित 20 विद्यालयों में से 5 शहरी क्षेत्र व 15 ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय है तथा प्रत्येक विद्यालय से 5–5 शिक्षकों (कुल 100) का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया।

शोध उपकरण –प्रस्तुत शोधकार्य में तथ्य संकलन हेतु उपकरण के रूप में शैक्षिक पर्यवेक्षण से सम्बन्धित चुनौतियों हेतु स्वनिर्मित अभिमतावली को सम्मिलित किया गया है। जिसमें कुल 5 प्रश्नों को समाहित किया गया है जो निम्नानुसार है:–

1. क्या शैक्षिक पर्यवेक्षण जनजाति समूह के विद्यार्थियों के विकास में सहायक नहीं हो पाता है?
2. क्या शैक्षिक पर्यवेक्षण की प्रक्रिया में शाला प्रधान को शिक्षको का सहयोग नहीं मिल पाता है?
3. क्या जनजाति क्षेत्र को भौगोलिक स्थिति के कारण पर्यवेक्षण सुचारू रूप से नहीं हो पाता है?
4. क्या संस्था प्रधान पर अतिरिक्त विभागीय जिम्मेदारियों के कारण पर्यवेक्षण प्रक्रिया बाधित होती है?
5. क्या विद्यालय में पर्यवेक्षण अधिकारियों से संबंधित असहजता बनी रहती है?

शिक्षकों के अभिमत

तालिका संख्या 0.1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 0.1 में बाँसवाड़ा जिले के उत्तरदाताओं से शैक्षिक पर्यवेक्षण का जनजाति समूह के विद्यार्थियों के विकास में सहायक नहीं होने पर प्रश्न किया गया जिसके जवाब में पाया गया कि शहरी क्षेत्र के 26.32 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 64.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हाँ में जवाब दिया है और शहरी क्षेत्र के 36.84 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 33.33 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अपनी असहमती दी है। अत: तालिका में Chi^2 का मान 22.366 रहा जिसके आधार पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों के अभिमत

में 0.01 स्तर पर सार्थक अन्तर पाया गया।

तालिका संख्या 0.2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 0.2 में बाँसवाड़ा जिले के उत्तरदाताओं से शाला प्रधान को शैक्षिक पर्यवेक्षण की प्रक्रिया में शिक्षकों का सहयोग नहीं मिलने पर प्रश्न किया गया जिसके जवाब में पाया गया कि शहरी क्षेत्र के 21.05 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 38.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हाँ में जवाब दिया है एवं शहरी क्षेत्र के 73.68 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 53.33 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नहीं में जवाब दिया है। अत: तालिका में Chi^2 का मान 1.691 रहा जिसके आधार पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों के अभिमत में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया था।

तालिका संख्या 0.3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 0.3 में बाँसवाड़ा जिले के उत्तरदाताओं से भौगोलिक स्थिति के कारण जनजाति क्षेत्र में पर्यवेक्षण के सुचारू रूप से नहीं होने पर प्रश्न किया गया जिसके जवाब में पाया गया कि शहरी क्षेत्र के 31.58 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 34.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हाँ में जवाब दिया है। अत: प्राप्त तथ्यों के अनुसार Chi^2 का मान 0.565 रहा इसके अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों के अभिमत में कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

तालिका संख्या 0.4 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 0.4 में बाँसवाड़ा जिले के उत्तरदाताओं से संस्था प्रधान पर अतिरिक्त विभागीय जिम्मेदारियों के कारण पर्यवेक्षण प्रक्रिया बाधित होने पर प्रश्न किया गया जिसके जवाब में पाया गया कि शहरी क्षेत्र के 73.68 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 66.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हाँ में जवाब दिया है। अत: तालिका में Chi^2 का मान 0.097 रहा एवं शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों के अभिमत के कोई सार्थक अन्तर नहीं पाया गया।

तालिका संख्या 0.5 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 0.5 में बाँसवाड़ा जिले के उत्तरदाताओं से विद्यालय में पर्यवेक्षण अधिकारियों से संबंधित असहजता बने रहने पर प्रश्न किया गया जिसके जवाब में पाया गया कि शहरी क्षेत्र के 36.84 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 42.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने हाँ में जवाब दिया है। अत: प्राप्त तथ्यों के अनुसार तालिका में Chi^2 का मान 1.148 रहा इसके अनुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों के अभिमत में कोई अन्तर नहीं पाया गया।

निष्कर्ष :

1. शहरी क्षेत्र के 26.32 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 64.00 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने शैक्षिक पर्यवेक्षण को जनजाति समूह के विद्यार्थियों के विकास में सहायक नहीं माना है।
2. शहरी क्षेत्र के 73.68 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 53.33 प्रतिशत उत्तरदाता मानते है कि शाला प्रधान को शैक्षिक पर्यवेक्षण की प्रक्रिया में शिक्षकों का सहयोग नहीं मिलता।
3. शहरी क्षेत्र के 31.58 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 34.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार भौगोलिक स्थिति के कारण जनजाति क्षेत्र में पर्यवेक्षण के सुचारू रूप से नहीं हो पाता है।
4. शहरी क्षेत्र के 73.68 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 66.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार संस्था प्रधान पर अतिरिक्त विभागीय जिम्मेदारियों के कारण पर्यवेक्षण प्रक्रिया बाधित होती है।
5. शहरी क्षेत्र के 36.84 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र के 42.67 प्रतिशत उत्तरदाताओं के अनुसार विद्यालय में पर्यवेक्षण अधिकारियों से संबंधित असहजता बनी रहती है जिससे पर्यवेक्षण प्रक्रिया बाधित होती है।

सुझाव:

1. पर्यवेक्षण कार्य समन्वित एवं सुनियोजित तरीके से विकास के लिए समग्र नीतियों का समन्वयन द्वारा किया जावें।
2. नयी-नयी योजनाओं और आवश्यक नियमों का नियोजन होना चाहिए एवं परिवर्तन द्वारा नए नियमों का निर्माण एवं नवाचार को बढ़ावा दिया जाए।
3. शिक्षकों को गैर शैक्षिक गतिविधि में नहीं लगाना चाहिए एवं विद्यार्थी को भयमुक्त रखने का प्रयास करते हुए वातावरण मित्रतावत एवं उचित सहयोग देने वाला होना चाहिए।
4. पर्यवेक्षणकर्त्ता सम्बलन प्रदाता के रूप में हो एवं समय-समय पर पर्यवेक्षण कर सही समाधान करने वाला होना चाहिए।
5. पर्यवेक्षण के सुझाव लिखित रूप में देने चाहिए एवं छात्रों द्वारा बोली जाने वाली स्थानीय बोली में चर्चा का आयोजन किया जाए। पर्यवेक्षणकर्त्ता सहज रूप से चर्चा करे।
6. विद्यालय में पर्यवेक्षण औपचारिक मात्र नहीं होना चाहिए। पर्यवेक्षण के दौरान जो कमियाँ है उन्हें दूर करने हेतु कार्य योजना बनाकर दुबारा देखना चाहिए।
7. सुधारात्मक कार्यों पर बल, भौतिक, शैक्षिक व मानवीय संसाधनों की कमी को पूरा करने का प्रयास किया जाए।
8. जनजाति क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए समय-समय पर निर्देशन एवं प्रशिक्षकों द्वारा सेमिनार का आयोजन किया जाए तथा विद्यालय में खेलकूद की गतिविधियों के नियमित संचालन एवं सहभागिता को बढ़ावा दिया जाय।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. McFee, J. (2017). City Maps Banswara India. (n.p.): CreateSpace Independent Publishing Platform.
2. Rajasthan District G.K.: English Medium. (n.d.). (n.p.): Atharv Publication.
3. प्रो. एल. के. ओड़, (2014) 'शैक्षिक प्रशासन', राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
4. सुरेन्द्र कुमार साहरण ,(2008) 'शैक्षिक पर्यवेक्षण का स्वरूप एवं प्रासंगिकता', शिविरा पत्रिका।

तालिका संख्या 0.1 : शैक्षिक पर्यवेक्षण और विद्यार्थियों का विकास

अभिमत	शहरीN=19	प्रतिशत	ग्रामीणN=75	प्रतिशत	कुलN=94	कुल प्रतिशत	Chi²Sq.	Sig.
हाँ	5	26.32	48	64.00	53	56.38	22.366	0.01
नहीं	7	36.84	25	33.33	32	34.04		
अनिश्चित	7	36.84	2	2.67	9	9.57		
कुल योग	19	100.00	75	100.00	94	100.00		

तालिका संख्या 0.2 : शाला प्रधान को शिक्षकों का सहयोग नहीं मिलता है

अभिमत	शहरीN=19	प्रतिशत	ग्रामीणN=75	प्रतिशत	कुलN=94	कुल प्रतिशत	Chi²Sq.	Sig.
हाँ	4	21.05%	29	38.67%	33	35.11%	1.691	असार्थक
नहीं	14	73.68%	40	53.33%	54	57.45%		
अनिश्चित	1	5.26%	6	8.00%	7	7.45%		
कुल योग	19	100.00%	75	100.00%	94	100.00%		

तालिका संख्या 0.3 : भौगोलिक स्थिति और पर्यवेक्षण

अभिमत	शहरीN=19	प्रतिशत	ग्रामीणN=75	प्रतिशत	कुलN=94	कुल प्रतिशत	Chi²Sq.	Sig.
हाँ	6	31.58	26	34.67	32	34.04	0.565	असार्थक
नहीं	11	57.89	37	49.33	48	51.06		
अनिश्चित	2	10.53	12	16.00	14	14.89		
कुल योग	19	100.00	75	100.00	94	100.00		

तालिका संख्या 0.4 : संस्था प्रधान एवं अतिरिक्त जिम्मेदारियाँ

अभिमत	शहरीN=19	प्रतिशत	ग्रामीणN=75	प्रतिशत	कुलN=94	कुल प्रतिशत	Chi²Sq.	Sig.
हाँ	14	73.68	50	66.67	64	68.09	0.097	असार्थक
नहीं	5	26.32	25	33.33	30	31.91		
अनिश्चित	0	0.00	0	0.00	0	0.00		

तालिका संख्या 0.5 : पर्यवेक्षण अधिकारियों से सम्बन्धित असहजता

अभिमत	शहरीN=19	प्रतिशत	ग्रामीणN=75	प्रतिशत	कुलN=94	कुल प्रतिशत	Chi²Sq.	Sig.
हाँ	7	36.84%	32	42.67%	39	41.49%	1.148	असार्थक
नहीं	12	63.16%	40	53.33%	52	55.32%		
अनिश्चित	0	0.00%	3	4.00%	3	3.19%		
कुल योग	19	100.00%	75	100.00%	94	100.00%		

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के बदलते स्वरूप का प्रभाव : कटनी जिले का भौगोलिकअध्ययन

डॉ. मोहन निमोले* दशरथ प्रसाद**

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शास. माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (भूगोल) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शास. माधव महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और छोटे किसानों की आजीविका में सुधार के लिए कृषि विविधीकरण एक प्रमुख रणनीति के रूप में उभरा है। कृषि योग्य भूमि सीमित है, ऐसी दशा में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में विपुल उत्पादन हेतु कृषि भी आधुनिक उन्नत तकनीकी का प्रयोग का संयोजन देखने को मिलता है। वर्तमान में आधुनिक तकनीकी के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के बदलते स्वरूप के प्रभावों का अध्ययन।
शब्द कुंजी –मोनो-क्रॉपिंग, स्थानांतरित, प्रौद्योगिकी, नवाचार।

प्रस्तावना – विकासशील देशों में सतत् ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और छोटे किसानों की आजीविका में सुधार के लिए कृषि विविधीकरण एक प्रमुख रणनीति के रूप में उभरा है। पारंपरिक मोनो-क्रॉपिंग प्रणालियों से अधिक विविध कृषि पद्धतियों में स्थानांतरित होकर, किसान अपनी आय और खाद्य सुरक्षा में वृद्धि करते हुए आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक झटकों के प्रति अपनी लचीलापन बढ़ा सकते हैं। इस शोध पत्र का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कृषि के विविध रूपों के प्रभाव का पता लगाना है, जिसमें उन भौगोलिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है जो विविधीकरण रणनीतियों को अपनाने और उनकी सफलता को प्रभावित करते हैं। वर्तमान समय में बढती हुई जनसंख्या का प्रभाव कृषि उत्पादन पर भी पड़ा है फलस्वरूप कृषि से जो उत्पादन होता है, वह सभी के लिए पर्याप्त नहीं होता है। कृषि योग्य भूमि सीमित है, ऐसी दशा में दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में विपुल उत्पादन हेतु कृषि भी आधुनिक उन्नत तकनीकी का प्रयोग का संयोजन देखने को मिलता है। वर्तमान में आधुनिक तकनीकी के कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के बदलते स्वरूप के प्रभावों का अध्ययन प्रस्तुत शोध पत्र में किया गया है।

अध्ययन के उद्देश्य : अध्ययन के उद्देश्य निम्नानुसार है:

1. ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के बदलते स्वरूप का प्रभाव।
2. ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि के बदलते स्वरूप का आर्थिक विकास में योगदान।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि के क्षेत्र में रोजगार के अवसर तैयार करना।
4. ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि की क्षेत्र प्रौद्योगिकी नवाचार तैयार करना ।

अध्ययन क्षेत्र: भारत के हृदय प्रदेश में उत्तर पूर्व में स्थित कटनी जिला, जबलपुर जिले की एक तहसील मुडवारा को 1998 में अलग कर कटनी जिले को बनाया गया। कटनी जिले का दूसरा नाम **'मार्बल नगरी'** के नाम से जाना जाता है। कटनी जिले की भौगोलिक स्थिति का विस्तार $23^{0}37'$ से $24^{0}28'$ उत्तरी अक्षांश तथा $79^{0}57'$ से $80^{0}58'$ पूर्वी देशांतर, कटनी जिले से कर्क रेखा हो कर गुजरती है, जिले का कुल क्षेत्रफल 4949.59 वर्ग किलोमीटर है। जबलपुर संभाग में स्थिति विंध्य पहाडियाँ से लगा हुआ है। समुद्र तल से 392 मीटर, जिले में 7 तहसीलें मुडवारा, विजयराघवगढ़, बहोरीबन्द, ढ़ीमरखेड़ा, रीठी, बडवारा और बरही हैं।

शोध विधि : प्रस्तुत शोध अध्ययन प्राथमिक संमकों पर आधारित है, अत: प्राथमिक संमकों का संकलन ग्रामीण कृषकों से अनुसूची, प्रत्यक्ष चर्चा एवं अवलोकन के माध्यम से किया गया है। इस हेतु निदर्शन पद्धति से कटनी जिले के 50-50 कृषकों का चयन कर समंकों का संकलन कर विश्लेषणात्मक पद्धति से उद्देश्यों को पूर्ण करने का प्रयास किया गया है।

विश्लेषण : कटनी क्षेत्र में उत्पादित मुख्य फसलों की स्थिति-कटनी जिले में प्रमुख फसलों के रूप में इन फसलों को उगाया जाता है ग्रामीण जीवन में लोगों के पास कृषि कार्य करना एवं पशुपालन से अपना जीवनयापनकरतेहैं वर्ष 2019-20 में कृषि उत्पादन सुधार हुआ है इसका गेहूं 674837 उत्पादन (मेट्रिक टन) धान 789575 उत्पादन (मेट्रिक टन) का उत्पादन प्राप्त हुआ है।

तालिका क्रमांक 1: कटनी जिला (अंतिम अनुमान) हेतु क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता ख वर्ष 2019-20

क्र.	फसलें	क्षेत्राच्छादन (हेक्टर)	उत्पादन (मेट्रिक टन)	उत्पादकता (कि. ग्रा./हेक्टर में)
1	धान	175034	789575	4511
2	ज्वार	36	51	1417
3	बाजरा	2	1	500
4	तिल	6943	3930	566
5	कपास	16	17	1056
6	गेहू	194702	674837	3272
7	जौ	99	251	2059
8	चना	17877	39615	1685
9	मसूर	2382	2127	893
10	मटर	158	199	1259
11	गन्ना	91	315	3462

स्त्रोत : म.प्र. कृषि सांख्यिकी

कटनी जिले में कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित नवाचार किए जा रहे हैं,

सिंचाई सुविधाएं : जिले में लगभग 36 प्रतिशत क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध है, जो फसल उत्पादन को बढ़ाने में सहायक है।

कृषि विपणन सुधार : मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने कृषकों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने के लिए समय-समय पर कृषि विपणन प्रणाली में सुधार किए हैं। कृषि विपणन बोर्ड और कृषि उपज मंडी समितियों द्वारा किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट : मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम के नवाचारों को नेतृत्व प्रदान किया है। इन कदमों के साथ, कृषि विपणन बोर्ड किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

ग्रामीण में कृषि जलवायु अनुकूल वर्षा आधारित कृषि रणनीति: ग्रामीण में कृषि जलवायु अनुकूल वर्षा आधारित कृषि रणनीति में विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए आवश्यक हैं।

प्रमुख रणनीतियाँ :

फसल विविधता : फसल विविधता न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता में सुधार और कीटों को नियंत्रित करने में भी मदद करती है।

संरक्षण कृषि : यह मिट्टी की संरचना को बेहतर बनाता है और जल संरक्षण में सहायक होता है, जिससे जलवायु के चरम प्रभावों के प्रति सहनशीलता बढ़ती है।

जल संसाधन प्रबंधन : सिंचाई अवसंरचना को उन्नत करना और ड्रिप सिंचाई जैसी तकनीकों का उपयोग करना आवश्यक है, खासकर सूखा प्रभावित क्षेत्रों में।

एकीकृत कृषि पारिस्थितिकी तंत्र : यह दृष्टिकोण कृषि उत्पादकता और आय को बढ़ाने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलता को भी बढ़ाता है।

नीतिगत समर्थन : प्रभावी नीतियों और शासन व्यवस्था का होना आवश्यक है, जिसमें जलवायु स्मार्ट पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी और इन्सेंटिव शामिल हैं.इन रणनीतियों के माध्यम से, वर्षा आधारित कृषि को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक लचीला और टिकाऊ बनायाजासकताहै।[3]

कृषि कार्य खेतिहर मजदूर : ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि ही एक आय का स्रोत है जिसमें अपने मावन को अपनी ही पीढ़ी दर पीढ़ी कृषि कार्य कर रहे हैं, अपने परिवार का अर्थव्यवस्था विकास हेतु कृषि एवं पशुपालन का उपयोग करते है जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कृषि क्षेत्र में देखने को मिला है इन करण से पता लगाया जा सकता है की जलवायु का प्रभाव कृषि क्षेत्रो में प्रभाव डलती है. वर्षा की अनियमित, प्रदूषण, तापमान में वृद्धि औसत दर, आदि करण से जलवायु प्रभाव को देखा जाता है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए खेतिहर मजदूर अर्थव्यवस्था स्तर सुधार के कृषि का ही अधिकांस सहयोग लेते है

तालिका क्रमांक 2

कटनी जिला: की तहसील वार खेतिहर मजदूर (2011)

क्र.	तहसील	पुरूष	महिला	योग
1	रीठी	6197	3391	9588
2	मुडवारा	3590	1812	5402
3	बडवारा	99887	5243	15230
4	विजयराघवगढ	8012	4197	12209
5	बहोरीबन्द	11049	6271	17320
6	ढिमरखेडा	14289	8414	22703
	कटनी खेतिहर मजदूर	**54168**	**29745**	**83913**
	जनसंख्या कटनी	631207	660835	1292042

स्त्रोत: कटनी जिले की जनगणना 2011

कृषि विविधीकरण को प्रभावित करने वाले भौगोलिक कारक: कृषि विविधीकरण रणनीतियों की सफलता भौगोलिक संदर्भ से काफी प्रभावित होती है, जिसमें जलवायु, मिट्टी, स्थलाकृति और बुनियादी ढांचे जैसे कारक शामिल हैं। स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप प्रभावी विविधीकरण कार्यक्रमों को डिजाइन और कार्यान्वित करने के लिए इन भौगोलिक कारकों को समझना महत्वपूर्ण है।

कृषि विविधीकरण का महत्व : कृषि विविधीकरण में कृषि प्रणाली में नई फसलों, पशुधन, या गैर-कृषि गतिविधियों की शुरूआत शामिल है। इसमें शामिल हो सकते हैं: विभिन्न प्रकार की फसलों की खेती करना पशुधन उत्पादन को एकीकृत करना प्रसंस्करण, विपणन, या पर्यटन जैसी गैर-कृषि आय-सृजन गतिविधियों में संलग्न होना कृषि विविधीकरण के लाभ असंख्य और अच्छी तरह से प्रलेखित हैं। बेहतर खाद्य सुरक्षा और पोषण प्रतिषत एक विविध कृषि प्रणाली खाद्य पदार्थों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है, जिससे अधिक संतुलित आहार और आवश्यक पोषक तत्वों तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होती है। बढ़ी हुई आय स्थिरता प्रतिशत एक ही फसल या गतिविधि पर निर्भरता को कम करके, विविधीकरण मूल्य में उतार-चढ़ाव, फसल की विफलता या बाजार के झटके से जुड़े जोखिमों को कम करने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीलापन में वृद्धि प्रतिशत विविध कृषि प्रणालियाँ चरम मौसम की घटनाओं, कीटों और बीमारियों के प्रभावों को बेहतर ढंग से झेलने में सक्षम हैं, जिनके जलवायु परिवर्तन के कारण तीव्र होने की आशंका है। प्राकृतिक संसाधनों का सतत उपयोग: कृषि वानिकी और एकीकृत कीट प्रबंधन जैसी विविध कृषि पद्धतियाँ, मिट्टी की उर्वरता, जल संसाधनों और जैव विविधता के संरक्षण में मदद कर सकती हैं। बढ़ी हुई लैंगिक समानता प्रतिशत महिलाएं अक्सर विविध कृषि प्रणालियों के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, खासकर सब्जियों, फलों और छोटे पशुधन के उत्पादन में। विविधीकरण महिलाओं को सशक्त बना सकता है और संसाधनों और निर्णय लेने की शक्ति तक उनकी पहुंच में सुधार कर सकता है।

निष्कर्ष: प्रस्तुत शोध अध्ययन में प्राप्त के विश्लेषण के पश्चात् प्राप्त निष्कर्षों से ज्ञात हुआ कि यद्यपि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि का स्वरूप परम्परागत से आधुनिक होता जा रहा है। ग्रामीण कृषक तेजी से आधुनिक उपकरणों का प्रयोग कर नवीन तकनीकी के प्रयोग की ओर अग्रसर हो रहे हैं किन्तु दूसरी ओर कृषकों की अशिक्षा एवं प्रशिक्षण के अभाव के कारण आधुनिक तकनीक के प्रयोग में कठिनाई आती है। अत: इस ओर ध्यान देना आवश्यक है ग्रामीण अर्थव्यवस्था में कृषि का बदलता स्वरूप देश में नई कांति लाने में सक्षम होगा। कृषि विविधीकरण में छोटे किसानों की आजीविका में सुधार

लाने और सतत ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण क्षमता है। पारंपरिक मोनो-क्रॉपिंग प्रणालियों से अधिक विविध कृषि पद्धतियों में स्थानांतरित होकर, किसान अपनी आय और खाद्य सुरक्षा में वृद्धि करते हुए आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक झटकों के प्रति अपनी लचीलापन बढ़ा सकते हैं। हालाँकि, विविधीकरण रणनीतियों की सफलता जलवायु, मिट्टी की उर्वरता, स्थलाकृति और बुनियादी ढांचे जैसे भौगोलिक कारकों से काफी प्रभावित होती है। विविध कृषि पद्धतियों को अपनाने का समर्थन करने के लिए, नीति निर्माताओं को बुनियादी ढांचे के विकास, सुरक्षित भूमि स्वामित्व और जल अधिकारों में निवेश करना चाहिए, ऋण और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सुधार करना चाहिए, विस्तार सेवाओं को मजबूत करना चाहिए और पारंपरिक और वैज्ञानिक ज्ञान के एकीकरण को बढ़ावा देना चाहिए। कृषि विविधीकरण की चुनौतियों और बाधाओं को संबोधित करके, सरकारें और विकास संगठन अधिक टिकाऊ और न्यायसंगत ग्रामीण अर्थव्यवस्था बनाने में मदद कर सकते हैं जो सभी के लिए अवसर प्रदान करती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. राज्य कृषि विपणन बोर्ड,मध्यप्रदेश
2. कटनी जिले जनगणना पुस्तक 2011
3. 20 फरवरी, 2024 PRS Legislative Research, Institute for Policy Research Studies 3rd Floor, Gandharva Mahavidyalaya ,212, Deen Dayal Upadhyaya Marg, New Delhi – 110002 Tel: (011) 23234801, 43434035, www. prsindia.org

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय राजनीति में स्त्रियों की स्थिति

डॉ. डी.के.वर्मा *

* एसोसिएट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) एस.बी.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – विश्व भर में स्त्रियों की स्थिति सुधारने के लिए किये गये आन्दोलनों में शिक्षा को समाज में स्त्रियों की दलित स्थिति को बदलने के लिए सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण साधन माना गया है। 19वीं शताब्दी के भारतीय समाज सुधारक भी ऐसा ही मानते थे। परन्तु उनका ध्येय शिक्षा का उपयोग स्त्रियों को उनके पत्नी और माता के परम्परागत कर्तव्यों का पालन करने में अपेक्षाकृत अधिक योग्य बनाना था, न कि उन्हें सामाजिक आर्थिक अथवा राजनीतिक विकास की प्रक्रिया में अधिक दक्ष और सक्रिय सदस्य बनाना। उपनिवेशी सत्ताधारियों ने स्त्रियों के लिए शिक्षा विषयक इस सीमित दृष्टिकोण का सामान्यत: समर्थन किया। 20वीं शताब्दी में स्वतन्त्रता प्राप्ति और संविधान द्वारा प्रदत्ता समानता के अधिकारों ने राजनीति अर्थव्यवस्था और समाज में बहुविध भूमिका निभाने के लिए महिलाओं का आह्वान करके उनकी स्थिति सुधारने के लिए नये-नये आयाम प्रस्तुत किया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं ने भी एक ऐसे उपकरण के रूप में शिक्षा की भूमिका पर बल दिया, जो नई समाज व्यवस्था का निर्माण करने के लिए स्त्रियों को सक्षम बना सके। इसके बावजूद भी भारत में स्त्रियों की शिक्षा के प्रति जो विचारधाराएँ अपनाई गईं, उनमें एक ओर पारम्परिक सीमित दृष्टि और दूसरी ओर इस उदार नवीन संकल्पना के बीच स्पष्ट रूप से वैध वृत्ति प्रकट होती है। जिसने समाज के मूल्यों के विकास को प्रभावित किया है।

यह सच है कि पूर्व स्वातन्त्र्य काल से स्त्री शिक्षा की प्रगति की तुलना में स्वातन्त्र्योत्तर काल में स्त्री शिक्षा का असाधारण विकास हुआ है। 1973-74 तक आते-आते विभिन्न स्तरों पर नामांकित लड़कियों की संख्या लड़कों की संख्या की तुलना में उनका अनुपात आश्चर्यजनक रूप से बढ़ गया।[1] लेकिन इसके साथ ही स्त्री शिक्षा विषयक राष्ट्रीय समिति द्वारा लिये गये सर्वेक्षण के आंकड़े विपरीत स्थिति का अर्थात् स्त्री शिक्षा की दिशा में ह्रास का संकेत भी करते हैं।[2] व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में स्वतन्त्रता से पूर्व की तुलना में स्त्रियों की सफलता उल्लेखनीय मानी जा सकती है। हालांकि आज भी इसका प्रतिनिधित्व बहुत कम है। इसी प्रकार अनुसंधान के क्षेत्र में स्त्रियों का प्रवेश मुख्य रूप से स्वतन्त्रता के बाद का विकास है। विभिन्न परीक्षाओं में लड़कों की तुलना में लड़कियों ने अपार सफलता प्राप्त कर इस पूर्व धारणा को ध्वस्त कर दिया है कि उनमें अभिरूचि और प्रतिभा कम होती है। स्त्री शिक्षा का मुद्दा नारी का सबसे प्रधान मुद्दा रहा। 1917-20 के बीच स्त्री-दर्पण में इस पर कई लेख निकले। बदलते हुए सामाजिक-सांस्कृतिक सन्दर्भ में शिक्षित पुरूष और अशिक्षित स्त्री के बीच की खाई ने सामाजिक और पारिवारिक ढाँचे में संकट पैदा कर दिया था। राष्ट्रीय आन्दोलन ने भी स्त्री शिक्षा का सवाल खड़ा कर दिया। स्त्रियों ने अपने ऊपर होने वाले अत्याचार और अपमान का एक बड़ा कारण स्त्री-शिक्षा की कमी को माना। स्त्री-शिक्षा के लिए उन्होंने बाल विवाह और पर्दे की प्रथा का विरोध किया क्योंकि ये दोनों प्रथाएँ स्त्री-शिक्षा की राह में रूकावट थीं। उस समय के स्त्री आन्दोलन ने इस तथ्य को समझा और उसने स्त्री-शिक्षा के सवाल को स्त्री-मुक्ति के सवाल के साथ जोड़ दिया। स्त्री-शिक्षा उस वक्त सिर्फ एक बहस ही नहीं एक सामाजिक आन्दोलन भी था। पिछली शताब्दी के अन्त में ही स्त्री-संगठनों ने लड़कियों के लिए स्कूल खोले थे। प्रथम विश्वयुद्ध के दौर में ऐनी बेसेन्ट ने बनारस में लड़कियों का प्रसिद्ध स्कूल खोला जो आज बसन्त कन्या महाविद्यालय है।

लड़कियों की शिक्षा के प्रति सामाजिक रवैया स्वीकृति से लेकर निपट उदासीनता तक तरह-तरह का है। शहरी क्षेत्रों के मध्य वर्ग में लड़कियों की शिक्षा के प्रति स्वीकृति सबसे अधिक है। समृद्ध परिवारों में एक छोटा वर्ग परम्परिक कारणों से आज भी इसका विरोध करता है, किन्तु अन्य वर्ग इसे एक उपलब्धि और आधुनिकीकरण का प्रतीत मानते हैं। निम्न-मध्यम वर्ग में अधिकाधिक लोग आर्थिक आवश्यकताओं के कारण लड़कियों की शिक्षा के लिए पर्याप्त त्याग करने के लिए तैयार हैं। किन्तु एक बहुत बड़ा वर्ग अब भी आर्थिक तथा सामाजिक कठिनाईयों के कारण ऐसा करने में अपने को असमर्थ पाता है। लड़कियों की शिक्षा के लिए सबसे प्रबल सामाजिक समर्थन विवाह के बाजार में इसकी बढ़ती माँग से मिला है। सर्वेक्षण के अनुसार 64.25 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने बताया कि शिक्षा से लड़कियों के विवाह में बेहतर घर बर मिलने में सहायता मिली है। तथापि विवाह की सम्भावनाओं और शिक्षा के बीच यह सम्बन्ध विभिन्न दिशाओं में काम करता है और कई अन्तर्विरोधात्मक स्थितियाँ यहाँ भी हैं, जैसे लड़कियों की शिक्षा दहेज की माँग को और भी बढ़ाने में योग देती है।[3] स्त्री-पुरूष की समानता के लिये नये मूल्यों को स्थापित करने के लिए योजनाबद्ध सुविचारित शैक्षिक प्रणाली के लिए सतत् प्रयत्न करना ही होगा।

सामाजिक दृष्टि से नारी की मुक्ति का एक सबसे अधिक उल्लेखनीय परिवर्तन रहा है- गृहस्थी के संकुचित घरौंदे से बाहर निकलकर उसका बाहरी दुनियाँ की गतिविधियों के क्षेत्र में आना। भारत में स्त्री की आर्थिक सहभागिता पहले भी थी। परम्परागत ग्राम्य अर्थव्यवस्था में महिलाओं ने उत्पादन और विपणन दोनों में स्पष्ट और सर्वस्वीकृत भूमिकाओं का निर्वाह किया था, और आज भी जहाँ-जहाँ अर्थव्यवस्था के परम्परागत रूप प्रचलित

हैं, वहाँ-वहाँ कर रही है। स्वतन्त्रता के बाद बदली हुई सामाजिक आर्थिक परिस्थितियों से मध्यम वर्ग की स्त्रियों के लिए आवश्यक हो गया है कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने। उच्च वर्ग की स्त्रियाँ स्वेच्छया काम करना चाहती हैं। परिणामस्वरूप मध्यम तथा उच्च वर्ग की स्त्रियों ने ऐसे कई व्यवसायों में प्रवेश किया है, जिनपर अब तक पुरूषों का एकाधिकार था। स्वातन्त्र्योत्तर काल में परम्परागत सेवाओं और व्यवसायों में स्त्रियों के उभरने के लिए जो प्रत्यक्ष कारण उत्तरदायी हैं, वे निम्नलिखित हैं-

1 रोजगार के मामलों में भेदभाव न बरतने और अवसर की समानता का संवैधानिक आश्वासन।
2. स्त्री-शिक्षा का विकास और इसके फलस्वरूप शिक्षा तथा रोजगार के उन क्षेत्रों में उनका प्रवेश जिनमें अब तक पुरूषों का एकाधिकार था।
3. बढ़ते आर्थिक दबाव के कारण शहरी मध्यवर्ग के बीच स्त्रियों में सवेतन रोजगार से संबंधित सामाजिक मूल्यों में क्रमिक परिवर्तन।
4. स्वातन्त्र्योत्तर काल में विकास के प्रत्यक्ष परिणाम के रूप में तृतीयक क्षेत्र का विस्तार।[4]

इस दिशा में तस्वीर का दूसरा रूख चिंताजनक है जो इसी सरकारी समिति की सर्वेक्षण रिपोर्ट बताती है। ग्राम्य और कुटीर उद्योगों के ह्रास और तद्जनित वैकल्पिक रोजगारों और कौशल की समाप्ति के परिणामस्वरूप एक प्रकार की व्यवसायिक रोजगार गतिहीनता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह स्त्रियों के लिए एक निर्योग्यता है। इसके परिणामस्वरूप खेती के कार्य से स्त्रियों का क्रमिक विस्थापन हो रहा है, और उनके क्रियाकलाप सीमित होते जा रहे हैं।[5] स्त्रियों की आर्थिक भूमिकाओं और आर्थिक क्रियाकलापों में उनकी सहभागिता के अवसरों का कोई भी मूल्यांकन समाज के विकास की अवस्था परिवार तथा उससे अपेक्षाकृत बड़ी इकाई समाज में स्त्रियों की भूमिका के प्रति सामाजिक-सांस्कृतिक दृष्टिकोणों और उनकी स्थिति के आधारभूत घटकों से सम्बद्ध सामाजिक विचारधारा को ध्यान में रखे बिना नहीं किया जा सकता।

मतदान और अन्य तमाम नागरिक अधिकारों के बावजूद आर्थिक स्वतन्त्रता के अभाव में स्त्री की स्वतन्त्रता सिर्फ अमूर्त और सैद्धान्तिक रह जाती है। पुरूष और अपनी आर्थिक निर्भरता की स्थिति में स्त्री अपनी किसी भी भूमिका में स्वावलम्बी नहीं हो पाती। अर्थ ही व्यक्ति को वह अधिकार देता है जिसके द्वारा वह अपनी परियोजनाएँ पूरी कर सके। अनेक स्त्रियाँ चाहे वे बहुत साधारण व्यवस्था में क्यों न हों, आर्थिक अधिकारों से मिलने वाली सुविधाओं का महत्व जानतीं हैं। यह बात पूरे विश्व की किसी भी स्त्री पर लागू होती है। भारतीय स्त्री ने इस दृष्टि से अपनी स्थिति को समझना शुरू कर दिया है। निम्नवर्ग की स्त्रियों का स्वयं कमाई करना तो कोई नई बात नहीं है लेकिन उच्च वर्ग की महिलाएँ भी धीरे-धीरे यह महसूस करने लगी हैं कि इंसान के रूप में उनका भी एक निजी व्यक्तित्व है तथा उनके जीवन का लक्ष्य एकमात्र अच्छी पत्नियाँ और समझदार माताएँ बन जाने से पूरा नहीं हो जाता, बल्कि वे यह भी मानने लगी हैं कि वे सब भी नागरिक समुदाय और संगठित समाज की सदस्याएँ हैं। इतनी संख्या में विवाहित मध्यवर्गीय हिन्दू महिलाओं का बिना विरोध के नौकरी कर सकने का मुख्य कारण है कि आज मध्य वर्ग की आर्थिक समस्या को सभी समझने लगे हैं और यह भी कि परिवार के रहन-सहन का स्तर बनाये रहने के लिए पत्नी की कमाई बहुधा अनिवार्य हो जाती है। परिवार को प्रभावित करने वाला महत्वपूर्ण पहलू स्त्रियों का नौकरी करना है जो शिक्षा द्वारा तथा आज के आर्थिक दबावों के कारण संभव हो सका है। परिवार के पुरुष सदस्यों का स्त्रियों की नौकरी के के सम्बन्ध में दृष्टिकोण भी परिवर्तित हुआ है। अधिकांश परिवार स्त्री के व्यावसायिक जीवन में प्रवेश के समर्थक हैं। इसके द्वारा न केवल परिवार का स्तर उन्मतशील हुआ बल्कि स्त्रियों की परिवार में स्थिति भी परिवर्तित हुई है।

राजनीति में स्त्रियों की तीव्रता से घुसपैठ खासकर 1919 के बाद भारतीय इतिहास की अत्यन्त आश्चर्यजनक घटना है। महात्मा गांधी और कांग्रेस राष्ट्रीय हित के प्रयास के लिए उनका आह्वान कर रहे थे। जब 1936 में कांग्रेस की सरकार बनी तो कुछ औरतें ने मन्त्री, अवर सचिव और प्रान्तीय विधायिका सभाओं के उपाध्यक्ष के रूप में काम किया। भारतीय औरतें स्थानीय बोर्डो और म्युनिस्पाल्टी की सदस्या भी हुई। इस तरह भारतीय महिलाओं में जागरण की एक नयी लहर आयी। स्त्रियों की राजनीतिक स्थिति इस बात से जानी जा सकती है कि सत्ता के स्वरूप निर्धारण और इसमें भाग लेने के मामले में उन्हें कितनी समानता और आजादी प्राप्त है और इस सन्दर्भ में उनके योग को समाज कितना महत्व देता है। भारतीय संविधान में स्त्रियों की राजनीतिक समता को मान्यता दिया जाना न केवल परम्परागत भारतीय समाज से विरासत में प्राप्त प्रतिमानों की तुलना में एक बिल्कुल नया कदम था, अपितु उस समय के सर्वाधिक उन्नत देशों के राजनीतिक आदर्शों से भी बढ़कर था स्त्रियों की राजनीतिक समता की प्रगति में जिन दो प्रमुख शक्तियों ने उत्प्रेरकों का कार्य किया, वे थीं राष्ट्रीय आन्दोलन और महात्मा गाँधी का नेतृत्व।

विश्व के अनेक देशों में स्त्रियों को अपनी राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ा है। फ्रांसीसी महिलाओं को अन्त में 1945 में मतदान का अधिकार मिल गया। अंग्रेज स्त्रियों को काफी संघर्ष के बाद यह अधिकार 1928 में मिला क्योंकि उन्होंने प्रथम महायुद्ध में काफी सहयोग दिया था। अमेरिका में स्त्रियों को वोट का अधिकार 1933 में मिला, लेकिन इतालवी फासिस्ट सरकार ने चर्च की सहायता से औरत को हमेशा दमित रखा। औरत वहाँ दोहरे बंधन में थीं, सरकारी प्रतिबन्ध तथा पारिवारिक बन्धन। सोवियत रूस में नारी मुक्ति आन्दोलन काफी जोरों से बढ़ा-महान नेता लेनिन ने स्त्री और मजदूर वर्ग दोनों की मुक्ति का आसन किया, दोनों को एक बताया। 1936 के सोवियत संविधान की धारा 122 लिखती है। 'सोवियत रूस में स्त्री को आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक और सार्वजनिक सारे अधिकार पुरुष के बराबर प्रदत्ता किये जा रहें हैं। अन्त में संयुक्त राष्ट्रसंघ ने 1945 तक आते-आते दुनिया के सारे स्त्रियों और पुरुषों के समान अधिकार का एलान किया। और अधिकतर देशों ने स्त्रियों को वोट का अधिकार राजनीतिक जीवन में देकर राजनीति में प्रवेशाधिकार दिया।'[6]

स्वतन्त्रता के बाद के वर्षो में स्त्री के इन अधिकारों के प्रभाव की जाँच करते समय तथा स्त्रियों की राजनीतिक स्थिति का निर्धारण करने के लिए तीन प्रमुख कसौटियाँ हैं- चुनावों में मतदाताओं और उम्मीदवारों की हैसियत से सहभागिता-चुनाव आँकड़े महिला मतदाताओं की संख्या में वृद्धि की सामान्य प्रवत्ति सूचित करते हैं। उनकी प्रतिशतता 1962 में 46.6 थी जो 1967 में बढ़कर 55.4 हो गई और 1971 में जबकि सभी मतदाताओं की संख्या में आमतौर पर कमी हुई थी उनकी प्रतिशतता 49.1 रही। उम्मीदवारी के मामले में स्त्रियों की संख्या कभी भी 6 प्रतिशत से अधिक नहीं रही। हालांकि समय-समय पर सत्ता के राजनीतिक दल सहित अन्य दल भी

राजनीति में स्त्रियों की सक्रिय भागीदारी के लिए उनका आसन करते रहते हैं।

1993 के आम चुनावों के पूर्व भी सभी राजनीतिक दलों को एकाएक महिलाओं को अपने चुनावी घोषणापत्र में प्राथमिकता की श्रेणी में दर्ज करने का स्मरण हो आया और सभी नेता अपनी चुनावी जनसभाओं में तरह-तरह से महिला मतदाताओं को अपनी ओर आकृष्ट करने के प्रयास में जुट गये। देश के कर्णधारों को चुनाव के पूर्व ही सबसे तीव्र ढंग से यह आभास होने लगता है। कि समस्त जनसंख्या की आधी आबादी महिलाएँ हैं और इस आये चोट बैंक को अपने हिस्से में करने के लिए तमाम वायदे किये जाते हैं। स्त्रियों की राजनीतिक सजगता के स्तर अलग-अलग प्रदेशों, वर्गों और समुदायों में अलग-अलग होते हैं। शिक्षा तथा राजनीतिक सजगता भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत अधिक अंतर्सम्बन्ध एवं सहभागिता को प्रदर्शित नहीं करती। कुल मिलाकर कामकाजी महिलाओं में जिनमें व्यवसायिक महिलाएँ भी शामिल हैं, राजनीति के प्रति सजगता तो अपेक्षाकृत अधिक दिखाई देती है, किन्तु इसका परावर्तन हमेशा सहभागिता में नहीं होता, अर्थात् वे राजनीति के प्रति सजग होते हुए भी उसमें अधिक सक्रिय रूप से भाग नहीं लेतीं। न ही उच्चतर सामाजिक, आर्थिक स्थिति और राजनीतिक सजगता के बीच कोई निश्चयात्मक सम्बन्ध है। समकालीन भारतीय राजनीति में स्त्रियों की स्थिति यद्यपि निराशाजनक तो नहीं है, लेकिन बहुत उत्साहवर्द्धक भी नहीं है। राजनीति में भाग लेने से स्त्रियों को रोकने वाले अनेक कारण हैं। जैसे चुनावों का बढ़ता हुआ खर्च, हिंसा की धमकियों अथवा डर और चरित्र हनन। इनमें से अंतिम दो कारण हाल ही में बढ़े हैं और उन्होंने स्त्रियों को प्रभावित किया है।

पिछले कुछ समय से साहित्य समीक्षकों एवं विद्वानों में साहित्य को उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि में देखने की अभिरूचि में बड़ी वृद्धि हुई है। साहित्यिक अध्ययन ने सदैव उस ओर प्रबल अभिरूचि व्यक्त की है, जिसे कभी-कभी 'ऐतिहासिक पृष्ठभूमि' अथवा 'बौद्धिक वातावरण' या अधिक सरलता पूर्वक 'संस्कृति' का नाम दिया जाता है। साहित्य संश्लिष्ट ढंग से समाज का अंग होता है। वह समाज का रूप निर्धारण आता है उससे स्वयं निर्धारित होता है। साहित्य जितना उत्कृष्ट होगा यह संश्लिष्टता उतनी ही अधिक होगी। मुक्तिबोध तो यहाँ तक कहते हैं कि जब तक हम समीक्ष्य साहित्य के मनोवैज्ञानिक सौन्दर्यान्वयन विवेचन का समाजशास्त्रीय विश्लेषण नहीं करते तब तक हम उसके अन्त:स्वरूप का, उसकी क्षमताओं तथा सीमाओं का पूरा विवेचन तथा मूल्य यापन भी नहीं कर सकते हैं।[7]

साहित्य फोटोग्राफ के अर्थ में जीवन की प्रतिष्ठवि नहीं होता और न ही रचनाकार अपने समाज का आइना मात्र होता है। वह अपनी समकालीन समाज व्यवस्था का विरोध भी कर सकता है, उसकी हिमायत या कटु आलोचना भी कर सकता है, पर उससे निर्लिप्त नहीं रह सकता। रचनाकार के साहित्य में सम्बन्धित सामाजिक एवं नैतिक संस्कृतियाँ अपनी संश्लिष्ट अर्न्तक्रियाओं में व्यक्त होती है। साहित्य में समाज जिस रूप को धारण करके भी आए लेकिन एक तथ्य निश्चित है। 'लेखक की भावदृष्टि से समन्वित जीवन अनुभव जो उसकी अनुभूति के माध्यम से कला के तत्व बन जाते हैं, अपनी प्रारम्भिक मूल अवस्था में जीवन तथ्य होने के कारण समाजशास्त्रीय तथा ऐतिहासिक विशेषताओं से युक्त होते हैं।'[8] इसलिए रिचर्ड हागर्ट बहस करते हैं। 'बिना श्रेष्ठ साहित्य के आस्वाद के वस्तुत: कोई भी समाज की प्रकृति को नहीं समझेगा। अमेरिकी समीक्षा एक चिर सम्मत उदाहरण बी. एल. पैरिंगटन की पुस्तक 'मैन करेन्ट्स इन अमेरिकन थाट' है, जिसमें साहित्य सम्बन्धी विचारों को, धार्मिक विचारों को और राजनीतिक विचारों के सम्बन्ध से देखने का प्रयत्न किया गया है। विचार और कला आर्थिक एवं सामाजिक तत्वों द्वारा निर्धारित होते हैं और उन निर्धारक तत्वों के विषय में लेखक की कुछ जागरूकता पैरिंगटन की दृष्टि में साहित्य की उत्कृष्टता के मापदण्डों में से एक है।'[9]

वैज्ञानिक दृष्टि से देखने पर हमारे सामने यह महत्वपूर्ण तथ्य उपस्थित होता है कि साहित्य की समाजशास्त्रीय ऐतिहासिक व्याख्या वस्तुत: उतनी बाहरी नहीं है जितनी समझी जाती है। वह बाहरी और भीतरी दोनों से युक्त और दोनों के परे है। कला के भीतरी रूप से पृथक (हम मात्र विश्लेषण की सुविधा के लिए यह पृथकता मान रहे हैं रूप और तथ्य कभी एक दूसरे से पृथक् नहीं रह सकते) तत्त्व की आलोचना समाजशास्त्रीय और ऐतिहासिक भी हो सकती है, भले ही हम समाजशास्त्र और ऐतिहासिक विकासशास्त्र की पारिभाषिक शब्दावली का उपयोग न करें (न यह हमेशा जरूरी होता है) किन्तु हमारी आलोचना को वास्तविकता पर आधारित होने के लिए समाज रचना के ऐतिहासिक विकास के स्तर आलोच्य वस्तु के समय प्रचलित भाव परम्परा लेखक वर्ग परिवार तथा व्यक्तिगत विकासावस्था, तत्कालीन सांस्कृतिक विकास आदि बातों के अध्ययन के साथ ही लेखक की उस समस्त स्थिति परिस्थिति से की गई प्रतिक्रिया का अध्ययन भी नितांत आवश्यक है। और इस अध्ययन के अंतिम गर्भितार्थ समाजशास्त्रीय और ऐतिहासिक ही हो सकते हैं।[10]

साहित्य सामाजिक अनुभवों को प्रकट करता है। आधुनिक कविता में यह रूप सांकेतिक संक्षिप्त और शब्दानुगत होता है। जैसे-जैसे समाज आगे बढ़ता है, उसकी समूची अवधारणाओं में विकास होता है, उसके सोचने के तरीके में भी विकास होता है और उसके निष्कर्षों के प्रभाव में भी। और इसी के साथ साहित्य भी उप प्रभावों को ग्रहण करता है। अनेक प्रमुख साहित्यकार अपने साहित्य के सन्दर्भ में इस तथ्य को स्वीकार करते हैं। गिरिजा कुमार माथुर अपनी कविताओं के लिए कहते है। उसके पीछे एक पूरा मनोसामाजिक भावात्मक संसार है जो जिस तेजी से बदला है उससे टकराने की प्रतिध्वनियाँ मेरी कविता में व्यक्त हुई है।[11] इसके अतिरिक्त कविता के सन्दर्भ में लिखते हैं 'कविता सामाजिक, वस्तुगत और बृहत्तर जीवन से जोड़ने की प्रक्रिया होती है अपने समय को बदलने में कवि का यह हस्तक्षेप ही उसे सार्थकता प्रदान करता है, लेकिन यह प्रचार के स्तर पर नहीं आदमी के गहरे मनोभावों और संवेदनाओं को परिवर्तन में साझेदारी की प्रेरणा देती है।'[12]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 239
2. वही, पृ. 242-43
3. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 263
4. वही, पृ. 201
5. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 167
6. सीमोन द वोऊवार, स्त्री उपेक्षिता, पृ. 64
7. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन

इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 79
8. सीमोन द बोऊवार, स्त्री उपेक्षिता, पृ. 177
9. प्रमिला कपूर, भारत में विवाह और कामकाजी महिलाएँ, पृ. 11
10. वही, पृ. 411
11. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 63
12. टुवर्ड्स इक्विटी, रिपोर्ट ऑफ द कमेटी ऑन दि स्टेट्स ऑफ वीमेन इन इंडिया, गवर्नमेन्ट ऑफ इण्डिया, 1974, पृ. 76

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

आपराधियों का सामाजिक प्रभाव और गठन : भारतीय परिप्रेक्ष्य में एक महत्वपूर्ण विश्लेषण

रिचा अग्रवाल*

* शोधार्थी, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – 'अपराधी पैदा नहीं होते, बनाए जाते हैं।'

अपराधी वह व्यक्ति होता है जिसने कोई अपराध किया हो या उसे किसी अपराध के लिए कानूनी तौर पर दोषी ठहराया गया हो। आज के समाज में कई सामाजिक मुद्दे हैं जो प्रभावित करते हैं कि हम कौन हैं और आज हमारी दुनिया में क्या चल रहा है। एक चर्चित मुद्दा 'अपराधी' होंगे। एक बड़ा सवाल लगातार पूछा जाता है कि अपराधी पैदा होते हैं या बनाए जाते हैं। लोग सोच रहे होंगे कि आखिर एक अपराधी को अपराधी बनने के लिए क्या करना पड़ता है, यह प्रक्रिया एक लंबी प्रक्रिया है जो वास्तव में बचपन से ही शुरू हो जाती है। यहाँ कुछ पारिवारिक करण दिए गए हैं जो मानव मस्तिष्क को अपराधी दिमाग में बदलने के लिए प्रभावित करते हैं।

आमतौर पर परिवार एक ही छत के नीचे रहने वाले संबंधित लोगों का समूह होता है। परिवार इस बात को दर्शाता है कि हम ज़्यादातर समय क्या और कौन हैं। यह इस बात का भी प्रतिबिंब है कि किसी परवरिश की कैसे हुआ है। परिवार मूल रूप से तीन समूहों में विभाजित है। वे हैं 'माता–पिता', 'भाई–बहन' और 'रिश्तेदार'। कुछ मामलों में जैसे कि दुर्व्यवहार करने वाले माता–पिता, बच्चा बचपन में जो कुछ भी झेल चुका है, वही करने लगता है; वह उन दुर्व्यवहारों का प्रतिबिम्ब होगा, जिनसे वह गुजरा था। इसीलिए यह सलाह दी जाती है कि बच्चे के सामने झगड़ा भी न करें।

इसके अलावा कुछ और कारण भी हैं, जैसे भाई–बहनों का आपराधिक पृष्ठभूमि से होना। भाई या बहन का भी युवा दिमाग पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही, अपराधियों के रिश्तेदार भी अपराधी बन जाते हैं। लेकिन ऐसा बहुत कम होता है; फिर भी दुनिया के कई हिस्सों में ऐसा होता है। फिर सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ज़्यादातर माता–पिता ज़्यादा सख्ती बरतते हैं।'आग लगने की स्थिति में बाहर निकलने का रास्ता ढूँढ़ना इंसान की प्रवृत्ति है'। इसी तरह युवा घर पर मौजूद सख्त नियमों और विनियमन से आज़ादी पाने के लिए हर संभव कोशिश करते हैं। फिर भी टूटे हुए या आपराधिक परिवारों से आने वाले कुछ लोग अच्छे बनते हैं। ये कुछ कारण हैं जो आम तौर पर मानव मस्तिष्क को अपराधी दिमाग में बदलने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं।

शब्द कुंजी – सामाजिक, मनोवैज्ञानिक, व्यवहार, अपराध, अपराधी।

प्रस्तावना – अपराधी एक ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया जाता है जिसने अपराध किया हो। मनोवैज्ञानिकों ने इस बारे में कई सिद्धांत और कारण बताए हैं कि लोग अपराध क्यों करते हैं। दो मुख्य व्याख्याएँ आनुवंशिक और पर्यावरणीय कारकों में निहित हैं?।

मैं इस तथ्य का समर्थन करता हूँ कि अपराधी पैदा होने के बजाय बनाए जाते हैं क्योंकि आजकल हर कोई समाज की व्याख्या और न्याय करने के तरीके से प्रभावित होता है। कोई भी अपने जीवन में अपराध करने के प्रभाव के बारे में चिंतित नहीं है। लोग अपराधी के रूप में पैदा नहीं हो सकते क्योंकि भगवान ने किसी भी इंसान को ऐसा नहीं बनाया है। हमारी पसंद और प्रभाव हमें वह बनाते हैं जो हम हैं, न कि आनुवंशिक समानता। यहाँ तक कि जो बच्चे अपराधी बनते हैं, वे माता–पिता द्वारा निर्धारित उदाहरण के कारण होते हैं ?

मनोवैज्ञानिकों का तर्क है कि अपराध की समस्या के बारे में कुछ करने के लिए, हमें पहले इसके कारणों को समझना चाहिए। उनके उद्देश्य 'अपराधशास्त्रियों' के अनुरूप हैं।

सवाल हैं – अपराध क्यों होते हैं? लोगों को अवैध कार्य करने के लिए क्या प्रेरित करता है?

वर्तमान परिदृश्य में अपराध के व्यवहार में प्रक्रिया –

'शराबखोरी: शराबखोरी अपराध विज्ञान में दो मामलों में महत्वपूर्ण है। सबसे पहले, यह अपने आप में एक अपराध हो सकता है या सीधे तौर पर कुछ कानूनों के उल्लंघन से संबंधित हो सकता है जैसे कि सार्वजनिक रूप से नशे में गाड़ी चलाने पर रोक लगाने वाले कानून। दूसरा, यह अप्रत्यक्ष रूप से अन्य कानूनों के उल्लंघन में योगदान दे सकता है, जैसे कि हत्या, बलात्कार, हमला और मारपीट, आवारागर्दी और परिवारों का भरण–पोषण न करना।' यह संभव है कि शराबखोरी अक्सर अधिक गंभीर अपराधों से जुड़ी न हो, लेकिन यह निश्चित रूप से अक्सर आवारागर्दी और परिवारों का भरण–पोषण न करने का परिणाम होती है। इस मामले में, यह इतना नहीं है कि शराब आक्रामकता को मुक्त करती है, बल्कि यह उत्पादक क्षमताओं और रुचियों को कम करती है और परिवार के समर्थन के बजाय लालसा की संतुष्टि के लिए आय का विनियोग करती है।

शराबी अपराधी द्वारा आपराधिक व्यवहार के सिद्धांत के लिए दो प्रमुख समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इनमें से पहली यह है कि क्या शराब के प्रभाव में एक व्यक्ति उन कानूनों का उल्लंघन करेगा, जिनका उल्लंघन वह उस प्रभाव में न होने पर नहीं करेगा; यदि वह ऐसी परिस्थितियों में विधि का उल्लंघन करता है तो हो सकता है कि वह विभेदक संघ के प्रभाव में काम न कर रहा हो। इस समस्या पर कोई स्पष्ट शोध कार्य नहीं किया गया है, और कोई निश्चित उत्तर नहीं दिया जा सकता है। हालाँकि, काफी जानकारी उपलब्ध है जो नकारात्मक उत्तर की ओर इशारा करती है। यह ज्ञात है कि जब कुछ क्षेत्रों में लोग नशे में हो जाते हैं, तो वे लगभग निश्चित रूप से झगड़े शुरू कर देते हैं और आपराधिक कानूनों का उल्लंघन करते हैं; यह विशेष रूप से निम्न सामाजिक आर्थिक वर्ग के लिए सच है। दूसरी ओर, अमेरिकी समाज के अन्य हिस्सों में नशा केवल गाने, गंदी कहानियों का आदान-प्रदान या रोने का परिणाम हो सकता है। अंतर यह है कि एक व्यक्ति बड़े समूहों में दूसरा व्यक्ति बनकर काम करते हैं और यह एक व्यक्ति को दूसरे से अलग नहीं करते हैं। इसके अलावा, यह दुखद हो सकता है कि भले ही कोई व्यक्ति, अपनी संगति में बदलाव के बिना, शराब के प्रभाव में अन्य समय की तुलना में अलग तरह से व्यवहार करता हो, यह संभवत: इसलिए हो सकता है क्योंकि उसने दूसरों के साथ संगति से नशे में होने पर कुछ खास तरीके से काम करना सीखा है। उसने यह सीखा होगा कि जब वह नशे में हो तो उसे खुशमिजाज व्यवहार करना चाहिए और परिणामस्वरूप वह गाना शुरू कर देता है, या उसने यह सीखा होगा कि उसे सख्त व्यवहार करना चाहिए और परिणाम स्वरूप वह झगड़ा करने लगता है। और उसने यह भी सीखा होगा कि नशा व्यवहार के लिए एक अच्छा बहाना या तर्क है जिसे अन्यथा अक्षम्य माना जाएगा।

दूसरी समस्या यह है कि क्या शराबखोरी मनोचिकित्सा का एक रूप है। मनोरोगियों का वर्गीकरण करते समय कई मनोचिकित्सक शराबखोरी को आवारागर्दी या वास्तविकता से भागने का एक असामान्य तरीका मानते हैं। इस व्याख्या के दृष्टिकोण से कई शोध पत्र लिखे गए हैं, और इसे मनोचिकित्सकों की आम तौर पर स्वीकृत मान्यता माना जा सकता है। वास्तव में, इसे कभी प्रदर्शित नहीं किया गया है, और वास्तविकता से भागने की अवधारणा इतनी अस्पष्ट है कि इसे आसानी से परखा नहीं जा सकता। इसके अलावा, यह माना जाता रहा है कि जो व्यक्ति शराबी बनता है, वह अपने व्यक्तित्व में कुछ खास विशेषताओं के कारण ऐसा करता है।

शराब की लत मुख्य रूप से व्यक्तिगत विकृति की अभिव्यक्ति नहीं है, इसका एक और सबूत इस तथ्य में मिलता है कि एल्कोहॉलिक एनोनिमस संगठन को शराबियों के इलाज में कुछ सफलता मिली है। हालांकि यह तर्क दिया जा सकता है कि केवल वे शराबी ही संगठन में शामिल होते हैं, जिनके पास व्यक्तिगत विकृतियाँ नहीं होतीं और जो पूर्व शराबियों के साथ बातचीत करते हैं, उन्हें शराब की अत्यधिक लालसा में सहायता मिलती है। एल्कोहॉलिक एनोनिमस ने प्रदर्शित किया है कि शराबी व्यक्तित्व में किसी अंतर्निहित दोष का उपचार करने के लिए विधि खोजने का प्रयास करना आवश्यक नहीं है।

2. नशीले पदार्थों – नशीले पदार्थों की लत, शराब के नशे की तरह अक्सर मानसिक रोग के लक्षण के रूप में माना जाता है; नशीली दवाओं की लत को कुछ रिपोर्टों में मानसिक रोग, सिज़ोफ्रेनिया और सिज़ोफ्रेनिया के वर्गों में से एक के रूप में प्रस्तुत किया गया है। नशीले पदार्थों की लत की चर्चा इस अध्याय में मानसिक रोगी लक्षणों और आपराधिक व्यवहार के लिए तर्क के बजाय सुविधा के मामले के रूप में शामिल की गई है। नशीले पदार्थों की लत निश्चित रूप से मानसिक रोग में से एक नहीं है। लिंडस्मिथ ने निर्णायक रूप से दिखाया है कि नशीली दवाओं की लत की उत्पत्ति में मानसिक रोगी और सामान्य व्यक्तियों के बीच कोई अंतर नहीं किया जा सकता है, कोई भी व्यक्ति जिज्ञासा के मकसद से या विभिन्न संस्कृतियों में लोककथाओं के पालन से इस तथ्य की पूरी अज्ञानता में नशीले दवाओं का आकस्मिक रूप से उपयोग करना शुरू कर सकता है कि वे नशीले दवाओं का उपयोग कर रहे हैं। यह विशेष रूप से पिछली पीढ़ियों में चिकित्सा नुस्खो और पाचन रोगों के लिए पेटेंट दवाओं के संबंध में हुआ था। कोई भी व्यक्ति, चाहे उसके व्यक्तित्व के लक्षण कुछ भी हों, जो नशीली दवाओं का सेवन तब तक करता है जब तक कि उसे दवा बंद होने पर परेशानी न हो और उसे अपने संकट और दवा बंद होने के बीच के संबंध का एहसास न हो जाए, वह नशे का आदी है। इस संबंध में मानसिक रोगी और सामान्य व्यक्ति एक समान तरीके से व्यवहार करते हैं।

3. अपराध में फैशन – आज की दुनिया में अपराधी फैशन के तौर पर अपराध कर रहे हैं। वे फिल्मों से नए अपराध सीख रहे हैं। कुछ प्रकार के अपराध लगभग पूरी तरह से गायब हो गए हैं। यह आम तौर पर सुरक्षात्मक उपकरणों के अलावा स्थिति में बदलाव के कारण हुआ है। समुद्री डकैती व्यावहारिक रूप से गायब हो गई है, और इसका गायब होना भांप के जहाजों के विकास के कारण हुआ था जो समुद्री डाकुओं के हमले के लिए बहुत बड़े और तेज़ थे। बेशक, स्टीमशिप का विकास समुद्री डकैती से बचाव के लिए नहीं हुआ था। ट्रेन डकैती, जिसमें ट्रेन को रोककर मेल कार और यात्री को लूट लिया जाता था, बंद कर दी गई है, मवेशियों को भगाने के रूप में मवेशी चोरी बंद कर दी गई है, लेकिन इसके स्थान पर दो या तीन गायों को ट्रक में लादकर शहर में पहुँचाने का चलन शुरू हो गया है। सामान्य स्थिति बदल सकती है और अपराध के गायब होने का कारण बन सकती है। इसके अलावा, हालांकि, अपराध के प्रकार और तरीके अलग-अलग तरीकों से भिन्न होते हैं जो अन्य मामलों में फैशन से मिलते जुलते हैं। एक अपराधी जुआ खेलने के स्थान पर हमला करता है और कुछ ही समय में दर्जनों अन्य जुआ खेलने के स्थानों पर हमला कर देता है। कुछ अपराधी डकैती के लिए एक होटल चुनते हैं और जल्दी ही दर्जनों अन्य होटलों को लूट लेते हैं, एक जेबकतरे ने एक निश्चित रेलवे स्टेशन पर एक हज़ार डॉलर चुरा लिए, और अन्य जेबकतरे उस स्टेशन पर झुंड बनाकर आ जाते हैं। एक अपराधी एक ऐसे तरीके से असामान्य रूप से सफल लाभ कमाता है जो पहले प्रचलित नहीं था। अन्य अपराधी भी यही तरीका आजमाते हैं। हाल के वर्षों में, 'अकेले चोर अपराधियों' द्वारा बैंकों की लूटपाट जो एक टेलर के कैश बॉक्स में पैसे की मांग करते हैं, फैशन बन गया है।

साहित्य समीक्षा – किसी भी शोध कार्य को करते समय पिछले सिद्धांत के साहित्य की समीक्षा आवश्यक है। साहित्य समीक्षा संबंधित क्षेत्र में किए गए कार्य और सैद्धांतिक ढांचे की जानकारी प्रदान करती है जिस पर समस्या का प्रस्तावित समाधान आधारित हो सकता है। समस्या पर साहित्य काफी बिखरा हुआ है और अध्ययन के तहत समस्या का गहन अध्ययन करने के लिए विभिन्न स्रोतों से निकाला गया है, जिसका नाम है 'अपराधी पैदा नहीं होते हैं'। साहित्य की संक्षिप्त समीक्षा नीचे दी गई है –

Rachel Boba (2009): इस पुस्तक में लेखक ने अपराधियों के

व्यवहार को स्थापित किया है तथा अपराधियों के मनोविज्ञान के संदर्भ में अपराध का विश्लेषण किया है।

Albert R. Roberts (2003): इस पुस्तक में लेखक अपराध और अपराधियों को समझते हैं। अपराधियों की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक विशेषताओं, इतिहास और सामाजिक उत्पत्ति को भी समझाते हैं।

Sutherlands & Creesey (2011): यह पुस्तक अपराध विज्ञान के साथ-साथ सामाजिक और व्यवहार विज्ञान का अध्ययन है। यह परिभाषाओं, कानून, माप, सिद्धांतों, उपसंस्कृतियों और अपराध के प्रकारों का पता लगाती है। लेखक कई अलग-अलग तरीकों से अपराधों को देखने, परिभाषित करने, वर्णन करने और समझाने के कई अलग-अलग तरीकों पर चर्चा करते हैं। यह काम मेरे शोध के लिए मददगार होगा क्योंकि यह अपराध और अपराधीपन के बीच अंतर को समझाता है, इसमें ढेर सारे आँकड़े हैं और अपराध विज्ञान में प्रमुख प्रतिस्पर्धी सिद्धांतों पर चर्चा करता है।

Wells, Edward L. & Rankin, Joseph H. (1991): यह लेख इस तथ्य को संबोधित करता है कि पारिवारिक संरचना और किशोर अपराध पर शोध अनिर्णायक और अधूरा रहा है। लेखक पिछले शोध से जुड़ी समस्याओं को दूर करने की कोशिश करते हैं। यह लेख मेरे प्रोजेक्ट में मदद करेगा क्योंकि यह पारिवारिक संदर्भ, लोगों में भिन्नता और अपराध के प्रकारों जैसे अन्य चरों की व्याख्या करता है। यह लेख मेरे शोध में मदद करेगा, क्योंकि यह पारिवारिक संदर्भ, लोगों में भिन्नता और अपराध के प्रकार जैसे अन्य मेरे शोध करण को भी समझाता है।

उद्देश्य :

1. विधि और अपराध के प्रति समुदाय की प्रतिक्रिया के संदर्भ में अपराध का अर्थ जानना।
2. अपराध के कारणों और अपराधियों के व्यवहार को जानना।
3. अपराध को नियंत्रित करना और अपराधियों का पुनर्वास कराना।

शोध पद्धति :

1. इस परियोजना अध्ययन को पूरा करने में सैद्धांतिक शोध पद्धति का पालन किया जाना है। मुख्य रूप से, पुस्तकालय आधारित शोध उपलब्ध पुस्तकों और पत्रिकाओं का उपयोग करके किया जाना है।
2. दूसरे, विश्वविद्यालय की ई-लाइब्रेरी सहित वेब स्रोतों का उपयोग किया जाना है।

अनुसंधान विश्लेषण –

अपराध के कारण– 'कोहेन' के अनुसार अपराध के लिए बहु-कारक दृष्टिकोण की सबसे बड़ी कमी यह है कि इस सिद्धांत के अनुयायी अपराध के कारणों के साथ कारकों को भ्रमित करते हैं। पूर्वगामी विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि समाजशास्त्री अपराध को पर्यावरणीय विचलन और बदलती सामाजिक स्थितियों का उत्पाद मानते हैं। आपराधिकता और इनमें से कुछ स्थितियों के बीच अंतर-संबंध पर निम्नलिखित शीर्षकों के तहत चर्चा की जा सकती है :-

1. गतिशीलता – हाल के वर्षों में औद्योगीकरण और शहरीकरण के तेज़ विकास ने संचार के साधानों, यात्रा सुविधाओं और प्रेस और मंच के माध्यम से विचारों के प्रचार-प्रसार के विस्तार को जन्म विया हैद्य परिणामस्वरूप, मानवीय संपर्क घनिष्ठ संबंधें से आगे बढ़कर गतिशीलता की संभावनाओं में वृद्धि के साथ आगे बढ़ गया है। व्यक्तियों का नए स्थानों पर पलायन, जहाँ वे अजनबी होते हैं, उन्हें अपराध करने के बेहतर अवसर प्रदान करता है क्योंकि पकड़े जाने की संभावना काफी कम हो जाती है। इसलिए, गतिशीलता सामाजिक अव्यवस्था का एक संभावित कारण बन सकती है, जिसके परिणामस्वरूप पारिवारिक नियंत्रण की कमी के कारण विचलित व्यवहार हो सकता है।

शोध प्रविधि: प्रस्तुत अध्ययन रतलाम जिले के 05 ब्लॉकों में प्रत्येक में से 10-10 उत्तरदाताओं व 18-35 वर्ष की आयु वर्ग के कुल 50 उत्तरदाताओं का चयन किया गया है। उत्तरदाताओं का चयन विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों विद्यार्थी, वकील, शासकीय कर्मचारी, व्यवसायी, पत्रकार, समाजिक कार्यकर्ता व राजनेताओं को सम्मलित किया गया है, ताकि उनके दृष्टिकोण और अनुभवों का विश्लेषण किया जा सके। प्रस्तुत अध्ययन में वर्णनात्मक अनुसंधान रूपरेखा का उपयोग किया गया है। वर्णनात्मक डिज़ाइन का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि यह उत्तरदाताओं के दृष्टिकोण, विचारों, और अनुभवों का विस्तृत विश्लेषण करने में सहायक होता है। तथ्यों के संग्रह के लिए संरचित प्रश्नावली का उपयोग किया गया, जिसमें खुले और बंद प्रश्न शामिल किये गयें। प्रश्नावली को व्यक्तिगत साक्षात्कार और ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से वितरित किया गया। संकलित तथ्यों का विश्लेषण सांख्यिकीय प्रक्रिया मुख्यत: 'प्रतिशत' के आधार पर वर्गीकरण व उसका स्पष्टीकरण करके, करने का प्रयास किया गया है।

तथ्यों का विश्लेषण:

तालिका क्रमांक 1: 18 से 35 वर्ष के उत्तरदाताओं का वर्गीकरण

क्र.	उत्तरदाताओं का व्यवसाय	आवृति	प्रतिशत
1	छात्र	20	40
2	सरकारी कर्मचारी	08	16
3	व्यवसायी	07	14
4	राजनेता	05	10
5	वकील	03	06
6	सामाजिक कार्यकर्ता	04	08
7	पत्रकार	03	06
	कुल	50	100 प्रतिशत

प्राथमिक स्त्रोत: शोध अध्ययन सर्वे

उपरोक्त तालिका अनुसार कुल 50 में से 20 उत्तरदाता छात्र थे, जो कि 40 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये प्रतिवेदक विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में अध्ययनरत हैं और युवा राजनीति में विशेष रुचि रखते हैं। 8 प्रतिवेदक सरकारी क्षेत्र में कार्यरत थे, जो कुल सैंपल का 16 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। ये प्रतिवेदक सरकार की नीतियों और प्रशासनिक प्रक्रियाओं से भली-भांति परिचित हैं और उनकी राजनीतिक भागीदारी प्रशासनिक दृष्टिकोण पर आधारित है। 7 उत्तरदाता व्यवसायी थे, जो 14 प्रतिशत का हिस्सा बनाते हैं। ये प्रतिवेदक आर्थिक नीति, व्यापारिक मुद्दों, और सरकारी नीतियों के प्रभाव से संबंधित राजनीतिक गतिविधियों में शामिल रहते हैं। 5 उत्तरदाता सक्रिय राजनेता थे, जो कुल सैंपल का 10 प्रतिशत हिस्सा हैं। ये प्रतिवेदक विभिन्न राजनीतिक दलों या संगठनों से जुड़े थे और राजनीति में उनकी सक्रिय भागीदारी सबसे अधिक थी। 3 वकील थे, जो कि 6 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। वकील राजनीतिक और कानूनी दृष्टिकोण से राजनीति में भाग लेते हैं, और कानून से संबंधित मुद्दों पर विशेष रुचि रखते हैं। 4 सामाजिक कार्यकर्ता थे, जो कुल 8 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये प्रतिवेदक समाज सुधार, न्याय, और मानवाधिकारों से संबंधित मुद्दों पर राजनीति में सक्रिय थे। 3 पत्रकार थे, जो 6 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये पत्रकार राजनीति और समाज से संबंधित खबरों और विचारों को जनता तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राजनीतिक परिदृश्य का गहन अध्ययन करते हैं। कुल 50 उत्तरदाताओं का साक्षात्कार लिया गया, जिनमें से प्रत्येक का किसी न किसी रूप में राजनीति के साथ सीधा या परोक्ष संबंध था। इस समूह में युवा विभिन्न पृष्ठभूमियों से आते हैं और उनकी राजनीतिक भागीदारी उनके पेशे, शिक्षा, और सामाजिक स्थिति पर निर्भर करती है।

तालिका क्रमांक 2: शिक्षा के आधार पर राजनीतिक भागीदारी

क्र.	उत्तरदाताओं का शिक्षा स्तर	प्रतिशत	
		मतदान करने वाले युवाओं की आवृति (प्रतिशत)	राजनीतिक चर्चाओं में सक्रियता की आवृति (प्रतिशत)
1	स्नातक से अधिक	15 (30)	14 (28)
2	स्नातक	12 (24)	20 (40)
3	उच्च माध्यमिक	13 (26)	13 (26)
4	माध्यमिक	10 (20)	13 (26)
	कुल	50 (100 प्रतिशत)	

प्राथमिक स्त्रोत: शोध अध्ययन सर्वे

तालिका क्रमांक 2 के अनुसार स्नातक से अधिक शिक्षा वाले में 30 प्रतिशत ने मतदान किया और 28 प्रतिशत ने राजनीतिक चर्चाओं में सक्रियता दिखाई। यह दर्शाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त युवा राजनीति में अधिक रुचि रखते हैं। वहीं स्नातक स्तर के उत्तरदाताओं में 24 प्रतिशत ने मतदान किया और 40 प्रतिशत राजनीतिक चर्चाओं में भाग लेते हैं। स्नातक युवा भी राजनीतिक भागीदारी में सक्रिय रहते हैं। वहीं उच्च माध्यमिक के उत्तरदाताओं में 26 प्रतिशत ने मतदान किया और 26 प्रतिशत ही राजनीतिक चर्चाओं में सक्रिय थे, जो दर्शाता है कि शिक्षा के स्तर में कमी के समान सक्रियता रहती है। माध्यमिक स्तर के उत्तरदाताओं में 20 प्रतिशत ने मतदान किया और 26 प्रतिशत राजनीतिक चर्चाओं में शामिल थे, जो राजनीतिक भागीदारी में सबसे कम है।

तालिका क्रमांक 3: सोशल मीडिया का प्रभाव

क्र.	सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म	प्रतिशत	
		उपयोग करने वाले युवाओं की आवृति (प्रतिशत)	राजनीतिक चर्चाओं में सक्रियता की आवृति (प्रतिशत)
1	फेसबुक	13 (26)	16 (32)
2	ट्विटर	09 (18)	05 (10)
3	इंस्टाग्राम	13 (26)	12 (24)
4	व्हाट्सएप	15 (30)	17 (34)
	कुल	50 (100 प्रतिशत)	

प्राथमिक स्त्रोत: शोध अध्ययन सर्वे

तालिका क्रमांक 3 के अनुसार सबसे अधिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के रूप में व्हाट्सएप का उपयोग 30 प्रतिशत युवा करते हैं वहीं सबसे ज्यादा 34 प्रतिशत उत्तरदाता राजनीतिक चर्चाओं में सक्रिय हैं। यह सबसे अधिक उपयोग किया जाने वाला प्लेटफॉर्म है। फेसबुक का उपयोग 26 प्रतिशत युवा करते हैं, और इनमें से 32 प्रतिशत युवा राजनीति से संबंधित चर्चाओं में भाग लेते हैं। इंस्टाग्राम का उपयोग 26 प्रतिशत युवा करते हैं, लेकिन केवल 24 प्रतिशत ही राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। यह दर्शाता है कि इंस्टाग्राम पर सामाजिक मुद्दों की चर्चा व्हाट्सएप की अपेक्षा कम है। ट्विटर का उपयोग 18 प्रतिशत युवा करते हैं, जिनमें से मात्र 10 प्रतिशत उत्तरदाता ही राजनीतिक चर्चाओं में सक्रिय रहते हैं, जो कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में सबसे कम व सीमित उपयोग किया जाने वाला व राजनीतिक सक्रिय चर्चाओं वाला माध्यम हैं।

तालिका क्रमांक 4: सामाजिक-आर्थिक स्थिति के आधार पर राजनीतिक भागीदारी

क्र.	आर्थिक स्तर	प्रतिशत	
		मतदान दर कीआवृति (प्रतिशत)	राजनीतिकगतिविधियों में भागीदारी की आवृति (प्रतिशत)
1	उच्च आय वर्ग	05 (10)	09 (18)
2	मध्यम आय वर्ग	25 (50)	27 (54)
3	निम्न आय वर्ग	20 (40)	14 (28)
	कुल	50 (100 प्रतिशत)	

प्राथमिक स्त्रोत: शोध अध्ययन सर्वे

उच्च आय वर्ग के उत्तरदाताओं में से 10 प्रतिशत ने मतदान किया और वहीं 18 प्रतिशत ही राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। यह समूह राजनीतिक जागरूकता में सबसे कम है। मध्यम आय वर्ग के संबसे अधिक 50 प्रतिशत ने मतदान किया और 54 प्रतिशत राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेते हैं, जो संतुलित व अधिक राजनीतिक भागीदारी को दर्शाता है। निम्न आय वर्ग के उत्तरदाताओं में मतदान दर 40 प्रतिशत है और 28 प्रतिशत राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होते हैं, जो दर्शाता है कि निम्न आय वर्ग के आर्थिक स्तर के समूह भी देश व स्थानीय स्तर की राजनीतिक गतिविधियों में बेहतर भागीदारी व अहम भूमिका निभाती है।

उपर्युक्त तालिकाओं से स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश में युवाओं की राजनीतिक भागीदारी शिक्षा स्तर, सोशल मीडिया उपयोग, और आर्थिक स्थिति से प्रभावित होती है। उच्च शिक्षा और मध्यम आय वाले युवा अधिक सक्रिय हैं, जबकि सोशल मीडिया ने राजनीतिक चर्चाओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया है।

निष्कर्ष: रतलाम जिले के युवा, जो मध्यप्रदेश के सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य का हिस्सा हैं, उनकी राजनीतिक भागीदारी में बीते वर्षों में वृद्धि देखी गई है। अध्ययन से पता चलता है कि 18-35 वर्ष आयु वर्ग के युवा अब पहले की तुलना में अधिक सक्रिय रूप से चुनावों में हिस्सा लेते हैं, राजनीतिक मुद्दों पर अपनी राय व्यक्त करते हैं, और राजनीतिक दलों की गतिविधियों में भागीदारी करते हैं। हालांकि, इसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच जागरूकता का अंतर स्पष्ट रूप से देखने को मिलता है। शहरी क्षेत्रों के युवा राजनीति के बारे में अधिक जानकारी रखते हैं और सोशल मीडिया का उपयोग करके अपने विचार साझा करते हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा पारंपरिक माध्यमों पर अधिक निर्भर रहते हैं। इसके अलावा, कई युवा यह महसूस करते हैं कि राजनीति में ईमानदारी और पारदर्शिता की कमी है, जिसके कारण उनमें निराशा का भाव भी है। लेकिन सरकार की योजनाओं और नीतियों में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने से इस स्थिति में सुधार हो सकता है।

सुझाव:

1. राजनीतिक शिक्षा कार्यक्रम: युवाओं को राजनीति और लोकतंत्र की समझ विकसित करने के लिए शिक्षा संस्थानों में विशेष पाठ्यक्रम और कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए।

2. डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग: सोशल मीडिया और डिजिटल मंचों के माध्यम से युवाओं के बीच राजनीतिक मुद्दों पर संवाद को बढ़ावा दिया जाए।

3. **स्थानीय नेताओं का संवाद:** स्थानीय राजनीतिक नेताओं और युवाओं के बीच संवाद सत्र आयोजित किए जाएं, जिससे युवाओं को राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल होने का मौका मिले।

4. **नागरिक जागरूकता अभियान:** ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिक जागरूकता अभियानों के माध्यम से युवाओं को उनके मतदान अधिकार और राजनीतिक भागीदारी के महत्व के बारे में जानकारी दी जाए।

5. **प्रोत्साहन योजनाएं:** सरकार को उन योजनाओं पर विचार करना चाहिए जो युवाओं की राजनीतिक भागीदारी को प्रोत्साहित करें, जैसे कि युवा संसद कार्यक्रम और राजनीतिक कार्यशालाएँ।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. https://www.youthinpolitics.in

2. भारत की जनगणना 2011, भारत सरकार
3. आलम, एम. एस., और अहमद, एच. (2017). स्थान, राजनीति और मतदान. एस. पल्शिकर, एस. कुमार, और एस. लोढ़ा (संपादक), भारत में चुनावी राजनीति: भारतीय जनता पार्टी का पुनरुत्थान में. रूटलेज.पृ. 115-117
4. एशवर्थ, एस. (2012). चुनावी उत्तरदायित्व: हालिया सैद्धांतिक और अनुभवजन्य कार्य. एनुअल रिव्यू ऑफ पॉलिटिकल साइंस, 15, 183-185.
5. https://ceomadhyapradesh.nic.in
6. https://des.mp.gov.in/
7. मध्यप्रदेश सरकार जिला पोर्टल
8. मध्यप्रदेश सरकार का आधिकारिक पोर्टल - मध्यप्रदेश के सामाजिक-राजनीतिक नीतियों और योजनाओं के लिए।
9. https://mplocalelection.gov.in
10. https://ceomadhyapradesh.nic.in
11. नीति आयोग, भारत सरकार - देश के विकास योजनाओं और राज्यों में युवाओं की भागीदारी के संदर्भ में।
12. पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च - भारत में कानून और नीति निर्माण में युवाओं की भागीदारी से संबंधित शोधपत्र और रिपोर्ट।
13. https://mpvidhansabha.nic.in
14. इंडियन जर्नल ऑफ़ पॉलिटिकल साइंस - भारत में राजनीतिक अध्ययन से संबंधित शोधपत्र और लेख।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

हिन्दी साहित्य में जीवन मूल्य का महत्व

मनोज कुमार सरगड़ा*

* हिन्दी साहित्य, मु.पो. गलियाकोट (हरीमगरी) तह. गलियाकोट, जिला डूंगरपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – वास्तव में मूल्य की सार्थकता उसी समय तक है जब तक वह मानवीय आवश्यकता की सन्तुष्टि करे और यदि उसकी अर्थवत्ता समाप्त होती है तो उसमें परिवर्तन भी किया जा सकता है। तात्पर्य स्थूल रूप में मूल्यों में मानवीय आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभव है। समाजशास्त्रीय शब्दकोश में मूल्य की परिभाषा इस प्रकार है – 'किसी वस्तु की मानवीय आकांक्षा को पूरी करने वाली विश्वस्त योग्यता किसी वस्तु का वह गुण जो व्यक्ति अथवा व्यक्ति के समूह के लिए उसे रुचिकर बनाता है। उसे मूल्य कहते हैं। मूल्य शब्द धीरे–धीरे अपनी गरिमा के आधार पर व्यापक अर्थों में प्रयक्त होने लगा है। मूल्य का सम्बन्ध केवल बाह्य और भौतिक वस्तुओं तक ही सीमित नहीं रहा अपितु यह शब्द जीवन के सत् पक्षों के साथ जुड़कर आन्तरिक जगत् (भाव–जगत) से स्थापित हुआ।

मूल्य उन्हीं व्यवहारों को कहा जाता है, जिनमें मानव जीवन का हित समाविष्ट है जिनकी रक्षा करना समाज अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानता है। मूल्य एक प्रकार की शाश्वतता का बोध कराते हैं। ये जीवन के आदर्श एवं सर्वसम्मत सिद्धान्त होते हैं। मूल्य उस सर्वसम्मत व्यवहार को कहते हैं, जिसे अपना कर कोई जाति, धर्म या समाज सार्वजनिक जीवन को सुन्दर बनाने का नियोजन करता है। मूल्य सामाजिक मान्यताओं के साथ बदलते रहते हैं किन्तु उनमें अन्तर्निहित मंगलकामना और सार्वजनिक हित की भावना कभी तिरोहित नहीं होती। नये परिवेश में पुरानी मान्यताएं जब कालातीत हो जाती हैं तो समाज नयी मान्यताओं को स्वीकार कर लेता है और वे ही मान्यताएँ 'मूल्य' बन जाती हैं।

मूल्य परम्परा का प्राणतत्व है। प्रत्येक समाज में परम्परागत व्यवहार और मान्यताएँ नदी के प्रवाह की तरह सतत चलती रहती हैं। जिस प्रकार नदी के मूलप्रवाह में यत्र–तत्र अनेक धाराएँ आ मिलती हैं परन्तु मूलधारा विस्तार पाकर संस्कारों में नये व्यवहार स्रोत आ मिलते हैं उसी प्रकार नयी परम्पराएँ और रूढ़ियाँ अस्तित्व में आती रहती हैं। पुरानी मान्यताएँ अपना अस्तित्व खोती जाती हैं, पर मूलधारा का प्रवाह नहीं टूटता, यह मूलधारा परम्परा कहलाती है। मूल्य इसकी शाश्वत मान्यताएँ हैं।'

जीवन मूल्य के संदर्भ में हिन्दी के रचनाकारों की मान्यताएँ उपयक्त लगती हैं।

डॉ. देवराज के अनुसार – 'मूल्य होते हैं जिनकी मनुष्य कामना करता है। चरममूल्य उन वस्तुओं, स्थितियों तथा व्यापारों अथवा उनके उन विशिष्ट पहलुओं को कहते हैं जो मनुष्य की सार्वभौम संवेदना को आवेगात्मक अर्थवत्ता देते हुए दिखाई देते हैं।'

डॉ. प्रभाकर माचवे का कथन है कि – 'मानवी क्रियाओं में, आचार व्यवहार में, अच्छाई या शिवत्व का मूल्य क्या है? यही नीति शास्त्र का विषय है।'

डॉ. मुखर्जी के अनुसार – 'किसी भी समाज में सभी मूल्य स्वीकार नहीं किये जाते। मान्यताएँ और परिस्थितियाँ जिस प्रकार की होंगी, उसी प्रकार मूल्य की स्वीकृति होगी।'

डॉ. आनंद प्रकाश दीक्षित के अनुसार – 'मेरे लिए आदर्श या उदात्त लक्ष्य के अभाव में किसी 'मूल्य' जैसे शब्द की धारणा संभव नहीं है। 'मूल्य वह है कि जिसके पीछे हम चलना चाहें जिसे हम उपलब्धि के योग्य समझें, जिसे जीवन में महत्व दे सके।'

श्री प्र.ग. सहस्रबुद्धे के अनुसार – 'उन्नतिशील व्यक्ति एवं राष्ट्र की कुछ कसौटियाँ हैं। उन कसौटियों पर जो खरे उतरे वे ही तर गए, जीवन की परीक्षा में वे उत्तीर्ण हुए। जिन्हें आवश्यक गुणांक मिल न सके वे फिसल गए, अनुत्तीर्ण हुए। ये जो आवश्यक गुण हैं उन्हीं को श्रीमद्भागवत गीता में 'दैवी सम्पन्न' के नाम से सम्बोधित किया गया है। आधुनिक परिभाषा में इन्हीं को 'जीवन मूल्य' कहते हैं।'

हिन्दी साहित्य कोश के अनुसार – 'मूल्य और प्रतिमान समानार्थी शब्द हैं। दोनों ही मानव निर्मित कसौटियाँ हैं, जिनके सहारे साहित्य का मूल्यांकन किया जाता है। मनुष्य के कुछ वैयक्तिक व्यवहार होते हैं, परन्तु समाज, नगर, प्रदेश, प्रान्त, राष्ट्र और समाज का सदस्य होने के नाते उसे कुछ सामाजिक बन्धनों को स्वीकार करना पड़ता है।'

उपर्यक्त परिभाषाओं के आधार पर स्पष्ट होता है कि मूल्यों का जैसे व्यक्तिगत संदर्भ में महत्व है उसी प्रकार सामाजिक संदर्भ में वे महत्वपूर्ण हैं। मूल्य संबंधी भारतीय दृष्टिकोण मूल्यों के जीवन संदर्भ में ही क्रियान्वयन की अनिवार्यता को स्वीकार करता है। भारतीय आचार्यों और ऋषिमुनियों ने जीवन को श्रेष्ठ बनाने और परमानंद की प्राप्ति के लिए जिन पुरुषार्थों की रचना की हैं, उसे ही भारतीय दर्शनशास्त्र में मूल्यों के रूप में स्वीकार किया गया है, जिनका पालन करके मनुष्य इहलोक और परलोक दोनों को सुखी बनाता है। पुरुषार्थ का सामान्य अर्थ है – धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष। इन चारों पुरुषार्थों के आधार पर ही भारतीय जीवन टिका हुआ है और इन्हीं के अनुसार

जीवन जिया जाता है।

भारतीय समाज में परम्परा और नये मूल्यों का संघर्ष प्रबलता से अनुभव किया जा रहा है। आज का व्यक्ति संघर्ष को झेल ही नहीं रहा वरन् इसमें से राह पाने का प्रयत्न कर रहा है। आज समाज में नये-नये मूल्य निर्माण हो रहे हैं, पुराने मूल्यों पर संकट आ रहे हैं। विज्ञान पर विश्वास रखने वाले लोग रूढ़िगत मान्यताओं को कम महत्व देने लगे हैं। प्राचीन काल में विवाह संस्था की पवित्रता स्वीकार की गई थी, समाज में लोगों की विवाह के प्रति अनूकूल धारणा विद्यमान थी, अत: विवाह समाज में महत्वपूर्ण मूल्य के रूप में स्वीकृत था लेकिन आज विवाह के बन्धन शिथिल होने लगे, विवाह-विच्छेद को इतना बुरा नहीं माना जाता, वैवाहिक सम्बन्धों में पड़ती हुई दरार ने विवाह की अनिवार्यता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। अनेक पुरुष और स्त्रियाँ अविवाहित जीवन जीने में रुचि दिखाने लगे हैं। हर समाज तथा संस्कृति की भिन्न-भिन्न जातीय विशेषताएँ होती हैं जो मूल्य संस्कार को निरन्तर रूप प्रदान करती रहती हैं। जीवन की सहजता स्वयं एक मूल्य है। हमारी सभ्यता ने हमारे ऊपर इतने कृत्रिम अवधारणा डाल रखे हैं, कि हम मनुष्य की तरह जिन्दगी न जीकर यंत्र की तरह जीते हैं। हमारे पाप-पुण्य दोनों बनावटी हो गये हैं और हम बनावटी हो गये हैं। किसी चीज को सही समझकर उसे सही नहीं कर पाते, धीरे-धीरे बनावटी जीवन-मूल्यों और पद्धतियों को ओढ़ बैठे है। मूल्य दैविक चमत्कार की भाँति अचानक उत्पन्न नहीं होते हैं। मूल्यों का विकास समाज के साथ-साथ हुआ है। मनुष्य बनता है, बिगड़ता है।

निष्कर्षत: मूल्यों की अनिवार्य परिणति मानवीय सम्बन्धों को पुष्ट करने में होती है। मूल्यों का महत्व मानव जीवन में असाधारण है चाहे समय समय पर होने वाले परिवर्तनों के कारण सामाजिक विघटन के साथ मूल्य टूटते हैं बनते हैं तो भी उनकी स्थिति हमारे जीवन में अनिवार्य है।

साहित्य जीवन की अभिव्यक्ति है। जीवन का जटिल इतिहास ही साहित्य का प्रमुख विषय है। जीवन ही साहित्य बनाता है, इसीलिए जीवनमूल्यों का और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है। जीवन के शाश्वत मूल्य सत्यं, शिवं, सुंदरम् तीनों की सामंजस्यपूर्ण प्रतिष्ठा ही सफलता की पराकाष्ठा है। सत्यं उसकी आधार भूमि है, शिवं उसका लक्ष्य और सुंदर उस लक्ष्य तक पहुँचने का साधन है, 'हितेन सह सहितं' कहकर साहित्य शब्द के व्याख्याकारों ने उसमें स्वयं कल्याण भावना की प्रतिष्ठा की है। साहित्य स्थापित जीवन मूल्यों से सम्बन्धित प्रश्नों का उत्तर अपनी प्रणाली से देता है। जीवनमूल्य परिवर्तनशील हैं। परिवर्तनमान स्थितियों को उस समय का रचयिता अथवा साहित्यकार अपनी अन्तर्दृष्टि से देखता है। प्रचलित मूल्यों को अस्वीकारण कर नये मूल्यों की रचना करता है। इस दृष्टि से 'साहित्य के मूल्य जीवन के मूल्यों के विरोधी नहीं हो सकते। भारतीय बुद्धिवादी जीवनमूल्यों को साहित्य की सर्वोच्च कसौटी मानते हैं।'

साहित्य को मानव समाज के लिए उदात्त विचारों तथा तत्वों का विवेचन करना होता है। 'मूल्य' शब्द की समाज-कल्याण या मानव हित वाले अर्थ तक ही सीमित नहीं रहता है। वह तो साहित्य में 'शिव' के साथ-साथ सत्य और सुन्दर' को भी समाहित करता जाता है। जीवन लक्ष्य से जुड़े हुए जीवनमूल्यों की पहचान हम साहित्य के जरिए कर सकते हैं।

आज की कहानी ने काल्पनिकता को त्यागकर 'सत्य' को अपना विषय बनाया है। यह सत्य हमारी रूढ़ियों, परम्पराओं, मान्यताओं, रीतिरिवाजों के साथ साथ मूल्यों से जुड़ा है। टूटते हुए पारिवारिक सम्बन्ध, बनते हुए नवीन सम्बन्ध नारी आर्थिक संघर्ष, नारी का प्राचीन भावभूमि से निकलकर नवीन भावभूमि में प्रवेश मानव के अस्तित्व का प्रश्न इस परिवर्तन के कुछ आयाम हैं जो कहानी साहित्य में अभिव्यक्त हुए हैं।

साहित्यकार अनिवार्य रूप से समाज के प्रति समर्पित होता है। वह अपनी रचनाओं के द्वारा जीवन-मूल्यों के माध्यम से इसी साहित्यकर्म के दायित्व की पूर्णता करता है। साहित्य की विविध विधाओं में से 'कहानी' विधा मूल्यों के प्रति उसके जन्मकाल से ही समर्पित रह चुकी है। कहानी का उद्भम ही इसी उद्देश्य से हुआ है। प्राचीन काल की कहानियाँ नैतिकता का प्रतिपादन करने वाली एवं उपदेशपूर्ण ही रही हैं। कहानी कला की दृष्टि से अविकसित होते हुए भी जीवन मूल्यों के प्रति समर्पित रह चुकी है चाहे भारतेन्दुकालीन कहानी से लेकर प्रेमचंदजी, प्रसादजी की कहानियाँ हों अन्तर सिर्फ इतना ही रहा है कि प्रेमचंदकालीन कहानियों में कहानीकार की दृष्टि आदर्शों पर अधिक टिकी है। अधिकतर कहानियाँ मानव चरित्र की उदात्तता चित्रित करती हैं और समाज सुधारकों की भाँति सुधारवादी दृष्टिकोण से निहित हैं। इस परम्परा में सुदर्शन, राधिकारमण प्रसाद सिंह और गुलेरी जी आदि आते हैं।

प्रेमचंदोत्तर काल में हिन्दी कहानी में नया मोड़ आया अब तक की कहानी आदर्शपरक-कल्पना पर आधारित थी किन्तु अब कहानी धीरे-धीरे यार्थ की ओर मुड़ी इस परिवर्तन के उन्नायक स्वयं प्रेमचंद ही थें प्रेमचंदजी का यह यथार्थवादी दृष्टिकोण आगे चलकर हिन्दी कहानी में एक सर्वमान्य सत्य बन गया। प्रारम्भिक कहानी में मूल्यों का आग्रह जहाँ प्रत्यक्ष रहता था, वहाँ इस युग की कहानियों में यथार्थ के द्वारा मूल्यों की स्थापना का प्रयास किया गया। वस्तुत: साहित्यकार बगैर जीवन मूल्यों का आग्रही हुए समाज को कुछ नहीं दे सकता। जहाँ वह सत्य की पराजय दिखाता है, वहाँ भी उसका उद्देश्य सत्य की वकालत करना ही होता है। चौथे और पाँचवे दशक की कहानियों में यह प्रवृत्ति उत्तरोत्तर स्पष्ट होती गई है। प्रेमचंदोत्तर कहानी अनेक स्रोतों में जैसे सामाजिक, वैयक्तिक, मनोवैज्ञानिक क्षेत्र में जीवन के अनेक आयामों को छूती है। इस काल के यशपाल, जैनेन्द्र, रागेय राघव, भगवतीचरण वर्मा, अज्ञेय और विष्णु प्रभाकर आदि रचनाकारों ने कहानी के इस धारा को प्रवाहित किया है और हिन्दी कहानी को एक नया मोड़ दिया है। कहानी विधा ने मूल्यों के प्रति अपनी आस्थाओं को प्रत्यक्ष नहीं तो अप्रत्यक्ष शैली में व्यक्त किया है।

स्वातन्त्र्योत्तर काल में धीरे-धीरे समाज परिवर्तन की प्रक्रिया के साथ-साथ साहित्यिक प्रवृत्तियों में भी परिवर्तन आरम्भ हुआ। स्वातंत्र्य उपलब्धि ने जनता में नवीन आशा-आकांक्षाओं का नया संचार किया। स्वातंत्र्य प्राप्ति के प्रयासों से भारतीय जनता की एक ऐसी मानसिकता हो गई थी, जिसमें राष्ट्रनेताओं के प्रति अगाध विश्वास था कि स्वातंत्र्य मिलते ही देश की जनता को आर्थिक और सामाजिक मुक्ति मिलेगी परन्तु आजादी मिलते ही भारत विभाजन के रक्तरंजित इतिहास ने सबसे पहले भारतीय जनता का मोहभंग किया, करोड़ों शरणार्थियों के पुनर्वास की समस्या, देशी रियासतों के विलय का प्रश्न, यगों-यगों से टूटी हुई अर्थव्यवस्था को सुधारने की जरूरत और न जाने कितने ही प्रश्न जो भारतीय जनता से जुड़े हुए थे। उन्हें जिस आर्थिक व सामाजिक मुक्ति की आस्था थी वह पूर्ण न होते देखकर

उनका धैर्य समाप्त हो गया। भारतीय जनता ने देश के जिन नेताओं की ईश्वर के समान मानकर पूजा की थी, वे नेता ही उनके लिए सबसे बड़े शोषक सिद्ध हुए। भारतीय राजनीति जीवन मूल्यों से निरन्तर दूर होती गई। 'राजनीति' नेताओं के लिए व्यापार बन गई। 'इन समस्त परिस्थितियों ने व्यक्ति को बहिर्मुखी से अन्तर्मुखी और सामाजिक से वैयक्तिक बना दिया, व्यक्ति आत्मकेन्द्रित हो गई। वह स्वहित को ही सर्वोपरि समझने लगा। अवसरवादिता, स्वार्थान्धता, बेईमानी, भ्रष्टाचार और स्वहित ने देश में गहरी अव्यवस्था उत्पन्न कर दी। देशवासियों का नैतिक पतन और व्यर्थ की नारेबाजी ने गाँधीजी के रामराज्य को स्वप्न बना दिया, चारों ओर कुण्ठा, निराशा, संत्रास और दिग्भ्रम की स्थिति दिखलायी देने लगी थी।'

सन् 1960 तक आते-आते व्यवस्था के प्रति जनता का मोह टूटता ही चला गया इसीलिए सन 1960 के आसपास का समय स्वतंत्र भारत ऐसा काल-बिन्दु माना जा सकता है जहाँ पर भारतीय जनता का चिन्तन ढंग बदलने लगा था, यहाँ आशा का स्थान निराशा ले रही थी। मोह के स्थान पर मोहभंग उपस्थित होने लगा था और कल्पनाशीलता और स्वप्नशीलता का स्थान यथार्थ की कड़वाहट ने ले लिया था। इसी अव्यवस्था का परिणाम था कि देश में भाषावाद, प्रांतीयता, क्षेत्रीयता, साम्प्रदायिकता आदि को लेकर झगड़े शुरू हुए। इसी स्थिति को देखते हुए साहित्यकारों ने अपने साहित्य द्वारा जन-जागरण और सामाजिक परिवर्तन का प्रयत्न किया और आर्थिक तथा सामाजिक समस्याओं ने और विकराल रूप धारण किया। इस संदर्भ में कमलेश्वर का कथन है - 'ऐसे ही समय में जबकि पुराने लेखकों के सृजन स्रोत सूख रहे थे और नया पाठक वर्ग बदलते हुए मानव-मूल्यों की अभिव्यक्ति चाह रहा था, नयी कहानी का उदय हुआ था।'

इस प्रकार सातवां दशक एक कसमसाहट के साथ प्रारम्भ हुआ; इसी के परिणामस्वरूप सातवें और उसके पश्चात के दशकों के साहित्य में नयी विचारधारा का जन्म हुआ उसी की अभिव्यक्ति नयी कहानी में हुई। वैसे तो सातवां दशक युद्धों से आक्रान्त रहा। हमारे बजट का अधिकांश हिस्सा 'सैन्य बजट' में समाहित होता गया इसका दुष्परिणाम यह हुआ कि हमारी पंचवर्षीय योजनाएं एक ओर औद्योगिकरण से जुड़ी रहीं और दूसरी ओर औद्योगिकरण के दुष्परिणाम के कारण हमारे पारम्परिक जीवन मूल्य लड़खड़ा गए। इनकी चर्चा करते हुए डॉ. शिवदान सिंह लिखते हैं - 'समस्त वैज्ञानिक तथा भौतिक प्रगति के बावजूद भारतीय जनजीवन स्वातंत्र्योत्तर काल में गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक मूल्यहीनता, जड़ता का शिकार रहा है, क्योंकि भ्रष्टाचारी, अत्याचारी, विलासप्रिय नकली चेहरों तथा मुखौटों को सत्ता मिली, जनता के हिस्से लगी बेबसी, कायरता, गरीबी और उदासीनता। एक तो सैन्य बजट ने प्रत्यक्ष करों को बढ़ावा दिया तथा भारी उद्योगों की स्थापना की इच्छा की, औद्योगिकरण ने निजी फैक्टर में मुनाफा बढ़ाया। इससे काला धन भी बढ़ा और भ्रष्टाचार में व्यापकता भी आई। इस नवसमृद्ध ने नैतिकता को उतार फेंका और नयी पीढ़ी पश्चिमी रंग में रंग गयी। नगरीकरण ने वैयक्तिक विघटन को गति दी। महानगरों की विपुल जनसंख्या ने बेकारी और निर्धनता को बढ़ावा दिया, इस प्रकार स्पष्ट होता है कि वर्तमानकालीन स्थितियों में राष्ट्र, सरकारी कर्मचारी और मध्यमवर्ग के सभी मूल्य ध्वस्त हो गये। इन परिस्थितियों का घातक प्रभाव हमारी सामाजिक संरचना पर हुआ। सामाजिक परिवर्तन के इस क्रम में गाँवों की संस्कृति तेजी से समाप्त होने लगी, हमारे पारम्परिक जीवन-मूल्य ध्वस्त होने लगे। हमारी सामाजिक संस्थाएँ चरमरा उठीं। सम्बन्धों के लक्षण का प्रभाव परिवार के विघटन के रूप में प्रकट हुआ। इसीलिए इस युग के रचनाकारों ने परम्परागत गलित मूल्यों से मुक्ति पाकर नये मूल्यों को अपनाना चाहा जिनके द्वारा वह समता पर आधारित शोषण मुक्त और प्रगतिशील अर्थव्यवस्था की स्थापना कर सके। परिणामस्वरूप सम्पूर्ण जीवन दृष्टि में आमूल परिवर्तन दिखाई देने लगा इस संदर्भ में डॉ. भैरुलाल गर्ग अपना मत प्रकट करते हैं - 'अब तक की स्थिति से स्पष्ट है कि व्यक्ति स्वातंत्र्य, बंधुत्व, मानव समानता, न्याय, प्रेम, यौन सम्बन्ध ही वे मूल्य हैं जिनकी ओर नये कहानीकार का ध्यान आकर्षित हुआ है।'

स्वातंत्र्योत्तर काल में कहानी ने चाहे अलग-अलग नाम धारण किए जैसे नयी कहानी, अकहानी, सचेतन कहानी, समान्तर कहानी, सक्रिय कहानी, जनवादी कहानी, फिर भी इन सभी कहानियों के कथ्य में समानता पायी जाती है। सामाजिक स्तर पर चरमरा उठे ढाँचे का चित्रण करना, परम्परागत जीवनमूल्यों, परिवर्तित स्थिति, समयगति के अनुसार नवीन यगसापेक्ष मूल्यों की प्रतिष्ठापना करना यही उद्देश्य कहानीकारों के रह चुके हैं। इस दिशा में पुरुष कहानीकारों के समान महिला कहानीकारों का योगदान भी महत्वपूर्ण रहा है। प्रमुख रूप से महिला कहानीकारों ने पारिवारिक स्तर पर ढहते हुए जीवनमूल्यों की चर्चा समग्र रूप से अपनी कहानियों में की है। समाज का अभिन्न अंग परिवार है, संक्रान्तिकालीन परिवर्तित परिस्थितियों का मुख्य अभाव परिवार पर लक्षित होता हुआ दिखाई देता है। प्रेमचंदजी ने यथार्थ के माध्यम से जिस आदर्श की प्रतिष्ठापना करने का प्रयास किया है वह भी परिवर्तित परिस्थितियों में यथार्थ पर अधिक बल देने लगे थे। प्रेमचंदोत्तर काल की कहानियों में परिवारिकता के चित्रण एवं ढहते हुए मानवीय मूल्यों की चर्चा अधिक होती रही। यद्ध की विभीषिका, औद्योगिकरण की अधिकता, पाश्चात्य जीवन प्रणाली का अंधानुकरण, मोहभंग, बेकारी, निर्धनता, शिक्षा प्रसार साधनों की कमी, स्वार्थांधता, संकुचितता आदि विविध घटकों ने पारिवारिक संस्थाओं को चुनौती थी।

साहित्य में चित्रित मूल्यों की चर्चा मानवजीवन को सही रूप में हमारे सामने प्रतिबिम्बित करती है। भारतीय संस्कृति मूल्यों पर प्रतिष्ठित है। मनुष्य ने अपनी चिन्तन शक्ति द्वारा समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए दया, क्षमा, शान्ति, परोपकार, सेवा, समर्पण, त्याग, उदारता आदि मूल्यों का आविष्कार करते हुए 'सत्यं शिवं सुन्दरम्' के रूप में शाश्वत मूल्यों की निर्मिति की है। उसी लक्ष्य में एकमात्र मानव जाति का 'कल्याण' निहित है। साहित्य में इन्हीं मूल्यों की चर्चा होती है। 'साहित्य' शब्द की व्यत्पत्तिजन्य संज्ञा में ही 'हितेन सह सहितम्' कहकर उपर्यक्त मूल्यों की प्रतिष्ठा की गई है। 'मूल्य' शब्द मनुष्य के बाह्य जगत से लेकर आन्तरिक जगत के सत्य पक्ष का उद्घाटक है। विविध विद्वानों ने अपने अपने दृष्टिकोण से मूल्य को परिभाषित करने का प्रयास किया है। सामान्यत: मूल्य शाश्वत होते हैं। वह एक सर्वसम्मत व्यवहार है जिन्हें अपनाकर कोई भी व्यक्ति, जाति-समाज-राष्ट्र अपने सार्वजनिक जीवन को सुन्दर बनाता है। मूल्यों की विशेषता है कि कुछ मूल्य शाश्वत हैं तो कुछ कालसापेक्ष और देशसापेक्ष हैं। भारतीय दर्शन में धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चार पुरुषार्थों की चर्चा की गई है वे ही जीवनमूल्य हैं। आज के वर्तमान यग में इन्हीं मूल्यों के अन्तर्गत अन्य विविध मूल्यों को

जैसे सौन्दर्यात्मक, नैतिक, आर्थिक, सामाजिक, आध्यात्मिक और राजनीतिक मूल्यों को रखा गया है। मानव जीवन से सम्बन्धित, मानवजीवन के लिए महत्वपूर्ण वह मूल्य काल और स्थान के अनुसार परिवर्तित होते हैं। सामाजिक विघटन के साथ साथ यह मूल्य बनते हैं – टूटते हैं फिर भी इनका महत्व अक्षुण्ण है। हर एक समाज अपनी आवश्यकता के अनुसार इनका निर्माण करता है। भौतिक विकास आधुनिक नूतन जीवन दृष्टि, पाश्चात्य विचारप्रणाली के परिणामस्वरूप मूल्यों में परिवर्तन हो रहे हैं। विविध विद्धानों ने अपने अपने दृष्टिकोण से मूल्यों का वर्गीकरण किया है। जिनमें सामाजिक, आर्थिक, नैतिक, राजनीतिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक आदि मूल्य हैं। साहित्य समाज का प्रतिबिम्ब है, इसीलिए मानव जीवन का यथार्थ चित्रण उसमें होने से उपर्यक्त मूल्यों की चर्चा साहित्यकार करता है। अत: मानवजीवन से सम्बन्धित जीवन मूल्यों की चर्चा भी साहित्य में होती है। 'कहानी' साहित्य की महत्वपूर्ण विधा है, इसीलिए कहानी के अन्तर्गत मानवीय जीवन से सम्बन्धित जीवन मूल्यों की अभिव्यक्तिपूर्ण चर्चा सूक्ष्मतम रूप में हुई है। साठोत्तरी काल की कहानी इन जीवन मूल्यों की चर्चा करने में अग्रसर हैं। हिन्दी कहानी साहित्य में संक्रान्तिकालीन विघटित परिस्थितियों ने कहानीकार को सामाजिक विघटनकारी स्थितियों का ब्यौरा अपनी रचनाओं में चित्रित करने के लिए बाध्य किया है।

निष्कर्षत: हिन्दी कथा साहित्य और जीवन मूल्य के प्रसंग में यह उल्लेखनीय है कि स्वातंत्रोत्तर काल में कहानी और उपन्यासों में मानवीय जीवन मूल्यों को लेकर तीव्रतम विकास हुआ है। मनुष्य का आन्तरिक और वाह्य व्यक्तित्व उसके परिवेश से बनता है। प्राचीन काल में जीवन मूल्य धार्मिक था किन्तु आधुनिक काल में औद्योगिक और वैज्ञानिक जीवन दृष्टियों ने मानव–चेतना को कथात्मक मूल्यों का प्रमुख स्रोत बना दिया है। समग्रत: हिन्दी कथा साहित्य और जीवन मूल्यों का सृजन मनुष्य की चेतना करती है। यह सभी मूल्य कथा अवसर समाज की मान्यताओं और धारणाओं के अनुसार बनते और बिगड़ते रहते हैं। मूल्यों के इन परिवर्तित रूपों में साहित्यिक मूल्यों को भी निश्चित रूप से प्रभावित किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. गणपति चन्द्र गुप्त: हिन्दी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास, पृष्ठ 450.
2. हरिश्चंद उप्रेती: समाजशास्त्र का क्षेत्र एवं पद्धति, पृष्ठ 82.
3. रमेश देशमुख: आठवें दशक की हिन्दी कहानी और जीवन मूल्य, पृष्ठ 13.
4. डॉ. प्रभाकर माचवे : हिन्दी कोश भाग–1, पृष्ठ 658.
5. रामगोपाल शर्मा 'दिनेश': स्वाधीनता कालीन–हिन्दी साहित्य के जीवन मूल्य, पृष्ठ 16.
6. प्र.ग. सहस्रबुद्धे–जीवनमूल्य भाग 1, पृष्ठ 184
7. रामगोपाल शर्मा 'दिनेश': स्वाधीनता कालीन–हिन्दी साहित्य के जीवन मूल्य, पृष्ठ 16.
8. प्र.ग. सहस्रबुद्धे–जीवनमूल्य भाग 1, पृष्ठ 184.
9. आलोचना–अक्टूबर–दिसम्बर, पृष्ठ 3.
10. डॉ. भैरुलाल गर्ग : स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कहानी में सामाजिक परिवर्तन, प्र.सं. 1979, पृष्ठ 13.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

ग्वालियर शहर के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं के पोषण स्तर पर आयु का प्रभाव ज्ञात करना

सुजाता भदौरिया* डॉ. मंजू दुबे**

* शोधार्थी (गृहविज्ञान) के.आर.जी. कॉलेज, ग्वालियर (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृहविज्ञान) के.आर.जी. कॉलेज, ग्वालियर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिये व्यक्ति का स्वस्थ्य होना नितांत आवश्यक है। स्वस्थ व्यक्ति हँसमुख, फुर्तीला, जिज्ञासु, महत्वकांक्षी, परिश्रमी व साहसी होता है। उसका सामाजिक समायोजन भी उत्तम होता है। वह सहिष्णु मिलनसार प्रवृत्ति का होता है तथा सामूहिक कार्यों में भाग लेता है। ऐसे व्यक्ति जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करते हैं। उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करने के लिए उत्तम पोषण, पर्याप्त निद्रा, विश्राम, व्यायाम तथा कार्य आदि सभी पर ध्यान देना चाहिये। इसके साथ-साथ उत्तम विचार रखने चाहिये अपनी सोच सकारात्मक रखनी चाहिये। इन सभी पहलुओं में उत्तम पोषण सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। किसी व्यक्ति के लिये उत्तम पोषण ग्रहण करने से आशय है कि वह व्यक्ति अपनी आयु, क्रियाशीलता, मौसम, लिंग के अनुसार आवश्यक पोषक तत्वों युक्त भोजन अपने प्रतिदिन के आहार में पर्याप्त मात्रा में ग्रहण करता हो। स्वस्थ्य रहने के लिये भोजन का संतुलित होना आवश्यक है। संतुलित भोजन ग्रहण करने से व्यक्ति का पोषण स्तर उन्नत होता है।

हमारे देश के भविष्य के निर्माण में महाविद्यालयीन छात्र एवं छात्राओं का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। वे देश का भविष्य हैं। उन्हें देश की बागडोर संभालना है। इसके लिये उनका स्वस्थ्य होना आवश्यक है। उनको स्वस्थ्य रखने की जिम्मेदारी परिवार के साथ-साथ, समाज व सरकार की भी है। इसलिये मैंने अपने शोध अध्ययन का विषय ग्वालियर शहर के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं के पोषण स्तर से संबंधित चुना हैं। जिससे मैं उनके पोषण स्तर को उन्नत करने हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत कर सकूं।

उद्देश्य-प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं:

1. ग्वालियर शहर के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं के पोषण स्तर का अध्ययन करना।
2. महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं के पोषण स्तर पर आयु का प्रभाव ज्ञात करना।

परिकल्पना- 'विभिन्न आयु के छात्र-छात्राओं के पोषण स्तर पर आयु का प्रभाव नहीं पाया जाता है।'

शोध प्रविधि- प्रस्तुत शोध अध्ययन में ग्वालियर शहर के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् 150 छात्र एवं 150 छात्राओं का चयन उद्देश्यपूर्ण निदर्शन विधि से किया गया है। चयनित विद्यार्थियों की आयु सीमा 17 से 21 वर्ष के मध्य रखी गई है। विद्यार्थियों के पोषण स्तर का अध्ययन करने हेतु प्रो. मंगला कानगो के लक्षण परीक्षण हेतु निर्मित प्रारूप का उपयोग किया गया है। सांख्यिकीय विश्लेषण हेतु माध्य, मानक विचलन एवं टी-परीक्षण का उपयोग किया गया है।

वर्गीकरण एवं सारणीयन

तालिका क्रमांक-1: आयु के अनुरूप छात्रों का पोषण स्तर

स्तर	17-20 वर्ष		21-24 वर्ष		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
उच्च	83	55.33	51	34.00	134	89.00
मध्यम	08	5.33	08	5.33	16	11.00
निम्न	-	-	-	-	-	-
योग	91	61.00	59	39.01	150	100.00

तालिका क्रमांक-1 में चयनित 150 छात्रों के पोषण स्तर का आयु के आधार पर वर्गीकरण किया गया है। तालिका से स्पष्ट है कि उच्च पोषण स्तर के छात्रों 17-20 वर्ष की आयु के छात्रों की संख्या 83 (55.33 प्रतिशत) है जो कि 21-24वर्ष की आयु के छात्रों की संख्या 51 (34.01 प्रतिशत) की तुलना में अधिक है। मध्यम पोषण स्तर के छात्रों की संख्या दोनों ही आयु समूह के छात्रों में एक समान अर्थात 8 (5.33 प्रतिशत) है। निम्न पोषण स्तर के छात्रों की संख्या निरंक है। छात्रों की सर्वाधिक संख्या 17 से 20 वर्ष के आयु वर्ग के उच्च पोषण स्तर के विद्यार्थियों की पाई गई है। उच्च पोषण स्तर के छात्रों की कुल संख्या 134 (89.00 प्रतिशत) तथा मध्यम पोषण स्तर के छात्रों की संख्या 16 (11.0 प्रतिशत) है।

तालिका क्रमांक-2: आयु के अनुरूप छात्राओं का पोषण स्तर

स्तर	17-20 वर्ष		21-24 वर्ष		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
उच्च	97	64.66	22	14.66	119	79.33
मध्यम	24	16.00	07	4.66	31	20.66
निम्न	-		-			
योग	121	81.00	29	19.00	150	100.00

तालिका क्रमांक-2 में चयनित 150 छात्राओं के पोषण स्तर का आयु के आधार पर वर्गीकरण किया गया है। तालिका से स्पष्ट है कि उच्च पोषण स्तर की 17 से 20 वर्ष की आयु की छात्राओं की संख्या 97 (64.66 प्रतिशत) है जो कि 21-24 वर्ष की छात्राओं की संख्या 22 (14.66 प्रतिशत) की तुलना में अत्यधिक है। मध्यम पोषण स्तर के अंतर्गत 17-

20 वर्ष की आयु की छात्राओं की संख्या 24 (16.0 प्रतिशत) पाई गई है जो कि 21-24 वर्ष की आयु वर्ग की छात्राओं की संख्या 07 (4.66 प्रतिशत) की तुलना में अधिक है। इस प्रकार 17-20 वर्ष की आयु की छात्राओं की संख्या 121 (81.0 प्रतिशत) है जो कि 21-24 वर्ष की छात्राओं की संख्या 29 (19.0 प्रतिशत) की तुलना में अधिक है। उच्च पोषण स्तर की छात्राओं की कुल संख्या 119 (79.33 प्रतिशत) है जो कि मध्यम पोषण स्तर की छात्राओं की संख्या 31 (20.66 प्रतिशत) की तुलना में अधिक है। निम्न पोषण स्तर की छात्राओं की संख्या निरंक पाई गई है। सर्वाधिक छात्रायें 17-20 वर्ष के आयु वर्ग में उच्च पोषण स्तर की पाई गई है।

तालिका क्रमांक-3: छात्र एवं छात्राओं का पोषण स्तर

स्तर	17-20 वर्ष		21-24 वर्ष		योग	
	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत	संख्या	प्रतिशत
उच्च	180	60.00	73	24.33	253	80.33
मध्यम	32	10.66	15	5.00	47	15.66
निम्न	-	-	-	-	-	-
योग	212	71.00	88	29.00	300	100.00

तालिका क्रमांक-3 में छात्र एवं छात्राओं के आयु के आधार पर पोषण स्तर का तुलनात्मक वर्गीकरण किया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि उच्च पोषण स्तर के विद्यार्थियों की संख्या 253 (84.33 प्रतिशत) है जिसमें 180 (60.00 प्रतिशत) विद्यार्थी 17-20 वर्ष के तथा 73 (24.33 प्रतिशत) 21-24 वर्ष की आयु के हैं। मध्यम पोषण स्तर के विद्यार्थीयों की संख्या 47 (15.66 प्रतिशत) है जिसमें 32 (10.66 प्रतिशत) विद्यार्थी 17-20वर्ष के तथा 15 (50 प्रतिशत) 21-24 वर्ष की आयु के हैं। निम्न पोषण स्तर के विद्यार्थियों की संख्या निरंक है। विद्यार्थियों की सर्वाधिक संख्या 17-20 वर्ष की आयु वर्ग में उच्च पोषण स्तर के विद्यार्थियों की पाई गई है।

तालिका क्रमांक-4: आयु के अनुसार छात्र एवं छात्राओं के पोषण स्तर के टी-परीक्षण की तालिका

आयु	माध्यमान	मानक विचलन	स्वतंत्र यांष	'टी' परीक्षण का मूल्य	सार्थकता स्तर
17-20 वर्ष (N=212)	2.85	0.36	298	0.4220	P<0.05
21-24 वर्ष (N=88)	2.83	0.38			

तालिका क्रमांक-4 में ग्वालियर शहर के छात्र एवं छात्राओं की आयु के अनुसार पोषण स्तर के माध्य, मानक विचलन एवं टी परीक्षण को प्रदर्शित किया गया है। तालिका के अवलोकन से ज्ञात होता है कि 17 से 20 वर्ष की आयु के छात्र एवं छात्राओं के पोषण स्तर का माध्यमान 2.85 है जो कि 21 से 24 वर्ष के छात्र एवं छात्राओं के पोषण स्तर के माध्यमान 2.83 की तुलना में अधिक है। तालिका दर्शाती है कि टी-परीक्षण का परिगणित मूल्य 298 स्वतंत्रयांश पर 0.4220 है जो कि 0.05 स्तर पर असार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना- 'छात्र एवं छात्राओं के पोषण स्तर पर उनकी आयु का सार्थक प्रभाव नहीं पाया जाएगा।' स्वीकृत होती है। इस प्रकार छात्र एवं छात्राओं के पोषण पर उनकी आयु का कोई प्रभाव नहीं पाया गया।

निष्कर्ष:

1. सर्वाधिक छात्र 23 (55.33 प्रतिशत) 17-20 वर्ष की आयु के उच्च पोषण स्तर के पाये गये।
2. सर्वाधिक छात्रायें (64.66 प्रतिशत) 17-20 वर्ष की आयु उच्च पोषण स्तर की पाई गईं।
3. उच्च पोषण स्तर के विद्यार्थियों की संख्या 253 (24.33 प्रतिशत) मध्यम पोषण स्तर के विद्यार्थियों की संख्या 47 (15.66 प्रतिशत) की तुलना में अधिक पाई गई।
4. सर्वाधिक विद्यार्थी 180 (60.00 प्रतिशत) 17-20 वर्ष की आयु के अंतर्गत उच्च पोषण स्तर के पाये गये।
5. निम्न पोषण स्तर के विद्यार्थियों की संख्या निरंक पाई गई है।
6. छात्र एवं छात्राओं के पोषण स्तर पर आयु का सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।

सीमाएँ:

1. यह शोध अध्ययन ग्वालियर शहर के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र छात्राओं तक सीमित है।
2. इसमें 17-24 वर्ष के विद्यार्थियों को सम्मिलित किया गया है।
3. पोषण स्तर ज्ञात करने के लिये लक्षण परीक्षण विधि का उपयोग किया गया है।
4. परिकल्पना की सार्थकता ज्ञात करने हेतु टी-परीक्षण का उपयोग किया गया है।

सुझाव- पोषण स्तर ज्ञात करने हेतु मानवमिति, आहारीय सर्वेक्षण तथा जैव रसायनिक परीक्षण भी किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कानगो, मंगला, 'सामान्य एवं उपचारात्मक पोषण', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल 1990
2. कानगो, मंगला, 'पोषण एवं स्वास्थ्य स्तर', रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर, 2005
3. खनूजा, रीना, 'आहार एवं पोषण विज्ञान', अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा
4. कुलकर्णी, ज्योति एवं पल्टा अरूणा, 'आहार आयोजन एवं सामान्य पोषण', सेवा प्रकाशन, इन्दौर
5. शर्मा, सुमन, 'स्वास्थ्य समस्या और समाधान', विश्वभारती पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली-110002, 2007

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

A Study of Academic Achievement and Attitude with Special Reference to Open University Students

Dr. Mohd Noor Alam Ansari*

***Assistant Professor (B.Ed.) SDPG College, Math-Lar, Deoria (U.P.) INDIA**

Abstract - The research study is related to the academic achievement and attitude of open university students. Present study is based on the survey method. The main objective of the study of academic achievement and attitude of the open university students.In this study, 100 students were selected as sample using purposeful sampling method. For this, both boys and girls were included in the study.Self-made attitude scale used by measurement of attitude and for achievement, only the marks obtained by the students in the annual examination were accepted as achievement. For statistical analysis was used to t-test. The results and conclusions obtained from the research study showed that the achievement of both male and female students of Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University is almost the same.There is no effect on the academic achievement of the students whether they are pursuing traditional or professional courses. Their academic achievement is almost the same even if they are pursuing these courses.
Keywords: Students, Academic achievement, Attitude, Open University.

Introduction - For development each and every society effort to provide citizens with the best opportunities for educational. Today education has linked industrial, economic, political, social and personality development with each other.Educational aspirations, knowledge explosion, population explosion and experiments in the field of education led to the emergence of an education system which was named distance education.Due to the strict rules and other constraints of formal institutions, people are inclined towards distance education. Students have benefited from the degree and standardization of distance education.Through the means of modern communication technology, the credibility of this system has increased among the students.

According to Majum Kiledar 2008Distance education system is also not untouched by the growing vocational courses in education.The effectiveness of distance learning method can be increased by skilled teachers and adequate resources (Tohid, 2010).Students' satisfaction, motivation, and achievement are similar in both traditional and online modes; Bernanrd R 2004. Another study by Yang 2004Maximum students is satisfied with open education method.Dellon (2010) found that traditional teaching methods are better than online teaching methods. Campus-based courses are of better quality than distance learning methods,Confirmed by Harrison & Pari (2006) study. In Indian scenario, the status of distance education method is undoubtedly and no better than that of formal institutions. Availability of resources and financial investment are essential conditions for quality of education (Tanveer Malik, 2006). On the basis of above literature and researchers found that there was a lack of research work on the achievement and attitude toward distance mode students.

Aims of the Study: The purpose of this research study is to achieve the following objectives:

1. To study the relationship between gender and their achievement of open universitystudents.

Hypotheses of the Study: To satisfy the objectives of the present study, the null hypothesis was used which is as follows:

H_{01} : There is no significant difference between the achievement of Open Universitystudents and their gender and subject of study.

Research Methodology: Present study is based on the survey method.

Sample Selection: For this study random method was used for sample selection. In the present research study 03 government and 03 private colleges of were studies Rajarshi Tondan Open University centre total 100 students selected by the researcher in the form of population of Varanasi district.

Finding and Results: In order to test the null hypothesis, t-test was used and the results are presented in table 1.

	STUDENT	N	Mean	S. D	t-value
ACHIEVE -MENT	MALE	54	57.59	8.459	1.74
	FEMALE	46	59.25	10.189	

Not significant at 0.05 level

It is clear from the result presented in Table 1 that the

t-value obtained is 1.74.that which is not significant at 0.05 level. Hence, this conclusion can be drawn by accepting the null hypothesis.Student studying in Uttar Pradesh Rashi Tandon Open University, there is no significant difference in the achievement.

On the above datait is clear from that the mean of boys and girls of both the groups was found to be 57.59 and 59.25. According to scale value this mean value indicates similarity in the achievement of students of Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University.

To fulfil the second objective of the study, t-test was used for statistical testing and the results are presented in Table 1.01.

	COURSE	N	Mean	S. D	t-value
ACHIEVE-MENT	TRADITIONAL COURSE	47	58.10	9.369	0.80
	PROFESSONAL COURSE	53	59.04	8.663	

Not significant at 0.05 level

It is clear from the result presented in table No. 1.01 that the t-value obtained is 0.80 which is not significant at the significance level of 0.05.Therefore, accepting the related hypothesis, it is concluded that there is no significant difference between the achievement of students studying in Uttar Pradesh Rajarshi Tandon Open University and their subject of study.It is clear from the above table that the mean scores of students of traditional and professional courses of both the groups were found to be 58.11 and 59.04.

According to scale value, this mean value leads to the achievement of students of traditional and vocational courses studying in Rajarshi Tandon Open University being almost the same for both the groups of students.

Significance the study: At present, maximum students of studying in the Open University. They improve quality after studying.Hence, in the present research study an attempt was made to understand the academic achievement of students for the study Pratap by the Open University.The results obtained will provide the basis for determining the quality of material provided by institutions in future as well as help in efforts to make the lessons relevant to the current times.It is clear from the result that the achievement and attitude of students from open learning institutions are as positive as those from traditional courses.

Limitation of Study: Every research has its own limitations within which the researcher conducts the research.In this study, only the students of Rajarshi Tandon Open University of Uttar Pradesh, located in Varanasi district, were included in the research and only graduate level students were included in that study population.

Conclusion: There is no significant difference in the achievement of students studying in Open University on the basis of gender and teaching subject.Students have shown positive attitude towards the courses undertaken by the Open University.

References:-

1. Killedar, M .(2008). Critical Assessment of the impact of *Web Technology* on *Total Quality* of Educational and Student Support Services from the *Open and Distance Learning System.International Journal of Instructional Technology and Distance Learning*,vol.5(10),53-66.
2. Malik,T .(2006). A Pilot Study Comparing MA Education through Distance Education in a Developed Country (USA) and a Less Developed Country (Pakistan). *International Journal of Instructional Technology and Distance Learning*,vol.3(11),41-49.
3. Towhidi, A.(2010). Distance Education Technologies and media utilization in higher education .*International Journal of Instructional Technology and Distance Learning*,vol.7(8),3-31.
4. Khan, I.(1982). Suitability of teaching English through correspondence courses as offered by some Indian universities at the first-degree level. Unpublished Ph.D. Thesis, Dissertation, Utkal university.
5. Koul, B.N.(1982). Correspondence courses. In Rao, B.A. and Ravishankar, S.(Eds.) Reading in Educational Technology, Himalaya Publishing House, Bombay.
6. Pillai, J.K. and Mohan, S.(1983). Impact and performance of correspondence education programme of M. K. University, Mimie. Department of Education, M. K. University, Madurai.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

व्यवसाय में संकट प्रबंधन का संक्षिप्त अध्ययन

डॉ. शीबा खानम*

* अतिथि विद्वान (वाणिज्य) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – संकट प्रबंधन से किसी व्यावसायिक संगठन और उसके कर्मचारियों के लिए खतरे की पहचान करना आसान हो जाता है, और उस पर प्रभावी प्रतिक्रिया कर संकटग्रस्त स्थिति में सुरक्षित रह सके साथ ही व्यवसाय में बाहरी या आंतरिक घटनाओं के कारण उत्पन्न संकट को दूर करने में उपयुक्त समाधान भी प्राप्त किया जाता हैं। संकट प्रबंधन कॉर्पोरेट स्तर पर संकटों का पूर्वानुमान लगाने और उनसे प्रभावी ढंग से निपटने की योजना बनाने की रणनीति है। संकट प्रबंधन जोखिम विश्लेषण से शुरू होता है, हालांकि, इसे जोखिम प्रबंधन के साथ भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए। वैश्विक घटनाओं की अप्रत्याशितता के कारण, कई आधुनिक संगठन संभावित संकटों को घटित होने से पहले ही पहचानने का प्रयास करते हैं ताकि उनसे निपटने की योजनाएँ तैयार की जा सकें। जब कोई संकट आता है, तो विकास की ओर अग्रसर रहने के लिए संगठन को बचाने के लिए भारी बदलाव करने में सक्षम होने की आवश्यकता है। 2020 की शुरुआत में शुरू हुआ COVID-19 संकट से व्यवसायों में संकट प्रबंधन की रणनीति तैयार न होने के कारण दुनिया भर के लोगों को अपने व्यवसाय को बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा था साथ ही लाखों कर्मचारियों को घर भेज दिया गया और आवश्यक सेवाओं को कार्य करने में उन्हें संघर्ष करना पड़ा। कोई भी व्यवसाय, चाहे बड़ा हो या छोटा, समस्याओं में पड़ सकता है जो उसके सामान्य संचालन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। एक संकट कई रूप ले सकता है एक कार्यालय में आग, एक सीईओ की मृत्यु, एक आतंकवादी हमला, एक डेटा उल्लंघन , या एक प्राकृतिक आपदा से किसी कंपनी को बिक्री में कमी, उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान के रूप में ठोस और अमूर्त लागत का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे व्यवसाय जो अप्रत्याशित आकस्मिकताओं के मामले में निरंतरता योजना रखते हैं, वे किसी नकारात्मक घटना के प्रभाव को कम कर सकते हैं तथा किसी संकट की स्थिति में व्यवसाय निरंतरता योजना बनाने की प्रक्रिया को संकट प्रबंधन के रूप में जाना जाता है।

प्रस्तावना – संकट प्रबंधन एक स्थिति-आधारित प्रबंधन प्रणाली है जिसमें कंपनी की संगठनात्मक आवश्यकताओं से संबंधित स्पष्ट भूमिकाएं और जिम्मेदारियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं। व्यवसाय की प्रतिक्रिया में निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्रवाई सम्मलित करना आवष्यक है जैसे संकट की रोकथाम, संकट का मूल्यांकन, संकट से निपटना और संकट की समाप्ति। संकट प्रबंधन का उद्देश्य संकट के लिए अच्छी तरह से तैयार रहना, संकट के लिए त्वरित और पर्याप्त प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना, संकट की स्थिति में रिपोर्टिंग और संचार की स्पष्ट लाइनें बनाए रखना और संकट समाप्ति के लिए नियमों पर सहमति बनाना है। **'संकट'** शब्द से तात्पर्य एक अस्थिर अथवा संकटकालीन समय अथवा कार्य दशा से है, जिसमें अत्यधिक अवांछनीय परिणाम की स्पष्ट संभावना से एक निर्णायक परिवर्तन होता है। प्रस्तुत शोध का उद्देश्य व्यवसाय में संकट प्रबंधन का अध्ययन किया गया है। साथ ही शोध परिकल्पना के रूप में 'संकट प्रबंधन एक व्यवस्थित प्रक्रिया है जो संगठन को अप्रत्याशित घटनाओं से बचाने और स्थिरता बनाए रखने में मदद करता है।' निर्मित की गयी है।

Coombs, W.T. (2007): "Crisis Communication and Management' ने अपनी पुस्तक में संकट प्रबंधन की संरचना और प्रभावी रणनीतियों का वर्णन किया गया है।

Mishra. A. & Sharma, P. (2015) : भारतीय संगठनों में संकट प्रबंधन की तैयारी पर अध्ययन किया है।

Rosenthal, U. (2010): संकट के चार चरण – पहचान, योजना, प्रतिक्रिया, और पुन:स्थापना पर जोर दिया। जिसमें प्रमुख घटक और तकनीके, जोखिम विश्लेषण और प्रबंधन प्रणाली, मीडिया प्रबंधन और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र, संकट से उबरने के लिए कर्मचारियों और संगठन का प्रशिक्षण का अध्ययन किया है।

प्रस्तुत शोध अध्ययन में **तथ्यों का संकलन के लिए** द्वितीयक स्त्रोतों से सूचनाओं व तथ्यों का सकंलन किया गया। द्वितीयक स्त्रोत के रूप में इन्टरनेट द्वारा प्राप्त सूचनाएँ एकत्रित की गई जिसमें समाचार पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं, शोध पत्रों आदि से सम्बन्धित पुस्तकों में उपलब्ध अध्ययन सामग्री पर आधारित है।

संकट प्रबंधन विभिन्न प्रथाओं को संदर्भित करता है जिसके माध्यम से एक राज्य या राज्यों का समूह किसी संकट के नतीजों का प्रबंधन करना चाहता है। ऐसे संकट प्राकृतिक आपदाएँ, राजनीतिक उथल-पुथल या सामाजिक आंदोलन हो सकते हैं। संकट प्रबंधन में उन प्रथाओं का एक समूह शामिल है जिसका उद्देश्य संकटों को रोकना, नियंत्रित करना और कम करना तथा राज्य की संस्थाओं और समाज पर उनके प्रभाव को कम करना है। प्रस्तुत शोध में वर्णनात्मक शोध अध्ययन किया गया है।

थेनड़ियो जिणजौ ओ अजमो म्हारा भावोसा मोलावो ओ राज

प्रस्तुत गीत में गर्भवती स्त्री का पति परदेश जा रहा है। पति की अनुपस्थिति में अजवाईन की व्यवस्था कौन करेगा? गर्भावस्था के आठवें मास में स्त्रियाँ 'अजमी' गाती हुई कहती है कि ओ केसरिया प्रियतम! आप दूसरे गाँव जा रहे हो। ओ राज, अब अजवायन कौन खरीदेगा? ओ मानेती रानी! तुम पुत्र उत्पन्न करना, अजवायन मेरे बाबोसा खरीद कर ले आएँगे।

निष्कर्ष -इस प्रकार हमारे संस्कार हमें मानव कोटि से बहुत ऊँचाई पर ले जाकर देवत्व तक पहुँचाने में समर्थ है। अत: यह कहना समुचित है कि संस्कारों की योजना व्यक्ति को नियमबद्ध एवं संयमित जीवन जीना सिखाती है। हमारे ये संस्कार पारिवारिक और सामाजिक स्वास्थ्य का समन्वय है। ये संस्कार मूलत: वैज्ञानिक चिन्तन पर आधारित है। संस्कारों की अनुपालना से समाज और राष्ट्र की नैतिक उन्नति हो, सफलता प्राप्त हो यही इनके मूल में छिपा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लोकायन की भूमिका, पृ. ग, डॉ. देवराज उपाध्याय
2. मनुस्मृति, - 2/27
3. संस्कार विशेषांक पत्रिका
4. आश्वलायन, वी.मि.सं., भाग-1
5. वीर मित्रोदय, संस्कार भाग - 1, पृ. - 168
6. षोडश संस्कार विवेचन, पं. श्रीराम शर्मा आचार्य, पृ. 36, 51-52
7. मालवी संस्कृति एवं उसका साहित्य - डॉ. भगवतीलाल राजपुरोहित
8. मालवी संस्कार गीत - श्रीमती निर्मला राजपुरोहित
9. राजस्थान की सांस्कृतिक परम्परा - डॉ. जयसिंह नीरज
10. राजस्थान के लोकगीत - श्रीमती स्वर्णलता
11. राजस्थान का लोकसंगीत - डॉ. योजना शर्मा

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला 2016 के आयोजन में प्रशासनिक प्रबंधन की भूमिका

मोनिया यादव* डॉ. वीरेन्द्र चावरे**

* शोधार्थी, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – सिंहस्थ कुंभ मेला 2016 के आयोजन में प्रशासकीय प्रबंधन की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर गहन विचार-विमर्श किया गया है। यह मेला हर 12 वर्षों में उज्जैन नगर में आयोजित होता है, जो न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से अपितु सांस्कृतिक और खगोल शास्त्रीय दृष्टिकोण से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह आयोजन न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे विश्व में धार्मिक दृष्टि से अत्यधिक प्रतिष्ठित है।प्रस्तुत शोध पत्र में कुंभ मेला के ऐतिहासिक, धार्मिक और खगोलशास्त्रीय महत्व का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। साथ ही, आयोजन के समुचित संचालन में प्रयुक्त विभिन्न संगठनात्मक रणनीतियों, उत्पन्न होने वाली चुनौतियों, और उपलब्धियों पर विशेष ध्यान दिया गया है। अध्ययन में प्रशासनिक प्रबंधन के विभिन्न आयामों, जैसे विभागों के बीच समन्वय, बुनियादी ढांचे का विकास, जनसंचार प्रबंधन, तथा जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता पर गहन चर्चा की गई है।प्रस्तुत शोध पत्र विशेष रूप से इस बात पर जोर देता है कि सिंहस्थ मेला 2016 के आयोजन में पिछली घटनाओं से प्राप्त पाठों को कैसे प्रभावी रूप से लागू किया गया, ताकि सुरक्षा और दक्षता के उच्चतम मानकों को प्राप्त किया जा सके। इस संदर्भ में, मेलों के आयोजनों से पहले किए गए प्रबंधन सुधारों और रणनीतियों की पहचान की गई है, जो सिंहस्थ 2016 के आयोजन को एक आदर्श मॉडल बनाने में सहायक सिद्ध हुईं।अध्ययन का निष्पादन द्वितीयक स्रोतों, जैसे सरकारी रिपोर्ट्स, संबंधित विभागों द्वारा प्रकाशित पुस्तिकाएँ, मीडिया लेख, और अन्य प्रलेखों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर किया गया है। इन स्रोतों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए, सिंहस्थ मेला 2016 के प्रशासनिक प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन किया गया।

सिंहस्थ का ऐतिहासिक महत्व – पुरातन समय से ही तीर्थ स्थलों के प्रति गहरी श्रद्धा प्रकट करते हुए जनमानस को आत्मकल्याण की दिशा में प्रेरित करने का प्रयास किया गया है। प्राचीन काल में ऋषि-मुनियों ने समाज की भलाई और लोककल्याण के लिए धार्मिक और पवित्र स्थानों पर विभिन्न ज्ञान सत्रों का आयोजन किया। इन आयोजनों के माध्यम से धर्म का महत्व और उसकी प्रासंगिकता को समझाने के साथ-साथ समाज को नई प्रेरणा प्रदान की जाती थी। धार्मिक स्थलों पर इन आयोजनों का उद्देश्य धार्मिक संस्कृति, परंपराओं और आत्मीयता को अक्षुण्ण बनाए रखना था। पूरे भारत की सांस्कृतिक झलक, धार्मिक आस्था की नींव, और जनता के बंधुत्व का अनुभव एक स्थान पर सहजता से हो सके, यही इन आयोजनों का मुख्य उद्देश्य था। इसी परंपरा में मनाया जाने वाला प्रमुख धार्मिक पर्व है 'कुंभ'।

'कुंभ' शब्द वास्तव में एक विशेष खगोलीय संयोग का प्रतीक है, जो ग्रहों और राशियों के विशेष योग से बनता है। अथर्ववेद के अनुसार, सृष्टिकर्ता ब्रह्माजी ने कहा कि उन्होंने चार पवित्र कुंभ पर्वों की रचना कर उन्हें प्रयाग, उज्जैन, हरिद्वार और नासिक जैसे पावन स्थलों पर स्थापित किया। 'कुंभ' का अर्थ है कलश, और कुंभ महापर्व की कथा भी इसी कलश से जुड़ी हुई है। हालांकि, यह कोई साधारण कलश नहीं है, बल्कि अमृत कलश है, जो कुंभ महापर्व की पृष्ठभूमि का आधार है।प्राणायाम की तरह कुंभ पर्व को भी तीन चरणों में विभाजित किया जा सकता है- 1. पूरक (श्वास भरना), 2. कुंभक (श्वास रोकना), और 3. रेचक (श्वास छोड़ना)। शरीर को भी एक घड़े या कुंभ के रूप में देखा गया है, जिसमें प्राणों और श्वासों का प्रवाह होता है। कुंभ पर्व मानो श्वासों का महा उत्सव है, जहां अनगिनत श्वासें मिलती हैं, भरती हैं, और खाली होती हैं। यह पर्व मानवीय जीवन की गहराई और आध्यात्मिकता का प्रतीक है।[1]

सिंहस्थ कुंभ महापर्व भारतीय धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का सबसे बड़ा उत्सव है। इसे सनातन धर्मावलंबियों का विश्व का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। कुंभ पर्व के संदर्भ में पुराणों में कई कथाएँ वर्णित हैं। भारतीय संस्कृति में कलश का विशेष स्थान है, जो केवल कला और संस्कृति ही नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि का प्रतीक है। कुंभ पर्व में स्नान को मोक्षदायक कहा गया है, जहां मोक्ष का अर्थ सांसारिक बंधनों से मुक्ति पाना है।आदि शंकराचार्य ने भारत को धर्म के सूत्र में बांधने के लिए अपने अनुयायी संन्यासियों को दशनामी परंपरा में संगठित किया और कुंभ पर्व में प्रथम स्नान का अधिकार दिलाया। भारतीय संस्कृति में कुंभ मंगल का प्रतीक माना गया है। हालांकि, यह पर्व भारत में कब से मनाया जा रहा है, इसके बारे में विद्वानों की एकमत राय नहीं है। देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से जुड़ी घटनाएँ कुंभ पर्व के प्रारंभिक संदर्भ माने जाते हैं, जो पुराणों और इतिहास में समान रूप से वर्णित हैं।

सिंहस्थ कुंभ महापर्व का पौराणिक महत्व – कुंभ पर्व के आयोजन से जुड़ी कई कथाएँ प्रचलित हैं, लेकिन इनमें सबसे प्रमाणिक कथा समुद्र मंथन से संबंधित है। पौराणिक कथा के अनुसार, देवता और दानवों ने मिलकर

समुद्र मंथन किया, जिसमें अमृत का कलश प्राप्त हुआ। अमृत को दानवों से बचाने के लिए इसकी रक्षा का कार्य बृहस्पति, चंद्रमा, सूर्य और शनि को सौंपा गया। इस बीच, इंद्र के पुत्र जयंत अमृत कलश लेकर भाग गए। दानवों ने इस चाल को समझ लिया, जिससे देवताओं और दानवों के बीच घोर युद्ध छिड़ गया।यह युद्ध 12 दिनों तक चला, जो मानव के लिए 12 वर्षों के बराबर था। इस संघर्ष के दौरान अमृत की कुछ बूंदें धरती पर हरिद्वार, प्रयागराज (इलाहाबाद), नासिक और उज्जैन में गिरी। सूर्य, गुरु और चंद्रमा ने अमृत कलश की रक्षा में विशेष भूमिका निभाई। इन्हीं ग्रहों की विशिष्ट स्थिति में कुंभ पर्व मनाने की परंपरा आरंभ हुई। मान्यता है कि जहां-जहां अमृत की बूंदें गिरीं, वहां की नदियाँ-गंगा, यमुना, गोदावरी और क्षिप्रा-अमृतमय हो गईं। ग्रहों की विशिष्ट स्थिति के साथ बनने वाले योग में महाकुंभ पर्व का आयोजन होता है।

सिंहस्थ कुंभ महापर्व हर 12 वर्षों में हरिद्वार में गंगा तट, प्रयाग में गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम, नासिक में गोदावरी नदी और उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर आयोजित किया जाता है। इस पर्व के दौरान संत परंपरा का पालन किया जाता है। मान्यता है कि साधु-संतों के 13 अखाड़े-शैव, वैष्णव और उदासीन परंपराओं से जुड़ेसंत परंपरा का निर्वहन करते हैं। पर्व के दौरान त्रिशूल स्थापना, धर्म ध्वजा की स्थापना, पेशवाई और शाही स्नान जैसी धार्मिक गतिविधियाँ संपन्न होती हैं।उज्जैन का सिंहस्थ कुंभ महापर्व पुण्य सलिला क्षिप्रा नदी के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर आयोजित किया जाता है। यह मेला पश्चिमी तट के खुले क्षेत्र और पूर्वी तट के शहरी क्षेत्र में आयोजित होता है।

कुंभ पर्व का महत्व – भारत में घटनाओं और व्यक्तित्वों को स्थायी रूप से जनजीवन और संस्कृति का हिस्सा बनाने के लिए न केवल इतिहास और साहित्य का सृजन हुआ, बल्कि इन्हें सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से भी जोड़ा गया। धार्मिक पर्व, जैसे रामनवमी आदि, हमें हमारे पूर्वजों और उनके कार्यों की स्मृति दिलाते हैं। प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले ये पर्व और उत्सव हमारे मन में जिज्ञासा और ज्ञान की उत्सुकता उत्पन्न करते हैं। इस प्रकार, इन परंपराओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति के उच्च आदर्शों से जुड़ाव होता है और हमारा इतिहास अमर बन जाता है।

भारतीय व्रत, पर्व, पूजापाठ, कर्मकांड और सांस्कृतिक उत्सव जैसे शरदोत्सव और वसंतोत्सव, अपने भीतर गहरे ऐतिहासिक महत्व समेटे हुए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने इन ऐतिहासिक घटनाओं को मंत्रों और सूत्रों के माध्यम से संरक्षित किया। प्रत्येक भारतीय इन परंपराओं से अपने जीवन के लिए अमूल्य प्रेरणा प्राप्त करता है और अपने पूर्वजों की तरह जीवन में स्फूर्ति और ऊर्जा का अनुभव करता है। भारतीय संस्कृति, इतिहास और जीवन मूल्य अमर हैं, क्योंकि वे सनातन और वर्तमान का हिस्सा हैं। यही कारण है कि भारत को 'अमृत भूमि' कहा जाता है और इसकी संस्कृति सनातन और अटल मानी जाती है।यूनान और रोम जैसे साम्राज्य मिट गए, लेकिन भारत आज भी अपनी पहचान और संस्कृति के कारण खड़ा है। यह हमारी महान परंपराओं और महापुरुषों के प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने हमारे जीवन में इतिहास और संस्कृति को गहराई से पिरो दिया है।कुंभ पर्व हमारे इतिहास की एक महान घटना की स्मृति को जीवित रखता है।[2] यह पर्व देवताओं और असुरों के बीच हुए संघर्ष (देवासुर संग्राम) की याद दिलाता है, जिसमें देवताओं ने अमृत प्राप्त किया था। यह विजय आध्यात्मिकता की भौतिकता पर, ईश्वरत्व की नश्वरता पर और अमरत्व की मृत्यु पर जीत को दर्शाती है। कुंभ पर्व के माध्यम से, हम अमृत कुंभ की उस कथा का स्मरण करते हैं, जिसने जीवन के मूल्यों और उनकी महत्ता पर गहन विचार करने के लिए प्रेरित किया।कुंभ पर्व का महत्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक भी है। यह पर्व हमें न केवल इतिहास की प्रेरणा देता है, बल्कि वर्तमान जीवन की समस्याओं का समाधान भी सुझाता है। इस पर्व की परंपरा हमारे जीवन में नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक विचारों को बनाए रखने का माध्यम है। कुंभ पर्व इसीलिए मनाया जाता है कि हम अपने इतिहास और संस्कृति के अद्भुत आदर्शों को समझ सकें और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात कर सकें।

कुंभ का आयोजन और उद्देश्य – कुंभ मेला हरिद्वार, प्रयाग, उज्जैन और नासिक जैसे चार पवित्र स्थलों पर विशेष खगोलीय योग के समय आयोजित होता है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य संत-महात्माओं, मठाधीशों, शंकराचार्यों और साधु-संतों के मार्गदर्शन में धर्म और वेदों के अनुरूप दिव्य उपदेशों को जनमानस के हृदय में श्रद्धा और भक्ति के साथ स्थापित करना है। यह पर्व मानव जीवन के कष्टों को दूर करने और आध्यात्मिक शुद्धि के उद्देश्य से आयोजित होता है।ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति का विशेष संयोग कुंभ मेले का आधार होता है। सूर्य को राजा, चंद्र को मंत्री और बृहस्पति को देवगुरु माना जाता है। इन तीनों ग्रहों के विशिष्ट योग से ही कुंभ पर्व का निर्धारण होता है।

उज्जैन में कुंभ का विशेष महत्व – जब सूर्य मेष राशि में और बृहस्पति सिंह राशि में होते हैं, तब उज्जैन में कुंभ मेला (सिंहस्थ) आयोजित होता है। इसे मोक्ष प्राप्ति के लिए श्रेष्ठ समय माना गया है।

स्कंदपुराण में वर्णित दश महायोग – स्कंदपुराण में उज्जैन के महत्व और कुंभ स्नान के लाभ का वर्णन है। यहां कहा गया है कि उज्जैन का क्षेत्र योगियों के लिए भी दुर्लभ है। शिप्रा नदी में स्नान का महत्व तब और बढ़ जाता है जब निम्नलिखित दस महायोग एक साथ उपस्थित होते हैं:अवंतिका क्षेत्र, वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, सिंह राशि में गुरु, मेष राशि में सूर्य, तुला राशि में चंद्र, स्वाती नक्षत्र, पूर्णिमा तिथि, व्यतीपात योग एवं सोमवार जैसेदस महायोगों का यह दुर्लभ संयोग शिप्रा में स्नान को मोक्षदायक बनाता है।[3] हालांकि, यदि इनमें से केवल छह-सात योग भी उपस्थित हों, तो भी मोक्ष की प्राप्ति संभव है।कुंभ का आयोजन न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए है, बल्कि यह मानव जीवन को शुद्ध करने और उसमें दिव्यता का संचार करने का भी अवसर प्रदान करता है।

साहित्य की समीक्षा

'कुंभ, अर्धकुंभ और सिंहस्थ' अनिरुद्ध जोशी द्वारा लिखितआलेख, कुंभ मेले के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डालती है, विशेष रूप से उज्जैन में आयोजित सिंहस्थ कुंभ पर केंद्रित है। इसी क्रम में, संजय शुक्ला की ई-पुस्तक *'सिंहस्थ- कुंभ महापर्व 2016, उज्जैन'* 2016 के सिंहस्थ कुंभ महापर्व का फोटोग्राफिक दस्तावेजीकरण करते हुए इसके सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व का विश्लेषण प्रस्तुत करती है। वहीं, सिद्धार्थ शंकर गौतम की पुस्तक *'सनातन संस्कृति का महापर्व सिंहस्थ'* सिंहस्थ कुंभ के अनुष्ठानों, परंपराओं और महत्व का समृद्ध विवरण प्रस्तुत करती है, जो पाठकों को इसकी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत की गहरी समझ प्रदान करती है।

अध्ययन के उद्देश्य:

1. 2016 के सिंहस्थ मेला में प्रशासन की भूमिका और व्यवस्थाओं का विश्लेषण करना।

2. प्रशासनिक व्यवस्थाओं के समन्वय और उनके प्रभाव का अध्ययन करना।
3. सिंहस्थ मेला के आयोजन में सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था पर प्रशासन के प्रभाव का मूल्यांकन करना।

शोध प्रविधि – इस अध्ययन में प्रयुक्त शोध प्रविधि का आधार द्वितीयक स्रोतों के विश्लेषण पर आधारित है, जो सिंहस्थ कुंभ मेला 2016 के प्रशासनिक प्रबंधन और संगठनात्मक रणनीतियों की गहन जांच को सक्षम बनाता है। अध्ययन में शासकीय रिपोर्ट, आधिकारिक प्रकाशन, मीडिया लेख, शोध पत्र और प्रलेखित अवलोकनों सहित विभिन्न द्वितीयक स्रोतों का उपयोग किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन में, आयोजन की योजना और क्रियान्वयन प्रक्रियाओं, बुनियादी ढांचे के विकास, भीड़ प्रबंधन तकनीकों और स्वच्छता, जल और स्वास्थ्य सेवाओं जैसी आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति का विस्तृत मूल्यांकन करने में सहायता की। इसके अलावा, इस अध्ययन में इसी प्रकार के बड़े आयोजनों पर पूर्व में किए गए शोध से प्राप्त अंतर्दृष्टियों को शामिल किया गया, जिससे सर्वोत्तम प्रथाओं और सुधार के संभावित क्षेत्रों की पहचान के लिए तुलनात्मक विश्लेषण किया जा सके।

सिंहस्थ-2016 का आयोजन एवं प्रशासनिक भूमिका – सिंहस्थ-2016 का आयोजन उज्जैन में चैत्र शुक्ल 15 (22 अप्रैल 2016) से वैशाख शुक्ल 15 (21 मई 2016) तक किया गया। इस दौरान प्रमुख स्नान पर्वों और शाही स्नानों की तिथियों का आयोजन किया गया। सिंहस्थ महापर्व का यह आयोजन पौराणिक परंपराओं के अनुरूप हर 12 वर्षों में होता है।सिंहस्थ-2016 की सफलता में प्रशासन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। इस आयोजन की तैयारियाँ तीन वर्ष पहले, यानी 2013 से ही प्रारंभ कर दी गई थीं। विभिन्न विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों के समन्वय से मेले की योजनाओं और परियोजनाओं को समय पर शुरू और पूरा किया गया।

प्रमुख प्रशासनिक पहलें:

1. सिंहस्थ-2004 के अनुभव का उपयोग।
2. सिंहस्थ-2004 के दौरान की गई व्यवस्थाओं और उन पर आधारित प्रतिवेदन के सुझावों को सिंहस्थ-2016 की योजना में शामिल किया गया। उन कार्यों को प्राथमिकता दी गई, जो 2004 में अधूरे रह गए थे।

विभागीय समन्वय और योजनाएँ- आयोजन की प्रभावी शुरुआत संभागायुक्त द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों की बैठक से हुई। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने विभाग के कार्यों का प्रस्ताव तैयार करें।[4] चार माह की समय सीमा में सभी प्रस्तावों को शासन की स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया गया।

स्थायी विकास पर ध्यान – इस बार प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया कि मेला क्षेत्र और शहर के विकास में स्थायी लाभ देने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उदाहरण के तौर पर, शहर के लिए बेहतर सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, और स्थायी संरचनाएँ बनाई गईं।

विभिन्न विभागों और केंद्रीय संस्थानों का सहयोग – रेलवे, दूरसंचार और बैंकों जैसे केंद्रीय संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर स्थायी सुविधाएँ विकसित की गईं।

भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा उपाय – सिंहस्थ-2016 में पाँच करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना थी। इस विशाल आयोजन के लिए प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाओं, और सुरक्षा के लिए विशेष योजनाएँ बनाईं।

स्थानीय समुदाय और सेवाभावी संस्थाओं का सहयोग – प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों, विद्वानों और सेवाभावी संस्थाओं से सुझाव और सहयोग प्राप्त किया, जिससे आयोजन में व्यापक सहभागिता सुनिश्चित हुई।

प्रशासनिक प्रबंधन व व्यवस्थाऐं/सुविधाऐं – सिंहस्थ-2004 के अनुभव से सीख लेकर स्थायी विकास कार्यों को समय पर पूरा करना।आयोजन के लिए निर्धारित बजट का अधिकतम उपयोग शहर और मेले के दीर्घकालिक लाभ के लिए करना।विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्यों को बाधा रहित तरीके से संपन्न करना।श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करना।सिंहस्थ मेला उज्जैन में हर 12 वर्षों में आयोजित होने वाला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें करोड़ों श्रद्धालु भाग लेते हैं।[5] इस मेले को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात, आवास, स्वास्थ्य, पेयजल, सफाई, विद्युत, और प्रचार-प्रसार जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ ही, शिप्रा नदी के शुद्धिकरण, घाटों के विकास, और आधुनिक सुविधाओं का प्रबंधन सुनिश्चित किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि प्रशासनिक दक्षता और सामूहिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करता है।

प्रमुख प्रशासनिक व्यवस्थाऐं निम्न प्रकार से प्रदर्शित है।

सुरक्षा व्यवस्था:

1. यातायात और सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती।
2. अतिरिक्त पुलिस थानों, कंट्रोल रूम और वॉच टावर की व्यवस्था।
3. आग से बचाव हेतु फायर ब्रिगेड और अग्निशामक यंत्र।
4. स्वयंसेवकों के सहयोग से सिंहस्थ सेवा संघ का गठन।

यातायात प्रबंधन:

1. अतिरिक्त पुल और ब्रिज का निर्माण।
2. शहर के रास्तों को चौड़ा करना और पुराने पुलों की मरम्मत।
3. रिंग रोड और अस्थायी बस स्टैंड का निर्माण।
4. बस और ट्रेन सेवाओं में सुधार और किराए तय करना।

आवास व्यवस्था:

1. मेला क्षेत्र में कर्मचारियों और पुलिस के लिए आवास।
2. अस्थायी विश्रामालय और टेंट की व्यवस्था।
3. संतों और अखाड़ों के लिए पर्याप्त पड़ाव स्थलों की व्यवस्था।

विद्युत व्यवस्था:

1. अतिरिक्त बिजली सब-स्टेशन और जनरेटर की व्यवस्था।
2. मंदिरों और घाटों पर पर्याप्त रोशनी।

पेयजल और सफाई:

1. शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, हैंडपंप और जल टैंक।
2. घाटों की सफाई और काई हटाने का प्रबंध।
3. सार्वजनिक शौचालय और सफाई कर्मचारियों की तैनाती।

स्वास्थ्य व्यवस्था:

1. अस्थायी और मोबाइल अस्पताल।
2. पर्याप्त डॉक्टर, नर्स और दवाइयों की व्यवस्था।
3. मच्छर और मक्खी नियंत्रण हेतु कीटनाशक का छिड़काव।

मुख्य स्नान और घाट व्यवस्था:

1. घाटों का विस्तार और मरम्मत।
2. नदी में गहरे पानी के संकेतक और महिलाओं के लिए सुरक्षित स्नान क्षेत्र।

प्रचार-प्रसार:

1. पोस्टर, प्रतीक, और डिजिटल प्रचार माध्यमों का उपयोग।
2. यात्रियों को जानकारी देने के लिए सुविधाएं।

शिप्रा शुद्धिकरण:

1. खान नदी का डायवर्जन और शुद्ध पानी का प्रवाह।
2. नर्मदा-शिप्रा संगम के माध्यम से पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करना।

प्रशासनिक व्यवस्था:

1. भूमि अधिग्रहण, सीवर लाइन और सड़क निर्माण।
2. मेला क्षेत्र की व्यवस्था के लिए अनुभवी अधिकारियों की तैनाती।
3. प्रत्येक जोनल अधिकारी को अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी के अधिकार दिए गए।
4. सेक्टर मजिस्ट्रेट को अनुविभागीय दंडाधिकारी के अधिकार सौंपे गए।
5. राजस्व अधिकारियों को भूमि और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए नियुक्त किया गया।[6]यह प्रबंधन सिंहस्थ मेले को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए किया गया।

सुविधाऐं

1. बीमा योजना: यात्रियों और नागरिकों के लिए बीमा सुरक्षा योजना लागू की गई।

2. स्वच्छता और निगरानी: साफ-सफाई, पेयजल, और अन्य शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए अधिकारी सक्रिय रहे।

3. निगरानी प्रणाली: प्रमुख चौराहों, घाटों, और मंदिरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। लाउडस्पीकर से उद्घोषणा की व्यवस्था की गई।

4. पुलिस कंट्रोल रूम: रामघाट पर अस्थायी पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किया गया।

सिंहस्थ 2016 के दौरान मेले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं, साधु-संतों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्धा कराने के लिए प्रशासन ने मेला क्षेत्र को 6 जोन और 22 सेक्टरों में विभाजित किया। प्रत्येक जोन और सेक्टर के लिए प्रशासन ने अलग-अलग अधिकारी, कर्मचारी, और संसाधानों की व्यवस्था की।

जोन और सेक्टरों का विवरण

1. कालभैरव जोन: इसमें सिद्धवट, कालभैरव, और गढ़कालिका क्षेत्र शामिल थे।

2. मंगलनाथ जोन: मंगलनाथ, खाक चौक, और खिलचीपुर (आगर रोड) क्षेत्रों को इसमें रखा गया।

3. दत्ता अखाड़ा जोन: इसमें रणजीत हनुमान, दत्ता अखाड़ा, मुल्लापुरा, और उज्जड़खेड़ा जैसे क्षेत्र शामिल थे।

4. महाकाल जोन: रामघाट, हरसिद्धि, महाकाल मंदिर, चिंतामण गणेश और गोपाल मंदिर क्षेत्र को इसमें सम्मिलित किया गया।

5. शहर जोन: इसमें फ्रीगंज, यत्र महल, और त्रिवेणी क्षेत्र शामिल थे।

प्रत्येक जोन में उप-मेला कार्यालय बनाया गया, और सभी विभागों के बीच समन्वय के लिए अधिकारियों की तैनाती की गई।[7] आवश्यक सेवाओं के लिए पुलिस, होमगार्ड, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन दल, और लोक निर्माण विभाग के अस्थायी कार्यालय बनाए गए। इसके साथ ही एंबुलेंस, पानी के टैंकर, और अग्निशमन उपकरण भी उपलब्ध कराए गए।

सुझाव और सिफारिशें:

1. स्मार्ट टेक्नोलॉजी का प्रयोग: सिंहस्थ मेला जैसे बड़े आयोजन में तकनीकी नवाचारों का इस्तेमाल करना अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है। स्मार्ट ट्रैकिंग और स्मार्ट पार्किंग जैसी तकनीकों को लागू किया जा सकता है ताकि भीड़ प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। साथ ही, लाइव ट्रैकिंग और वर्चुअल क्यू प्रबंधन से भीड़ नियंत्रण में सहायता मिल सकती है।

2. बेहतर आपातकालीन सेवाएँ: इमरजेंसी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकता है। विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अधिक अस्पताल, एम्बुलेंस और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके।

3. संवेदनशील क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी करना: सिंहस्थ मेला के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करना और वहां सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा करना आवश्यक है। सीसीटीवी कैमरा नेटवर्क और ड्रोन की निगरानी का प्रयोग सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बना सकता है।

4. इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास: मेला क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को सुधारने की आवश्यकता है, जैसे कि बेहतर सड़कें, जलापूर्ति, और स्वच्छता सेवाएँ। साथ ही, शौचालय और पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुलभ और साफ-सुथरा बनाना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

5. स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाना: आयोजन में स्थानीय समुदाय की भूमिका और अधिक बढ़ाई जा सकती है। उन्हें स्वच्छता, सुरक्षा, और सूचना प्रसार के कार्यों में शामिल किया जा सकता है, जिससे उनका योगदान सुनिश्चित हो सके और वे आयोजन में सक्रिय भागीदार बन सकें।

6. संचार और सूचना प्रबंधन: मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सूचना प्रणाली को और बेहतर किया जा सकता है। विभिन्न भाषाओं में सूचना देने वाले डिस्प्ले बोर्ड, मोबाइल ऐप्स और हेल्पडेस्क की व्यवस्था से श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन मिल सकेगा।

7. पिछले आयोजनों से सीख: पिछले मेलों के अनुभवों से सीख लेकर प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सुधार किया जा सकता है। जैसे, सिंहस्थ 2016 के आयोजन में जो सफलताएँ प्राप्त हुईं, उन्हें आगामी मेलों में और अधिक प्रभावी तरीके से लागू किया जा सकता है।

8. सतत निगरानी और सुधार प्रक्रिया: सिंहस्थ मेला के आयोजन के दौरान नियमित निगरानी और मूल्यांकन के लिए एक मजबूत सिस्टम होना चाहिए, ताकि समय-समय पर सुधार की आवश्यकता पहचानी जा सके और तत्काल कदम उठाए जा सकें।

9. धार्मिक पर्यटन के विकास के लिए रणनीतियाँ: सिंहस्थ मेला को एक स्थायी धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा, बल्कि मेले के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सेवाएँ भी प्रदान की जा सकेंगी।

10. प्रशासनिक प्रशिक्षण और कार्यशालाएँ:प्रशासनिक अधिकारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए, ताकि वे मेलों के आयोजन के दौरान बेहतर तरीके से जिम्मेदारी निभा सकें और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित कर सकें।

इन सिफारिशों के माध्यम से, आगामी मेलों के आयोजन को और भी प्रभावी, सुरक्षित और सुखद बनाने के प्रयास किए जा सकते हैं।

निष्कर्ष: उज्जैन में आयोजित सिंहस्थ मेला-2016 ने न केवल धार्मिक

और आध्यात्मिक महत्त्व को पुन: स्थापित किया, बल्कि प्रशासनिक प्रबंधन और समन्वय की उत्कृष्टता का भी परिचय दिया। इस महापर्व में जहां करोड़ों श्रद्धालु अपनी आस्था और विश्वास के साथ शामिल हुए, वहीं प्रशासन ने उनकी सुरक्षा, यातायात, आवास, स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर मेले को सुव्यवस्थित बनाया।स्थायी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रशासन ने शहर और मेला क्षेत्र में ऐसी संरचनाओं और सुविधाओं का निर्माण किया, जिनसे भविष्य में भी लाभ प्राप्त हो सके। स्थानीय समुदाय, सेवाभावी संस्थाओं और विभिन्न सरकारी विभागों के समन्वित प्रयासों ने इस आयोजन को अद्वितीय बना दिया।सिंहस्थ-2016 का यह अनुभव यह सिखाता है कि कैसे पारंपरिक धार्मिक आयोजनों को आधुनिक प्रशासनिक दृष्टिकोण से संपन्न किया जा सकता है। यह आयोजन न केवल भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता की जीवंतता का प्रतीक बना, बल्कि समर्पण, संगठन और सामूहिक प्रयास के महत्व को भी रेखांकित करता है। सिंहस्थ मेला उज्जैन प्रशासन के प्रबंधन कौशल और जनभागीदारी की एक उत्कृष्ट मिसाल बनकर उभरा है, जो भविष्य के आयोजनों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सिंहस्थ-2016 प्रशासकीय प्रतिवेदन, उज्जयिनी।
2. सिद्धार्थ शंकर गौतम, 'सनातन संस्कृति का महापर्व सिंहस्थ', प्रभात पैपरबैक्स, नई दिल्ली, 2016.
3. अनिरुद्ध जोशी,'कुंभ, अर्धकुंभ और सिंहस्थ'बेवदुनिया हिन्दी।
4. संजय शुक्ला, 'सिंहस्थ- कुंभ महापर्व 2016, उज्जैन'भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण, इण्डियन म्यूजियम कोलकत्ता, पश्चिम बंगाल, 2016.
5. सुशील कुमार शर्मा, 'सिंहस्थ 2016-क्या खोया, क्या पाया', हिन्दीकुन्ज.कॉम।
6. www.iciest.in/Paper9102.pdf accessed on 10/01/2024.
7. www.ijsr.net/archive/v6i4/17031701accessed on 05/01/2024.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

स्वामी विवेकानंद का समाजवादी दर्शन

हरीश*

* एम ए, नेट -जेआरफ (इतिहास) कोडुका पोस्ट रिछोली, ब्लॉक पाटोदी बालोतरा (राज.) भारत

प्रस्तावना – स्वामी विवेकानद भारत के एक तेजस्वी सन्यासी थे।कलकत्ता में इनका जन्म हुआ था। बचपन से इन पर इनकी माता का प्रभाव था इन्होने रामायण, महाभारत आदि धार्मिक ग्रंथ लिखे थे। इन्होने भारतीय दर्शन के साथ साथ हीगल, स्टुअर्ट मिल को भी पढ़ा था। इनकी अध्यात्म में काफी रूचि थी। बचपन में स्वामी जी को नरेंद्र नाथ के नाम से जाना जाता था उन्होने खेतड़ी के महाराजा अजित सिंह के कहने पर अपना नाम विवेकानंद रख लिया। ये हिन्दू धर्म के वेदांत दर्शन से काफी प्रभावित थे जो स्वामी जी के चिंतन और व्यवहार का मुख्य आधार था। उनका चिंतन व्यवहारिक जीवन से जुड़ा हुआ था न कि केवल मानसिक जगत में विचरण करने वाला स्वामी जी केवल एक धार्मिक संत नहीं थे वह एक समाजवादी भी थे उन्होंने कहा था में समाजवादी हु उनका समाजवाद मार्क्स के समाजवाद के समान नहीं था वह समाजवाद के शोषणरहित समाज के समर्थक थे । वह गरीबों और कमजोरों के प्रति सहानुभूति रखते थे उन्होंने ईश्वर के लिए दरिद्र नारायण शब्द का प्रयोग किया था उनका मानना था कि मानव कि सेवा ही सर्वश्रेष्ठ सेवा है अत व्यक्ति को मानव कि सेवा को सबसे ज्यादा महत्व देना चाहिए।

विवेकानद बचपन से गरीबों के प्रति सहानुभूति रखते थे एक दिन वह कॉलेज से छूटी के बाद घर जा रहे थे रास्ते में उनको एक बाग दिखाई दिया। उस बाग में उनको एक बीमार साधु दिखाई दिया उनके पास दो साधु रामधनु गाकर उनकी चिकित्सा कर रहे थे वहा के माहौल को देखकर नरेंद्र बोले अंधा क्या कहेगा पहले यही बोलेगा मुझे आँख चाहिए ईश्वर नहीं। आपके गुरु को औषधी कि आवश्यकता है ईश्वर कि नहीं। नरेंद्र रोगग्रस्त साधु को अपने कंधे पर उठाकर डॉक्टर के पास लेके गया। वह रोज उस कुटिया में जाते और साधु कि देखभाल करते। जब साधु ठीक हो गए तो उन्होंने नरेंद्र को आशीर्वाद दिया तुम दुनिया के सबसे अनोखे लाल होंगे भारत के साथ साथ विदेशों में भी आपके गुणों कि सुगंध फैलेगी।

सितम्बर 1893 में विवेकानंद शिकागो धार्मिक सम्मेलन में भाग लेने गए। उनके श्री मुख से निकला पहले शब्द मेरे प्यारे भाइयों और बहनों था। इस बाद उन्होंने अपना भाषण प्रारम्भ किया उनके भाषण के बाद अमेरिका के समाचार पत्र में विवेकानंद कि तारीफों में कसीदे गढ़े गए और एक समाचार पत्र में छपा था कि विवेकानद जैसे व्यक्ति को सुनने के बाद भारत जैसे देश में धर्म प्रचारक भेजना कितनी बड़ी मूर्खता का प्रमाण है।

स्वामी जी को अमेरिका में बहुत बड़े व्यक्ति ने अपने घर पर आमंत्रित किया था। स्वामी जी उसकी आलीशान कोठी को देखकर मुँह लटकाकर बैठ गए। वह कमरे के फर्श पर लेटकर रोने लगे और कहने लगे कि माँ जब मेरी मातृभूमि दरिद्रता के कीचड़ में डूबी पड़ी है तो में ये यश नाम लेकर क्या करूँगा कोई भारत को कीचड़ से बाहर निकालेगा। कौन भारत कि जनता को जगायेगा, कौन भारत कि भूखी जनता को रोटी देगा, माँ मुझे बताओ में कैसे इन भूखे नंगो कि सहायता करू। जब घर का मालिक आया तो उसने स्वामी जी को इस तरह विलाप करते देखा तो बिना बताये बहुत सारा धन भारत भेजा। साथ ही भारत सरकार को लिखा कि इस धन से भारत के गरीब लोगों कि मदद कि जाएं।

इस प्रकार स्वामी जी जहाँ भी जाते थे उन्हें अपने देश के गरीब लोगों की चिंता हमेशा सताती रहती थी। अमेरिका में उन्होंने रामकृष्ण मिशन की अनेक शाखाएँ स्थापित की और अनेक लोगों को अपना अनुयायी बनाया। उन्होने भारत के लोगों के लिए अमेरिका से संदेश भेजा की मेरे बच्चो कमर कस लो मुझे ईश्वर ने इसलिए बुलाया है मेरी आशा तुम हो दुखियों के दर्द को समझो। ईश्वर से विनती करो वो आपका दु:ख जरूर समझेंगे इस प्रकार वो जहाँ भी गए उनके मन में हमेशा अपने देश के गरीब लोगों की चिंता रही।

स्वामी जी ने भारतीय उच्च वर्ग की खुलकर आलोचना की। उनका मानना था की उच्च वर्ग सिर्फ हवा बड़ी बड़ी बातों के गुब्बारे छोड़ता है किन्तु गरीब तबके के लिए कोई काम नहीं करता उनको घृणा की दृष्टि से देखता है। एक बार उन्होन किसी भाषण में कहा था अपने आर्य पूर्वजो के डींगे ही हाकते रहोगे ?, अपने स्वर्ण युग का गुणगान करते रहोगे आप सभी उच्च वर्गीय लोग ऐसी लाशे हैं जिनमे घास फूस भरकर जिनको खड़ा किया गया है। बुद्धि और चौतन्य खोई हुई इन लाशों के कारण सारा देश श्मशान बन चूका है इन लोगों के घर अजयाबघर बन गए है। ये उच्चवर्गीय लोग अतीत का हाथ थामे हुए है इनका भविष्य शून्य है।

वह लोगों से कहते की हम खुद अपने पतन के जिम्मेदार है। यहां की सामंतवादी शासन व्यवस्था ने देश की आम जनता को बुरी तरह झखजोर दिया है।यहां के देशी और विदेशी दोनों शासको ने आमजन पर अत्याचार किए जिस कारण आमजन भूल गए है कि वो इंसान है उन्हें सदियों से लकड़हारा बना रहने के लिए बाध्य किया गया।

इसलिए मेरे भावी सुधारको तुम अपने देश के लिए कुछ करो वह सामाजिक मामलों में धर्म को को शम्मिल करना पसंद नहीं करते थे उन्होने उच्च –नीच जात –पात का खुलकर विरोध किया। उनकी नजरो में सब मनुष्य ईश्वर के पुत्र है उन्होंने कहा गरीब अभावग्रस्त, पीड़ित सभी आओ हम रामकृष्ण कि शरण में एक है। स्वामी जी कहते थे कि हमे मंदिर में जाकर शंख बजाना, और घंटा बजाना यह सब बंद कर देना चाहिए। व्यक्तिगत मोक्ष के

लिए किए जाने वाले सारे काम बंद कर देने चाहिए। शास्त्र पठन – पाठन इन सभी से मोक्ष नहीं मिलता अगर मोक्ष प्राप्त करना है तो हमे गरीब, पीड़ितों कि सेवा का बीड़ा उठा लेना चाहिए।

स्वामी जी ने भारतीय शिक्षित वर्ग को भी बुरी तरह लताड़ा उन्होने कहा जब तक करोड़ों लोग अज्ञान में घोटे खा रहे तब में पढ़े लिखे हर व्यक्ति को विश्वाघातक मानूगा जिन्होंने उनकी कमाई से शिक्षा प्राप्त कि और उन पर ध्यान नहीं दिया। उन्होने कहा उच्च वर्ग का नैतिक रूप से पतन हो चूका है अब उनको एकमात्र आशा आमजन से है। ब्राह्मण कि शिक्षा जारी रखिए मगर अत्यंज पर भी सारा धन खर्च कीजिए। इस प्रकार उनका पूरा जीवन गरीब और असहाय लोगों के लिए काम करते हुए बिता।

इस प्रकार स्वामी जी ने एक ऐसे समाज की कल्पना की जिसमें धर्म जाति के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाए। उन्होंने वेदांत के सिद्धांत को इसी रूप में रखा। आध्यत्मवाद और भौतिकवाद में पड़ने के बजाय उन्होने मानवतावाद पर बल दिया। आमतौर पर स्वामी विवेकानंद को भारत में एक हिन्दू धर्म के उद्धारक के रूप में जाना जाता है किन्तु स्वामी जी एक बहुत बड़े समाजवादी थे। वो धर्म से ज्यादा समाज सेवा को महत्व देता है। उनका शोषणरहित समाजवाद अपने आप भारत में एक अनूठा दर्शन है। सुभाष चंद्र बोसे ने विवेकानद को राष्ट्रीय आंदोलन का आध्यात्मिक पिता कहा था। स्वामी जी जीवन भर रामकृष्ण मिशन केमाध्यम से दीन दुखियों की सेवा करते रहे।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ग्रोवर, यशपाल, आधुनिक भारत का इतिहास नवीन मूल्यांकन, एस चंद एण्ड कम्पनी 2000,नई दिल्ली।
2. ताराचंद, भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास, सुचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार 1997
3. रावत नवल, विवेकानंद की क्रांतिकारी शिक्षाए 2017, विज्ञान शिक्षण केंद्र दिल्ली।
4. भडभडे शुभांगी, विवेकानंद तुम लौट आओ, 2024, प्रतिभा प्रतिष्ठान, नई दिल्ली।
5. त्रिपाठी मधुसूदन, त्रिपाठी कुमार आदर्श, स्वामी विवेकानंद का जीवन दर्शन,2014 , ओमेगा पब्लिकेशन नई दिल्ली।
6. विगत राधेश्याम, भारत गौरव विवेकान्द, प्रगति प्रकाशन, 2008, मथुरा।
7. वर्मा संगीता, भारत के निर्माता –4, 2016, वर्तिका पब्लिकेशन दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

महात्मा गाँधी के आर्थिक विचार

शिवलाल*

* एम ए, नेट (इतिहास) गांव लालपुरा पोस्ट,तह-चितलवाना जालौर (राज.) भारत

प्रस्तावना – महात्मा गाँधी भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के एक प्रमुख नेता थे। दक्षिण अफ्रीका से वापस लौटने के बाद अपने राजनीतिक गुरु गोपाल कृष्ण गोखले के कहने पर उन्होंने सम्पूर्ण भारत का भारत की यात्रा की और भारत को जाना। गाँधी जी जब भारत आये उस समय प्रथम विश्वयुद्ध चल रहा था इस दौरान गाँधी जी ने एम्बुलेंस नामक दल बनाया और अंग्रेजों की सहायता की थी और भारतीय को अंग्रेजी सेना में साम्मिल होने के लिए प्रोत्साहित भी किया था। इस सहयोग के बदले अंग्रेजों ने गाँधी जी को केसर ए हिन्द की उपाधि दी थी। गाँधी जी ने भारत में सर्वप्रथम बिहार के चम्पारण में सत्याग्रह किया जहाँ उनको भारत में पहली बार समफलता मिली। कालांतर में गाँधी जी खेड़ा सत्याग्रह का नेतृत्व किया इसके उपरांत अहमदाबाद में मजदूरों की हड़ताल का समर्थन किया। गाँधी जी को तीनो जगह एक के बाद एक सफलता मिली। जलियावालाबाग हत्याकाँड और रोलेट ऐक्ट तथा 1919 के ऐक्ट में जिस तरह भारतीयों की उपेक्षा की गई उसके बाद गाँधी जी ने असहयोग आंदोलन चलाया जो चोरा चोरी कांड के करने उन्होंने वापस ले लिया इसके बाद उन्होंने सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व किया। एक प्रकार उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व किया।

गाँधी जी ने राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान कुछ प्रयोग किए इनमें सत्याग्रह, स्वदेशी, हिन्दू –मुस्लिम एकता, हरिजन उद्धार इत्यादि शामिल थे। गाँधी जी का मानना था की अंग्रेजों ने केवल भारत को गुलाम बनाया बल्कि अपनी आर्थिक नीतियों के कारण भारत की अर्थव्यस्था को नष्ट कर दिया।

अंग्रेजों ने भारत में अपनी आर्थिक नीतियों से भारत के कुटीर उद्योग को नष्ट कर दिया जो देश एक समय में सूती वस्त्र उत्पादन का एक महत्वपूर्ण केंद्र था उसको एक कच्चा माल का देश बना दिया। अंग्रेजों ने भारत में औद्योगीकरण किया वह औद्योगीकरण भारत के अनुकूल नहीं था अपितु अंग्रेजों के हितो के अनुकूल था।

गाँधी जी ने कहा पश्चिम के जिन देशों ने औद्योगीकरण किया और कारखाने स्थापित किए तो वहा के कुछ लोगों को तो रोजगार मिला। पश्चिम के जिन गावों का धंधा नष्ट हुआ उन्हें तुरंत रोजगार मिल गया किन्तु भारत में ऐसा नहीं हुआ। जिनकी रोजी धान कुटाई से होती थी उनमे से अधिकांश बेरोजगार हो गए और दरिद्र हो गए। भारत में औद्योगिकरण अंग्रेजों की छत्रछाया में हो रहा था। यहां के औद्योगीकरण और पश्चिम के औद्योगीकरण में अंत था।

भारतीय माल विदेशों में नहीं जा सके उसके लिए उन्होंने निर्यात कर बहुत बड़ी मात्रा में लगाया ताकि कोई भी भारतीय व्यापारी विदेशों में अपना माल नहीं बेच सके। गाँधी जी जानते थे की अंग्रेज भारत के औद्योगीकरण के विरुद्ध थे। वह चाहते थे उनका बना कपड़ा है भारत में बिके, कपड़े है नहीं अन्य वस्तुए भी भारत में बिके।

गाँधी जी ने अपने रचनात्मक कार्यो में चरखा चलाना और सूत कातने को एक महत्वपूर्ण कार्य बताया था। एक किसान सम्मेलन में जब गाँधी जी से पूछा गया की एक किसान अपनी उपज का 80 प्रतिशत खाने पर और 20 प्रतिशत कपड़े पर खर्च करता तो खादी उत्पादन से गरीबी कैसे खत्म होगी।

गाँधी ने कहा था कहा आज जो खादी केवल भारत में है बिक रही है वही खादी अगर सारे संसार में फैल जाएं किन्तु मेरा पहला कदम इसको भारत में फैलाना होगा। मिलो में बनने वाले विलायती कपड़े का हमे बहिष्कार करना होगा। जब मिलो में बनने वाला कपड़ा बंद हो जाएगा और भारत के सभी लोग खादी पहनने लग जाएं और भारत के सभी किसान कताई बुनाई में लग जाएं तो भारत की आधी गरीबी तो दूर हो जाएगी।

अंग्रेजों के भारत में आने से पहले यहां का खादी उद्योग सारे देश में फल फूल रहा था किन्तु अंग्रेजों ने अपने आर्थिक स्वार्थो कि पूर्ति के लिए उसको नष्ट कर दिया और पुरे भारत को मेनचेस्टर के वस्त्रो से भर दिया था।

गाँधी जी देश में ऐसी शिक्षा व्यवस्था लागू करना चाहते थे जिससे शारीरिक श्रम को बढ़ावा मिले। इन्होने मशीनों को बेरोजगारी का मुख्य कारण बताया था। उनका मानना था की मशीनीकरण से धन और सम्पति कुछ है लोगों के हाथो में सिमट जाती थी। किन्तु ऐसा नहीं है की गाँधी जी पूरी तरह मशीनीकरण के विरोधी थे उनका मानना था मशीनों का प्रयोग होना चाहिए किन्तु लोगों को भी रोजगार मिलना चाहिए।

गाँधी जी श्रमिक और पूंजीपति को एक दूसरे से जुड़ा हुआ मानते थे। दोनों के आपसी सामंजस्य से विकास हो सकता है। यंग इंडिया में उन्होंने लिखा था कि मैंने सदा यह कहा कि मेरा आदर्श यह है कि पूंजीपति और मजदूर एक दूसरे से जुड़े हुए है। मालिक को मजदूरों कि चिंता करनी चाहिए।

गांधी जी ने ग्रामद्योग योजना प्रस्तुत की थी। गांधी जी का मानना था की गांव का प्रत्येक व्यक्ति अपनी जरुरत के सामान की पूर्ति अपने गावों से है करे। गांव वालो को इतनी कुशलता प्राप्त कर लेनी चाहिए की उनके

दुवारा निर्मित समान तुरंत बाजार में बिक जाएं। भारत के गांव अगर विकसित हो जाएं तो गाव वालो की पूर्ति के सारे सामान भारत में उपलब्ध हो जाएंगे। भारतीयों की सबसे बड़ी समस्या हैं आलस्य भारत की आधी जनता तो सिर्फ 6 महीने काम करती है बाकि चोर बनी रहती है अगर वो भी काम करने लग जाएं तो ग्रामीणों का उत्थान हो जाएगा।

गाँधी जी भारत को स्वतंत्रता तो दिलाना चाहते है थे साथ भारतीयों कि गरीबी से भी मुक्ति दिलाना चाहते थे। गाँधी जी कहते थे कि उनका भारत शहरों में नहीं गावों में बसता है। गाँधी जी शहरों और नगरों में होने वाले तेजी से विकास से चिंतित थे। शहरों दुवारा गावों से किए जा रहे शोषण को देखकर वो बहुत दुखी थे। उनका मानना था कि अगर भारतीयों को सच्ची स्वतंत्रता प्राप्त करनी है तो भारत के लोगों को शहरों के महलों में नहीं झोपड़ियो में रहना पड़ेगा। नगरों में इतने लोग शांति से नहीं रह सकते।

अंतत : निष्कर्षत कहा जा सकता है कि गाँधी जी अंग्रेजों की आर्थिक नीतियों के दुष्परिणामों से परिचित थे और भारतीयों के लिए क्या अच्छा और क्या बुरा उसको अच्छी तरह समझते थे। इसलिए उन्होंने भारत में स्वदेशी पर बल दिया और भारतीयों को अधिकांश उन वस्तुओ का उपयोग करने पर बल दिया जिनका निर्माण भारत में होता है। उन्होंने ग्राम स्वराज्य की बात की जिसके अन्तर्गत उन्होंने कहा की हमारे गांव के लोगों में इतना कौशल होना चाहिए की हमारी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति गावों से ही हो जाएं। उन्होंने शहरीकरण का खुलकर विरोध किया उनका मानना था की शहरो में शांति का अभाव होता है बड़ी संख्या में इतने लोग एक साथ रहेंगे तो वहा अशांति पैदा हो जाएगी।

गाँधी जी ने औद्योगीकरण का विरोध किया। और स्वदेशी को महत्व दिया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मोहनराव. यु. एस, महात्मा गाँधी का सन्देश, 1968, सुचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार।
2. उपाध्याय सौरभ, गाँधी विचार रत्न, 2012,इशिका पब्लिशिंग हाउस, जयपुर।
3. शर्मा रामविलास, गाँधी, अम्बेडकर, लोहिया और भारतीय इतिहास की समस्याएं, 2014, कल्चर प्रकाशन, नई दिल्ली।
4. टोकि राजेंद्र, ऐसे थे हमारे गाँधी, 2012 आशा बुक्स, नई दिल्ली।
5. अग्रवाल शिप्रा, अग्रवाल पी के, गाँधी विचार और हम, 2012, प्रतिभा प्रतिष्ठान, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Comparative Study of Infrastructural Facilities for Sports and Physical Education in Private Higher Secondary Schools in Urban and Rural Areas of Churu District

Dr. Pawan Kumar*

***Physical Education Teacher, PBPM Govt. Sr. Sec. School Alfsar (Sikar) (Raj.) INDIA**

Abstract - This research paper is based on the study of private higher secondary schools in Churu and Sujangarh development blocks of Churu district of Rajasthan. This research paper is based on primary data. The objective of this research paper is to make a comparative study of the infrastructural facilities and policy programs for sports and physical education in rural and urban areas in the study area. It is clear from this study that while the availability of basic facilities related to modern sports is more in urban areas, the availability of basic facilities related to traditional sports is more in rural areas.

Introduction - Extra-curricular activities are an important part of the education system, through which the student learns through other methods of learning apart from their textbooks. Extra-curricular activities contribute to enhance the self-confidence and overall personal development of the student. Extracurricular activities enhance a student's skills and build his brain muscles. Extra-curricular activities include sports, music, yoga, meditation, arts and crafts, indoor games, language learning etc. These activities not only help in the personal development of the child, but they also go a long way in improving the academic performance of the child. Sports is the most important of the extra-curricular activities. considered to be the most effective activity. But it is an irony that sports were grossly neglected in the schools in the study area. But at present, the way the environment is being created for sports in the country, special attention is being given to sports in the schools of the study area. But even after this, a substantial difference is visible in the level of availability of infrastructural facilities for sports and physical education in rural and urban areas in the study area. Through this research paper, an attempt has been made to know the gap existing in the level of availability of infrastructural facilities for sports and physical education in rural and urban higher secondary schools in the study area. Along with this research paper has analyzed policy facilities and plans for infrastructural facilities for sports and physical education in private higher secondary schools located in rural and urban parts of the study area.

Research Methodology: This research paper is based on the study of private higher secondary schools in Churu and Sujangarh development blocks of Churu district of Rajasthan. This research paper is based on primary data. The primary data has been collected through field survey, personal interview and filling of schedule. The purpose of this research paper is to make a comparative study of infrastructural facilities and policy programs for sports and physical education in rural and urban areas in the study area, so as to find out the gap between the availability of infrastructural facilities for sports and physical education in rural and urban areas in the study area.

Analysis of the Research Problem: Athletics track is available in 9 (69.22%) private higher secondary schools located in urban area, whereas athletics track is not available in 4 (30.77%) schools. There are 4 (38.46%) private higher secondary schools with kabaddi quota available in urban areas. Athletics track is available in 10 (76.92%) private higher secondary schools located in rural areas, whereas athletics track is not available in 3 (23.08%) schools. Kabaddi courts are available in 5 (38.46%) private higher secondary schools in urban areas, whereas kabaddi courts are not available in 8 (61.54%) private higher secondary schools. Kabaddi courts are available in 11 (84.62%) private higher secondary schools in rural areas, whereas kabaddi courts are not available in 2 (15.38%) private higher secondary schools. In the urban parts of the study area, Kho-Kho ground is available in 6 schools, which is 6.15%, whereas non-availability is in 7 schools, which is 53.85%. While the availability of Kho-Kho grounds in rural

areas of the study area is in 9 schools, which is 69.23%, non-availability is in 4 schools, which is 30.77%.

Table tennis quota is available in 8 schools, which is 61.54% and non-availability is in 5 schools, which is 38.46%, in the urban parts of the study area. Moreover, availability of table tennis courts in rural parts of the study area is in 5 schools, which is 38.46% and non-availability is in 8 schools, which is 61.54%. Availability of indoor training holes in 10 private higher secondary schools located in urban parts of the study area is 76.92% and non-availability is in 3 schools which is 23.08%. Similarly, the availability of indoor training holes in 8 private higher secondary schools located in rural areas of the study area is 61.54% and non-availability is in 5 schools, which is 38.46%. Swimming pool is available in 2 schools located in urban areas, which is 15.38% and non-availability is in 11 schools, which is 84.62%. Whereas availability of swimming pool is in 1 school located in rural areas, which is 7.69% and non-availability is in 12 schools, which is 92.31%. There is availability of outdoor playground in 4 schools of urban area, which is 30.77% and non-availability in 9 schools, which is 69.23%. While outdoor playground is available in 11 schools in rural areas, which is 84.62% and non-availability in 2 schools, which is 15.38%. There is adequate availability of sports goods in 12 private higher secondary schools of urban area, which is 92.31% and unavailability is 1 which is 7.69%. In rural areas, there is adequate availability of sports goods in 7 private higher secondary schools, which is 53.85% and non-availability is in 6 schools, which is 46.15%. Table 1 shows the availability of physical resources for sports and physical education in the study area.

Table-1 (see in next page)

In private higher secondary schools located in urban areas, the availability of written physical education courses for students is in 11 schools, which is 84.62% and non-availability is in 2 schools, which is 15.38%. Moreover, availability of written physical education syllabus for students in private higher secondary schools in rural area is in 9 schools, which is 69.23%, and its non-availability is in 4 schools, which is 30.77%. In urban areas, physical education teachers are available in 12 private higher secondary schools, which is 92.31% and non-availability is in 1 school, which is 7.69%. Moreover, the availability of physical education teacher in schools in rural areas is in 11 schools, which is 84.2% and its non-availability is in 2 schools, which is 15.38%. Availability of yoga, physical education, self-defense training programs in 7 schools of the study area Which is 53.85% and non- availability is in 5 schools which is 38.46%, but in 4 private higher secondary schools in rural area the availability of yoga, physical education, self-defense training programs is 30.77 percent and its non-availability is in 9 schools, which is 69.23%. For the physical development of children in the urban parts of the study area, the number of government-aided schools is 4, which is 30.77 percent, and the number of non-aided schools is 9, which is 69.23%. Moreover, the number of government-aided schools for the physical development of children in rural areas is in 6 schools, which is 46.15% and its non-availability is in schools, which is 53.85%.

In the urban parts of the study area, the availability of sports infrastructure development committee is in 6 schools, which is 46.15%, and its unavailability is in 7 schools, which is 53.85%, whereas in rural areas, in private higher secondary schools, the availability of sports infrastructure development committee is in 8 schools, which is 61.54%, and its unavailability is in 5 schools, which is 38.46%. is. The availability of ground-man for maintaining sports equipment and infrastructure in private higher secondary schools in urban parts of the study area is in 9 schools, which is 69.23%, and its non-availability is in 4 schools, which is 30.77%. Moreover, availability of ground-man for maintaining sports equipment and infrastructure in rural areas is in 8 schools, which is 61.54% and its non-availability is in 5 schools, which is 38.46%. Table 2 shows the availability of schemes and policy facilities for sports and physical education in the study area.

Table-2 (see in next page)

Conclusion: It is clear from this study that while the availability of basic facilities related to modern sports is more in urban areas, the availability of basic facilities related to traditional sports is more in rural areas. Therefore, the government should make such a policy for the development of overall sports in the study area, where basic facilities for all sports can be made available equally in urban and rural areas.

References:-

1. Black, N., Johnston, D.W., Propper, C., & Shields, M.A. (2019). The effect of school sports facilities on physical activity, health and socioeconomic status in adulthood. Social Science & Medicine, 220, 120-128.
2. Spica, V. R., Giampaoli, S., Di Onofrio, V., & Liguori, G. (2015). Safety of sports facilities and training of graduates in physical education. Ann Ig, 27, 3-10.
3. Olajide, O. A. (2004). Sports facilities: a problem of school sports in Nigeria. International journal of emotional psychology and sport ethics, 6, 19-23.
4. Rütten, A., Abu-Omar, K., Frahsa, A., & Morgan, A. (2009). Assets for policy making in health promotion: overcoming political barriers inhibiting women in difficult life situations to access sport facilities. Social science & medicine, 69(11), 1667-1673.
5. Rütten, A., Abu-Omar, K., Frahsa, A., & Morgan, A. (2009). Assets for policy making in health promotion: overcoming political barriers inhibiting women in difficult life situations to access sport facilities. Social science & medicine, 69(11), 1667-1673.

Table-1: Availability of physical resources for sports and physical education in the study area

Facility	Available /Unavailable	Private Higher Secondary Schools in Urban Areas		Private Higher Secondary Schools in Rural Areas	
		No.	%	No.	%
Availability of athletic track	Available	9	69.23	10	76.92
	Unavailable	4	30.77	3	23.08
	Total	13	100	13	100
Availability of Kabaddi Ground	Available	5	38.46	11	84.62
	Unavailable	8	61.54	2	15.38
	Total	13	100	13	100
Availability of Kho-Kho grounds	Available	6	46.15	9	69.23
	Unavailable	7	53.85	4	30.77
	Total	13	100	13	100
Availability of Table Tennis Table	Available	8	61.54	5	38.46
	Unavailable	5	38.46	8	61.54
	Total	13	100	13	100
Availability of Gymnasium / Indoor Training Hall	Available	10	76.92	8	61.54
राजनीतिक संबंधों का अवलोकन – प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने 4–6 जुलाई, 2017 को इजरायल की पहली ऐतिहासिक यात्रा की, जिसके दौरान संबंधों को रणनीतिक साझेदारी में उन्नत किया गया। जनवरी 2018 में, पीएम नेतन्याहू ने 14–19 जनवरी को भारत की वापसी यात्रा की। दोनों यात्राओं के दौरान संयुक्त बयान जारी किए गए। इससे पूर्व भारत के

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अक्टूबर 2015 में इजरायल की राजकीय यात्रा की, जबकि इजरायल के तत्कालीन राष्ट्रपति रियुवेन रिवलिन ने नवंबर 2016 में भारत की राजकीय यात्रा की। भारतीय विदेश मंत्री जसवंत सिंह, एस.एम. कृष्णा और सुषमा स्वराज ने भी क्रमश: वर्ष 2000, 2012 और 2016 में इजरायल का दौरा किया।

वर्ष 2022-23 में, दोनों देशों ने संयुक्त रूप से द्विपक्षीय संबंधों के पूर्ण राजनयिक स्तर तक पहुंचने के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाया। 11 जनवरी, 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री (पीएम) बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और उन्हें छठी बार इजरायल के पीएम चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी और पीएम नेतन्याहू ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 8 फरवरी, 2023 को भी बात की।

24 अगस्त, 2023 को पीएम नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री को फोन करके चंद्रयान 3 के चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने पर बधाई दी। 10 अक्टूबर, 2023 को पीएम नेतन्याहू ने 7 अक्टूबर के हमलों के बाद इजरायल की स्थिति पर अपडेट देने के लिए प्रधानमंत्री को फोन किया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू और प्रधानमंत्री मोदी ने 19 दिसंबर, 2023 को क्षेत्र की स्थिति और समुद्री सुरक्षा के बारे में भी बात की। 6 जून, 2024 को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार भारत के पीएम चुने जाने पर बधाई दी।

आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध – 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित करने के बाद से, भारत-इजराइल द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों में तेजी से प्रगति हुई है। 1992 में लगभग 200 मिलियन अमरीकी डॉलर (जिसमें मुख्य रूप से हीरे शामिल हैं) से, व्यापारिक व्यापार में विविधता आई और वित्त वर्ष 2022-23 में यह लगभग 10.77 बिलियन अमरीकी डॉलर (रक्षा को छोड़कर) तक पहुँच गया, जिसमें भारतीय निर्यात लगभग 8.45 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में, द्विपक्षीय व्यापार 6.53 बिलियन अमरीकी डॉलर (रक्षा को छोड़कर) था, जिसमें भारत का निर्यात 4.52 बिलियन अमरीकी डॉलर और इजराइल का निर्यात 2.0 बिलियन अमरीकी डॉलर था।

भारत एशिया में इजराइल का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। हालांकि, द्विपक्षीय व्यापारिक व्यापार में मुख्य रूप से हीरे, पेट्रोलियम उत्पाद और रसायनों का प्रभुत्व है, हाल के वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी और उच्च तकनीक वाले उत्पादों, संचार प्रणालियों, चिकित्सा उपकरण आदि जैसे क्षेत्रों में व्यापार में वृद्धि देखी गई है।

अप्रैल, 2000 से अप्रैल, 2024 तक भारत से इजरायल में संचयी विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (ओडीआई) लगभग 396 मिलियन अमरीकी डालर था अप्रैल 2000 से मार्च 2024 की अवधि में, इजरायल से भारत में प्रत्यक्ष एफडीआई लगभग 314.87 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। वर्ष 2022 में, भारत के अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (APSEZ) ने 1.18 अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ इजरायल सरकार से हाइफा पोर्ट कंपनी लिमिटेड का अधिग्रहण किया।

कृषि – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत और इजरायल के मध्य कृषि क्षेत्र में भी अभूतपूर्व सहयोग बढ़ा है। दोनों पक्षों के मध्य 10 मई, 2006 को हस्ताक्षरित कृषि में सहयोग के लिए 'एक व्यापक कार्य योजना' के तहत, MASHAV (इजरायल के विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग केंद्र) और CINADCO (इजरायल के कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय कृषि विकास सहयोग केंद्र) के माध्यम से द्विपक्षीय परियोजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि दोनों पक्षों के बीच कृषि सहयोग को एक 3-वर्षीय कार्य योजनाओं के माध्यम से औपचारिक रूप दिया जाता है, जिसमें 3-वर्षीय कार्य योजनाएँ विकसित की जाती हैं। 5वीं 3-वर्षीय कार्य योजना (2021- 2023) पर 24 मई को हस्ताक्षर किए गए, जिसके अंतर्गत 13 भारतीय राज्यों में 31 कृषि उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए गए हैं। इजरायल भारत को शुष्क कृषि के विकास के लिए तकनीकी हस्तांतरण कर रहा है।

जल संसाधन प्रबंधन और विकास सहयोग – जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच चल रहे सहयोग को नवंबर, 2016 में हस्ताक्षरित एक समझौते के रूम में औपचारिक रूप दिया गया था। जुलाई 2017 में प्रधानमंत्री की इजराइल यात्रा के दौरान, दोनों पक्षों ने (i) भारत में जल संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अभियान और (ii) यूपी जल निगम के सुधारों पर समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। अक्टूबर 2018 में पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री की इजराइल यात्रा के दौरान, पंजाब सरकार और मेकोरोट (इजराइल नेशनल वाटर कंपनी) ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत मेकोरोट पंजाब के लिए जल संरक्षण और प्रबंधन योजना तैयार करेगा। मई 2023 में, दोनों देशों ने क्रमश: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एस एंड टी) – दोनों देशों के मध्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लिए सहयोग बढ़ाने की दिशा में वर्ष 1993 के अंतर्गत हस्ताक्षरित एस एंड टी सहयोग समझौतेय के तहत स्थापित एस एंड टी पर संयुक्त समिति, एस एंड टी में भारत-इजराइल सहयोग की देखरेख करती है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर दसवीं संयुक्त आयोग बैठक 25 जुलाई, 2022 को आयोजित की गई, जिसके तहत भारत-इजराइल संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रम (IIJRC) 2023 का शुभारंभ किया गया, जिसमें खाद्य सुरक्षा के लिए जलवायु परिवर्तन और कृषि में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) अनुप्रयोग के क्षेत्र में प्रस्ताव मांगे गए।

जुलाई, 2017 में प्रधानमंत्री मोदी की इजराइल यात्रा के दौरान, भारत-इजराइल औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास और नवाचार निधि (I4F) की स्थापना के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत और राष्ट्रीय तकनीकी नवाचार प्राधिकरण, इजराइल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। यह समझौता ज्ञापन, पांच वर्षों (2018-2022) में प्रत्येक पक्ष से 20 मिलियन अमरीकी डॉलर के योगदान के साथ, भारतीय और इजराइली उद्यमों को कृषि, जल, ऊर्जा, स्वास्थ्य सेवा और आईसीटी जैसे प्राथमिकता वाले प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में संयुक्त औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं शुरू करने में सक्षम बनाता है। वर्ष 2023 में दोनों पक्षों ने इस I4F कार्यक्रम को अगले 5 साल (2023-27) की अवधि के लिए बढ़ा दिया है। अब तक, I4F ने तीस अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है, जिसमें कम लागत वाले, उच्च दक्षता वाले सौर जल पंपिंग समाधान, ड्रोन का पता लगाने और बेअसर करने की प्रणाली, और प्रारंभिक पहचान के लिए एक AI-आधारित परियोजना शामिल है।

सितंबर 2020 में, इजराइल के स्टार्टअप नेशन सेंट्रल और भारत के इंटरनेशनल सेंटर फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड टेक्नोलॉजी (iCREATE) ने

नवाचार और तकनीकी सहयोग में तेजी लाने के लिए एक द्विपक्षीय कार्यक्रम पर हस्ताक्षर किए। मई 2023 में, भारत और इजराइल ने इजराइल के 'रक्षा अनुसंधान और विकास निदेशालय' और भारत की 'वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद' के मध्य औद्योगिक अनुसंधान और विकास सहयोग करने की दिशा में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा क्षेत्र में सहयोग – भारतीय नौसेना के जहाजों द्वारा नियमित सद्भावना यात्राओं के हिस्से के रूप में, पश्चिमी बेड़े के तीन भारतीय नौसैनिक जहाजों ने मई में हाइफा में एक बंदरगाह कॉल किया। नौसेना प्रशिक्षण जहाज आईएनएस तरंगिनी ने सितंबर 2018 में हाइफा में एक बंदरगाह कॉल किया। नौसैनिक अभ्यासों के अलावा, भारतीय वायु सेना ने इजराइल में अक्टूबर 2021 में आयोजित एक बहुपक्षीय वायु सेना अभ्यास, ब्लू फ्लैग–2021 में भाग लिया।

3 मार्च, 2023 को भारत के रक्षा मंत्री ने इजराइली रक्षा मंत्री योव गैलेंट से बात की। यह दोनों रक्षा मंत्रियों के बीच पहली बातचीत थी। इसके अलावा, तत्कालीन इजराइली रक्षा मंत्री बेंजामिन गैंट्ज ने भी जून 2022 में भारत का दौरा किया। भारत के तत्कालीन सेनाध्यक्ष जनरल एम.एम. भारत के वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया ने अगस्त 2021 में इजराइल का दौरा किया था। रक्षा पर संयुक्त कार्य समूह की बैठक पिछली बार अक्टूबर, 2021 में इजराइल में हुई थी।

ऑपरेशन अजय –7 अक्तूबर, 2023 के आतंकवादी हमलों के बाद इजराइल में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने और स्थिति की निगरानी करने तथा भारतीय नागरिकों को जानकारी और सहायता प्रदान करने के लिए दूतावास में 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया। इसके अलावा, इजराइल में सभी भारतीयों की सहायता के लिए दूतावास में 24 घंटे की आपातकालीन हेल्पलाइन भी स्थापित की गई। 12 अक्टूबर, 2023 को भारत सरकार ने उन भारतीयों की वापसी की सुविधा के लिए ऑपरेशन अजय शुरू किया जो इजराइल से भारत वापस जाना चाहते थे। 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर, 2023 के बीच ऑपरेशन अजय के तहत संचालित छह विशेष उड़ानों में 1,300 से अधिक भारतीय नागरिक भारत लौटे।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग – 21 दिसंबर, 2020 को भारत और इजराइल ने स्वास्थ्य और चिकित्सा में सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुसंधान और विकास सहित द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की परिकल्पना की गई है। भारत और इजराइल ने कोविड–19 महामारी से निपटने में सहयोग किया और कोविड–19 टीकाकरण प्रमाणपत्रों को पारस्परिक रूप से मान्यता देने पर सहमति व्यक्त की।

लोगों से लोगों के बीच संबंध – इजराइल में लगभग 26,000 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें से अधिकांश देखभाल करने वाले हैं, जिन्हें इजराइली बुजुर्गों ने उनकी देखभाल के लिए नियुक्त किया हैय हीरा व्यापारी, निर्माण और कृषि क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिक, आईटी पेशेवर और छात्र। जुलाई 2017 में इजराइल की अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री ने तेल अवीव प्रदर्शनी मैदान में इजराइल में काम कर रहे लगभग 8,000 पीआईओ और भारतीय नागरिकों की एक सभा को संबोधित किया। मार्च 2018 में नई दिल्ली और तेल अवीव के बीच प्रति सप्ताह 5 उड़ानों के साथ एयर इंडिया की उड़ानों की शुरुआत से पर्यटन और लोगों से लोगों के बीच संपर्क में काफी वृद्धि हुई है। इजराइल में लगभग 900 भारतीय छात्र अध्ययन कर रहे हैं।

निष्कर्ष – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत–इजराइल संबंधों में ऐतिहासिक प्रगति हुई है। राजनीतिक स्तर पर, मोदी की 2017 में पहली इजराइल यात्रा और नेतन्याहू की भारत यात्रा ने रणनीतिक साझेदारी को मजबूत किया। आर्थिक संबंधों में वृद्धि हुई, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार 2022–23 में 10.77 बिलियन डॉलर तक पहुँच गया। कृषि क्षेत्र में, इजराइल ने 13 भारतीय राज्यों में 31 उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए। जल प्रबंधन, विज्ञान–प्रौद्योगिकी और रक्षा सहयोग भी बढ़ा, जिसमें संयुक्त अनुसंधान और हथियार व्यापार शामिल हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में कोविड–19 सहयोग और 2023 में ऑपरेशन अजय के तहत इजराइल से 1,300 भारतीयों की सुरक्षित वापसी उल्लेखनीय है। लोगों के बीच संपर्क बढ़ा, जिसमें प्रवासी श्रमिक, छात्र और यहूदी भारतीय समुदाय शामिल हैं। यह साझेदारी अब रक्षा, प्रौद्योगिकी और आर्थिक विकास पर केंद्रित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Arya, N. K. (2022). India-Israel Relations in the Modi Era: Emerging Contours of Cooperation. Available at SSRN 4032468.
2. Bhaduri, A. (2023). The Evolution of India-Israel Relations: 1948-2023. Ukrainian Policymaker, 13(13), 4-12.
3. Birvadker, O. (2016). Changes in Indian foreign policy: The case of Israel and the Palestinians. Strategic Assessment, 18(4), 85-95.
4. Blarel, N. (2021). Modi looks West? Assessing change and continuity in India's Middle East policy since 2014. International Politics (The Hague), 59(1), 90.
5. Dash, D. K. (2020). Indo-Israel Relations: New Dimensions Under Modi Era.
6. Kartsev, K. (2023). India-Israel Relations since independence with special emphasis on the post 2014 period.
7. Kaura, V. (2019). Indo-Israeli relations in the Modi era: a transformative shift. Israel Affairs, 25(2), 217-233.
8. Kumar, D. (2019). India-Israel Relations under Narendra Modi. International Journal of Research in Social Sciences, 9(4), 791-802.
9. Kumaraswamy, P. R. (2023). India's Balancing Act on the Israel-Hamas Conflict. Indian Foreign Affairs Journal, 18(1/2), 15-32.
10. Kumaraswamy, P. R. (2023). Indo-Israeli relations: changes under Narendra Modi. Global Discourse, 13(1), 70-83.
11. Sreeramulu, N. (2016). Foreign Policy of Narendra Modi Prime Minister of India. Editorial Board, 5(1), 97.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

भारतीय मतदाताओं के मतदान-व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारकों का एक अध्ययन

हेमलता जांगिड़*

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) एमएमडी बेदी गर्ल्स कॉलेज, अनूपगढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – वर्तमान में विश्व के अधिकांश देशों में लोकतान्त्रिक व्यवस्था विद्यमान है, और वहाँ पर निवार्चन को निर्विवाद रूप से अपनाया गया है। इसीलिए निवार्चन प्रणाली को लोकतान्त्रिक व्यवस्था में उसका हृदय एवं प्राण भी माना जाता है। अर्थात् निर्वाचन प्रणाली में कोई राजनीतिक दल अथवा प्रत्याशी हार जाता है तो कोई जीत भी जाता है। इसी प्रक्रिया को जानने की जिज्ञासा अथवा उत्सुकता, राजनीतिक विज्ञान के प्रबुद्ध जनों में पाया जाना एक आम सी बात है। भारत में अब तक सत्रहवीं लोकसभा (2019) एवं विभिन्न स्तरों पर होने वाले चुनाव परिणामों के फलस्वरूप शासन सत्ता विद्यमान हैं। अत: इन चुनावों को प्रभावित करने वाले वे कौन-कौन से प्रमुख कारक अथवा घटक हैं जिन्होंने भारतीय मतदाताओं को प्रमुख राजनीतिक दलों अथवा व्यक्तियों या प्रत्याशियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया है। इसी प्रक्रिया को समझने का धीरे-धीरे विकास हो रहा है तथा मतदान व्यवहार को परखनें के अध्ययन अत्यधिक लोकप्रिय एवं पसंदीदा बनते जा रहे है। इसीलिए प्रस्तुत शोध पत्र में भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख निर्धारक कारकों का समीक्षात्मक अध्ययन करने का प्रयास किया गया है।

शब्द कुंजी – भारतीय मतदाता, मतदान-व्यवहार, मतदान प्रभावित कारक।

प्रस्तावना – सामान्यत: मानव एक सामाजिक एवं जिज्ञासु प्राणी रहा है। इसीलिए उसे अपने समाज/राज्य एवं निकटत: घटित घटनाओं के विषय में जानने एवं समझने की उत्सुकता एवं तत्परता होती रही है। अत: किसी भी लोकतान्त्रिक राज्य विशेष में जहाँ पर शासन सत्ता का परिवर्तन निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से होता है। वहाँ के सामान्य नागरिकों एवं राजनीतिक शास्त्र के प्रबुद्ध जनों और शोधकर्ताओं में यह समझने या जानने की बड़ी तीव्र इच्छा होती है कि सभी राजनीतिक दलों में से केवल किसी एक ही राजनीतिक दल या प्रत्याशी को ही उस राज्य या क्षेत्र विशेष के मतदाता वहाँ होने वाले चुनावें में उन्ही को क्यों बार-बार मतदान करते है अथवा हर पाँच वर्षो के बाद किसी राज्य या क्षेत्र विशेष की जनता वहाँ की शासन सत्ता में परिवर्तन क्यों चाहती है?

अत: विशेषज्ञों एवं विद्धानों के मन में इस प्रकार के प्रश्नों का उठना, मतदान व्यवहार के अध्ययनों को आवश्यक बना देता है। भारत में अब तक सत्रहवीं लोकसभा (2019) एवं विभिन्न स्तरों पर चुनावों के माध्यम से शासन-सत्ता विद्यमान है।

भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार के तरीकों में समय-समय पर परिवर्तन देखने को मिलता रहा है। क्योंकि भारत में मतदाताओं का मतदान व्यवहार कई प्रमुख कारकों अथवा घटकों से प्रभावित होता रहा है। इसीलिए इसे जानने एवं समझनें के प्रयास को ही शोध-पत्र में प्रस्तुत किया गया है।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत शोध पत्र में आनुभविक शोध की समीक्षात्मक/विवेचनात्मक पद्धत्ति को अपनाया गया है तथा इसमें मुख्यत: द्वितीय समंकों का प्रयोग किया गया है।

साहित्यावलोकन

अभय कुमार दुबे (2005) ने अपनी पुस्तक, 'लोकतन्त्र के सात अध्याय' में लोकतन्त्र में चुनाव एवं मतदान को प्रभावित करने वाले कारकों का विश्लेषण किया है और सुझाव भी प्रस्तुत किये हैं।

एम0एस0राणा (2000) ने अपनी पुस्तक 'इण्डिया वोट्स लोकसभा एण्ड विधानसभा इलक्शन्स' (1999-2000) में चुनाव एवं मतदान को प्रभावित करने वाले तत्वों का विश्लेषण किया है।

पी0एन0 कृष्णमणि (1971) ने 'इलेक्शन एण्ड वोटर्स' में मतदाताओं के मतदान-व्यवहार के दृष्टि कोणों एवं अवधारणाओं को स्पष्ट किया है।

डॉ0 सी0बी0 गेना (1997) ने 'तुलनात्मक राजनीति एवं राजनीतिक संस्थाएँ' में मतदान व्यवहार के अर्थ को स्पष्ट किया है।

राजीव रंजन (2000) ने लोकसभा चुनाव और राजनीति में मतदाता के मतदान व्यवहार को उसके सामूहिक निर्णय के रूप में स्पष्ट किया है।

डॉ0 बी0एल0 फडिया एवं पुखराज जैन (2007) ने 'भारतीय शासन एवं राजनीति' में भारतीय मतदान व्यवहार के प्रमुख कारकों अथवा घटकों को प्रस्तुत किया है।

संजय कुमार एवं प्रवीण राय (2013) ने 'भारत में मतदान व्यवहार का मापन' को प्रस्तुत किया है। तथा भारत में मतदान व्यवहार के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला है।

मतदान व्यवहार का अर्थ – मतदान व्यवहार का अर्थ है कि मतदाता किन प्रमुख विषयों से प्रभावित होकर अपने मतदान व्यवहार का प्रयोग करता है। अथवा किन कारणों या तरीकों को प्रकट करता है जोकि मतदान करने में मतदाता या आम जनता को प्रभावित करते है। मतदान व्यवहार को निर्वाचन प्रणाली के अध्ययन का एक प्रमुख अंग भी माना जा सकता है। क्योंकि इसके द्वारा मतदान व्यवहार का मनोवैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रकार से अध्ययन किया जाता है। अत: सभी मतदान व्यवहारों का उद्देश्य इस

विषय को जानने एवं समझने का रहा है कि मतदाता, मतदान करते समय किन-किन प्रमुख कारकों एवं तथ्यों से सर्वाधिक प्रभावित होता आया है। और वह कौन सी प्रमुख बाते एवं मुद्दे होते हैं जोकि सामान्यत: मतदाताओं को भी अपना मत परिवर्तित करने के लिए प्रेरित करते हैं। अत: मतदाताओं का मतदान व्यवहार निर्वाचन सम्बन्धी तथ्यों एवं समंको के रिकार्ड तक ही सीमित नहीं होता है अपितु यह तो मतदाताओं के मन की भावनाओं अनुभवों एवं परिस्थितियों आदि मनोवैज्ञानिक अवधारणाओं के परिप्रेक्ष्य में अपना पक्ष उजागर करता है। अर्थात 'शान्तिपूर्ण सत्ता परिवर्तन का मुख्य साधन ही मतदान व्यवहार है।' 'शान्तिपूर्ण सत्ता परिवर्तन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं उपयुक्त साधन मतव्यवहार ही है'। यह लोकतान्त्रिक शासन का मुख्य आधार है। मतव्यवहार के द्वारा न केवल प्रतिनिधियों का चुनाव होता है अपितु जनता द्वारा जनता के शासन का निर्माण भी होता है।' 'भारत ही नहीं बल्कि सारे एशिया और अफ्रीका महाद्वीप में लोकतंत्र का भविष्य मतदाताओं के व्यापक दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। मतदान एक पवित्र अधिकार और कर्तव्य है। जोकि इस धारणा पर आधारित है कि प्रभुसत्ता जनता में निहित है। प्रभुसत्ता का अंश होने के कारण प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना चाहिए तथा मतदान में भाग लेकर ही मतदाता अपने कर्त्ताव्य को पूरा करता है।'

'मतदान व्यवहार मतदाता द्वारा किये गये मतदान का वह भाग है जिससे उसे राजनैतिक परिस्थितियों के सन्दर्भ में किसी उम्मीदवार को हराना या जिताना होता है। अत: मतदान व्यवहार सामूहिक निणर्यो को प्रदर्शित करने की एक प्रक्रिया कही जा सकती है।'

मतदान व्यवहार की परिभाषा – समाजशास्त्रियों एवं राजनीतिज्ञों द्वारा मतदान व्यवहार को निम्नलिखित रूप में परिभाषित किया गया है-

गार्डन मार्शल (समाज शास्त्री) के अनुसार 'मतदान व्यवहार का अध्ययन निरपवाद रूप से निर्धारकों पर ध्यान केन्द्रित करता है कि वे सार्वजनिक चुनावों में मतदान क्यों करते हैं। जैसा कि वे करते हैं। वे अपने द्वारा किये गये निर्णयों पर कैसे पहुँचते हैं।'

स्टीफन वासबी (न्यूयार्क यूनिवर्सिटी, राजनीति विज्ञान, विभाग के प्रोफेसर) के अनुसार 'मतदान व्यवहार के अध्ययन में व्यक्तिगत मनोवैज्ञानिक बनावट (मेकअप) और राजनीतिक कार्यवाही के साथ-साथ उनके संस्थागत पैटर्न जैसे-संचार प्रक्रिया और चुनावों पर उनके प्रभाव का विश्लेषण शामिल है।'

डोनाल्ड ई0 स्टोक्स (1996) के अनुसार 'मतदान व्यवहार व्यक्तिगत प्राथमिकताओं का सामूहिक निर्णयों में समाहार करने का एक साधन है।'

धर्मवीर महाजन (1998) के अनुसार 'मतदान व्यवहार से अनभिज्ञ मतदाता के मत देने तथा उसे प्रभावित करने वाले कारकों से है।'

मतदान व्यवहार का इतिहास – बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध से मतदान व्यवहार के अध्ययन का प्रारम्भ माना जाता है। तथा इसके वैज्ञानिक अध्ययन को सैफोलॉजी कहते हैं। जोकि ग्रीक शब्द प्रेस्फोस से निकला है।

प्रथम देश फ्राँस है जहाँ मतदान व्यवहार की सर्वप्रथम शुरूआत हुई थी। इसके बाद अमेरिका और ब्रिटेन आदि देशों में भी मतदान व्यवहार पर अध्ययन प्रारम्भ हो गये।

इसी श्रृंखला में अमेरिका के प्रिंसटन न्यूजर्सी में 'अमेरिकन इस्टीटयूट् ऑफ पब्लिक ओपिनियन' की स्थापना सन् 1935 में डॉ0 गेलप ने की थी। इसीलिए डॉ0 गेलप शोध के अनुसार अपने अनुमानों को प्रदर्शित कर बहुत प्रसिद्ध हो गये थे।

भारत में मतदान व्यवहार का इतिहास – भारत में द्वितीय आम चुनाव (1957) के दशक के बाद मतदान व्यवहार के अध्ययन की शुरूआत मानी जाती है। तथा वर्तमान समय में इस विषय पर प्रचुर मात्रा में साहित्य प्रकाशित हो रहा है। जिसमें डॉ0 एरिक दा कोस्टा द्वारा सन् 1950 के प्रारम्भिक दशक में 'इण्डियन इंस्टीटयूट् ऑफ पब्लिक ओपिनियम' की स्थापना की गई थी। जिसने भारत में मतदान व्यवहार के अध्ययन में महत्त्वपूर्ण भमिका निभाई थी। तथा भारत में 1957 ई0 में द्वितीय आम-चुनावों के बाद लोकसभा चुनावों में मतदान व्यवहार का अध्ययन प्रारम्भ हुआ। भारत में मतदान व्यवहारों के अध्ययनों में 'सेन्टर फार द स्टडी ऑफ डवलपिंग सोसाइटी' की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। क्योंकि इसने 'नेशनल इलेक्शन स्टडी के नाम से अखिल भारतीय नमूना सर्वेक्षण पर निर्वाचन के अध्ययनों को प्रारम्भ किया। अत: यह संस्थान सन् 1996 ई0 से निरन्तर मतदान व्यवहारों का अध्ययन कर रहा है। पॉल ब्रास ने 1980 से केस स्टडी के माध्यम से अध्ययन किया तथा सन् 2000 ई0 के बाद मतदान व्यवहारों के अध्ययन की प्रक्रिया अत्यधिक लोकप्रिय एवं पंसदीदा साहित्यक विधाओं में शुमार हो गयी है। जिसमें मुकुलिका बनर्जी द्वारा सन् 2007 में नृवंश विज्ञान विधि से अध्ययन किये गए हैं।

भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक – भारत में स्वतन्त्रता प्राप्ति के पश्चात यहाँ गणराज्य की स्थापन की गयी है जिसमे संवैधानिक व्यवस्था के माध्यम से निर्वाचन आयोग का गठन किया गया तथा निर्वाचन आयोग की देख-रेख में भारत में समय समय पर विभिन्न स्तरों पर चुनाव सम्पन्न किये जाते रहे है। भारतीय जनमानस अथवा मतदाताओं के मतदान व्यवहार के फलस्वरूप विभिन्न स्तरों पर संचालित संस्थाओं के माध्यम से शासन सत्ता का संचालन होता रहा है। अत: इसी शासन सत्ता के संचालकों को स्वीकृति प्रदान करने वाले मतदाताओं ने अपने मतदान व्यवहार के माध्यम से उन्हें शासन सत्ता से हटाया भी है। मतदाताओं के इसी मतदान व्यवहार को परिवर्तित करने वाले विभिन्न कारक निम्न प्रकार हैं-

धर्म – भारत में मतदाताओं का मतदान व्यवहार हमेशा ही धर्म या धार्मिक तत्वों से प्रभावित रहा है। यहाँ लगभग सभी राजनीतिक दलों द्वारा किसी न किसी धर्म विशेष के संरक्षक या प्रतिनिधित्व का दावा करते हुए चुनावों को प्रभावित किया जाता रहा है। मन्दिर-मस्जिद मुद्दे कभी किसी धर्म को संकट में बताकर हिन्दु-मुस्लिम के तृष्टिकरण की राजनीति की जाती रही है।

'प्राचीन काल से ही भारत में धर्म की महत्ता रही है। धर्म भारतीयों की धमनियों में रक्त के साथ प्रवाहित होता है। अत: देश की राजनीति में धर्म का स्थान सर्वोपरि है। धर्म के साथ ही राजनीति के वांछित सम्बन्धों का निरूपण धर्मनिरपेक्षता के सिद्धान्त में मिलता है। राजनीति व्यवस्था की परिचालक है। जिसका उद्देश्य जनकल्याण, व्यक्ति का सर्वांगीण विकास और सर्वोन्नति है।'

'बीते चुनावों में भ्रष्ट तरीकों के प्रयोग के अनेक उदाहरणों में धर्म भी मुख्य कारक रहा है। धर्म, मूलवंश, जाति या समुदाय, भाषा के आधार पर किसी व्यक्ति के लिए मतदान करने या न करने की दुहाई देकर मतदान व्यवहार को प्रभावित करने के कार्य करता है।'

जातिवाद – जातिवाद मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाला दूसरा सबसे प्रमुख कारक रहा है। भारत में निर्वाचन प्रक्रिया को जातिवाद ने पिछले

अनेक वर्षो से निश्चित रूप से प्रभावित किया है। स्वतन्त्रता पूर्व विभिन्न जातीय संघों ने सामाजिक पद सोपान में अपनी जाति के लिए शिक्षा, नौकरी तथा अन्य सुविधाओं के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में अभिकर्ता के रूप में अत्यधिक कार्य किया है। किन्तु स्वतन्त्रता के बाद हमारे संविधान में जातिवाद की प्रगति को समाप्त करने के लिए व्यस्क मताधिकार व एक व्यक्ति एक वोट का नियम लागू किया तथा मिश्रित या साम्प्रदायिक चुनाव समाप्त कर दिये गये। परन्तु इन सारे प्रबन्धों के होते हुए भी जातिवाद विशेष रूप से आरक्षण के नये रूप मे सामने आया है जिसमे पिछड़ी जातियों की संख्या अधिक होने या वोट बैंक उनके हाथ में होने के कारण उनका महत्त्व और भी बढ़ गया है।

'भारतीय सामाजिक व्यवस्था में जाति का महत्त्वपूर्ण स्थान है। भारत के परम्परागत ताने-बाने में सामाजिक व्यवस्था, जाति संरचना एवं जातीय पहचान के चिह्न हैं। अत: भारत में जातियों का ह्रास नही होगा बल्कि समय अनुसार परिवर्तित होता रहेगा।'

'स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद जातिवाद की भूमिका और अधिक व्यापक हो गयी है। और वे आर्थिक, राजनीतिक क्षेत्र में दबाव समूह की भूमिका का निर्वहन करते हुए अपनी-अपनी जातियों को राजनैतिक दृष्टिकोण से गतिमान करने की दिशा में अभिकर्त्ता के रूप में प्रयत्नशील हो गये हैं।'

पॉल ब्रॉस लिखते हैं कि 'स्थानीय स्तर पर गाँवों में मतदान व्यवहार का सबसे महत्त्वपूर्ण उदाहरण जातीय एकता है। बडी और महत्त्वपूर्ण जातियाँ अपने चुनावी क्षेत्र में अपनी ही जाति के सदस्य का समर्थन करती हैं या ऐसे दल का समर्थन करती हैं जिनसे उनकी जाति के सदस्य अपनी पहचान स्थापित करते हैं।'

अत: जातिवाद का राजनीतिक दलों ने थोक वोट बैंक के रूप में खुलकर प्रयोग किया है। पश्चिमी उ0प्र0 में जाट, गुर्जर, मुस्लिम आदि प्रमुख मुद्दे रहे हैं। अक्सर ग्राम पंचायत चुनावों में जाति वर्ग को सर्वाधिक प्रधानता दी जाती है।

भाषा वाद –राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्ति की सफलता के लिए भाषा एक प्रबल माध्यम रहा है। चाहे रोजगार या नौकरी का प्रश्न हो या राजनीतिक जीवन अथवा सम्मानजनक जीवन स्तर को प्राप्त करने का प्रश्न हो, हर क्षेत्र में भाषा की प्रमुख भूमिका रही है। अत: विभिन्न प्रान्तों के क्षेत्रीय नेता क्षेत्रीय भाषा के प्रश्नों पर आधारित राजनीति करते हैं और आश्चर्यजनक रूप से इस प्रश्न पर स्थानीय लोगों की भावनाओं को उत्तोजित करने का कार्य करते हैं उन्हें वोट बैक के रूप में प्रयोग करते हुए चुनाव में उन्हें सत्ता प्राप्ति हेतु विभिन्न सोपानों के रूप में प्रयोग करते आये हैं। जैसे 1956 में भाषा के आधार पर राज्यों के पुर्नगठन ने इस प्रवृत्ति को आधार शिला प्रदान कर दी थी और सन् 1967 और 1971 के तमिलनाडू विधान सभा चुनावों में डी0एम0के0 ने हिन्दी भाषा के विरोध पर भारी जनसमर्थन प्राप्त किया था। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्ला भाषा को बचाने का नारा देकर 2021 के विधान सभा चुनाव सफलता प्राप्त की है।

क्षेत्रवाद – भारत वर्ष में क्षेत्रीयता तो यहाँ की सांस्कृतिक एवं भाषायी मूल में समाहित है जिन्हे एक सूत्र मे पिरोने का कार्य पूर्वकाल में महात्माओं, धर्मप्रवर्तकों एवं प्रभावशाली सम्राटों तथा नवाबों द्वारा किया गया था। ब्रिटिश सरकार द्वारा भी विभिन्न स्तरों पर नीतियों एवं कार्यक्रमों जैसे-डाकसेवा, भारतीय रेलवे तथा अंग्रेजी भाषा के प्रचार प्रसार के माध्यम से इसे खत्म करने का प्रयास किया है। परन्तु जब सन् 1956 में भाषा के आधार पर भारतीय राज्यों का पुन: सीमांकन किया गया तो विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय नेताओं का प्रभाव भी बढ़ने लगा और इसी क्रम में धरती पुत्रों का उल्लेख भी होने लगा तथा राष्ट्रवाद की कड़ियाँ बिखरने लगी और बहुलवाद, क्षेत्रवाद तथा विकेन्द्रीकरण के विषय प्रभावी होने लगे जिससे देश के लिए एक भ्रामक स्थिति उत्पन्न हो गयी।

वंशवाद अथवा सामन्त वाद – भारत में अभी भी कुछ क्षेत्रों में वंशवाद या सामन्तवादी व्यवस्था द्वारा मतदान व्यवहार को प्रभावित किया जाता रहा है। ऐसे वंशवादी उम्मीदवारों एवं विरासत पर राजनीति करने वाले उम्मीदवारों को सामान्यतया इसी आधार पर विजय भी प्राप्त होती रही है। और सभी स्तरों के नेता पद से लेकर कार्यकर्त्ता तक में इसी खानदानी रब्बोरोआब का प्रचलन चला आ रहा है। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों द्वारा 14वी लोकसभा (2004) में देश भर से सौ से अधिक ऐसे ही उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे गये थे। और जिनमें से अधिकांश को सफलता भी प्राप्त हुई थी। जबकि उनकी योग्यता अथवा राजनीतिक क्षमता की उपेक्षा करके उनकी खानदानी विरासत को वरीयता प्रदान की गयी थी।

विशेष मुद्दे – मतदान व्यवहार को प्रभावित करने में सामाजिक एवं आर्थिक मुद्दों की भी महत्ता रहती है। तथा राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दे भी मतदाताओं के व्यवहार को अवश्य ही प्रभावित करते हैं। जहाँ तक ग्रामीण परिवेश की बात है जनता स्थानीय मुद्दों से ज्यादा प्रभावित होती है। जैसे- 1980 में जनता ने काग्रेस की स्थिर व प्रभावी सरकार के नाम पर वोट दिया था। वहीं सन् 1984 ई0 में भारतीय जनता ने देश की एकता और अखण्डता के नाम पर अथवा सभी प्रकार के कारकों (क्षेत्रीयता, धार्मिकता) को दरकिनार करते हुए राजीव गाँधी सरकार को प्रचण्ड बहुमत दिया था। इसी प्रकार 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार को विकास के नाम पर भारी बहुमत प्रदान किया गया है। तथा उ0प्र0 में योगी आदित्यनाथ को भय एवं भ्रष्टाचार मुक्ति के नाम पर बहुमत प्रदान किया गया है।

लिंग एवं आयु – मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावति करने वाला प्रमुख कारक लिंग एवं आयु भी एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता हैं। भारत में सामान्यत: यह देखा जाता है कि महिलाएँ मतदान के प्रति ज्यादा उदासीन रहती हैं। किन्तु जब किसी पार्टी के घोषणा पत्र में महिलाओं के हित और अधिकारों को स्थान दिया जाता है तो महिलाएँ अपेक्षाकृत अधिक सक्रिय होकर मतदान करती हैं। विशेष तौर पर महिला उम्मीदवार के प्रति। 'इन्दिरा गाँधी के शासन काल में महिलाओं की प्रमुख पसन्द कांग्रेस पार्टी इसीलिए हुआ करती थी क्योकि उस पार्टी की मुखिया श्रीमति इन्दिरा गाँधी एक महिला थी।' वर्तमान भारतीय मतदाताओं की कुल संख्या का एक बडा हिस्सा युवा वर्ग से सम्बन्धित है। जोकि 21-25 आयु वर्ग के बीच है। जिनमें युवा आयु वर्ग के नेताओं के प्रति एक खास आकर्षण पाया जाता है। इसी कारण वह युवा नेतृत्व को समर्थन एवं वोट देना सर्वाधिक पसन्द करते हैं। जैसे-बिहार राज्य से तेजस्वी यादव, चिराग पासवान, उत्तर प्रदेश से अखिलेश यादव, जयन्त चौधरी आदि नेता भी युवा वर्ग की पसन्द हैं। इसके अतिरिक्त चन्द्रशेखर आजाद उर्फ रावण एवं हार्दिक पटेल जैसे युवा वर्ग का बखूबी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

नेतृत्व एवं करिश्माई व्यक्तित्व – करिश्माई व्यक्तित्व मतदान में मतदाताओं को प्रभावित करने का एक प्रबल एवं मुख्य कारक माना जाता है। कई राजनेता जनता में अपनी एक ऐसी छवि बना लेते हैं कि मतदाता

उसके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उसके प्रति मतदान करते हैं न कि उसके राजनीतिक दल को समर्थन प्रदान करते हैं।

अत: प्रत्याशी का व्यक्तित्व भी मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करता है। जबकि उनकी प्रतिबद्धता अन्य पार्टी के प्रति होती है।

मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाला यह करिश्माई व्यक्तित्व एवं नेतृत्व विशेष रूप से ग्राम पंचायतों के चुनावों में अधिक प्रभावी रहता है। किन्तु कभी कभी लोकसभा एवं विधानसभा के चुनावों में भी देखने को मिलता है। जिसमें उम्मीदवार का सद्चरित्र, ईमानदारी, जनहितकारी सौम्य व्यक्तित्व उस क्षेत्र विशेष के मतदाताओं को विशेष रूप से प्रभावित करता है। भारतीय राजनीति के मुख्य चेहरे जिन्होंने समय-समय पर भारतीय जनमानस को विशेष रूप से प्रभावित किया है उनमें पण्डित जवाहर लाल नेहरू, श्रीमती इन्दिरा गाँधी, राजीव गाँधी, लाल बहादुर शास्त्री, श्री अटल बिहारी वाजपेयी, डॉ0मनमोहन सिंह, श्री नरेन्द्र मोदी जैसे लोकप्रिय नेताओं का नाम लिया जा सकता है।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश राज्य की राजनीति के मुख्य चेहरों में श्री कल्याण सिंह, श्री मुलायम सिंह, बहन कुमारी मायावती, श्री योगी आदित्य नाथ जी।

नेतृत्व की बेदाग छवि, दृढ़ निर्णय क्षमता, कार्यव्यवहार में गरिमा आदि गुण जिस राजनेता में पाये जाते है। देश की जनता अथवा मतदाता स्वयं ही उस प्रत्याशी के प्रति सौहार्द्र पूर्णता पेश करती है तो ऐसा व्यक्ति सर्वाधिक जनप्रिय बन जाता है।

आर्थिक प्रलोभन – धर्म और जाति के अतिरिक्त चुनावी प्रत्याशी की आर्थिक हैसियत की भी मतदान को प्रभावित करने में अहम् भूमिका होती है। और धनबल के प्रलोभन का विशिष्ट महत्त्व होता है। क्योंकि भारत में अभी भी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों की संख्या अधिक है। जिनके पास सामान्य सुविधाएं और विकास के अवसर न्यूनतम हैं। अत: यहाँ के लोगों में धन के प्रति तीव्र आकर्षण की प्रवृत्ति सामान्यत: पायी जाती है। यही कारण है कि चुनाव के समय उम्मीदवारों और राजनीतिक दलो द्वारा धन बल से मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास भी किया जाता है अर्थात राजनीति में सभी हथकण्ड़ों (साम, दाम, दण्ड, भेद) को आजमाया जाता है।

'वोट के ठेकेदार गरीब मतदाताओं में पैसे बाँटते हैं, और स्वयं भी किसी प्रत्याशी या पार्टी से पैसा लेकर गरीब जनता को बहला फुसलाकर उनका वोट हासिल कर लेते हैं। क्योकि भूखे लाचार व्यक्तियों को वोट की अपेक्षा कुछ रूपयों का मूल्य अधिक प्रतीत होता है। कोई भी चुनाव उनके लिए ज्यादा लाभप्रद होता है। जिनके पास चुनाव में खर्च करने का ज्यादा सामर्थ्य होता है। सामान्य परिस्थितियों में वे मतदाताओं को प्रभावित करने में ज्यादा सफल होते हैं।' कई बार चुनावो में यह भी देखा गया है कि उम्मीदवार के कार्यकर्ता मतदान से पूर्व संख्या पर झुग्गी-झोंपडियों या मलिन बस्तियों में गरीब जनता को शराब, रूपये-पैसे, कपड़े, साड़ियाँ, जूते चप्पल, सिलाई मशीन आदि उपहार बाँटते नजर आते हैं क्योंकि ऐसा माना जाता है कि जो उम्मीदवार चुनाव में जितना अधिक पैसा खर्च करता हैं उसके जीतने की सम्भावना उतनी ही अधिक होती है।

कभी-कभी उम्मीदवार द्वारा अपने मतदाताओं या प्रमुख कार्यकताओं को किसी संस्था विशेष में कोई पद/नौकरी/व्यवसाय देने का वादा करके उनके मतों को हासिल करने का प्रयास भी किया जाता है।

दलीय विचार धाराएं – 'भारतीय मतदाता यद्यपि बहुत अधिक नहीं, लेकिन कुछ हद तक दलों की विचार धाराओं, कार्यक्रमों व नीतियों आदि से अवश्य ही प्रभावित होते रहते हैं। इस सम्बन्ध में उनके द्वारा नकारात्मक विचारधारा के स्थान पर सकारात्मक विचारधारा और कार्यक्रम को पसन्द किया जाता रहा है। जैसे 1971 में जनता ने 'गरीबी हटाओं देश बचाओं' कार्यक्रम को अथवा विकासवादी विचारधारा को पसन्द किया था तो वहीं 1977 ई0 में उन्होंने जनता पार्टी की सकारात्मक आर्थिक विचारधारा को पसन्द कर उन्हें मत प्रदान किया।'

प्रत्याशी/दलजीत की संभावना– भारत के चुनावी माहौल में कभी-कभी ऐसा भी देखने को मिलता है कि भारतीय मतदाता अपने आस पास बने चुनावी वातावरण द्वारा भी प्रभावित पाया जाता है अर्थात उसने जिस भी पार्टी अथवा प्रत्याशी के जीतने की सम्भावना ज्यादा समझी उसी ओर अपने मतदान व्यवहार का रूख मोड़ दिया है अर्थात् मतदाता चुनावी लहर से प्रभावित होता है।

सत्ता रूढ़ दल द्वारा किये गये कार्यो तथा सरकार की गतिविधियों के आधार पर भी जीत का अनुमान लगाकर भी उस क्षेत्र का मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करता है।

सत्ताधारी दल का प्रदर्शन – भारतीय मतदाताओं को जब लगता है कि सरकार अपने वादों को पूरा करने में असफल रही है तो सामान्यत: जनता उस सरकार को अपना मतसमर्थन न देकर सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा देती है। इसे एंटी इंकम्बैसी फैक्टर कहते हैं। जैसे सन् 1980 में जनता पार्टी, व सन् 1989 में कांग्रेस पार्टी की मुख्य चुनावों में हार का प्रमुख कारण मतदाताओं में सत्ताधारी दल के कार्यों से असंतुष्टि थी। इसका दूसरा पहलू यह होता है कि जब सामान्य जनता सरकार के कार्यों से सन्तुष्ट होती है तो उसे पुन: भरपूर समर्थन या पूर्ण बहुमत प्रदान करती है जैसे सन् 2004 में जनता ने सोनिया सरकार को समर्थन प्रदान किया तथा सरकार की नीतियों और कामकाज के प्रदर्शन से सन्तुष्ट होकर दोबारा मनमोहन सरकार को सत्ता प्रदान की।

इसी प्रकार सन् 2014 में मोदी सरकार को जनता ने समर्थन प्रदान किया और उनके विकास की नीतियों से सन्तुष्ट होकर उन्हें दोबारा 2024 तक के लिए सत्ता को चलाने मौका प्रदान किया है।

चुनावी घोषणा-पत्र – संसदीय लोकतन्त्र की व्यवस्था वाले देशो में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन के पूर्व अपनी विचारधारा, नीतियों एवं कार्यक्रमों को वे जनता के समक्ष घोषणाओं के रूप में रखते हैं और इस घोषित दस्तावेज को ही घोषणा पत्र कहते हैं। जिसका राजनीतिक दल अच्छी प्रकार से प्रचार एवं प्रसार भी करते है और जनता से उनका मत भी प्राप्त करते है। 'जैसे आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वैभव माहेश्वरी ने अपने घोषणा पत्र को गारन्टी पत्र बताते हुए कहा है कि आम आदमी पार्टी जो वादे करती है उसे गारन्टी से पूरा भी करती है।' (16 जनवरी 2022 हिन्दुस्तान समाचार-पत्र)

सभी लोकतान्त्रिक व्यवस्था वाले राज्यों में चुनाव पूर्व विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा आम जनता को प्रभावित करने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं की घोषणा की जाती है। ताकि उनकी शासन/सत्ता आने पर उन योजनाओं से जनता लाभान्वित हो सके। लेकिन राजनीति के दूसरे पहलू के अनुसार कि राजनीति में वादे किये जाते हैं निभाये नहीं जाते हैं। अत: इसी परम्परा को कायम रखते हुए सभी राजनीतिक दल केवल घोषणाएँ करते हैं। लेकिन उन्हें पूरा नहीं करते हैं। अर्थात उन घोषित वादों या घोषणाओं

पर अमल नहीं किया जाता है। और जो सरकारें उन पर अमल करती हैं जनता उन्हें दोबारा शासन/सत्ता का मौका देती है।

जबकि आजकल भारतीय चुनावी माहौल में मुफ्त की रेवड़ियाँ बाँटने का प्रचलन अधिक हो गया है। सभी राजनीतिक पार्टियाँ एक से बढ़कर एक योजनाओं की घोषणाएँ करते हुए नज़र आती हैं। उन घोषित योजनाओं का देश हित पर क्या प्रभाव पड़ेगा? इसकी परवाह किए बगैंर बस केवल जनता को रिझाकर अथवा अच्छे दिनों के सपने दिखाकर उनका वोट बैंक हासिल करना मात्र ही उनका उद्देश्य बन गया है।

प्रचार प्रसार के साधन – प्रचार प्रसार के साधन चुनावों में मतदाताओं के मतदान व्यवहार को सीधे प्रभावित करते हैं। स्वतन्त्रता के पश्चात् प्रत्येक चुनाव के समय में होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि के माध्यम से मतदातओं को प्रभावित किया जाता रहा है। सन् 1990 के दशक तक रेडियों प्रचार का प्रमुख माध्यम रही है और दूसरी तरफ समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं ने मतदाताओं के मतदान व्यवहार को बहुत प्रभावित किया है।

इसके बाद इलैक्ट्रॉनिक मीडिया का युग आया और टेलीविजन पर राजनीतिक दलों ने प्रचार-प्रसार करना प्रारम्भ कर दिया। कांग्रेस पार्टी ने 1984 के लोकसभा चुनावों में इसका लाभ उठाया तथा 2014 में सोलहवीं लोकसभा एवं 2019 में मतदाताओं के मतदान व्यवहार को मीडिया ने गहराई से प्रभावित किया। मीडिया विशेषकर समाचार चैनलों ने भाजपा और नरेन्द्र मोदी के निर्वाचन अभियान को न सिर्फ मतदाताओं के बड़े हिस्से तक पहुँचाया बल्कि उसे पूर्ण विश्वसनीयता के साथ पेश भी किया। मीडिया के द्वारा एक बड़े क्षेत्र में मोदी ही छाये रहे। जिसका फायदा भाजपा गठबन्धन सरकार को प्राप्त हुआ। इसी कारण भारतीय मीडिया को मोदी अथवा गोदी मीडिया की संज्ञा भी दी जाने लगी।

सोशल मीडिया- भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले एक प्रमुख कारक जिसे 'सोशल मीडिया' कहते है; 21वीं सदी के दूसरे दशक में सामने आया है। जिसमे फेसबुक, व्हाटसएप, ट्विटर, वेबसाइट, मैसेज, टेलीग्राम आदि प्रचार-प्रसार के नए-नए साधन अपनाएं जाते हैं; जोकि मतदाताओं के मन मस्तिष्क को इस कदर प्रभावित करते हैं कि चुनाव उन्हें युद्ध की तरह प्रभावित करता है।

सोशल मीडिया ने राजनीति को दो हिस्सों में बाँट दिया है, जिसमें परम्परागत राजनीति और वेब राजनीति। इसीलिए सत्तारूढ़ भाजपा गठबन्धन सरकार का सारा फोकस नरेन्द्र मोदी के इर्द-गिर्द रहता है। जिसमें सरकार की योजनाओ का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाता है।

टी0वी0 पर समाचार चैनलों के माध्यम से प्रसारित होने वाली सभा संगोष्ठी अथवा डिबेट्स में केवल सत्ता पक्ष के मुद्दों को लेकर ही चर्चाएँ होती हैं और उन्हें प्रमाणिकता के साथ सत्य भी सिद्ध किया जाता है। जबकि विपक्षी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिए पूरा समय या मौका ही नही दिया जाता। सत्ता का मीडिया पर प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। अत: यह सार्वभौमिक सत्य है कि सोशल मीडिया का जितना उपभोग सत्ता रूढ़ दल और सरकारें करती आयी हैं, उतना विपक्षी दल अथवा सरकारें नही कर पाते हैं।

शान्त मतदाता – भारतीय चुनावी माहौल में मतदाताओं के मतदान व्यवहार को विभिन्न प्रकार के कारक अथवा घटक प्रभावित करते हैं। लेकिन मतदाताओं का एक वर्ग ऐसा भी होता है जोकि सुनता सबकी है लेकिन करता वही है जिसकी उसने अपने मन में धारणा बैठा रखी है। अर्थात सभी प्रत्याशियों अथवा राजनीतिक दलों द्वारा प्रचारित-प्रसारित घोषणाओं एवं वादों पर भी ध्यान रखता है और पूछने पर सभी को समर्थन की बात भी स्वीकारता है और अपने शान्त एवं सौम्य स्वभाव से सभी का मूल्यांकन करता है और समय आने पर मतदान उसी प्रत्याशी या पार्टी को करता है जिसका प्रभाव उसके मन मस्तिष्क पर अंकित रहता है। अथवा जिसके कारण उसे किसी न किसी रूप में लाभ/हित नजर आता है। ऐसे मतदाताओं को शान्त मतदाता कहते हैं। जिनके रूख का पता लगाना मुश्किल होता है। जिसमे सरकार द्वारा लाभान्वित महिलाएं, दिव्यांगजन, पेंशनधारी वृद्धजन, पेंशनधारी सेना के जवान, सुविधाप्राप्त एन0आर0आई0 पेशन धारी अध्यापक वर्ग एवं अन्य सरकारी सुविधा प्राप्त जन आदि सम्मिलित हैं।

अत: उपरोक्त शान्त मतदाताओं द्वारा प्रदान किये जाने वाले मतदान व्यवहार से कभी-कभी सभी प्रत्याशियों/राजनीतिक पार्टियों, चुनाव परिणामों का अनुमान लगाने वाली एजेंसियों (एग्जिटपॉल) आदि को भी आश्चर्य का सामना करना पड़ता है।

ऑपिनियन पॉल (मतसर्वेक्षण)- मत सर्वेक्षण मतदान पूर्व एक सर्वेक्षणात्मक प्रक्रिया है जिसके माध्यम से सर्वे एजेंन्सियों द्वारा मत क्षेत्रों में जाकर सूचनाएं एकत्रित की जाती हैं। अथवा ऑपिनियन पॉल के रिजल्ट के नब्ज़ लिए ऐजेंसियां चुनावी क्षेत्रों में जाकर प्रमुख मुद्दों पर जनता की नबज़ को टटोलने का प्रयास करती हैं कि अमुक क्षेत्र विशेष में मतदाताओं का मतदान सम्बन्धी रूझान अमुक पार्टी अथवा प्रत्याशी से प्रभावित है अथवा अप्रभावित है। अगर मतदाता पार्टी/प्रत्याशी से प्रभावित है तो किन विशेषताओं के कारण और अप्रभावित है तो इसका क्या कारण है? और वे कौन-कौन से विशेष मुद्दे हैं जोकि आपसी नाराजगी का कारण बने हुए हैं।

मतदाताओं से उपरोक्त प्रकार की जानकारियाँ जुटाने के लिए सर्वेक्षण संस्था अथवा राजनीतिक पार्टियाँ सर्वेक्षण कराया करती हैं और इन सर्वेक्षणों के आधार पर वे अपने आगामी चुनावी ऐजेण्डा को घोषित करती हैं। जिससे कि उस क्षेत्र विशेष की जनता या मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए सभाएं, संगोष्ठी एवं चुनावी घोषणा-पत्र आदि के माध्यम से सामान्य जनता अथवा मतदाताओं से वोट हासिल करने का प्रयास करती हैं।

निष्कर्ष – भारतीय मतदाताओं के मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों के ऐतिहासिक एवं समकालीन अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है। कि मतदान व्यवहार एक बहुआयामी व्यवहार होता है। जोकि अनेक बाह्य एवं आन्तरिक कारकों से प्रभावित होता आया है। क्योंकि मानव स्वभाव की जिज्ञासा सभी को परखने एव जानने की रही है। उसी प्रकार मतदाता भी सभी राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों को सत्ता संचालन का दायित्व सौंपना चाहता है और जो उनकी जनभावनाओं पर खरा उतरता है जनता उन्हे फिर से सत्ता भोगने का अवसर प्रदान करती है। नहीं तो उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता भी जनता द्वारा ही दिखाया जाता है। 'भारत में लोकतन्त्र की सफलता के लिए यह आवश्यक है, कि भारतीय नागरिक राजनैतिक दृष्टिकोण से अधिक से अधिक सक्रिय और जागरूक हो सकें।'

सत्ता और जनता के बीच अत्यधिक धनिष्ठ सम्बन्ध स्थापित करने वाली एक प्रणाली के रूप में लोकतन्त्र विश्व के लगभग सभी देशों में एक अनिवार्य एवं नितान्त वांछित आवश्यकताओं के रूप में अपनाया जा चुका है। इसीलिए सामान्य जनमानस के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वर्तमान राजनीतिक परिवेश में प्रचलित कतिपय टिकाऊ, जिताऊ और बिकाऊ की संज्ञा देने वाले जन प्रतिनिधियों की दु:खद प्रवृत्ति से मुक्त होकर

जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन की स्वच्छ एवं स्वस्थ व्यवस्था करे। तभी जनकल्याणकारी राष्ट्र सुनिश्चित किया जा सकेगा। और यह तभी सम्भव है जबकि सामान्य जनमानस अर्थात् मतदाता लोकतान्त्रिक मूल्यों को उचित प्रकार से समझे और समुचित राजनीतिक सहभागिता एवं जागरूकता के साथ समाज की मुख्य धारा से जुडे।

अत: इन सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूकता के अभाव के कारण ही जनता जर्नादन वर्गभेद, जातिवाद, भ्रष्टाचार, साम्प्रदायिकता, क्षेत्रवाद आदि उदासीनता से ग्रस्त एवं त्रस्त पायी जाती है।

अत: लोकतन्त्र की सफलता के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि मतदाता अपने मतदान व्यवहार को जाति, धर्म, सम्प्रदाय, भाषा, क्षेत्र आदि कारकों से प्रभावित न होने दे और राजनेताओं द्वारा बाँटी जाने वाली मुफ्त की रेवडियों में अपने आप को न बँटने दें।

भारतीय परम्परा, विरासत, संस्कृति सहृदयता, समन्वय, सहिष्णुता, सहयोग सकारात्मकता, सक्रियता एवं वैज्ञानिक सोच ही समष्टि रूप से लोकतन्त्र की सफलता एवं गतिशीलता के लिए एक पथ प्रदर्शक के रूप में सहायक सिद्ध होगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. त्रिपाठी, प्रो0 प्रकाश मणि (2003), 'भारत में जनसहभागिता एवं मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारक', भारतीय राजनीति विज्ञान शोध पत्रिका, नई दिल्ली, पृ0सं0-49
2. मीर्ण, पी0एन0 (1971) 'इलेक्शन्स एण्ड वोटर्स', पृष्ठ संख्या-93
3. रंजन, राजीव (2000) 'लोकसभा चुनाव और राजनीति', ज्ञान गंगा प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-15
4. Govt vacancy. Net. (Posted on 25 March 2022)
5. Govt vacancy. Net. (Posted on 25 March 2022)
6. ई0 स्टोक्स, डोनाल्ड (1996), 'वोटिंग इन डेविड शिल्स', लन्दन वाल्यूम नं0-16, पृष्ठ संख्या-387
7. महाजन, धर्मवीर (1998), 'राजनीतिक समाज शास्त्र', हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर, राजस्थान, पृष्ठ संख्या-205
8. त्रिपाठी, प्रो0 प्रकाश मणि (2003), 'राजनीतिक अवधारणाएँ एवं प्रवृत्तियाँ', शारदा प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-24
9. नव भारत टाइम्स, 4 नवम्बर 1971
10. पणिक्कर, के0एम0 (1995) 'हिन्दू सोसाइट्री एण्ड क्रास रोड्स' एशिया पब्लिकेशन मुम्बई पृ0 संख्या-64
11. कोठारी, रजनी (2012), 'भारत में जातीय राजनीति', ब्लैक स्वान, दिल्ली, पृष्ठ संख्या-41
12. मित्र, रामा (1992) 'कार्स्ट पोलिराइजेशन एण्ड पॉलिटिक्स' सिण्डीकेट पब्लिकेशन, पटना, पृ0 संख्या-104
13. आर फ्रेन्केल, फ्रेंचाइन (1978) 'इण्डियन पॉलिटिक्स इकोनॉमी' (1947-1977) ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, दिल्ली, पृ0 संख्या-425
14. सिकरी, एस0एल0 (2002), 'इण्डियन गवनमेन्ट एण्ड पॉलिटिक्स, लुधियाना', कल्याणी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या- 111-226
15. वाजपेयी, अन्तिमा (1992), 'भारतीय निर्वाचन पद्धति का समीक्षात्मक अध्ययन', नाईन बुक सेन्टर, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-112
16. सिकरी, एस0एल0 (2002), 'इण्डियन गवनमेन्ट एण्ड पॉलिटिक्स, लुधियाना', कल्याणी पब्लिकेशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-110
17. जोशी, शालिनी, 'सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव और चुनावी राजनीति', न्यूज राइटर्स,
18. सरदेशाई, राजदीप (2020), 'मोदी की जीत', वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-45
19. कुमार, संजय एवं राय, प्रवीण (2013) 'भारत में मतदान व्यवहार का मापन' सेज प्रकाशन, नई दिल्ली
20. गेना, डॉ0सी0बी0 (1997) 'तुलनात्मक राजनीति एवं राजनीतिक संस्थाओं का विकास', पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, पृष्ठ संख्या-983
21. फडिया, डॉ0बी0एल0 एवं जैन, पुखराज (2004) 'भारतीय शासन एवं राजनीति', साहित्य भवन, आगरा, पृष्ठ संख्या-612
22. ब्रास, पाल0आर0 (1984), 'दि पॉलिटिक्स ऑफ इण्डियन सिंस इण्डिपेंडेन्स', कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटीज', लन्दन प्रेस, पृष्ठ संख्या-98

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जलवायु परिवर्तन का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव का भौगोलिक अध्ययन

लक्ष्मी फनात*

* (भूगोल) मु.पो. नयागांव, तह. खेरवाड़ा, जि. उदयपुर (राज.) भारत

शोध सारांश – जलवायु परिवर्तन एक वास्तविकता है यह परिवर्तन प्राकृतिक व मानवीय दोनों कारणों से हो सकता है। यह परिवर्तन अल्पकालिक व दीर्घकालिक भी हो सकता है इसका प्रभाव प्रकृति व मानव पर स्पष्ट रूप से पड़ता है। यदि यह अल्पकालिक हो तो इसका दुष्प्रभाव अधिक हानिकारक होगा। वर्तमान में भू-मंडलीय जलवायु परिवर्तन विश्व समुदाय की सबसे बड़ी समस्या है। इस परिवर्तन से अतिवृष्टि, अनावृष्टि, तापमान वृद्धि, वायुदाब परिवर्तन, ऋतु चक्र में परिवर्तन, बाढ़, सूखा आदि वातावरणीय समस्या उत्पन्न होगी और इनका असर मानव स्वास्थ्य पर होगा। जलवायु परिवर्तन से मानव के लिये इष्टतम् तापमान की सीमा 250 के लगभग, टूट कर घट या बढ़ सकती है। अनुकूल आपेक्षिक आर्द्रता 40 प्रतिशत से परिवर्तित हो सकती है। ऋतु चक्र परिवर्तन से मानव का पाचनतंत्र प्रभावित होता है तथा अन्य विभिन्न प्रकार के रोगों की उत्पत्ति होती है। पर्यावरण में सूक्ष्म जीवों का प्रादुर्भाव होता है और रोगों की विविधता बढ़ती जाती है। ऋतु परिवर्तन के साथ चिकित्सालयों में बढ़ते रोगियों की संख्या इसका उदाहरण है।

प्रस्तावना –परिवर्तन प्रकृति का नियम है, तो जलवायु परिवर्तन भी एक वास्तविकता है। विगत कालों में जलवायु परिवर्तन हुये हैं; वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन हो रहा है तथा भविष्य में परिवर्तन होगा। जलवायु में संभावित परिवर्तन मंद गति से क्रमश: हो सकता है, त्वरित एवं प्रलयकारी हो सकता है, यह सामयिक, असामयिक, अल्पकालिक या दीर्घकालिक हो सकता है। यह स्थानीय या प्रादेशिक या भूमण्डलीय स्तर पर हो सकता है। जे.ई. हाब्स (1980) ने प्रतिपादित किया है कि 'विश्व की जलवायु में भूत में परिवर्तन हुये हैं, अब भी परिवर्तन हो रहे हैं तथा भविष्य में भी परिवर्तन होंगे।'

जलवायु परिवर्तन में जलवायु (मौसम) के तत्वों-सूर्यताप, सूर्य प्रकाश, आर्द्रता, वर्षा, पवनें, मेघ, वायुदाब आदि में असंतुलन या न्यूनाधिकता की दशा उत्पन्न होती है। इस असंतुलन से वायुमण्डलीय तापमान में तीव्र वृद्धि, ऋतुचक्र में परिवर्तन, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, सूखा, बाढ़, भारी बर्फवारी, चक्रवात, प्रतिचक्रवात एवं तूफान जैसी आपदाएँ घटित हो सकती हैं। 20वीं शताब्दी में 1991-2000 विश्व के अभिलेखित तापमान के इतिहास में सर्वाधिक गर्म दशक रहा है। इस समय तक 2005 सर्वाधिक गर्म वर्ष रहा है। भूमण्डलीय स्तर पर 2004-05 में भारी बर्फबारी होना, 16-17 जून 2013 में उत्तराखण्ड के केदारनाथ में बादलों का फटना जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदाओं के बानगी हैं। ये परिवर्तन प्राकृतिक कारकों के साथ मानवीय कारकों से भी होते हैं। परिवर्तन के लिये खगोलीय सिद्धांत, महाद्वीपीय विस्थापन, सौर विकिरण में परिवर्तन, सौर कलंक सिद्धांत आदि प्राकृतिक कारक क्रियाशील हैं तो दूसरी ओर तीव्र औद्योगीकरण, जीवाश्म ईंधनों का दहन, वनों का कटाव, संसाधनों का असंतुलित उपभोग, दूषित जीवन शैली जैसे मानवीय क्रियाएँ महत्वपूर्ण सहकारक हैं। भूमण्डलीय जलवायु परिवर्तन विश्व समुदाय की सबसे बड़ी पर्यावरणीय समस्या है। इसका प्रत्यक्ष एवं सर्वाधिक कुप्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ेगा, क्योंकि जलवायु और मानव स्वास्थ्य का गहरा संबंध है।

उद्देश्य – अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं –

1. जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न संभावित पर्यावरणीय समस्याओं का अध्ययन करना।
2. जलवायु परिवर्तन के लिये मानव की जबावदेही को स्पष्ट करना।
3. इस परिवर्तन का मानव स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावों को स्पष्ट करना।
4. जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिये मानवीय प्रयासों को संकेत करना।

उत्तम मानव-स्वास्थ्य के लिये अनुकूल दशाएँ –

तापमान – मानव के शारीरिक व मानसिक विकास के लिये आवश्यक है कि शीत ऋतु का तापमान 3.30 सेग्रे0 से कम तथा उष्णतम माह का ताप 17.70 सेंग्रे. से अधिक नहीं होना चाहिये। मानव के लिये इष्टतम तापमान (Optimun Temperature) की सीमा 250 सेंग्रे. के लगभग है।

आर्द्रता – उत्तम स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है कि वायुमण्डल में प्राय: 60 प्रतिशत तक आपेक्षिक आर्द्रता अनुकूल होती है। आर्द्रता अधिक होने पर मानव स्वास्थ्य ठीक नहीं रहता। अत्यधिक कम आर्द्रता भी चिड़चिड़ापन एवं त्वचा में दरारें उत्पन्न करती है।

परिवर्तनशील मौसम – पवनों के कारण ताप में साधारण प्रकार का परिवर्तन मानसिक क्षमता व दक्षता हेतु श्रेष्ठ माना जाता है। जैसे कैलिफोर्निया का तटीय भाग या भारत में बसंत ऋतु का मौसम।

जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न वायुमण्डलीय परिघटनाएँ एवं मानव-स्वास्थ्य – जलवायु के प्रभाव इतने सूक्ष्म, व्यापक एवं विविधता पूर्ण होते हैं कि उनका पूर्ण रूपेण विश्लेषण करना एक जटिल कार्य है। सभ्यता की

जलवायुवीय अवधारणा के अनुसार हम जो कुछ भी हैं उसका निर्माण धूप, वर्षा अथवा पवनों ने ही किया है। मानव एक चिन्तनशील एवं सृजनशील प्राणी है किन्तु उसकी यह शक्ति प्रकृति या जलवायु से श्रेष्ठ नहीं है। बल्कि उसकी शक्तियाँ जलवायु के अनुसार पल्लवित एवं पुष्पित होती हैं। जलवायु के प्रभाव तात्कालिक एवं दूरगामी होते हैं।

Acknowledgement: First and foremost, I would like to express my sincere gratitude to the Almighty for giving me the strength, patience, and health to complete this article. I extend my heartfelt thanks to my guide and mentor, **Dr. Pooja Choubey, Professor**, for her continuous support, insightful feedback, and encouragement throughout the course of this work. Her expertise and thoughtful guidance were instrumental in shaping this study and enhancing my understanding of the molecular and environmental dimensions of antimicrobial resistance. I am also thankful to the **Department of Microbiology, Mahatma Gandhi Homeopathy College**, for providing access to essential laboratory facilities, scientific literature, and a conducive academic environment that enabled the smooth execution of this research. Their support played a critical role in both the experimental and analytical aspects of this work. My deepest appreciation goes to all the researchers, microbiologists, and molecular scientists whose published studies laid the foundation for this thesis. Their valuable contributions to the field of antimicrobial resistance have greatly informed the direction and depth of this work. I would also like to thank the healthcare institutions and environmental agencies that facilitated sample collection, which was vital to achieving the integrated scope of this study. Special thanks to my family and friends for their unwavering emotional support, constant motivation, and belief in my capabilities throughout this academic journey. Their encouragement was a source of strength during moments of challenge and uncertainty. Finally, I am grateful to all those who, directly or indirectly, contributed to the successful completion of this research. This work is a small step in the ongoing fight against the global threat of multidrug-resistant bacterial pathogens, and I hope it adds valuable insights to the broader scientific community.

References:-

1. Williams-Nguyen J., Sallach J.B., Bartelt-Hunt S., Boxall A.B., Durso L.M., McLain J.E., Singer R.S., Snow D.D., Zilles J.L. Antibiotics and Antibiotic Resistance in Agroecosystems: State of the Science. J. Environ. Qual. 2016;45:394–406. doi: 10.2134/jeq2015.07.0336.
2. CDC How Antimicrobial Resistance Happens. (accessed on 2 June 2023)
3. Tenover F.C. Mechanisms of antimicrobial resistance in bacteria. Am. J. Med. 2006;119:S3–S10; discussion S62–S70. doi: 10.1016/j.amjmed.2006.03.011.
4. Zhou G., Shi Q.S., Huang X.M., Xie X.B. The Three Bacterial Lines of Defense against Antimicrobial Agents. Int. J. Mol. Sci. 2015;16:21711–21733. doi: 10.3390/ijms160921711.
5. Khameneh B., Diab R., Ghazvini K., Fazly Bazzaz B.S. Breakthroughs in bacterial resistance mechanisms and the potential ways to combat them. Microb. Pathog. 2016;95:32–42. doi: 10.1016/j.micpath.2016.02.009.]
6. Read A.F., Woods R.J. Antibiotic resistance management. Evol. Med. Public Health. 2014;2014:147. doi: 10.1093/emph/eou024.
7. George A. Antimicrobial resistance, trade, food safety and security. One Health. 2018;5:6–8. doi: 10.1016/j.onehlt.2017.11.004.
8. Samreen, Ahmad I., Malak H.A., Abulreesh H.H. Environmental antimicrobial resistance and its drivers: A potential threat to public health. J. Glob. Antimicrob. Resist. 2021;27:101–111. doi: 10.1016/j.jgar.2021.08.001.
9. ARC Global burden of bacterial antimicrobial resistance in 2019: A systematic analysis. Lancet. 2022;399:629–655. doi: 10.1016/S0140-6736(21)02724-0.
10. O'Neill J. Antimicrobial resistance: Tackling a crisis for the health and wealth of nations (The Review on Antimicrobial Resistance, London, 2016, United Kingdom) Rev. Antimicrob. Resist. 2014
11. WHO Antimicrobial Resistance. [(accessed on 2 November 2022)]..
12. WHO Multidrug-Resistant Tuberculosis (MDR-TB) [(accessed on 4 June 2023)].
13. Ghimpeeanu O.M., Pogurschi E.N., Popa D.C., Dragomir N., Drãgotoiu T., Mihai O.D., Petcu C.D. Antibiotic Use in Livestock and Residues in Food-A Public Health Threat: A Review. Foods. 2022;11:1430. doi: 10.3390/foods11101430.
14. Founou R.C., Founou L.L., Essack S.Y. Clinical and economic impact of antibiotic resistance in developing countries: A systematic review and meta-analysis. PLoS ONE. 2017;12:e0189621. doi: 10.1371/journal.pone.0189621.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

18वीं से 20वीं सदी तक पाली के औद्योगिक स्वरूप : एक ऐतिहासिक अध्ययन

डॉ. आईदान सिंह*

***सह आचार्य (इतिहास) राजकीय महाविद्यालय, पाली (राज.) भारत**

प्रस्तावना – 18वीं सदी में कृषि एवं पशु पालन राजपूताना के लोगों का मुख्य व्यवसाय था। इसके उपरान्त स्थानीय निवासियों की अर्थव्यवस्था में उद्योगों का महत्वपूर्ण स्थान था। ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य आवश्यकता की वस्तुओं का उत्पादन हुआ करता था। 18वीं सदी के अन्त तक स्थानीय उद्योग धन्धे विकसित अवस्था में थे।[1] स्थानीय उद्योग धंधों के लिए जरूरी कच्चे माल की अधिकांश पूर्ति स्थानीय खानों तथा कृषि उत्पादनों से हो जाती थी।

सम्पूर्ण राजपूताना की भांति मारवाड़ में भी छोटे बड़े अनेकानेक उद्योग धंधों के द्वारा सभी वर्गों की आवश्यकताओं की पूर्ति तो होती ही थी साथ ही असंख्य लोगों के रोजगार का साधन भी ये उद्योग धंधे ही थे। खेती व पशुपालन जिनका व्यवसाय नहीं था उनमें से अधिकांश जनता विभिन्न उद्योग धंधों पर आश्रित थी। नैणसी द्वारा रचित मारवाड़ा रा परगनां री विगत के अध्ययन से ज्ञात होता है कि प्रत्येक ग्राम में विभिन्न जाति के लोग निवास करते थे। ये लोग अपने जातीय धंधे के माध्यम से ग्रामीणों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते थे। लकड़ी के औजार व अन्य सामान का निर्माण खाती करते थे। मिट्टी के विभिन्न प्रकार के बर्तनों का निर्माण कुम्हार करते थे। लोहे के औजार व हथियार लुहार बनाया करते थे। कपड़े बनाने का कार्य प्राय: भांभी जाति के लोग करते थे। चमड़े का कार्य करने वाली कई जातियां थी जो कच्चे चमड़े से लेकर चमड़े का सामान बनाने का कार्य करती थी। साटिया, रेगर, ढेड, खटीक व मोची जाति के लोग चमड़े का कार्य किया करते थे। कपड़ा बनाने वाले हिन्दू बणकर व मुसलमान जुलाहा कहलाते थे। आभूषण बनाने का कार्य सुनार व कपड़ों की रंगाई – छपाई का कार्य छीपा जाति के लोग करते थे। पीतल, कांसे के बर्तन बनाने वाली कंसारा व ठठेरा जाति थी। इसी प्रकार दर्जी, कलाल, पिंजारा (रूई बुनने वाले), भड़भूजे (चने व अनाज सेंकने वाले), सुतधार (सूत्रधार पत्थर का कार्य करते थे), कसाई (मांस का धंधा करने वाले) नाई आदि कई जातियों का उल्लेख नैणसी ने किया है।[2]

नैणसी ने 'बात परगने सोजत री' में इन पेशावर जातियों से प्राप्त होने वाले उत्पादन कर का भी उल्लेख किया है।[3] यह नहीं कहा जा सकता कि इन औद्योगिक जातियों पर किस समय से कर लगाना प्रारंभ हुआ परन्तु यह निश्चित है कि आलोच्यकालीन 18वीं शताब्दी में पाली के छोटे–बड़े सभी उद्योगों पर कर लगने का विधान था। नैणसी ने निम्न धंधों पर लगने वाले करों का उल्लेख किया है – भांभियों द्वारा कपड़े की रंगाई, छीपों द्वारा छपाई, कलालों द्वारा शराब निर्माण, खटीक व कसाइयों पर, खटीकों द्वारा खाल की रंगाई व तेलियों द्वारा तेल निर्माण पर।[4] पाली के उद्योगों के क्रमिक विकास में धीरे–धीरे कुछ कस्बों ने धंधे विशेष में ख्याति प्राप्त कर ली थी।

सूती वस्त्र उद्योग – पाली में 17वीं व 18वीं शती में कपड़ा उद्योग के क्षेत्र का विकास एक महत्वपूर्ण विशेषता रही। इस उद्योग की व्यवस्था जातीय समूह पर आश्रित थी। सूती वस्त्र उद्योग भी काफी विस्तृत एवं मुख्य उद्योगों में से एक था। उस समय घर घर में करघे चलते थे। बुनकर करघे पर वस्त्र तैयार करते और लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार वस्त्र खरीद लेते थे। इन्हीं में से कुछ वस्त्र इस प्रकार बहुत विकसित हुए कि उनकी प्रसिद्धि दूर–दूर तक फैल गई। कई वस्त्रों को साहित्यिक कृतियों में भी स्थान मिला। कपड़ा कुतुहल के कवि प्रयागदास ने लिखा है –

टुकड़ी रूपईया गजतणी, सुन्दर रहे न सुहाय।
पितम महंगा मोल री, सो दियौ मुख ल्याय।।

इस दोहे में उल्लिखित टुकड़ी पाली के देशी कपड़ों में सर्वोत्तम गिनी जाती थी। यह जालौर तथा मारोठ कस्बों में उत्तम किस्म की बनती थी। मजमुए हालात में लिखा है कि देशी सूत की टुकड़ी पाली परगने की मशहूर है।[5] मारोठ की टुकड़ी लंबाई–चौड़ाई में जालौर की टुकड़ी से ज्यादा होती थी परन्तु मजबूती के लिए दोनों समान रूप से प्रसिद्ध थी। मारवाड़ का पाली शहर सूती वस्त्र बनाने वाले प्रमुख शहरों में से एक था।[6] पाली मलमल बनाने के लिए भी प्रसिद्ध था।[7] पाली में देशी छींट, अंगोछे, दुपट्टे व रजाई आदि भी अच्छे रंगे व छापे जाते थे।[8] पाली क्षेत्र घनी आबादी का होने के कारण यहाँ पर मजदूर आसानी से मिल जाते थे। यह उद्योग पैसे वाले व्यापारियों द्वारा संचालित होता था क्योंकि कच्चे माल पर उनका एकाधिकार था। यहाँ कपड़ा उद्योग का केन्द्र होने से रंगाई–छपाई व बुनाई का उद्योग भी पनप गया था। पाली रंगाई, छपाई व बंधेज के लिए भी प्रसिद्ध था।[9] मुहम्मद समुदाय के लोग जिन्हें छाडिव भी कहा जाता था, 15वीं शताब्दी में मुल्तान से आकर मारवाड़ राज्य के विभिन्न स्थानों पर बस गए थे। उन्हीं से रंगाई – छपाई उद्योग का इतिहास शुरू हुआ था।[10] चौकड़ीदार और लहरियेदार साफे, स्त्रियों के लिए रंग–बिरंगे दुपट्टे इस समुदाय द्वारा निपुणता एवं कौशल से बनाए जाते थे। पाली में चून्दड़ी के रंग बड़े चमकीले, टिकाऊ और बंधेज बड़ा बारीक होता था। रंगाई का काम रंगरेज व नीलगर करते थे। रंगरेज पुराना व अधिक विस्तृत शब्द है, बाद में नील रंगने वाले रंगरेज नीलगर कहलाए। मध्यकालीन नगरों में इनकी बस्ती व बाजारों का उल्लेख हुआ है। रंगरेज का काम हिन्दू व मुसलमान दोनों ही करते थे। परन्तु अधिकांश रंगरेज मुसलमान थे जो कि

आज भी इस रंगाई के कार्य से सम्बद्ध हैं। ये लोग विवाह, अन्य खुशी के अवसर एवं तीज त्योहारों पर विशेष प्रकार की विभिन्न भांतें (डिजाइन) भी बनाते थे। अपने जजमानों से इनके संबंध बड़े मधुर होते थे। एक लोकगीत में नवविवाहिता पत्नी अपने पति से पूछती है कि आपको अपना यह रूमाल इतना प्रिय क्यों है। इसे आपने कहाँ से रंगवाया है। इस पर पति उत्तार देता है कि 'पाली इसो नगर में रंगरेजा री बेटी सा बठे ही रंगवायो सा जाली रो रूमाल'। पाली रंगाई-छपाई के कार्य में अग्रणी नगर था। देशी कपड़े के निर्माण हेतु जैतारण प्रसिद्ध था।[11] पीपाड़ में रंगाई - छपाई होती थी। मजमुए हालात में लिखा है - श्रंगाई व छपाई का काम बिलाड़ा परगने के गाँव पीपाड़ तथा गोडवाड़ के गाँव बूसी में पसन्द लायक बनता है। यहाँ पलंगपोश व जाजमें बहुत अच्छी रंगी व छापी जाती है। बालोतरा, बाड़मेर, पाली, जोधपुर, पीपाड़ आदि शहरों में छपाई का काम होता था। पीपाड़, जोधपुर व पाली में बड़े तथा सशक्त अलंकरण छपते थे जिनमें लाल, काले, नीले और हरे रंगों की प्रमुखता रहती थी।

सूती वस्त्रों की बुनाई, रंगाई व छपाई के अतिरिक्त वस्त्रों को सजाने के लिए चटापटी व कढ़ाई का काम भी किया जाता था। चटापटी में एक कपड़े को इच्छित आकार में काट कर दूसरे कपड़े पर टांक दिया जाता था। इसका प्रयोग जानवरों के वस्त्रों, ऊंट, बैल की झूलों, बहली, रथ आदि के पर्दों, तंबू- कनातों को सजाने के लिए किया जाता था। रियासतों के फर्राशखानों में चटापटी के बहुत सुन्दर उदाहरण मिलते थे। आज भी जोधपुर व जयपुर में कुछ उदाहरण महाराजाओं के निजी संग्रह तथा उनके द्वारा स्थापित संग्रहालयों में सुरक्षित है। सूती वस्त्र उद्योग कपास (रुई) की खेती पर निर्भर करता था। पाली में कपास का उत्पादन सोजत के उपजाऊ क्षेत्रों में होता था। 1769 ई. में जोधपुर शहर में कटला बाजार की स्थापना की गई थी। इस बाजार में मारवाड़ के सभी परगनों से कपास बिक्री हेतु लाई जाती थी। यहाँ से कपास राज्य व देश के दूसरे भागों में भेजी जाती थी।[12] सम्पन्न वर्गों की मांग के अनुरूप मलमल, तंजेब, लिनन व रेशम आदि अच्छी किस्म के सूती वस्त्रों का आयात ढाका, बनारस व चंदेरी से किया जाता था।

ऊनी वस्त्र उद्योग - राजपूताना के बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर व शेखावाटी क्षेत्रों में बहुत अच्छी किस्म की ऊन उपलब्ध होती थी जिससे दरिया, रग, शॉल व कम्बल अच्छे बनते थे। मेड़ता व नागौर भी ऊनी वस्त्र उद्योग केन्द्र थे। मेड़ता, नागौर एवं पाली में चकमक (फर्श के बिछावन), गुगी, दरियां, आसन व शतरंज आदि अत्यधिक बनते थे।[13] बहुत से गाँवों में सफेद और स्याह (काले) ऊन के दुरंगे खेस बहुत तैयार होते थे। ऊनी वस्त्र धनिक व साधारण सभी वर्गों द्वारा अपनी हैसियत के अनुरूप उपयोग में लाये जाते थे। मारवाड़ के गाँव खेतासर व घेवड़ा में ऊंट के बालों के भाखले (फर्श पर बिछाने की दरी) बनाए जाते थे। सम्पन्न व धनिक वर्ग की माँग के अनुरूप ऊनी शॉल मुख्यत: पशमीने आदि का आयात पंजाब व कश्मीर से किया जाता था।

सूतली, रस्सी, टाटपट्टी, काष्ठ उद्योग - पाली में लम्प और मूंज नामक सख्त घास और कोडाला नामक पेड़ के रेशों से खाट बुनने के लिए पतली व मोटी रस्सियाँ बनाई जाती थीं। श्ग्वारियाश नामक जाति का यह वंशानुगत उद्योग था। इसी तरह पाली से सूतली मंगवाई जाती थी-अठै खैमा रे कारखाना तालकै सूतली मण दोय भेजजो।[14]

घरेलू उद्योग धंधों में लकड़ी से संबंधित उद्योग भी महत्वपूर्ण था। लकड़ी का काम मुख्यत: खाती जाति के लोग करते थे। लकड़ी के खिलौने, फर्नीचर, दरवाजे, खिड़कियाँ, खेती के काम आने वाले विभिन्न उपकरण, नावें, बैल, ऊँट गाड़ियाँ, खाटें, हल, लकड़ी के सन्दूक, पालने, झूले, तख्ते, कुर्सियाँ, शृंगार पेटियाँ, कलमदान, तम्बाकू के गट्टे, ट्रे, चिट्ठीदान, श्रृंगार मेज, ईसर गणगौर, पीढ़े तथा साज सज्जा का अनेकानेक सामान बनाया जाता था। बाली में बांस की टौकरियां निर्मित की जाती है। लकड़ी के अच्छी किस्म के सुन्दर खिलौने बनाने के लिए सोजत व नागौर भी प्रसिद्ध थे। राजपरिवार के उपयोग हेतु सोजत से 100 नग चक्रियाँ, 70 नग जुणजुणिया, 25 नग चटपटा री जोड़ी तथा पासवान जी गुलाबरायजी के लिए 40 नग काठ के खिलौने, 10 झुणझुणिया, 20 चक्रिया, चटपटा री जोड़ी आदि काठ के खिलौने सोजत से मंगवाने की जानकारी बहियों से मिलती है।[15] पाली में चन्दन की लकड़ी से पंखी की डंडी बनाई जाती थी। जैतारण में खैरादी लकड़ी का काम होता था।[16] सोजत में सिलावट व खाती पत्थर व लकड़ी के ऊपर खुदाई का काम अच्छा करते थे। जबकि बगड़ी नगर में लकड़ी का काम होता था। सरकारी भवनों, सम्पन्न वर्गों के घरों तथा जनसाधारण के मकानों में प्रयुक्त होने वाले लकड़ी के विभिन्न सामान दरवाजे, खिड़कियाँ, बारसोत इत्यादि स्थानीय शिल्पियों द्वारा बहुत कुशलता से बनाए जाते थे।

लुहारी - आलोच्यकालीन पाली के लोहारों ने अपने कार्य में दक्षता के कारण बहुत प्रसिद्धि प्राप्त कर ली थी। राजपूताना में निरन्तर अधिसंख्य युद्ध होने के कारण यहाँ युद्ध सम्बन्धी अस्त्र-शस्त्र बनाने का एक तरह से उद्योग ही स्थापित हो गया था। मारवाड़ में जोधपुर, जालौर, मेड़ता व पाली तोप व बन्दूकों तथा उनमें प्रयुक्त होने वाले गोले गोलियों के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध था।[17] पाली में बन्दूकों के घोड़े बनाए जाते थे। पाली में लोहे के तीर बनाए जाने के उल्लेख भी मिलते हैं। सोजत परगने के लौहार तलवारे, बंदुके उस्तरें, कैंची व नंकछूरी आदि औजारों को बनाने में महारत हासिल थी। टॉड के अनुसार दस्तकार बहुत ही मेहनत के साथ अपनी दुकानों में ही तलवारें, खाण्डे, बन्दूकों के घोड़े, कटारें, भाले आदि बनाते थे। तलवार की मूठ बहुत ही परिश्रम करके कलात्मक बनाई जाती थी तथा देश के विभिन्न भागों में निर्यात की जाती थी। सोजत में बन्दूक, तलवार, चाकू, उस्तरे, कैंची, नकचुंटी आदि लोहे का काम बहुत अच्छा होता था।[18] युद्धोपयोगी सामग्री के अतिरिक्त दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री तथा बर्तन आदि भी पाली के लुहार अच्छे बनाते थे। ऐसे कार्य के लिए नागौर व पाली प्रसिद्ध थे। यहाँ के स्थानीय कारीगर बहुत उम्दा श्रेणी के बर्तन बनाते थे। नागौर के लोहारों द्वारा कड़ाई, लोठा, कुड़छा, तवा, ताले, जरर, कुड़छी, ताइता, सण्डासी, खंजर, तातेड़ा (जार), हमामदस्ता, डोल, सुइयाँ, लोहे के तार आदि बनाए जाते थे। जोधपुर राजघराने में विभिन्न विभागों में से लोहे के समान से सम्बन्धित विभाग कीलीखाना कहलाता था जो लोहे के सामान से संबंधित सभी माँगों की पूर्ति करता था। इस विभाग हेतु नागौर एवं पाली से लोहे के अनेकानेक सामान मंगवाने की जानकारी बहियों से मिलती है जैसे कि फोफलिया खीला, दरवाजों की चूलियां, गुली, कूंटा, सुतखिला, पाउ, कड़ा, कड़ियां, सरेस, नाला री चोबंधी, खुररा, दरवाजों से संबंधित सामान में आंकड़िया, कांटा, सांकलिया, कुंटा आदि, बड़ी पोळों (विशाल दरवाजों) के लिए जरूरत के सामान चोमुखी, तिमुखी, दुमुखी, पातीयां, खूणिया, दुबकिया, औहरण, छींण, वैंणा, ताला, चूका आदि। दरवाजों के साज, घोड़ों के लिए लगाम व अन्य सामान भी मंगवाया जाता था। सनद परवाना बही संख्या तेरह, इक्कीस, पच्चीस, तीस आदि में प्राप्त विवरणों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि पाली

में लोहे के भारी व हल्के सभी तरह के सामान का निर्माण होता था।

उपर्युक्त उदाहरण से ज्ञात होता है कि अनाज छानने की छलनी, लकड़ी काटने के औजार, कैंची, सुइयां आदि की आपूर्ति भी पाली से ही होती थी। पाली के बने बड़े कढ़ाव व कड़ाहियाँ प्रसिद्ध थी। पाली में उच्चतम श्रेणी के संदूक, बक्से बनाए जाते थे जो कि यूरोप बक्सों की श्रेणी के होते थे। लुहारों में उनकी विभिन्न कौमें होती थीं जो लुहारी का भिन्न-भिन्न कार्य करती थी। ये लोग उस्तरा, तलवार, बंदूक, छुरी, कुल्हाड़ी, कुड़छी, किवाड़ों के साज, खाती व सुनारों के औजार, चिमटे, खुरपे, कुदाल, कस्सी, कढ़ाव आदि व ताले इत्यादि अनेकानेक सामान बना कर सभी वर्गों की विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति करते थे।[19]

आभूषण जवाहरात - अबुल फजल आइन-ए-अकबरी में राजपूताना के सुनारों व जौहरियों के सुन्दर काम के विषय में बताता है। मारवाड़ सहित पाली में भी सुनारों द्वारा पन्ना, मोती, माणक, मूंगा, नीलम, कुन्दन, मीना तथा अन्य विभिन्न प्रकार के नगीनों की जड़ाई द्वारा सुन्दर आभूषण तैयार किए जाते थे। बहियों के अध्ययन से असंख्य आभूषणों की जानकारी प्राप्त होती है जिससे उनकी घड़ाई, जड़ाई, विविधता और किस्म का ज्ञान होता है।

जन साधारण की स्त्रियों के लिए चाँदी के आभूषण बनाए जाते थे। मीना व जड़ाव का काम करने वाले सुनार जड़िये कहलाते थे। पाली में कुछ सुनार घिसाई अर्थात् सादाकारी का काम दिल्ली के सादाकारों के समान करते थे।

राज्य की ओर से मंदिरों में भी देवताओं के लिए आभूषण व पूजा के स्वर्ण व चाँदी के बर्तन दिए जाते थे। दरोगा राज्य के गहनों एवं कीमती जवाहरातों का हिसाब-किताब रखते थे। स्वर्ण, चाँदी के गहनों तथा खिलौनों को बनाने व उनमें जवाहरात जड़ने के काम हेतु सुनारों को भी यहाँ नियुक्त किया जाता था।[20]

हाथी दाँत का उद्योग- हाथी दाँत से चूड़ियाँ, दस्तबंद, तलवार की मूठें, खिलौने, चारपाई, साज-सज्जा का विभिन्न सामान आदि बनाए जाते थे। मारवाड़ में हाथी दाँत का काम मुख्यत: पाली, नागौर और सोजत में होता था। हाथी दाँत के खिलौने बनाने के लिए पाली व सोजत प्रसिद्ध थे। राजपरिवार में उपयोग हेतु बहुत ही सुन्दर व कलात्मक खिलौने सोजत में बनाए गए थे जो इस प्रकार थे - लाल रंग की पन्द्रह गाएँ, पन्द्रह मोर, भूरे रंग के आठ घोड़े, पन्द्रह तोते, आठ हाथी। बहियों में अनेकानेक ऐसे उदाहरण मिलते हैं जिनसे ज्ञात होता है कि पालीसे हाथी दाँत के 18वीं शताब्दी में बहुसंख्य खिलौने जोधपुर मंगवाए जाते थे।

मीती सावण वद 13 गुरुवार, संवत् 1838 (1781 ई.) तथा दांत रा खिलोणा इंण माफक नवा करायनै अठै कीलीखाने सिताब मैलजो21 विगत -

10 हाथी, 10 घोड़ा, 6 गऊवां, 20 मोर, 20 सुआ
मीती भादवा सुद 9 सोम, संवत् 1838 (1781 ई.)
तथा दांत रा खिलोणा इण माफक नवा करायनै अठै
कीलीखाने सिताब मेलजो

विगत-

4 जोड़ी च्यार हाथीयां री लड़ता रंग हाथी रै
20 कोयल वीस रंग कोयल रे
20 बांदरा वीस रंग बांदरा रै
20 लंगूर वीस रंग लंगूर रै 20 चिड़िया वीस रंग चिड़ीया रै 9 पपीया
आठ रंग पपीया रै
20 बत्तखा वीस रंग बत्तखा रै
20 हंजा वीस रंग हंजा रै

उपरोक्त उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि पालीमें हाथी दाँत के रंग-बिरंगे खूबसूरत खिलौने बनाए जाने का उद्योग विकसित अवस्था में था। सोजत और पाली में न सिर्फ हाथी दाँत के खिलौने बनाए जाते थे वरन् उन पर रंग व सोना चढ़ाने का कार्य भी से किए जाने की जानकारी बहियों से ज्ञात होती है तथा दांत रा खिलोणां कुशलता इंण माफक कराय मैलजो सु मोल चुकाय रूपीया मोल रा दे मंगाय रंग नै सोनो चढाय तयार कराय अठै मेलजो नै घटै सु नवा कराय रंगाय सोनो चढाय नै सारा ही खिलोणा लिखिया माफक ताकीद सु मेलजो। पाली की तरह ही सोजत से भी हाथी दाँत के आभूषण व खिलौने मंगाने की जानकारी बहियों से प्राप्त होती है। सोजत से 60 हाथी दाँत की बंगड़ियां, 5 हथबंग व 10 अन्य बंगड़ियाँ आदि मंगवाई गई।[22] मिति सावण सुद एकम, रविवार, संवत् 1841 में सोजत से काठ व हाथी दाँत के 392 खिलौने मंगवाए गए। इसी तरह पाली से हाथी दाँत के 14 चूड़े मंगवाए गए। पाली व जोधपुर में हाथी दाँत का चूड़ा अच्छा बनता था। हाथी दाँत के बर्तन, छल्ले, पंखे की डंडियां व कलम बनाने में मेड़ता अधिक प्रसिद्ध था। हाथी दाँत के चूड़े व चूड़ियाँ विभिन्न स्थानों पर बनाए जाते थे। जिसमें पाली, सोजत के अलावा बगड़ी नगर भी एक केन्द्र था। हाथी दाँत का आयात अफ्रीका से वाया सिंध और गुजरात से होता था।[23]

चमड़ा उद्योग - चमड़ा उद्योग भी विकसित उद्योग था। इस कार्य को करने वाले मोची व चमार कहे जाते थे।[24] पाली के स्थानीय कारीगरों द्वारा जूते, म्यान, घोड़े की काठी, ढालें, लगाम, किताबों की जिल्दें, चमड़े की बाल्टियाँ, तेल रखने के लिए जार, फीते, रस्से, थैले, चड़स आदि बनाए जाते थे।[25] पाली के मुस्लिम कारीगरों द्वारा चमड़े के बक्से व कपड़े रखने हेतु जामदानियाँ बनाई जाती थी जिनकी कीमत दो से पांच रुपये तक होती थी। पाली में जूतों पर सुंदर कसीदाकारी का काम भी किया जाता था। चमड़े के सामान की बिक्री के लिए बड़े कस्बों में कटला नाम से एक बाजार भी होता था। सोजत के मोंची घोडों के साज बनाने में भी माहिर थे।[26]

धातु के बर्तन - पीतल, तांबा व कांस्य के दैनिक उपयोग के बर्तन भी पाली में अच्छे बनते थे। पाली में इन धातुओं से बर्तन ठठारा व कसारा जाति के लोग बनाते थे। ठठारा पीतल व तांबा घड़ते तथा मारवाड़ के डीडवाणे व पाली में अधिक बसे हुए थे। कसारा व कासटिया कांसी के बर्तन व अन्य सामान घड़ते थे। पीतल को ढालने वाले भरावे कहे जाते थे। कांसी व पीतल ये लोग स्वयं ही बनाते थे। इस हेतु सेर भर तांबे में पाव भर कथीर मिलाकर भूस में गलाते थे। जब दोनों पानी होकर एक हो जाते तो उसे ढालकर छोटे-बड़े पत्तारे और टुकड़े कर लेते थे। फिर उनको कूट-कूट कर थाली, कटोरे, प्याले, रकाबी, तासली, तास,घड़ियाल, झांझ और मजीरे आदि सामान बनाते थे। यह सामान प्रति वस्तु 16 से 25 पैसे तक बिकता था। भरावे भरत व कांसी कथीर के गहने और खिलौने सांचों में ढालकर बनाते थे।

पाली में कांसी की थालियाँ, प्याले, कटोरे एवं तासलियाँ अच्छी बनती थी।[27] जोधपुर राजपरिवार के उपयोग हेतु नागौर एवं पाली से बर्तन बनाकर भेजने के उदाहरण बहियों में मिलते हैं - 8 पीतल की थाली 4 पीतल के थाल, 2 पीतल के टुकड़िया, 2 तांबे के थाल, 1 तांबे की कटोरी, 1 तांबे की थाली, 1 तांबे की परात और एक तांबे की टुकड़िया जोधपुर भेजी गई।[28] 13 तांबे के जार पाली के कसेरे पीथल द्वारा बनाए गए थे जिनका वजन 30 सेर

11 छटांक था तथा उनकी कीमत 49 रुपये 9 आना थी। राजमहल में घी रखने के लिए पीतल के दो जार पाली में बनवाए गए थे–तथा पीतल रो कलश एक वृत सैर 16 तथा 18 सेर पक्को मावे जिसो ताकीद सुं (शीघ्रता से) नवो कराय न सिताब अठै बाग तालकै मेलजो।

ताँबे के बर्तनों पर सोना चढ़ाने का उल्लेख भी मिलता है। पाली में पीतल के पुराने बर्तनों को भांग कर अर्थात् तोड़ कर उन्हीं से नए बर्तन भी बनवाए जाते थे –

पाली से भी ताँबे के बर्तन बनाकर जोधपुर भेजे जाते थे– जेठ सुद छठ बाग तालकै तांबा रा माठा (घड़ा, मटकी) चार नवा करान मेलण रौ हुकम हुवौ है।[29] सोने व चाँदी के बर्तन बनाने में भी कारीगरों ने महारत हासिल कर ली थी। महाराजा अजीतसिंह की पुत्री सूरजकंवर के विवाह की बही के अध्ययन से सोने चाँदी के बर्तनों की विस्तृत जानकारी प्राप्त होती है।

चूड़ी उद्योग – चूड़े, चूड़ियाँ प्रत्येक वर्ग की स्त्रियों में लोकप्रिय थे। अत: यह भी रोजगार हेतु एक महत्वपूर्ण उद्योग था। इस उद्योग से जुड़े लोग चुड़ीगर व लखारा के नाम से जाने जाते थे। लाख की चूड़ियाँ अधिकांशत: मुल्तान से आए लाख से बनती थी। लाख की बनी चूड़ियाँ मुख्यत: साधारण या निम्न वर्गीय स्त्रियाँ पहनती थी। उच्च व सम्पन्न वर्ग की महिलाएँ हाथी दाँत से बनी चूड़ियाँ धारण करती थी जो कि चुड़ीगर बनाते थे। चुड़ीगरों को चौथाई के नाम से कर देना पड़ता था। चौथाई कर इस प्रकार वसूला जाता था – बड़ा चूड़ा एक जोड़ी पर =) दो आना, छोटा चूड़ा एक जोड़ी पर – ।। 1) एक आना तीन पैसा, एक मूठिया पर एक नग का –) एक आना, छावण्ड पर भी एक नग का।) चार आना कर वसूला जाता था। 1775 ई. में मारवाड़ के विभिन्न स्थानों पर काम करने वाले चुड़ीगरों ने चौथाई कर इस प्रकार दिया था – अल्लाह बक्स 35।।=।।।) पैंतीस रुपया ग्यारह आना तीन पैसा, सैय्यद आजम 3) तीन रुपये, मोहम्मद खान 49) उनपचास रुपये, जीवन 70) सत्तार रुपये, मोहम्मद 40) रुपये, बाघा 20 1 = 11) बीस रुपये सात आने दो पैसा, मारूफ 7 ।।। – 1) सात रुपया, तेरह आना एक पैसा, सेवाई 14 11 = 111) चौदह रुपया चौदह आना तीन पैसा, नासिर 11 – 111) एक रुपया पाँच आना तीन पैसा।[30]

सुगन्ध उद्योग–उत्सवों व समारोहों पर इत्र व अन्य सुगंधित वस्तुओं की सम्पन्न वर्गों में भारी माँग के कारण तेल इत्र उद्योग भी काफी उन्नत था। इत्र का व्यवसाय करने वाले गांधी कहे जाते थे। गांधी विभिन्न तरह के इत्र व खुशबूदार तेल बनाते थे। केतकी, गुलाब, केवड़ा, चन्दन, जैसमीन, खस, गुलखेरी, कस्तूरी आदि अनेकानेक खुशबुओं के इत्र व तेल बनाए जाते थे। इन वस्तुओं की आपूर्ति हेतु रियासतों के राजघरानों में खुशबू खाना अथवा अबदारखाना स्थापित किए जाते थे। जोधपुर राजघराने में दैनिक एवं शुभ अवसरों, समारोहों के समय राजपरिवार के मर्दाना व जनाना सरदारों के लिए सुगंधित सामग्री की पूर्ति हेतु तातेड़खाना 3 नाम से एक विभाग था जो राजपरिवार में आवश्यकतानुसार विभिन्न प्रकार के इत्र, गुलाव जल, केसर व अन्य सुगंधित वस्तुओं की आपूर्ति करता था। पाली से चन्दन व केसर मंगवाया जाता था। यहाँ विभिन्न प्रकार के इत्रों की खरीद गंधियों से की जाती थी।[31] सम्पन्न वर्गों की रुचि व मांग के अनुरूप सुगंधित वस्तुओं का आयात भी किया जाता था।

बारूद उद्योग रू बन्दूकों के उपयोग हेतु बारूद की आवश्यकता पड़ती थी अत: यह कार्य भी उन्नत अवस्था में था। बारूद बनाने वालों को शोरगरा कहा जाता था। मारवाड़ में जालोर एवं पाली के शोरगर बारूद बनाने के कार्य में निपुण थे।[32]

पाली में भी बारूद संबंधित कार्यों की जानकारी बहियों से प्राप्त होती है – सनद परवाना बही संख्या तीस में आए एक विवरण से ज्ञात होता है कि पाली में आतिशबाजी तैयार करवा कर कांकरोली भेजी गई थी – रुपिया 40) री आतसबाजी कराय नै कांकरोली गुंसाई जी श्री विट्ठलदास जी महाराज रै मैलसी रुपिया लागे सुं पाली सूं दैजो।[33]

पाली के विभिन्न कस्बे पाली, बाली, सोजत, जेतारण आदि विभिन्न उद्योग धंधों के लिए प्रसिद्ध थे। उक्त विवरण से ज्ञात होता है कि उद्योगों का विकास मुख्य रूप से कस्बों में ही हुआ था। ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के बर्तन, लकड़ी व देशी कपड़ा व चमड़े का ही काम अधिक होता था। सारांशत: आलोच्यकालीन पाली में राजपूताना के अन्य वाणिज्य केन्द्रों के समान यहा पर भी उद्योग धंधे विकसित थे तथा अधिसंख्य लोग इन उद्योगों के द्वारा रोजगार पाते थे। इसलिए पाली पारागमन व्यापार के साथ–साथ वाणिज्य का भी एक महान केन्द्र था।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. शर्मा, जी.एन., सोशल लाइफ इन मेडीवल राजस्थान, पृ. 302
2. मारवाड़ रा परगनां री विगत, भाग 1, पृ. 397
3. मारवाड़ रा परगनां री विगत, भाग 1, पृ. 398
4. मारवाड़ रा परगनां री विगत, भाग 1, पृ. 398
5. मजमुए हालात राज मारवाड़, 1883–84, पृ. 126
6. मनूची, स्टोरिया – डो– मोगोर, भाग प्रथम, पृ. 168, भाग 2, पृ. 425 – उद्धृत गुप्ता, बी.एल., ट्रेड एण्ड कॉमर्स इन राजस्थान, पृ. 56 शर्मा, जी.एन., सो. ला., पृ. 302
7. बस्ता नं. 6, वि.सं. 1881 (1824 ई.) मेहता संग्रामसिंह कलेक्शन, रा.रा.अ. बीकानेर – उद्धृत – गुप्ता, बी.एल., पूर्वोक्त, पृ. 57 शर्मा, जी.एन., सो.ला., पृ. 302
8. मजमुए हालात राज मारवाड़ 1883–84, पृ. 115
9. इम्पिरियल गजेटियर, पृ. 252 – उद्धृत गुप्ता, बी.एल., पूर्वोक्त, पृ. 57
10. गुप्ता, वी.एल., पूर्वोक्त, पृ. 57
11. मजमुए हालात राज मारवाड़, पृ. 103
12. गुप्ता, बी.एल., पूर्वोक्त, पृ. 48
13. मजमुए हालात राज मारवाड़ 1883–84, पृ. 18
14. सनद परवाना बही, नं. 25, इमेज 402, चौत्र सुद छठ, संवत् 1838, म.मा.पु. प्र. जोधपुर
15. सनद परवाना बही, नं. 25, इमेज 509, वि.सं. 1838 (1781 ई.)य सनद
16. आईन–ए–अकबरी, भाग 2, पृ. 192, 273
17. हकीकत बही, नं. 5, पत्रांक 94, इमेज 210, श्रावण बदी बारस, संवत् 1846, म.मा.पु.प्र. जोधपुर
18. मजमुए हालात राज मारवाड़, पृ. 109
19. मर्दुमशुमारी रिपोर्ट, पृ. 462
20. शर्मा, वसुमती, राठौड़ राजवंश के रीति रिवाज, पृ. 16–17
21. सनद परवाना बही, नं. 25, पत्रांक 23, म.मा.पु. प्र. जोधपुर
22. सनद परवाना बही, नं. 25 इमेज 509, म.मा.पु. प्र. जोधपुर
23. टॉड, एनाल्स, भाग 2, पृ. 226

24. गुप्ता, बी.एल., पूर्वोक्त, पृ. 64
25. शर्मा, जी.एन., सो.ला., पृ. 309य गुप्ता, बी.एल., पूर्वोक्त, पृ. 64
26. सनद परवाना बही, नं. 30, इमेज 749, वि.सं. 1841 (1784 ई.), म.मा.पु. प्र. जोधपुर
27. मजमुए हालात, पृ. 13, 18
28. सनद परवाना बही नं. 19, पत्रांक 17, वि.सं. 1834 (1777 ई.) –
29. सनद परवाना बही, नं. 25, पत्रांक 208, इमेज 407
30. कोतवाली चबुतरा जमाबंदी बही, कस्बा जोधपुर वि.सं. 1832 (1775 ई.), जोधपुर डिस्ट्रिक्ट आर्काइव्ज जोधपुर– उद्धृत गुप्ता, बी.एल., पूर्वोक्त, पृ. 65
31. कोतवाली चबुतरा जमाबंदी बही, नं. 753, परगना जालौर, वि. संवत् 1853, जोधपुर डिस्ट्रिक्ट आर्काइव्ज, जोधपुर – उद्धृत–गुप्ता, बी.एल., पूर्वोक्त, पृ. 66
32. गुप्ता, बी.एल., पूर्वोक्त, पृ. 27
33. सनद परवाना बही नं. 30, पत्रांक 2403, इमेज 484, मिति चेत सुद 11, संवत् 1841, म.मा.पु. प्र. जोधपुर

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
April to June 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLVI, ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका – एक समाजशास्त्रीय अध्ययन

डॉ. ज्योति सिंह*

* अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – पारिवारिक संसाधन प्रबंधन किसी भी समाज की सामाजिक–आर्थिक संरचना को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय समाज में महिलाओं की भूमिका पारंपरिक रूप से घरेलू सीमाओं तक सीमित मानी जाती रही है, किंतु आधुनिक सामाजिक परिवर्तनों के साथ महिलाओं की भूमिका पारिवारिक संसाधनों के नियोजन, संगठन, उपयोग और संरक्षण में अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। यह शोध पत्र महिलाओं की पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में भूमिका का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विश्लेषण प्रस्तुत करता है। अध्ययन का उद्देश्य यह जानना है कि महिलाएँ किस प्रकार समय, धन, ऊर्जा एवं मानव संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन करती हैं तथा सामाजिक–आर्थिक कारक उनकी भूमिका को किस प्रकार प्रभावित करते हैं। यह अध्ययन मध्यप्रदेश के सतना जिले की ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं पर आधारित है। सर्वेक्षण विधि द्वारा प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण तालिकाओं के माध्यम से किया गया। शोध परिणाम दर्शाते हैं कि महिलाएँ संसाधन प्रबंधन में दक्ष हैं, परंतु शिक्षा, आय, सामाजिक मान्यताएँ एवं निर्णय–निर्माण में सीमित सहभागिता उनकी पूर्ण क्षमता के उपयोग में बाधक हैं।

शब्द कुंजी – पारिवारिक संसाधन, गृह प्रबंधन, महिलाएँ, समाजशास्त्रीय अध्ययन।

प्रस्तावना – परिवार समाज की सबसे छोटी किंतु सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। परिवार का संतुलित एवं सुचारु संचालन पारिवारिक संसाधनों के प्रभावी प्रबंधन पर निर्भर करता है। संसाधन सीमित होते हैं, जबकि आवश्यकताएँ असीमित होती हैं। ऐसी स्थिति में संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग परिवार की स्थिरता, सुरक्षा और प्रगति के लिए अनिवार्य हो जाता है। पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में समय, धन, ऊर्जा, ज्ञान, कौशल एवं भौतिक संसाधनों का समुचित नियोजन एवं उपयोग शामिल होता है।

भारतीय समाज में महिलाओं को परंपरागत रूप से गृहिणी की भूमिका में देखा गया है। किंतु वास्तविकता यह है कि महिलाएँ परिवार की अर्थव्यवस्था, सामाजिक संतुलन एवं भावनात्मक स्थिरता की धुरी होती हैं। वे न केवल घरेलू कार्यों का प्रबंधन करती हैं, बल्कि परिवार की आय का नियोजन, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल एवं सामाजिक संबंधों का भी संचालन करती हैं। समाजशास्त्रीय दृष्टि से महिलाओं की यह भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह भूमिका सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक मान्यताओं एवं लैंगिक विभाजन से प्रभावित होती है।

आधुनिक युग में शिक्षा, शहरीकरण एवं आर्थिक परिवर्तनों के कारण महिलाओं की भूमिका में परिवर्तन आया है। महिलाएँ अब केवल घरेलू प्रबंधन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे आर्थिक निर्णय–निर्माण एवं संसाधन नियोजन में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। इसके बावजूद अनेक सामाजिक बाधाएँ आज भी महिलाओं की भूमिका को सीमित करती हैं। इसी पृष्ठभूमि में पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका का समाजशास्त्रीय अध्ययन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

अध्ययन की आवश्यकता एवं औचित्य – भारतीय परिवारों में संसाधनों की उपलब्धता एवं उपयोग में व्यापक असमानता पाई जाती है। महिलाओं की भूमिका को अक्सर अदृश्य श्रम के रूप में देखा जाता है, जिसका आर्थिक मूल्यांकन नहीं किया जाता। यह अध्ययन महिलाओं के योगदान को पहचान दिलाने तथा उनके संसाधन प्रबंधन कौशल को उजागर करने के लिए आवश्यक है।

यह शोध इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि–

1. यह महिलाओं के अदृश्य श्रम को समाजशास्त्रीय मान्यता प्रदान करता है।
2. यह पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में लैंगिक असमानताओं को उजागर करता है।
3. यह नीति–निर्माताओं को महिला–केंद्रित योजनाएँ बनाने में सहायता प्रदान करता है।
4. यह गृह विज्ञान एवं समाजशास्त्र के क्षेत्र में अकादमिक योगदान देता है।

पूर्व शोध समीक्षा – पूर्व शोधों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि महिलाओं की भूमिका पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण रही है, किंतु समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से क्षेत्रीय अध्ययन सीमित हैं।

शर्मा (2017) ने अपने अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला कि भारतीय परिवारों में बजट निर्माण एवं ठ नियंत्रण में महिलाओं की भूमिका केंद्रीय होती है। समय प्रबंधन में महिलाएँ बहु–कार्य क्षमता के कारण अधिक दक्ष होती हैं।

कुमार एवं सिंह (2019) ने ग्रामीण महिलाओं के संसाधन प्रबंधन पर अध्ययन करते हुए पाया कि संसाधनों की कमी के बावजूद महिलाएँ पारिवारिक आवश्यकताओं को संतुलित करती हैं। **पटेल (2020)** ने यह स्पष्ट किया कि शिक्षा महिलाओं की निर्णय–निर्माण क्षमता को सुदृढ़ बनाती है।

देवी (2021) के अध्ययन में यह निष्कर्ष सामने आया कि कार्यरत महिलाएँ पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में अधिक आत्मनिर्भर होती हैं। पूर्व अध्ययनों से यह स्पष्ट होता है कि महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है, किंतु सामाजिक-सांस्कृतिक बाधाएँ उनके पूर्ण योगदान को सीमित करती हैं। यह शोध इन्हीं पहलुओं का गहन विश्लेषण करता है।

शोध के उद्देश्य – इस अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका का अध्ययन करना।
2. संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की दक्षता का विश्लेषण करना।
3. सामाजिक-आर्थिक कारकों का महिलाओं की भूमिका पर प्रभाव जानना।
4. ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं के संसाधन प्रबंधन में अंतर का अध्ययन करना।
5. महिलाओं की निर्णय-निर्माण प्रक्रिया में सहभागिता का मूल्यांकन करना।

शोध परिकल्पनाएँ:

1. महिलाएँ पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
2. शिक्षा का स्तर बढ़ने से महिलाओं की संसाधन प्रबंधन क्षमता में वृद्धि होती है।
3. शहरी महिलाएँ ग्रामीण महिलाओं की अपेक्षा अधिक संसाधन-सजग होती हैं।
4. कार्यरत महिलाओं की निर्णय-निर्माण क्षमता अधिक होती है।

शोध प्रविधि – किसी भी समाजशास्त्रीय अध्ययन की वैज्ञानिकता एवं प्रामाणिकता शोध प्रविधि पर निर्भर करती है। प्रस्तुत शोध में पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका का अध्ययन करने हेतु सुव्यवस्थित एवं वैज्ञानिक शोध प्रविधि का प्रयोग किया गया है। इस अध्ययन का स्वरूप वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक है, क्योंकि इसमें महिलाओं की भूमिका का विवरणात्मक अध्ययन करने के साथ-साथ सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक कारकों का विश्लेषण भी किया गया है।

शोध का प्रकार – यह शोध वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक प्रकृति का है। वर्णनात्मक इसलिए क्योंकि इसमें महिलाओं की पारिवारिक संसाधन प्रबंधन संबंधी गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया है, तथा विश्लेषणात्मक इसलिए क्योंकि आंकड़ों का सांख्यिकीय विश्लेषण कर निष्कर्ष निकाले गए हैं।

शोध विधि – प्रस्तुत अध्ययन में सर्वेक्षण विधि (Survey method) का प्रयोग किया गया है। सर्वेक्षण विधि समाजशास्त्रीय अध्ययनों के लिए अत्यंत उपयुक्त मानी जाती है, क्योंकि इसके माध्यम से बड़ी संख्या में उत्तरदाताओं से प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

अध्ययन की इकाई – इस शोध की अध्ययन इकाई विवाहित महिलाएँ हैं, जो किसी न किसी रूप में पारिवारिक संसाधन प्रबंधन से जुड़ी हुई हैं।

न्यादर्श चयन विधि – नमूना चयन के लिए उद्देश्यपूर्ण नमूना विधि का प्रयोग किया गया है। इस विधि के अंतर्गत उन महिलाओं का चयन किया गया जो पारिवारिक निर्णय-निर्माण एवं संसाधन प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाती हैं।

न्यादर्श आकार – इस अध्ययन में कुल 100 महिलाओं को नमूने के रूप में चयनित किया गया, जिनमें-

- 50 ग्रामीण महिलाएँ
- 50 शहरी महिलाएँ

डेटा संग्रह के उपकरण – प्रदत्त संग्रह के लिए निम्नलिखित उपकरणों का प्रयोग किया गया-

1. संरचित प्रश्नावली
2. व्यक्तिगत साक्षात्कार

प्रश्नावली में बहुविकल्पीय, बंद एवं खुले प्रकार के प्रश्न सम्मिलित किए गए।

प्रदत्त विश्लेषण की विधि – संग्रहित आंकड़ों का विश्लेषण प्रतिशत विधि एवं तालिकीय प्रस्तुतीकरण के माध्यम से किया गया। सरल सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग कर निष्कर्ष निकाले गए।

अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत अध्ययन के लिए मध्यप्रदेश के सतना जिले का चयन किया गया। सतना जिला भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से विविधताओं से परिपूर्ण है। यहाँ ग्रामीण एवं शहरी दोनों प्रकार की जनसंख्या निवास करती है, जिससे अध्ययन के लिए उपयुक्त तुलनात्मक आधार प्राप्त होता है।

सतना जिले में पारंपरिक एवं आधुनिक पारिवारिक संरचनाएँ एक साथ देखने को मिलती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में संयुक्त परिवार प्रणाली अभी भी प्रचलित है, जबकि शहरी क्षेत्रों में एकल परिवारों की संख्या बढ़ रही है। इस सामाजिक विविधता के कारण महिलाओं की भूमिका एवं संसाधन प्रबंधन की शैली में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है। जिले की महिलाओं में शिक्षा स्तर, रोजगार की स्थिति, आय एवं सामाजिक जागरूकता में विविधता पाई जाती है। यही विविधताएँ इस शोध को समाजशास्त्रीय दृष्टि से अधिक महत्वपूर्ण बनाती हैं।

सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल

तालिका – 1: उत्तरदाताओं का आयु वर्ग वितरण

क्रं.	आयु वर्ग (वर्ष)	संख्या	प्रतिशत
1	20-30	22	22 %
2	31-40	38	38 %
3	41-50	27	27 %
4	51 एवं अधिक	13	13 %
5	कुल	100	100 %

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि अधिकांश उत्तरदाता 31-40 वर्ष आयु वर्ग की हैं। यह आयु वर्ग पारिवारिक जिम्मेदारियों एवं संसाधन प्रबंधन के दृष्टिकोण से अत्यंत सक्रिय माना जाता है।

तालिका – 2: शैक्षिक स्थिति

क्रं.	शिक्षा स्तर	संख्या	प्रतिशत
1	निरक्षर	18	18 %
2	प्राथमिक	25	25 %
3	माध्यमिक	30	30 %
4	उच्च शिक्षा	27	27 %

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है कि 30 % महिलाएँ माध्यमिक शिक्षा प्राप्त हैं, जबकि 27 % महिलाएँ उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। शिक्षा का स्तर महिलाओं की निर्णय-क्षमता एवं संसाधन प्रबंधन दक्षता को प्रभावित करता है।

तालिका – 3: रोजगार की स्थिति

क्रं.	रोजगार स्थिति	संख्या	प्रतिशत
1	गृहिणी	55	55 %
2	कार्यरत	45	45 %

उपरोक्त तालिका के विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकांश महिलाएँ गृहिणी हैं, किंतु 45 % महिलाएँ कार्यरत भी हैं, जो पारिवारिक आय में योगदान देती हैं।

पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका

तालिका –4: पारिवारिक बजट निर्माण में भूमिका

क्रं.	भूमिका का स्तर	संख्या	प्रतिशत
1	पूर्ण भूमिका	62	62 %
2	आंशिक भूमिका	28	28 %
3	कोई भूमिका नहीं	10	10 %

उपरोक्त तालिका से यह परिलक्षित होता है कि 62 % महिलाएँ पारिवारिक बजट निर्माण में पूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह दर्शाता है कि आर्थिक निर्णय–निर्माण में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय है।

तालिका – 5समय प्रबंधन में महिलाओं की दक्षता

क्रं.	दक्षता स्तर	प्रतिशत
1	उच्च	57 %
2	मध्यम	33 %
3	निम्न	10 %

उपरोक्त तालिका से ज्ञात होता है कि 57 % महिलाओं की समय प्रबंधन दक्षता उच्च पाई गई। महिलाएँ घरेलू कार्य, बच्चों की देखभाल एवं आर्थिक गतिविधियों के बीच संतुलन बनाती हैं।

तालिका – 6: निर्णय–निर्माण में सहभागिता

क्रं.	सहभागिता स्तर	प्रतिशत
1	उच्च	48 %
2	मध्यम	37 %
3	निम्न	15 %

उपरोक्त तालिका से यह पता चलता है कि लगभग आधी महिलाएँ पारिवारिक निर्णय–निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल हैं, जो महिलाओं की बढ़ती सामाजिक स्थिति को दर्शाता है।

पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका

समाजशास्त्रीय विश्लेषण समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से पारिवारिक संसाधन प्रबंधन केवल आर्थिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सामाजिक संरचना, सांस्कृतिक मान्यताओं, लैंगिक भूमिकाओं एवं शक्ति संबंधों से गहराई से जुड़ा हुआ है। भारतीय समाज में महिलाओं को पारंपरिक रूप से गृह कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, किंतु इन गृह कार्यों के अंतर्गत संसाधन नियोजन, संगठन एवं नियंत्रण की जटिल प्रक्रियाएँ निहित होती हैं।

महिलाएँ परिवार की दैनिक आवश्यकताओं – भोजन, वस्त्र, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए संसाधनों का प्राथमिक नियोजन करती हैं। सीमित आय एवं बढ़ती आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाना महिलाओं के संसाधन प्रबंधन कौशल का परिचायक है। समाजशास्त्रीय रूप से यह स्थिति महिलाओं की कार्यात्मक भूमिका को दर्शाती है, जो परिवार की स्थिरता बनाए रखने में सहायक होती है।

समय संसाधन का प्रबंधन – समय महिलाओं का सबसे महत्वपूर्ण संसाधन है। महिलाएँ घरेलू कार्य, बच्चों की देखभाल, वृद्धजनों की सेवा तथा कई मामलों में बाह्य रोजगार को भी संतुलित करती हैं। यह बहु–कार्य क्षमता महिलाओं को प्रभावी समय प्रबंधक बनाती है। ग्रामीण महिलाओं में समय प्रबंधन अधिक श्रमसाध्य होता है, जबकि शहरी महिलाएँ तकनीकी साधनों के माध्यम से समय की बचत करती हैं।

आर्थिक संसाधनों का प्रबंधन – आर्थिक संसाधनों के प्रबंधन में महिलाएँ परिवार की आय, व्यय एवं बचत के बीच संतुलन बनाती हैं। महिलाएँ प्राथमिक आवश्यकताओं को प्राथमिकता देती हैं, जिससे पारिवारिक स्थिरता बनी रहती है। समाजशास्त्रीय दृष्टि से यह भूमिका महिलाओं की आर्थिक तर्कशीलता को दर्शाती है।

ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं का तुलनात्मक अध्ययन

तालिका – 7: ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं में बजट प्रबंधन

क्रं.	क्षेत्र	उच्च दक्षता	मध्यम	निम्न
1	ग्रामीण	42	38	20
2	शहरी	65	25	10

उपरोक्त तालिका के अध्ययन से यह पता चलता है कि शहरी महिलाओं में बजट प्रबंधन दक्षता अधिक पाई गई, जिसका प्रमुख कारण शिक्षा एवं सूचना तक बेहतर पहुँच है।

तालिका – 8: निर्णय–निर्माण में सहभागिता (ग्रामीण बनाम शहरी)

क्रं.	क्षेत्र	उच्च	मध्यम	निम्न
1	ग्रामीण	35	40	25
2	शहरी	60	30	10

उपरोक्त तालिका से परिलक्षित होता है कि शहरी महिलाओं की निर्णय–निर्माण में सहभागिता अधिक है, जो बदलती सामाजिक संरचना को दर्शाती है।

सामाजिक–आर्थिक कारकों का प्रभाव – महिलाओं की पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में भूमिका अनेक सामाजिक–आर्थिक कारकों से प्रभावित होती हैरू

1. **शिक्षा** – शिक्षा महिलाओं की जागरूकता एवं निर्णय क्षमता को बढ़ाती है।
2. **आय स्तर –** उच्च आय वाले परिवारों में महिलाओं को अधिक स्वतंत्रता प्राप्त होती है।
3. **सामाजिक मान्यताएँ –** पारंपरिक मान्यताएँ महिलाओं की भूमिका को सीमित करती हैं।
4. **परिवार का प्रकार –** संयुक्त परिवारों में महिलाओं की भूमिका सीमित होती है, जबकि एकल परिवारों में अधिक होती है।

शोध अध्ययन से निम्नलिखित प्रमुख परिणाम प्राप्त हुए:

1. महिलाएँ पारिवारिक संसाधन प्रबंधन की मुख्य धुरी हैं।
2. समय एवं धन प्रबंधन में महिलाओं की दक्षता उच्च पाई गई।
3. शहरी महिलाएँ ग्रामीण महिलाओं की अपेक्षा अधिक संसाधन–सजग हैं।
4. शिक्षा महिलाओं की निर्णय–निर्माण क्षमता को सुदृढ़ बनाती है।
5. सामाजिक मान्यताएँ महिलाओं की भूमिका को सीमित करती हैं।

शोध की सीमाएँ:

1. अध्ययन का क्षेत्र केवल सतना जिला तक सीमित है।
2. नमूना आकार सीमित होने के कारण सामान्यीकरण सीमित है।
3. आत्म–रिपोर्टिंग के कारण पक्षपात की संभावना है।

प्रस्तुत अध्ययन से यह स्पष्ट रूप से निष्कर्ष निकलता है कि पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण,

बहुआयामी एवं निर्णायक है। महिलाएँ न केवल घरेलू कार्यों का संचालन करती हैं, बल्कि पारिवारिक संसाधनोंकृजैसे समय, धन, ऊर्जा एवं मानव संसाधनकृके नियोजन, संगठन और नियंत्रण में भी केंद्रीय भूमिका निभाती हैं। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से यह भूमिका पारिवारिक स्थिरता, सामाजिक संतुलन और आर्थिक सुरक्षा का आधार है।

अध्ययन से यह भी स्पष्ट हुआ कि महिलाओं का योगदान प्राय: अदृश्य रहता है और सामाजिक–आर्थिक ढांचे में उसे पर्याप्त मान्यता नहीं मिलती। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएँ सीमित संसाधनों के बावजूद पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में महिलाएँ शिक्षा, तकनीक और सूचना की सहायता से संसाधन प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाती हैं। यह अंतर सामाजिक विकास और अवसरों की असमानता को दर्शाता है।

शिक्षा महिलाओं की निर्णय–निर्माण क्षमता को सुदृढ़ बनाती है और उन्हें पारिवारिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग हेतु सक्षम बनाती है। कार्यरत महिलाएँ पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में अधिक आत्मनिर्भर एवं निर्णायक भूमिका निभाती हैं। इसके विपरीत, पारंपरिक सामाजिक मान्यताएँ और लैंगिक असमानताएँ महिलाओं की पूर्ण सहभागिता में बाधा उत्पन्न करती हैं।

अत: यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि पारिवारिक संसाधन प्रबंधन में महिलाओं की भूमिका केवल घरेलू दायित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक–आर्थिक विकास का एक सशक्त माध्यम है।

नीतिगत निहितार्थ:

1. महिलाओं के संसाधन प्रबंधन कौशल को राष्ट्रीय विकास नीतियों में सम्मिलित किया जाना चाहिए।
2. महिला–केंद्रित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।
3. गृह विज्ञान शिक्षा को नीति–निर्माण में अधिक महत्व दिया जाना चाहिए।
4. ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित किए जाने चाहिए।

सुझाव – प्रस्तुत अध्ययन के आधार पर निम्नलिखित सुझाव दिए जा सकते हैं:

1. महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं बजट प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाए।
2. महिलाओं की निर्णय–निर्माण प्रक्रिया में समान सहभागिता सुनिश्चित की जाए।
3. गृह प्रबंधन शिक्षा को विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर अनिवार्य किया जाए।
4. सरकारी योजनाओं की जानकारी महिलाओं तक सरल भाषा में पहुँचाई जाए।
5. महिलाओं के अदृश्य श्रम को सामाजिक एवं आर्थिक मान्यता दी जाए।
6. स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए।

भविष्य के शोध हेतु सुझाव:

1. यह अध्ययन अन्य जिलों एवं राज्यों में विस्तारित किया जा सकता है।
2. शहरी कार्यरत महिलाओं पर विशेष अध्ययन किया जा सकता है।
3. पारिवारिक संसाधन प्रबंधन और महिला सशक्तिकरण के बीच संबंध पर शोध किया जा सकता है।
4. अंतर–पीढ़ी अध्ययन द्वारा भूमिका परिवर्तन का विश्लेषण किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. Agarwal, B. (2018). Gender equality and household management. World Development, 105, 24–38.
2. Desai, N. (2019). Women in Indian society. Mumbai: Oxford University Press.
3. Devi, K. (2021). Economic contribution of women in families. International Journal of Sociology, 6(2), 55–63.
4. Government of India. (2022). Women empowerment policies. New Delhi: Ministry of Women and Child Development.
5. Kaur, P. (2020). Work-life balance of women. Asian Journal of Social Research, 12(1), 66–74.
6. Kumar, A., & Singh, P. (2019). Rural women and household resources. Sociological Bulletin, 68(1), 72–89.
7. Mishra, R. (2021). Family structure and women's role. Indian Sociological Review, 4(2), 88–96.
8. Patel, M. (2020). Education and women's decision making. Journal of Social Sciences, 15(3), 101–112.
9. Rao, V. (2018). Gender and family economics. New Delhi: Sage Publications.
10. Sen, A. (2017). Development as freedom. New Delhi: Oxford University Press.
11. Sharma, R. (2017). Family resource management. New Delhi: Pearson Education.
12. UNDP. (2019). Human development report. New York: United Nations Development Programme.
13. UNICEF. (2020). Women and family wellbeing. New York: UNICEF.
14. Verma, S. (2018). Time management skills among women. Indian Journal of Home Science, 30(2), 45–53.
15. World Bank. (2021). Gender and development. Washington, DC: World Bank.

****